सूर्योदय : 6:25
सूर्यास्त : 5:15
अधिकतम तापमान : 30.0
न्यूनतम : 16.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-144 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 15 नवम्बर 2024
12 जमादियुल-अव्वल 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



## यूपीपीएससी का बड़ा फैसला, आंदोलन कर रहे छात्रों की मांग पूरी

# अब दो शिफ्ट में नहीं होगी परीक्षा

- पीसीएस-प्री की परीक्षा में वन डे वन शिफ्ट को मंजूरी
- मुख्यमंत्री योगी के निर्देश के बाद आयोग ने लिया निर्णय
- आरओ-एआरओ की परीक्षा स्थगित
- प्रयागराज में चार दिन से छात्र कर रहे आंदोलन



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने पीसीएस-प्री की परीक्षा में वन डे वन शिफ्ट का मंजूरी दे दी है। प्रतियोगी छात्रों के आंदोलन के चलते आयोग ने गुरुवार को एक बैठक में यह निर्णय लिया है। प्रतियोगी छात्र पिछले चार दिनों से प्रयागराज में आयोग कार्यालय के सामने दो शिफ्ट में होने वाली परीक्षा और नॉर्मलाइजेशन का विरोध कर रहे थे।

आयोग के अधिकारियों ने बैठक में छात्रों की मांग को मानते हुए पीसीएस-प्री की परीक्षा एक दिन में ही करवाने का निर्णय लिया है। वहीं, आरओ-एआरओ की परीक्षा फिलहाल स्थगित कर दी है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा वन शिफ्ट में कराने की आयोग की मांग मान ली है। वहीं समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी की 22 व 23 दिसंबर को प्रस्तावित परीक्षा स्थगित करते हुए एक समिति का गठन कर दिया है, जो परीक्षा के प्रारूप पर निर्णय लेगी। बैठक के बाद पीसीएस-प्री परीक्षा के संबंध में सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि विगत कुछ महीनों से देश के विभिन्न हिस्सों में चयन परीक्षाओं में पेपर लीक के मामले सामने आए थे, जिसमें विभिन्न संस्थानों की संलिप्तता पाई गई थी।

### योगी सरकार ने दिखाया बड़ा दिल



उक्त के संबंध में विगत कुछ दिनों से कुछ छात्रों द्वारा की जा रही मांग का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया और मुख्यमंत्री जी ने आयोग की छात्रों के साथ संवाद और समन्वय बनाकर आवश्यक निर्णय लेने को कहा। इस पर आयोग ने छात्रों से संवाद बनाकर सम्यक रूप से यह निर्णय लिया। मुख्यमंत्री योगी की पहल पर आयोग पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 2024 को पूर्व की भांति एक दिवस में कराए जाने का निर्णय लिया गया है। इसी प्रकार, समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी आदि (प्रा.) परीक्षा-2023 को पारदर्शी, गुणधर्मिता एवं सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से सारे तथ्यों का समेकित अनुसंधान एवं विश्लेषण करने हेतु आयोग द्वारा समिति का गठन किया गया है।

## एमवीए आई तो भीख मांगने पर मजबूर हो जाओगे: मोदी

- महाराष्ट्र में बरसे पीएम मोदी, बोले- अघाड़ी वाले बूंद-बूंद के लिए तरसाएंगे



**छत्रपति संभाजी नगर।** महाराष्ट्र में चुनाव से पहले वार पलटवार की राजनीति चरम पर है। एमवीए जहां महायुति पर हमला बोल रही है, तो वहीं महायुति ने उसपर झूठे वादे करने का आरोप लगाया।

इस बीच पीएम मोदी ने आज एमवीए पर जमकर हमला बोला है। छत्रपति संभाजी नगर में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम ने आरोप लगाया कि अगर महा विकास अघाढ़ी गठबंधन महाराष्ट्र में सत्ता हासिल करता है तो राज्य में सूखे और जल संकट का दौर शुरू हो गया है। पीएम ने कहा कि एमवीए वाले आपको बूंद-बूंद पानी के लिए तरसा देंगे, इसलिये मैं माता और बहनों को कहता हूं अघाड़ी वालों को घुसने भी मत देना, वरना आपको पानी के लिये भी तरसाके रखेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, एमवीए को सत्ता में नहीं आने देना चाहिए, अन्यथा वे आपको पानी के लिए भीख मांगने पर मजबूर कर देंगे। पीएम ने आगे कहा कि पूरा महाराष्ट्र जानता है कि छत्रपति संभाजी नगर को यह नाम देने की मांग बालासाहेब ठाकरे ने उठाई थी। अघाड़ी सरकार ढाई साल तक सत्ता में रही, लेकिन इन लोगों में ऐसा करने की हिम्मत नहीं थी। जबकि, महायुति सरकार ने सत्ता में आते ही इस शहर का नाम बदलकर छत्रपति संभाजी नगर कर दिया। हमने आपकी इच्छा पूरी की, हमने बालासाहेब ठाकरे की इच्छा पूरी की। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार ने 2022 में औरंगाबाद का नाम बदल कर छत्रपति संभाजी नगर कर दिया था।

## झारखंड हाईकोर्ट के फैसले पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को राज्य विधानसभा में नियुक्तियों और पदोन्नतियों में कथित अनियमितताओं की जांच का आदेश दिया गया था। याचिका झारखंड विधानसभा और अन्य की ओर से दायर की गई थी, जिस पर जस्टिस बी.आर.गवई और जस्टिस के.वी. विश्वनाथन की पीठ सुनवाई के लिए राजी हुई। याचिका में हाईकोर्ट के 23 सितंबर के फैसले को चुनौती दी गई थी। याचिका में कहा गया था कि हाईकोर्ट ने बिना किसी आपराधिक मामले के सीबआई को जांच का आदेश दिया। यह एक नागरिक मामले से जुड़ा हुआ केस है। राज्य की पुलिस, जांच एजेंसी मामले की जांच करने में सक्षम है और जांच सीबीआई को सौंपने का निर्देश सही नहीं है। इसमें यह भी कहा गया कि इस मामले में कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं है और न ही कोई आपराधिक मामला है।

# पीएम मोदी ने संविधान नहीं पढ़ा : राहुल

- संविधान में देश की आत्मा है और हिंदुस्तान का ज्ञान
- भाजपा को मेरे रैलियों में लाल किताब को दिखाने पर आपत्ति है : राहुल गांधी



**नंदूरबार।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि मैं जनसभाओं में जो संविधान दिखाता हूं, वो खाली है।

नरेंद्र मोदी जी के लिए संविधान खाली है, क्योंकि उन्होंने कभी इसे पढ़ा नहीं है। महाराष्ट्र के नंदूरबार में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि संविधान में देश की आत्मा है और हिंदुस्तान का ज्ञान है। इसमें भगवान बुद्ध, बिरसा मुंडा, डॉ. बीआर आंबेडकर, महात्मा गांधी, और फुले की सोच है। राहुल गांधी बोले कि भाजपा को मेरे रैलियों में इस लाल किताब को दिखाने पर आपत्ति है। मगर हमें इसके लाल रंग से कोई फर्क नहीं पड़ता। जो इसके अंदर लिखा है, हम उसकी रक्षा के लिए जान देने को तैयार हैं। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस आदिवासी, दलित और पिछड़ा वर्ग को निर्णय लेने में प्रतिनिधित्व दिलाना चाहती है। वर्तमान में आठ प्रतिशत आदिवासी आबादी में से निर्णय लेने में उनकी हिस्सेदारी केवल एक प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि भू-अधिग्रहण बिल और पीईएसए कानून लाकर कांग्रेस ने आपके जल-जंगल-जमीन की रक्षा की थी। लेकिन भाजपा ने सत्ता में आते ही आपको वनवासी कहा और आपके अधिकार छीनने शुरू कर दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस के लोग आपको वनवासी कहते हैं। आदिवासी और वनवासी में बहुत बड़ा फर्क है। आदिवासी का मतलब है हिंदुस्तान के पहले मालिक। जल, जंगल और जमीन उनका पहला अधिकार है। मगर भाजपा आपको वनवासी मानती है और कहती है कि आपका जल, जंगल, जमीन पर कोई अधिकार नहीं है। आपके इसी अधिकार को बचाने के लिए बिरसा मुंडा जी अंग्रेजों से लड़े थे। राहुल गांधी ने कहा कि जाति जनगणना से यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि महाराष्ट्र में आदिवासियों, दलितों और पिछड़े वर्गों की संख्या कितनी है और संसाधनों में उनकी हिस्सेदारी कितनी है? राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि बड़ी परियोजनाओं को महाराष्ट्र से दूसरे राज्यों में भेजकर करीब पांच लाख नौकरियां छीन ली गईं। हमारी सरकार ऐसा नहीं करेगी। महाराष्ट्र के लिए बनी परियोजनाएं महाराष्ट्र और गुजरात के लिए बनी परियोजनाएं गुजरात में रहेंगी।

### खड़गे, राहुल व प्रियंका ने किया नेहरू को नमन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को उनकी 135वीं जयंती पर नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। खरगे ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा भारत को शून्य से शिखर तक पहुँचाने वाले, आधुनिक भारत के शिल्पकार,भारत को वैज्ञानिक, आर्थिक, औद्योगिक व विभिन्न क्षेत्रों में विकासशील बनाने वाले, देश को निरंतर 'विविधता में एकता' का संदेश देने वाले, लोकतंत्र के निर्भीक प्रहरी तथा हमारे प्रेरणास्रोत, हिन्द के जवाहर की 135वीं जयंती पर हम उनके देश के प्रति अभूतपूर्व योगदान को याद करते हैं।

## नगर निगम में आप की जीत महेश बने दिल्ली के मेयर



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार महेश कुमार ने जीत दर्ज की है। उन्होंने बीजेपी के शकूरपुर वार्ड पार्षद किशन लाल को मात दी। मेयर चुनाव के कड़े मुकाबले में आप ने भाजपा को तीन मतों से शिकस्त दी। मतगणना के दौरान वैध पाए गए 263 मतों में से महेश कुमार को 133 वोट प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी किशन लाल को 130 वोट मिले। वहीं, दो मत अवैध करार दिए गए। उधर, चुनाव में आठ सदस्यों ने भाग

- भाजपा के शकूरपुर वार्ड पार्षद किशन को दी मात

नहीं लिया। इनमें आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल और कांग्रेस के आठ में से सात पार्षद शामिल थे। महेश कुमार करोल बाग विधानसभा क्षेत्र के देव नगर के वार्ड 84 से पार्षद हैं। महेश ने डीयू के मोतीलाल नेहरू कॉलेज से बीकॉम की पढ़ाई की है। दिल्ली के नए मेयर चुने जाने पर महेश कुमार खींची ने कहा, बहुत खुशी का दिन है।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य तथा ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने शिष्टाचार भेंट की।

## पीएम मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित करेगी डोमिनिका सरकार

- कोरोना में भारत ने की थी डोमिनिका की मदद




**रोसेउ।** डोमिनिका की सरकार ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित करने का फैसला किया है। डोमिनिका की सरकार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रधानमंत्री मोदी को गुयाना में आयोजित होने जा रहे आगामी भारत-कैरीकोम सम्मेलन के दौरान इस सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। डोमिनिका सरकार के बयान में बताया गया है कि डोमिनिका की राष्ट्रपति सिलवेनी बर्टन प्रधानमंत्री मोदी को इस सम्मान से सम्मानित करेंगी। फरवरी 2021 में प्रधानमंत्री मोदी ने डोमिनिका को एक बहुमूल्य उपहार देते हुए कोरोना वैक्सीन एस्ट्राजेनेका की 70 हजार डोज की आपूर्ति की थी। प्रधानमंत्री मोदी की इसी उदारता को पहचानते हुए डोमिनिका की सरकार ने उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित करने का फैसला किया है। साथ ही पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने डोमिनिका को स्वास्थ्य, शिक्षा और आईटी के क्षेत्र में भी काफी मदद की है। भारत द्वारा डोमिनिका में जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने की दिशा में भी मदद की जा रही है। डोमिनिका के प्रधानमंत्री रूजवेल्ट स्कर्मिट ने प्रधानमंत्री मोदी को उनके देश का सच्चा दोस्त करार दिया, जिन्होंने वैश्विक स्वास्थ्य संकट के समय डोमिनिका के लोगों की मदद की।

## श्री कृष्ण जन्मभूमि के पक्षकार को पाकिस्तान से मिली धमकी

**एसटीएफ और एटीएस को दिए जांच के निर्देश**

**मथुरा।** श्री कृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही ईदगाह मस्जिद के मुख्यवादी एवं पक्षकार को बुधवार की रात को पाकिस्तान से आए व्हाट्सएप मैसेज में बम से उड़ाने की धमकी दी है। व्हाट्सएप मैसेज में 19 नवंबर को इलाहाबाद हाईकोर्ट और 20 को पक्षकार को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। जन्मभूमि के पक्षकार ने इसकी सूचना मुख्यमंत्री को दी। मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव ने मामले मामले की जांच एसटीएफ और एटीएस को सौंपी है। इसके साथ ही मथुरा पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले के पक्षकार और श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष आशुतोष पांडेय के मोबाइल नंबर पर 13 नवंबर की रात 9.36 बजे पाकिस्तान के नंबर +92 302 9854231 से व्हाट्सएप मैसेज आए। मैसेज भेजने वाले ने पहले तो 19 नवंबर को इलाहाबाद हाईकोर्ट को और 20 नवंबर को उन्हें बम से उड़ाने की धमकी दी। इसकी सूचना उन्होंने तत्काल एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय, एसपी सिटी डॉ. अरविंद कुमार को दी।




**दिल्ली वायु प्रदूषण** — सभी प्राइमरी स्कूल बंद

# एनसीआर में ग्रैप-3 लागू, निर्माण कार्य पर रोक

- ऑनलाइन मोड में चलेंगे सभी प्राथमिक विद्यालय

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर सरकार ने सभी प्राथमिक विद्यालयों को अगले आदेश तक ऑनलाइन मोड में चलाने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि राजधानी में हवा की गति व दिशा बदलने से वायु प्रदूषण गंभीर श्रेणी में बरकरार है।

गुरुवार को सीजन में पहली बार वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 424 दर्ज किया गया। इसमें बुधवार की तुलना में छह सूचकांक की वृद्धि देखने को मिली। इससे हवा और दमघोंटू हो गई है। इसके अलावा दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण पर काबू पाने की दिशा में सीएक्यूएम ने ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान लागू करने की घोषणा कर दी गई है। राजधानी समेत पूरे एनसीआर में 15 नवंबर से इसे लागू किया जाएगा। दिल्ली और एनसीआर इन दिनों वायु प्रदूषण की मार झेल रहा है। हवा में बढ़ते प्रदूषक सांस के माध्यम से शरीर में पहुंचकर कई प्रकार की बीमारियों को बढ़ाने वाले हो सकते हैं। वायु प्रदूषण के संपर्क में रहने के कारण सांस से संबंधित समस्याओं का जोखिम तो बढ़ता ही है साथ ही ये हृदय रोग, फेफड़ों में संक्रमण सहित कई अन्य प्रकार की समस्याओं को भी बढ़ाने वाली हो सकती है। प्रदूषण के कारण प्रारंभिक स्थिति में आंखों में जलन, लालिमा और खुजली होने की समस्या सबसे ज्यादा देखी जाती रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि घर से बाहर निकलते समय प्रदूषण के स्तर की जांच जरूर कर लें। वायु प्रदूषण गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। इसके कारण श्वसन, हृदय और मस्तिष्कवाहिकीय प्रणालियों से संबंधित कई तरह की दिक्कतों का खतरा रहता है।



सड़कों की मशीनीकृत सफाई की फ्रीक्वेंसी को और अधिक बढ़ाया जाएगा। भीड़भाड़ वाले इलाकों में धूल को दबाने के लिए जल छिड़काव किया जाएगा और लैंडफिल साइटों पर अधिक ध्यान रखा जाएगा। सार्वजनिक परिवहन सेवाओं को बढ़ाया जाएगा। दिल्ली मेट्रो की भी फ्रीक्वेंसी को बढ़ाया जाएगा। ऑफिस ऑवर्स और वीकडेज में भी फेरियों की संख्या बढ़ेगी। निर्माण और तोड़फोड़ वाली जगहों पर सख्ती बरती जाएगी। ऐसे कामों पर प्रतिबंध रहेगा, जिनसे धूल निकलती होगी। पूरे एनसीआर में स्टोन क्रशर का संचालन बंद रहेगा। पूरे दिल्ली-एनसीआर में सभी खनन संबंधित गतिविधियां बंद रहेंगी। दिल्ली-एनसीआर में बीएस III पेट्रोल और बीएस IV डीजल एलएमवी (4 पहिया वाहन) के चलने पर सख्त प्रतिबंध लगाएंगी

## इरफान सोलंकी को हाईकोर्ट से जमानत

**कानपुर।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महिला के घर पर कब्जे की नीयत से आगजनी करने के मामले में कानपुर की सीसामऊ सीट से सपा के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की जमानत मंजूर कर ली है, लेकिन सजा पर रोक नहीं लगाई है, जिसकी वजह से सीसामऊ सीट पर उपचुनाव 20 नवंबर को ही होगा। इसके अलावा सजा बढ़ाने की राज्य सरकार की अपील 4 सप्ताह बाद सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया गया है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह (प्रथम) की खंडपीठ ने गुरुवार को पारित किया। मालूम हो कि कोर्ट ने इरफान सोलंकी और राज्य सरकार की अपीलों पर लंबी सुनवाई के बाद गत 8 नवंबर को फैसला सुरक्षित कर लिया था। कोर्ट के फैसले के बाद इरफान की विधायकी को लेकर चल रही असमंजस की स्थिति अब स्पष्ट हो गई है और सीसामऊ में होने वाले उपचुनावों पर मोहर भी लग गई है।

# रानी लक्ष्मी बाई कन्या इण्टर कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** रानी लक्ष्मी बाई कन्या इण्टर कॉलेज में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया स्कूल के प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा ने बच्चों को पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के जीवन के बारे में बताया। इस दौरान स्कूल में प्रतियोगिता समेत कई कार्यक्रम आयोजित किए प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र कक्षा नौ इंग्लिश मीडियम अंशिम मौर्या को साइकिल द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र कक्षा ग्यारह दीपक को कप सेट व तृतीय स्थान पाने वाली छात्रा कक्षा ग्यारह ईशा यादव को लंच बॉक्स देकर पुरूस्कृत किया गया वहीं कक्षा छः हिंदी मीडियम में हमारा देश शीर्षक पर हुई निबंध प्रतियोगिता में बालक वर्ग में प्रथम स्थान शोभित मित्रा द्वितीय स्थान दीपक व तृतीय स्थान जीशान ने प्राप्त वहीं बालिका वर्ग में अनामिका जानवी व प्रीति क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे जिनको कक्षाध्यापक सुशील वर्मा ने पुरुस्कृत किया। कक्षा 12 विज्ञान वर्ग में बाल दिवस पर हुई प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अंकुल त्रिवेदी द्वितीय स्थान पर यीशू यादव व तृतीय स्थान प्रिया यादव ने प्राप्त किया सभी विजेता छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा, अनुष्का शुक्ला, सलमान,उवैद,श्यामकिशोर,अभिषेकयादव, सतेंद्र, सुशील, सुशील वर्मा,दिनेश,नियामत, राधा, चाँदनी, अंजली,नेहा, सरिता, पूजा,प्रान्शी आदि शिक्षक शिक्षिकाए व छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।

# 16 से 26 नवंबर तक चलेगा धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान

**लखीमपुर खीरी।** जिले में बिरसा मुण्डा जी की 150वीं जयंती 15 नवम्बर को चौथे जनजातीय गौरव दिवस÷ के रूप में भव्यता से मनाई जाएगी। जिले में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, सोनहा खीरी में जनजाति गौरव दिवस के रूप में तथा 16 से 26 नवंबर तक धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के रूप में जनजाति क्षेत्र के ग्रामों में आयोजन होगा डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में केंद्र व प्रदेश सरकार के नीतियों, कार्यक्रमों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टाल, प्रदर्शनी, पम्पलेट, बुकलेट, केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का माडल, शिविर, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, विशिष्ट विधाओं में कार्य किये जाने वाले महिला पुरूषों एवं विद्यार्थियों को पुरूस्कार, निबन्ध प्रतियोगिता, नुक्कड नाटक, वाल पेंटिग, किट वितरण तथा पुरूस्कार वितरण आदि कार्यक्रम आयोजित होगा उन्होंने बताया कि धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जनजाति क्षेत्र के ग्रामों में आयोजन होगा। प्राथमिक विद्यालय, सूडा में 16,18,19 नवंबर को कार्यक्रम होगा, जिसमें जयनगर, मसानखम्भ, निझौटा, बजाही, देवराही ढप्रिया, सरियापारा, बनकटी, कजरिया, बनिगवां, सेढावेढा के लोग शामिल होगे। सामुदायिक भवन पचेपडा में 20 से 23 नवंबर को कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें रामनगर, धुसकिया, बरबटा, परसिया, मुडनोचनी, मौरा, पोया के ग्रामीण शामिल होगे। राजकीय आश्रम पद्वति विद्यालय बेलापरसुआ में 25 और 26 नवंबर को कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें कडिया, बेलापरसुआ के ग्रामीण शामिल होगे बताते चले कि मा0 प्रधानमंत्री बिहार के जनपद जमुई में अपनी गरिमामय उपस्थित देगें तथा प्रदेश स्तर पर मनाये जा रहे उक्त आयोजन में मा. मुख्यमंत्री अन्तर्राष्ट्रीय जनजातीय कलाकारों तथा जनजातीय समुदाय के बीच में उपस्थिति मे भव्य आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।

# शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में छाया रहा घना कोहरा

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** मौसम के अजब मिजाज देखने को मिल रहा है। सुबह घना कोहरा ऐसा छाया रहता है। इससे दिसंबर-जनवरी जैसे मौसम का एहसास होता है, लेकिन तापमान करीब-करीब अक्तूबर वाली स्थिति पर ही टिका है। हालांकि बुधवार को अधिकतम तापमान में सामान्य से मामूली कमी दर्ज की गई, लेकिन न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहा। बृहस्पतिवार को भी शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में घना कोहरा छाया रहा। जिससे वाहन लाइट जलाकर आते-जाते रहे सुबह के समय हल्की ठंड भी रही और लोग गर्म कपड़ों में ही बाहर निकले। कोहरे का असर इतना था कि शहर के अंदर सुबह साढ़े 10 बजे तक धुंध छाई रही। इस कारण दिनभर धूप भी हल्की ही निकली। हालांकि दिन में मौसम स्थिर रहा, लोगों को ठंड का एहसास कम ही हुआ, लेकिन शाम होते ही और दिनों की अपेक्षा ठंड कुछ बढ़ गई। लोग शाम होने पर हल्के गर्म कपड़ों में दिखाई दिए बुधवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 0.9 डिग्री सेल्सियस कम रहा। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 5.3 डिग्री सेल्सियस कम रहा कोहरे शुरू हो गया है।

# वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना धौरहरा पर गठित की गई टीम द्वारा लम्बे समय से फरार चल रहे कुल 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा जा रहा है।


# अस्पताल में बच्चे की मौत के बाद हंगामा, मासूम का शव सड़क पर रख लगाया जाम



**आगरा।** आगरा के कस्बा फतेहाबाद में अस्पताल में इलाज के दौरान चार साल के बच्चे की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया. बच्चे की मौत से गुस्साए परिजनों ने शव रोड पर रखकर जाम लगा दिया. सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह परिजनों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया. हालांकि यह कोई पहला मामला नहीं है जनपद में परन्तु शासन प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने के चलते आए दिन ऐसे मामले सामने आते रहते हैं. जानकारी अनुसार फतेहाबाद के कबीर नगर में अजय रहते हैं. अजय के चार साल के बेटे नितिन को चार दिन पहले बुखार आया था, तभी इलाज के लिए कस्बा फतेहाबाद के जेपीएस अस्पताल में भर्ती कराया था. अस्पताल में तबीयत में सुधार न होने के चलते डॉक्टर से कहा कि छुट्टी कर दो, वो दूसरी जगह इलाज कराएंगे लेकिन इसके बाद भी डॉक्टर ने छुट्टी नहीं की. गुरुवार दोपहर को बच्चे की तबीयत ज्यादा खराब हाने लगी और उसके मुंह से झाग निकलने लगे और खून की उल्टी तक हो गई. इस पर डॉक्टर ने इलाज के लिए आगरा ले जाने के लिए कहा. परिजन बच्चे को लेकर अस्पताल से जाने लगे तभी उसकी मौत हो गई. बच्चे की मौत से परिजनों में आक्रोश छा गया और उन्होंने हॉस्पिटल के सामने रोड पर शव रखकर जाम लगा दिया. परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई. किसी तरह जाम खुलवाया गया. परिजनों ने बच्चे का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया.

# हिस्ट्रीशीटर चैकिंग अभियानः 4701 हिस्ट्रीशीटरों की हुई सख्त चैकिंग, 271 जेल में निरुद्ध

**बरेली।** बरेली परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. राकेश सिंह ने 12 नवंबर की रात को चलाए गए विशेष हिस्ट्रीशीटर चैकिंग अभियान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान में कुल 4701 हिस्ट्रीशीटरों की चैकिंग की गई, जिसमें से 271 हिस्ट्रीशीटरों को जेल भेजा गया।



आईजी डॉ. राकेश सिंह ने बताया कि बरेली में 1967 हिस्ट्रीशीटरों की चैकिंग की गई, जिसमें 88 हिस्ट्रीशीटर जेल में निरुद्ध हुए, जबकि 1601 हिस्ट्रीशीटरों को शांति से जीवन यापन करते पाया गया। इसके अलावा, बदायूं में 1088 हिस्ट्रीशीटरों की चैकिंग हुई, जिनमें से 72 हिस्ट्रीशीटर जेल गए, जबकि 982 हिस्ट्रीशीटर शांति से जी रहे थे। आईजी ने यह भी बताया कि अभियान के दौरान 110 हिस्ट्रीशीटरों की मृत्यु हो गई है,और 10 हिस्ट्रीशीटरों को जिला बदर किया गया। मृत हिस्ट्रीशीटरों का खाका अब बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। डॉ. राकेश सिंह ने कहा कि यह अभियान अपराधियों के खिलाफ पुलिस की सख्ती और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अहम कदम साबित हो रहा है।

# समाजवादी छात्र सभा ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** समाजवादी छात्र सभा ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा,समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी भर्ती परीक्षा को एक दिन व एक पाली में आयोजित कर नॉर्मलाइजेशन को रद्द किए जाने की आवाज उठाई,इस दौरान समाजवादी छात्र सभा के जिला उपाध्यक्ष सुधाकर लाला, प्रशांत लाला, नगर अध्यक्ष अभिनव यादव, जिला सचिव नरेंद्र वर्मा, लवप्रीत सिंह,शुभम यादव, अनुज गुप्ता, आकाश यादव, ज्ञान प्रकाश यादव, विपिन मिश्रा अक्षय कश्यप दीपक कनौजिया, उज्जवल श्रीवास्तव, अभिषेक, राहुल सिंह, पंकज मिश्रा, अमन श्रीवास्तव, आकाश अवस्थी,अरुण सक्सेना,प्रेम सागर यादव ,अंकित गौतम,सरताज अली आदि छात्र सभा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आगरा में बदला मौसम का मिजाज, मौसम में बदलाव के साथ आगरा में दिखा घना कोहरा

अवधनामा संवाददाता
(आकाश वर्मा ब्यूरो चीफ)

**आगरा।** आगरा में गुरुवार सुबह ठंडक और कोहरे के साथ आई। कोहरा इतना घना था कि ताजमहल छिप गया। ताजमहल देखने पहुंचे पर्यटकों को काफी निराशा हुई। कोहरा सुबह साढ़े आठ बजे तक दिख रहा था। लोग गर्म कपड़ों में घरों से निकले। अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में ठंडक बढ़ेगी। सुबह 8 बजे अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नवंबर 14 को ठंडक ने दस्तक दे दी। सनराइज पर ताजमहल देखने की चाहत लेकर पहुंचे पर्यटकों को



निराशा हाथ लगी। कोहरे में ताजमहल पूरी तरह से ढका हुआ था। सुबह साढ़े आठ बजे तक शहर में कोहरा रहा। जिसकी वजह से यमुना एक्सप्रेस वे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे, हाईवे और शहर की सड़को पर वाहनों की स्पीड स्लो रही। कोहरे की वजह से मोहब्बत की निशानी ताजहमहल कोहरे में गुम हो गया। रॉयल गेट और सेंट्रल टैंक से भी ताजमहल दिखाई नहीं दे रहा था। जिससे पर्यटकों को मायूसी जरूर हुई मगर, जैसे ही धूप निकली, वेसे ही कोहरा छटता चला गया। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि आगे आने वाले दिनों में ठंडक बढ़ेगी। गुरुवार को ठंडक की वजह से लोगों की गर्म शॉल, हॉफ जैकेट निकल आईं। शाम होते होते फिर से चारों ओर कोहरा व ठंड दिखने लगी।

# हर्षोल्लास से मनाया लिटिल एंजल्स स्कूल ने बाल दिवस



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** महानगर की प्रमुख शिक्षण संस्था लिटिल एंजल्स स्कूल में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं.जवाहर लाल नेहरू का जन्म दिन बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने बैस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में अपनी कला का बेहतर प्रदर्शन किया। स्थानीय न्यू माधो नगर स्थित लिटिल एंजल्स स्कूल में आयोजित बाल दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक श्रीमती ललिता मंगल, नगर चिकित्सा अधिकारी रमेश गुप्ता, श्रीमती प्रवीन मोगा, पार्षद संजीव कर्णवाल, शिक्षक संघ के अध्यक्ष अशोक मलिक, प्रधानाचार्य मनीष मंगल, प्रणेश कुमार, अभिनव गोयल, केके गर्ग, नवीन गुप्ता, डॉ.समरीन फातमा, उद्योगपति अश्विनी सुखीजा, अरशद, नवप्रयास जागृति उत्थान सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष अर्चित अग्रवाल, संजय अग्रवाल सर्राफ हमजद, संजीव मित्तल, सचिन शर्मा, हरीश शर्मा, कोर्डिनेटर तूलिका भंडारी, श्रीमती मंजू टक्कर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर स्वास्थ्य अधिकारी रमेश कुमार गुप्ता ने बच्चों को बाल दिवस के रूप में जानकारी देते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी अपनी रूचि रखनी चाहिए, ताकि वह अपने भविष्य को उज्जवल बना सकें। नवप्रयास जागृति उत्थान सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष अर्चित अग्रवाल व प्रधानाचार्य मनीष मंगल ने कहा कि बाल दिवस देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं.जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिवस के उपलक्ष में मनाया जाता है, क्योंकि पंडित नेहरू बच्चों से प्यार करते थे। उन्होंने बाल दिवस पर बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में किंडर गार्डन वर्ग के बच्चों ने श्रीमती निहारिका के निर्देशन में बैस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया, जबकि एक से कक्षा आठ तक के बच्चों ने सुश्री गीतांजलि रोहिता के निर्देशन में विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान श्रीमती सुनीता, श्रीमती मंगलेश, श्रीमती इशिका, सुश्री सिमरन, कोमल, श्रीमती मीनू सचदेवा, अनू गुलाटी, श्रीमती निष्ठा, श्रीमती रूचि, सुश्री नैना, आशु, महिमा, प्रियंका, तक्षिका, गुन, तमन्ना, श्रीमती पुनिता, पूजा, सुदीक्षा, राजबाला आदि मौजूद रहे।

# भरतपुर के डॉक्टर ने आगरा में बेहोशी की दवा का ओवरडोज लेकर की खुदकुशी



अवधनामा संवाददाता
(आकाश वर्मा ब्यूरो चीफ)

**आगरा।** आगरा के एक होटल के कमरे में राजस्थान के भरतपुर के डॉक्टर ने आत्महत्या कर ली. आत्महत्या करने से पहले डॉक्टर ने अपनी पत्नी को फोन किया था, और कहा था कि वह बस दो मिनट के मेहमान है. उसके बाद उन्होंने एनेस्थीसिया का इंजेक्शन लगा लिया. ओवरडोज की वजह से उनकी मौत हो गई. पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. भरतपुर के स्क्र हॉस्पिटल में राजकुमार चौधरी रेडियोलॉजिस्ट के डॉक्टर थे. वह मंगलवार को आगरा के थाना ताजगंज क्षेत्र के फतेहाबाद रोड पर स्थित होटल गंगारत्न में रुके थे. बुधवार की देर रात को उन्होंने अपनी पत्नी को होटल से ही वीडियो कॉल किया था, और कहा था कि वह बस दो मिनट के मेहमान हैं. जिसके बाद डॉक्टर राजकुमार चौधरी ने एनेस्थीसिया की ओवरडोज का इंजेक्शन खुद को लगा लिया, और फिर उनकी मौत हो गई. पत्नी ने डॉक्टर से उनकी मोबाइल की लोकेशन भी मांगी, लोकेशन मिलने पर पत्नी ने तुरंत होटल से संपर्क किया, लेकिन जब तक होटलकर्मी कमरे में पहुंचते तब तक डॉक्टर राजकुमार चौधरी की मौत हो चुकी थी. सूचना पर थाना पुलिस के साथ एसीपी भी मौके पर पहुंच गए. भरतपुर से डॉक्टर की पत्नी भी आगरा आ गई. पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजा, और जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# बरेली में पकड़ा गया एक और बड़ा घपला, जमीन के अंदर बिछा दी क्षतिग्रस्त केबल

**बरेली।** बरेली सड़कों का चौड़ीकरण कराने के बाद बिजली की अंडरग्राउंड लाइन बिछाने में बड़ा घपला सामने आया है। कई किलोमीटर तक क्षतिग्रस्त केबल जमीन के अंदर बिछा देने की पुष्टि के बाद कार्यदायी संस्था का भुगतान रोककर जांच शुरू कराई गई है। बीडीए की ओर से झूलेलाल द्वार, केके अस्पताल, स्वयंवर बारातघर, रामजानकी मंदिर और धर्मकांटे चौराहे से मूर्ति नर्सिंग होम तक सड़क का चौड़ीकरण कराया जाना है। इसमें बाधा बन रहे बिजली के खंबों और ट्रांसफार्मरों को शिफ्ट करने के साथ अंडरग्राउंड लाइन बिछाई जानी थी। बीडीए ने यह काम साहूकारा की फर्म सरस्वती इलेक्ट्रिकल इंटरप्राइजेज से कराया था। अब सामने आया है कि लाइनों की शिफ्टिंग के लिए सारा सामान कार्यदायी संस्था ने खुद खरीदा था। बिजली विभाग का कहना है कि यह सामान मध्यांचल मुख्यालय से अनुमोदित कंपनी और वेंडर से खरीदे जाने का प्रावधान है। अब सामने आया है कि संस्था की ओर से डाली गई भूमिगत केबल पहले से ही क्षतिग्रस्त है। उसमें चालू किए जाने से पहले ही दो जगह फाल्ट हैं। इसके अलावा एलटी और एबीसी केबल भी क्षतिग्रस्त हालत में ही लगा दी गई। बिजली विभाग की ओर से इसे ठीक कराने के लिए संस्था को लिखा गया है।

# केंद्रीय मंत्री ने फीता काटकर किया मेला ककोड़ा का शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**बदायूँ।** केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव व जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने पूर्व सांसद डॉ संघमित्रा मौर्य, जिला अध्यक्ष भाजपा राजीव कुमार गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ श्री गंगा मेला ककोड़ा का फीता काटकर व विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। केंद्रीय मंत्री व अन्य जनप्रतिनिधियों ने मेला परिसर में स्थापित स्काउट गाइड शिविर का भी उद्घाटन किया तदोपरांत विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन किया। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह के साथ मेला स्थल का निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने शक्ति स्नान घाट सहित अन्य घाटो का भी निरीक्षण किया तथा मेले को सुरक्षित व व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए कहा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी, जिला पंचायत के अधिकारी व कर्मचारी व बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# महिला वकील के लिए आफत बना पति, पहले देखता है क्राइम सीरियल, फिर करता प्रताड़ित



**बरेली।** सनसिटी विस्तार में रहने वाली महिला वकील ने पति पर अपराध के सीरियल और वेब सीरिज देखकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। डर की वजह से वह मामा के घर में रह रही हैं। आरोप है कि पति मकान बेचने का दबाव बना रहा है। महिला की शिकायत पर थाना इज्जतनगर पुलिस ने पति समेत आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सन सिटी विस्तार निवासिनी अंशु त्रिपाठी के मुताबिक 1 दिसंबर 2014 को उनका विवाह देवरिया के कोतवाली के गांव पुरादखिला सलेमपुर निवासी राजेश त्रिपाठी से हुआ था। वह दिल्ली हाईकोर्ट एवं पटियाला हाउस दिल्ली की अदालतों में प्रैक्टिस कर चुकी हैं। बेटे के जन्म के बाद उन्होंने प्रैक्टिस बंद कर दी। पति, ससुर ओमकारनाथ त्रिपाठी, सास संध्या त्रिपाठी, ननद मिन्नी मिश्रा, ननदोई अश्वनी कुमार मिश्रा, दूसरी ननद ममता मिश्रा, नन्दोई राहुल मिश्रा और देवर रवीश त्रिपाठी की नजर उनके सनसिटी विस्तार के मकान पर है। वर्ष 2017 में उनके पिता डॉ. अनिल कुमार के और वर्ष 2018 में मां का निधन हो गया था और वह जून 2023 से अपने पिता के मकान में रहने लगीं। उनके पति राजेश मध्यप्रदेश में एक बैंक में कार्यरत थे। जब वह बरेली में रहने लगीं तो पति भी यहां आकर रहने लगे। पति अपराध के सीरियल और वेब सीरिज देखकर उनका उत्पीड़न करता है। 15 सितंबर को पति ने उनके और छह वर्षीय बेटे के साथ मारपीट की तो वह अपने मामा के घर पर आकर रहने लगीं और पुलिस से शिकायत की। शिकायत के बाद राजेश ने कहा कि वह अब उत्पीड़न नहीं करेगा, लेकिन बाद में भी सुधार नहीं हुआ।

# आधुनिक भारत के निर्माता थे पं.जवाहर लाल नेहरूः संदीप




अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी के बैनर तले आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 135वीं जयंती पर उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया तथा पं.नेहरू के आदर्शो व सिद्धान्तों का अनुसरण करने का संकल्प लिया गया। स्थानीय गुरूद्वारा रोड स्थित महानगर कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर नमन किया। तत्पश्चात गोष्ठी को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप राणा व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा ने पंडित नेहरू को युगपुरुष बताते हुए कहा कि पंडित नेहरू देश के बच्चों में देश का भविष्य देखते थे और अपने इस सपने को साकार करने के लिए ही उन्होंने देश में कृषि, विज्ञान क्षेत्रों के लिए विकास योजनाओं के साथ-साथ अनेकों ऐसे संस्थानों की स्थापना की, जिससे देश के नौनिहाल तरक्की करें और देश विकास के मार्ग पर अग्रसर हो। महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा ने कहा कि पं.नेहरू ने आजादी से पहले जहां एक महान स्वतंत्रता सेनानी के रूप में देश की आजादी के लिए संघर्ष किया, वहीं उन्होंने प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए देश में चहुमुंखी विकास सुनिश्चित करने हेतु पंचवर्षीय योजनाओं का एक अद्वितीय विकास मॉडल देश के सामने पेश किया। प्रदेश सचिव अशोक सैनी एवं जिला प्रवक्ता गणेश शर्मा ने कहा कि आजाद भारत के विकास में पंचवर्षीय योजना के विकास मॉडल का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि नेहरू के बाद भी देश में अधिकतर सरकारों ने इसी पंचवर्षीय योजना विकास मॉडल का अनुसरण करते हुए देश को विकास के मार्ग पर अग्रसर किया। गोष्ठी में गौरव वर्मा, इमरान कुरैशी, अनुज शर्मा, इकराम खान, मुनीष सहगल आदि ने विचार रखे। कार्यक्रम में राकेश वर्मा, नसीब खान, विपिनकांत शर्मा, अवनीश कुमार, रवि कुमार, बरकत अंसारी, आदित्य, राजन बिरला, मोहम्मद यूसुफ करण चौहान, मधु सहगल, रीना देवी, सोमपाल कश्यप, प्रभजीत सिंह, जमाल अहमद, पवन सिंह, सुनील राठौर, राजेश कुमार, निशी शर्मा, मयंक शर्मा, नवाब अली, अनिरुद्ध गुरुग, शहजाद अली आदि उपस्थित रहे।

## अलीगंज मॉन्टेसरी स्कूल में सम्पन्न हुआ इंडिया थ्रू एजेस पर सांस्कृतिक वार्षिकोत्सव अनन्ता 2024



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** चौदह नवंबर दो हजार चौबीस को अलीगंज स्थित अलीगंज मॉन्टेसरी स्कूल में वार्षिकोत्सव अनन्ता दो हजार चौबीस का भव्य प्रदर्शन इंडिया थ्रू एजेस के थीम पर किया गया, इस खूबसूरत सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विशिष्ठ सेवा मेडल और अतिरिक्त विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित रिटायर्ड मेजर जनरल अजय कुमार चतुर्वेदी ने अपनी उपस्थिति दर्ज की, सर्वप्रथम मुख्य अतिथि स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर यश माथुर, डायरेक्टर कनक माथुर, फाउंडर डायरेक्टर सुनीला माथुर, कल्चरल डायरेक्टर निशि माथुर,प्रिंसिपल गीतिका प्रकाश की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन का कार्यक्रम हुआ, सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, छोटे बच्चों ने हो रहा है क्यों कन्फ्यूज मेरे दिल, जीवन के दिन छोटे सही पर प्रस्तुति दी, वहीं झांसी की रानी पर परफॉर्मेंस ने सभी का दिल जीत लिया,वीर भगत सिंह की भाव विभोर प्रस्तुति ने एक बार फिर सभी के हृदय में देश प्रेम का जोश भर दिया,डायरेक्टर कनक माथुर के द्वारा स्कूल के बच्चों को दिए गए संदेश के बाद लगान फिल्म पर बच्चों की मनमोहक रोचक प्रस्तुति हुई, एग्जाम से एक दिन पूर्व की थीम से जुड़ी रट्टा मार डांस पर प्रस्तुति, वहीं महाभारत के प्रसंग पर प्रस्तुति, प्राइमरी सेक्शन के फन प्रेजेंटेशन,मिशन चंद्रयान थ्री के उपरांत समापन पर राष्ट्रगान के साथ सभी बच्चों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## शिक्षा अंधेरे मे रोशनी का काम करती है : हाजी इजहार



**महमूदाबाद (सीतापुर) अवधनामा संवाददाता।** तहसील महमूदाबाद के क़स्बा पैंतेपुर मे स्थित मदरसा शमशुल उलूम में मेधावी छात्र छात्राओं का पुरस्कार वितरण समारोह सांस्कृतिक कार्यकर्म के साथ संपन्न हुआ जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर सुहेल देव भारती समाज पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री हाजी इजहार अली ने अपने सम्बोधन में कहा शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है बगैर शिक्षा प्राप्त किये बिना वह अपनी ऊँचाइयों पर नही पहुँच सकता। शिक्षा अँधेरे मे रोशनी का काम करती है। 200 बच्चो को पुरूस्कृत किया। पुरस्कृत हुए बच्चो को आशीर्वाद दिया। इस अवसर परमहमूदाबाद खण्ड शिक्षा अधिकारी सीमा चौहान, जैनब उरूज आलम अध्यक्ष नगर पंचायत पेतेपुर,आदिल उरूज,एप्जा पत्रकार संघ संरक्षक अनुज कुमार जैन, श्रमजीवी पत्रकार संघ के सचिव इरफान मंसूरी, पेतेपुर चौकी इंचार्ज सहित कई लोगो को संस्था के संस्थापक द्वारा सम्मानित किया गया बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे प्रबंधक सईद अख्तर ने आये सभीअतिथियों का अभिवादन व आभार व्यक्त किया।

## बाल दिवस पर प्रयाग पब्लिक स्कूल में बाल मेला



**बाराबंकी अवधनामा संवाददाता।** प्रयाग पब्लिक स्कूल में पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर बाल मेले का आयोजन किया गया। बाल मेले में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन स्टाल लगाया। बाल दिवस पर स्कूलों में बाल मेला आयोजित किए गए। मेले में बच्चों द्वारा लगाए गए खूबसूरत स्टाल लोगों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे। परिजनों के साथ शिक्षकों ने जमकर खरीदारी की। स्कूलों में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कराए गए। जिसमें चाचा नेहरु के जीवन पर प्रकाश डाला गया देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरु को बच्चों से गहरा लगाव था जिस कारण उनके जन्म दिवस को बाल दिवस के रुप में मनाया जाता है। गुरुवार को बाल दिवस को लेकर जिले भर मेंविद्यालयों में कार्यक्रमों का आयोजन कराया गया। बाराबंकी के प्रयाग पब्लिक स्कूल देवां में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने मेला में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने माइक्रोनी, मोमोज, फिंगर चिप्स, चटपटा आलू, पानी के बताशे, पॉपकॉन, मैगी, छोला चावल, मिल्क शेक, स्टेशनरी शॉप, प्लांट नर्सरी, हैंड मेड आइटम, चना, आलू टिक्की की दुकाने लगी थी। बाल मेले का उद्घाटन नगर पंचायत देवां के चेयरमैन मो. हारून वारसी के द्वारा किया गया। इस दौरान स्कूल के अध्यक्ष सत्यनाम शर्मा, प्रबंधक सत्य प्रकाश वर्मा, प्रतिभा इंटर कालेज के प्रधानाचार्य गुरु मिलन वर्मा और प्रयाग पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य राजा हिमांशु शर्मा एवं स्कूल के समस्त अध्यापक/अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।

## आबकारी विभाग ने दबिश देकर 60 किलोग्राम लहन नष्टकर 25 लीटर कच्ची शराब बरामद की



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आबकारी आयुक्त, उप्र के आदेश एवं जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक फर्रुखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी, फ़र्रुख़ाबाद जीपी गुप्ता के पर्यवेक्षण में प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत दिनांक 14/11/2024 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 कुमार गौरव सिंह मय स्टाफ द्वारा संदिग्ध ग्राम-बाग लकूला में दबिश दी गई ।मौके पर लगभग 60 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया ।25 लीटर कच्ची अवैध शराब बरामद कर दो अभियोग पंजीकृत किये गए। दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, आनलाइन पेमेंट, सीसीटीवी कैमरा का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

## 60 लोगों की टीम नौकायन को झंडी दिखा किया रवाना

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** पतित पावनी मां गंगा के घाट पर गंगा संरक्षण हेतू बीएसएफ के 60 लोगों की टीम विशेषकर 20 महिला कर्मियों की टीम नौकायन के द्वारा कायमगंज से पांचाल घाट पर मां गंगा के संरक्षण हेतु नारे लगाते हुए पहुंची। महिला सशक्तिकरण एवं मां गंगा की स्वच्छता हेतु जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन गंगा घाट पर किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी वी के सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी उपस्थित रहे। बीएसएफ की टीम के द्वारा सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला गंगा समिति के द्वारा बीएसएफ की महिला टीम का सम्मान जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल एवं उनकी टीम के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज,एनकेपी इंटर कॉलेज, एनसीसी कैडेट्स एवं अन्य विद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त अन्य स्थानों के लोगों ने भी कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया ।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा को स्वच्छ रखना हम सभी का कर्तव्य है। गंगा की स्वच्छता हेतु प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना चाहिए महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि सभी बेटियों को आगे बढ़कर काम करना चाहिए एवं सामाजिक कार्य में भी अपना सहयोग देना चाहिए।

## लिटिल एंजेल्स स्कूल में वार्षिक प्रदर्शनी एवं फेट इम्प्रेशंश का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** लिटिल एंजेल्स स्कूल में आज वार्षिक प्रदर्शनी एवं फेट इम्प्रेशंश का आयोजन किया गया प्रदर्शनी का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक डॉ संजीव अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन सी पाठक, कार्यकारी निदेशक उज्जवल अग्रवाल, उप प्रधानाचार्या अंजू सक्सेना, हेडमिस्ट्रेस नीना मल्होत्रा आदि के द्वारा रिबन काटकर किया गया प्रदर्शनी में अलग-अलग विषयों के विभिन्न विभिन्न प्रकारों के मॉडल बनाकर छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा को दर्शाया।

आर्ट एंड क्राफ्ट विभाग द्वारा समाज के सभी वर्गो की मशहूर हस्तियां के छायाचित्र, टाई एंड डाई, फ्लूइड आर्ट, बोटल आर्ट, आऊट आप दि बेस्ट बनाए गए।कॉमर्स विभाग द्वारा स्टाक एक्सचेंज, टैक्स सेविंग, टाइप्स आफ इन्वेस्टमेंट आदि के मॉडल बनाए गए। सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा टैम्पल माउंट, ग्रेट वॉल आफ चाइना,ई वी एम मशीन आदि के प्रोजेक्ट बनाए गए। हिंदी विभाग द्वारा समास ,पहेलियां, धार्मिक स्थलों के मॉडल ,उपसर्ग, प्रत्यय, काल ,क्रिया, विशेषण ,सर्वनाम, संज्ञा, आदि को भारतीय रेल के मॉडल के जरिए समझाने का प्रयास किया गया। इंग्लिश विभाग द्वारा एस्केप रूम विद सिक्स लेवल के जरिए अंग्रेजी विषय से संबंधित गेम को डरावने रूप में प्रस्तुत किया गया जो आकर्षण का केन्द्र रहा। गणित विभाग द्वारा पैराबोलिक पाथ, डाटा साइंस, प्रोबेबिलिटी आप्टिमाइजेशन, मैथ्स पार्क, टाइप्स आफ एंगल्स आदि मॉडल बनाए गए विज्ञान विभाग द्वारा सोनार सिस्टम, प्रोजेक्ट चेतक, रोबोट्स, आई वी एफ, जी एम ओ, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, शरीर के सिस्टम आदि के मॉडल्स बनाए गए। कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा स्पिन ए व्हील, मेमोरी गेम, सिंगिंग रोबोट्स, गेम आफ फ्यूचर आदि के मॉडल बनाए गए। इलेक्ट्रॉनिक विभाग द्वारा न्यूक्लियर पावर प्लांट, स्मार्ट सिटी, फ्यूल फ्लो मीटर, स्मार्ट रेलवे स्टेशन आदि के माडल्स बनाए गए, आवभावकों व शिक्षकों द्वारा सारे मॉडल को सराहा गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकारी निदेशक उज्जवल अग्रवाल ने कहा यह अत्यंत हर्ष की बात है कि हमारा विद्यालय तीसरी बार वार्षिक प्रदर्शनी आयोजित कर रहा है इस प्रदर्शनी के माध्यम से हमें छात्र-छात्राओं के अंदर दबी हुई प्रतिभा को उभरने का मौका मिलता है। कार्यक्रम के अंत में कूपन्स का लकी ड्रा करके विजेता छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को पुरस्कृत किया गया।

## पोषण किट का वितरण किया गया



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** बच्चों के स्वास्थ्य और उनकी खुशियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, बाल दिवस के अवसर पर लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल के बाल रोग विभाग में यूफोरियल यूथ सोसायटी द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत पोषण किट का वितरण किया गया, जिसमें पौष्टिक आहार और स्वास्थ्यवर्धक वस्तुएं शामिल थीं। इस प्रयास का उद्देश्य बच्चों को उनके शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक आवश्यक पोषक तत्वों से परिचित कराना और उनकी स्वास्थ्य संबंधी ज़रूरतों को पूरा करना था। इस कार्यक्रम को सफ़ल बनाने मे बलरामपुर अस्पताल के डॉक्ट पवन कुमार अरुण (डायरेक्टर) डॉ ए. के.वर्मा (पीडियाट्रिक हेड ऑफ डिपार्टमेंट) के मार्गदर्शन मे कार्यक्रम को सफ़ल बनाया गया। सोसायटी की अध्यक्ष नामिका मौर्या उपाध्यक्ष मेहदिया रिज़्वी, मेहजबी सुल्ताना, हैदर जैदी, साहिल कुमार, हसन रजा, मोहम्मद, शुभम कुमार, दीपक मौर्या ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया और बच्चों के साथ समय बिताते हुए उन्हें पोषक आहार और स्वस्थ जीवन के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की। बच्चों में एक अलग ही उत्साह और खुशी देखने को मिली। बाल दिवस के इस विशेष अवसर पर उनके चेहरों पर मुस्कान थी, जो यह दर्शा रही थी कि ये पोषण किट उनके जीवन में एक सुखद प्रभाव छोड़ रही हैं। यह प्रयास न केवल बच्चों के लिए लाभदायक रहा, बल्कि समाज को भी यह संदेश दिया कि सभी लोग बच्चों के स्वास्थ्य और उनके खुशहाल भविष्य के प्रति सजग रहें।

## डॉ. शिवमूरत सिंह के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**गाजीपुर अवधनामा संवाददाता।** साहित्य चेतना समाज की शोक सभा संस्था के संस्थापक अमरनाथ तिवारी अमर के स्वामी विवेकानन्द कॉलोनी स्थित आवास पर हुई ।सभा में साहित्यकार,शिक्षाविद एवं नाटककार डॉ.शिवमूरत सिंह के निधन पर गहरा दुःख प्रकट करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने कहा कि नाट्य के क्षेत्र में उनके योगदान को विस्मृत नहीं किया जा सकता। अपने निर्देशन में उन्होंने गाजीपुर में 18 नाटकों का मंचन कराया जिनमें स्कन्दगुप्त, कोमल गांधार, आषाढ़ का एक दिन एवं इन्द्रजीत, अकेला शहर, टोपी शुक्ला,नईकी पीढ़ी आदि प्रमुख हैं। अपने नाटकों में अभिनय के माध्यम से गाजीपुर के युवाओं को अभिनय के क्षेत्र में मंच व अवसर प्रदान किया। नाट्य के क्षेत्र में उनके अवदान को दृष्टिगत कर साहित्य चेतना समाज ने वर्ष 2014 में उन्हें गाजीपुर गौरव सम्मान से सम्मानित किया। बैठक में प्रमुख रूप से संजीव गुप्त, प्रभाकर त्रिपाठी, आनन्द प्रकाश अग्रवाल, हीरा राम गुप्त, डॉ.रविनन्दन वर्मा, राजीव मिश्र, अमरनाथ तिवारी अमर, शशिकांत राय आदि उपस्थित थे।



## भाजपा संगठनात्मक चुनाव को लेकर कार्यशाला का आयोजन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** वृहस्पतिवार को संगठनात्मक चुनाव को लेकर भाजपा पाली मण्डल अध्यक्ष शिवचरन प्रसाद की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जहाँ मुख्य वक्ता के रूप में जिला महामन्त्री सबल सिंह पालीवाल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा ही एकमात्र लोकतान्त्रिक पार्टी है जहाँ बूथ से लेकर ऊपर के सभी संगठनात्मक चुनाव कार्यकर्ताओं द्वारा होता है। गठन की प्रक्रिया पूर्ण रूप से लोकतान्त्रिक होती है। कार्यशाला में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि बूथ समिति तथा पन्ना प्रमुखों के चुनाव को लेकर पूरी गम्भीरता बरतनी है। समाज के सभी वर्गों तथा महिलाओं का संगठन में समुचित प्रतिनिधित्व हो, इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। मण्डल चुनाव अधिकारी संगम द्विवेदी ने कहा भाजपा के कार्यकर्ता तपस्वी और देवतुल्य हैं, जो राष्ट्र प्रथम के भाव से कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि बूथ की मजबूती ही पार्टी का आधार है। इस अवसर पर चेयरमैन प्रभाकर दूबे, ब्लॉक प्रमुख शशी प्रताप सिंह, मनोज सिंह, रवीन्द्र त्रिपाठी, कृष्ण मोहन कसौधन,रमेश मद्धेशिया, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, त्र्यम्बक उपाध्याय, रामेन्द्र मिश्र, हरिनाथ राज, विजय मिश्र, ध्रुव, रुचिका मिश्रा, श्याम बिहारी त्रिपाठी, सूरज निगम, राजू पांडे,गोविन्द मिश्र समेत पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सहजनवां थाना क्षेत्र में युवक की गोली मारकर हत्या

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवां थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार को एक 27 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या कर पाई गई लाश। सूचना पाकर मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुटे जिले के पुलिस अधिकारी। घटना स्थल पर मिला बिना नंबर की नई बाइक और पिस्टल के दो खोखे। मिली जानकारी के अनुसार सहजनवां थाना क्षेत्र के भिटहां गांव के दक्षिण तरफ कोमा बाग में बृहस्पतिवार को सुबह मार्निंग वाक पर निकले ग्रामीणों ने एक खड़ी बाइक और खून से लथपथ एक युवक को देख कर जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दिया। सूचना पाकर मौके पर थाना प्रभारी सहजनवां विशाल उपाध्याय मयफोर्स पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुट गए तथा घटना की जिले के पुलिस उच्च अधिकारी को देकर फोरेंसिक टीम व डाग स्कायड को बुलाकर गहनता से जांच पड़ताल कराई गई। वहीं सूचना पाकर ग्राम सीहापार निवासी उत्तर टोला सचीन्द्र दूबे और उनके पिता कृष्ण प्रताप दूबे ने कोमा बाग में पहुंचकर मृतक की तत्काल पहचान कर उन्होंने पुलिस को बताया कि मृतक धीरेन्द्र उर्फ विशाल उम्र लगभग 27 वर्ष हमारा छोटा लड़का था। जो बुधवार समय लगभग सायं चार बजे बिना बताए घर से निकला था। अक्सर धीरेन्द्र महीने में दो चार दिन घर वालों को बिना बताए ही इधर उधर रह जाता था। और भीषण नशा का आदी हो गया था। नशे की हालत में आयदिन इधर उधर झगड़ा ,बवाल करता रहता था।

# मधुमेह वाले टीबी मरीज रखें विशेष सतर्कता दोनों दवाओं का करें नियमित सेवन

अवधनामा संवाददाता



**पिछले पांच वर्षों में चार फीसदी मरीजों में टीबी और मधुमेह दोनों की समस्या मिली**

**गोरखपुर।** जिन टीबी मरीजों में मधुमेह की भी दिक्कत है उन्हें विशेष सतर्कता रखनी चाहिए। अगर मधुमेह नियंत्रित नहीं रहेगा तो टीबी मरीज को ठीक होने में दिक्कत होगी। ऐसे मरीजों को दोनों बीमारियों की दवा का सेवन नियमित रूप से करना होगा । यह अपील जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ गणेश यादव ने विश्व मधुमेह दिवस पर की। उन्होंने बताया कि जिले में पिछले पांच वर्षों में चार फीसदी ऐसे टीबी मरीज निकले हैं, जो मधुमेह से भी ग्रसित थे।

जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ यादव ने बताया कि प्रत्येक टीबी मरीज की मधुमेह जांच अनिवार्य तौर पर कराई जाती है। जांच में जिन मरीजों में मधुमेह की भी पुष्टि होती है उन्हें इसके चिकित्सक को दिखा कर दवा शुरू करने की सलाह दी जाती है । लापरवाही करने पर मधुमेह की सहरूग्णता वाले टीबी मरीज अपेक्षाकृत धीरे धीरे ठीक होते हैं और उनमें जटिलताओं की आशंका भी कहीं अधिक होती है, जबकि यह मरीज अच्छी दिनचर्या, संयमित खानपान और समय से टीबी और मधुमेह की दवा खाकर स्वस्थ हो सकते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वर्ष 2021 में प्रकाशित ग्लोबल टीबी रिपोर्ट के अनुसार मधुमेह, टीबी के मामलों और टीबी की मृत्यु दर को प्रभावित करने वाले एक प्रमुख कारक है। यह टीबी की बीमारी के खतरे को दो से तीन गुना, इलाज के दौरान मौत की आशंका को दोगुना, इलाज पूरा होने के बाद दोबारा टीबी होने की आशंका को चार गुना और ड्रग रेसिस्टेंट (डीआर) टीबी होने की आशंका को दोगुना बढ़ा देता है।

### जटिलता से होता है बचाव

डॉ गणेश यादव ने बताया कि अगर मधुमेह मरीज में दो सप्ताह से अधिक की खांसी, रात में पसीने के साथ बुखार, बलगम में खून आना और सीने में दर्द जैसे टीबी के लक्षण दिखें तो तुरंत जांच कराई जानी चाहिए।

### मधुमेह मरीज कराएं जांच

डीटीओ ने बताया कि मधुमेह मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने के कारण उन्हें टीबी होने का जोखिम अधिक होता है। अगर उनमें टीबी का लक्षण दिखे तो त्वरित जांच करानी चाहिए। जिले में वर्ष 2019 से लेकर वर्ष 2023 तक 56604 टीबी मरीज निकले, जिनमें से 2448 मधुमेह से भी ग्रसित मिले।


## कार्यालय प्रधानाचार्य, माधव प्रसाद त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय, सिद्धार्थनगर।

कार्यालय पता :- नवीन परिसर, माधव प्रसाद त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय, अशोकमार्ग, सिद्धार्थनगर उ0प्र0 272207

E-mail:- principalasmesiddharthnagar@gmail.com Website:- www.asmcsiddharthnagar.ac.in

पत्रांकः- मे0का0सि0/विज्ञप्ति/2024/ दिनांक : 14/11/2024

### - : संविदा विज्ञप्ति :-

उ0प्र0 शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1, लखनऊ के शासनादेश संख्या-4661/71-1-08-जी-63/2008, दिनांक 15.12.2008 पर महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्याः एम0ई0-2/2015/1916 दिनांक 21.09.2015 एवं समय-समय पर पारित अन्य संविदा शासनादेशों के क्रम में निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, लखनऊ के माध्यम से प्रकाशित किये जाने के क्रम में इस चिकित्सा महाविद्यालय के विभिन्न विशिष्टताओं में आचार्यो, सह-आचार्यो तथा सहायक आचार्यों के रिक्त पदों को संविदा के आधार पर भरे जाने हेतु साक्षात्कार (वॉक-इन-इन्टरव्यू) माधव प्रसाद त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय, सिद्धार्थनगर के प्रधानाचार्य, कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार, बुधवार एवं शुक्र वार (अवकाश होने की दशा में अगले कार्य दिवस) को प्रातः 10:00 बजे अपराह्न 04:00 बजे के मध्य सम्पन्न किये जायेगें।

| क्रम संख्या | विशिष्टता | आचार्य | | सह-आचार्य | | सहायक आचार्य | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पदो की संख्या | श्रेणी | पदो की संख्या | श्रेणी | पदो की संख्या | श्रेणी |
| 1 | आर्थोपेडिक्स | - | - | - | - | - | - |
| 2 | आब्सट्रेटिक्स एण्ड गायनोकोलॉजी | - | - | - | - | - | - |
| 3 | इमरजेन्सी मेडिसिन | 1 | SC | 1 | OBC | - | - |
| 4 | नेत्र रोग विभाग | 1 | UR | 1 | SC | - | |
| 5 | एनाटॉमी | - | - | - | - | 1 | UR |
| | | | | | | 1 | SC |
| 6 | एनेस्थीसियोलॉजी | 1 | UR | 1 | SC | 1 | OBC |
| | | | | | | 1 | SC |
| | | | | 1 | UR | 2 | UR |
| 7 | ओटो राइनो - लैरिंगोलॉजी | 1 | OBC | 1 | UR | - | - |
| 8 | कम्युनिटी मेडिसिन | - | - | 1 | SC | 1 | EWS |
| | | | | | | 1 | UR |
| | आर.एच.टी.सी. (मेडिकल आफिसर हेल्थ कम लेक्चरर/सहायक आचार्य) | - | - | - | - | 1 | OBC |
| | यू.एच.टी.सी. (मेडिकल आफिसर हेल्थ कम लेक्चरर/सहायक दार्थनग आचार्य) | - | - | - | - | 1 | EWS |
| | स्टेटीशियन कम सहायक आचार्य | - | - | - | - | - | - |
| 9 | जनरल मेडिसिन | 1 | OBC | 2 | OBC | 1 | SC |
| | | | | 1 | UR | | |
| 10 | जनरल सर्जरी | 1 | UR | 1 | OBC | - | - |
| | | | | 1 | UR | | |
| | | | | 1 | EWS | | |
| 11 | टयूबरकुलोसिस एण्ड रेस्पिरेटरी मेडिसिन/फल्मोनरी मेडिसिन | - | - | - | - | - | - |
| 12 | डर्मेटोलॉजी वेनेरोलॉजी एण्ड लेप्रोसी | - | - | - | - | - | - |
| 13 | पीडियाट्रिक्स | 1 | OBC | 1 | OBC | - | - |
| 14 | पैथालॉजी | 1 | EWS | 1 | OBC | - | - |
| | | | | 1 | UR | | - |
| 15 | फार्माकोलॉजी | 1 | SC | 1 | SC | - | UR |
| 16 | फिजियोलॉजी | 1 | SC | - | - | - | - |
| 17 | फारेन्सिक मेडिसिन | 1 | UR | 1 | UR | 1 | SC |
| 18 | बायोकेमेस्ट्री | - | - | 1 | OBC | 1 | OBC |
| 19 | माइक्रोबायोलॉजी | 1 | OBC | 1 | UR | 1 | SC |
| 20 | रेडियो-डायग्नोसिस | 1 | UR | 1 | OBC | 1 | SC |
| 21 | दंत रोग विभाग | - | - | 1 | OBC | - | - |
| 22 | साइकियाट्री | - | - | 1 | EWS | - | - |
| | | 13 | | 22 | | 16 | |

विज्ञप्ति की विस्तृत जानकारी चिकित्सा महाविद्यालय की अधिकृत वेबसाइट https://asmesiddharthnagar.ac.in/ पर उपलब्ध है।

प्रधानाचार्य,
माधव प्रसाद त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय
सिद्धार्थनगर।

# एसबीएम चिल्ड्रेन एकेडमी में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या ।** बाल दिवस के मौके पर एसबीएम चिल्ड्रेन एकेडमी गोपालपुर में बाल मेले का आयोजन किया गया । इस मेले में नन्हे मुन्ने बच्चों ने स्टाल लगाकर बाल मेले का आयोजन किया है जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावक और आसपास के लोग मेला देखने पहुंचे। बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस मेले को लगाया गया है जिसके माध्यम से लोगों को भी आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित किया गया। स्कूल में लगाए गए स्टाल में अभिभावकों और शिक्षकों ने खरीदारी की है । आज देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस है जिसे बाल दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है इसी के तहत गोपालपुर के एसबीएम चिल्ड्रेन एकेडमी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।रू चाचा नेहरू का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए स्कूल में विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं । बाल मेले में बच्चों के स्टाल में चाट ,बताशा, चाऊमीन ,बर्गर ,समोसे ,फल ,कोल्ड ड्रिंक आदि के स्टाल लगाए गए, इसमें पहुंच कर अभिभावकों और शिक्षकों ने खरीदारी की । विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह बताते हैं कि बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से इस बाल मेले का आयोजन किया गया है । इस मेले में खुद बच्चों ने खान-पान की वस्तुओं के स्टाल लगाए हैं जिसका सभी आनंद ले रहे हैं।विद्यालय के कार्यवाहक प्रबंधक सुशील श्रीवास्तव ने बताया कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जोड़कर आत्मनिर्भर कैसे बन सकते हैं उसके लिए जागरूक करना हमारा उद्देश्य है। स्कूल में कक्षा 7 में पढ़ने वाले सूर्य मिश्रा बताते हैं कि उसके द्वारा चाचा नेहरू के जन्मदिन पर अपने स्कूल में कोल्ड ड्रिंक और मोमोज का स्टॉल लगाया गया है। इस मेले का बच्चों ने भरपूर आनंद लिया है।

# बाल दिवस के अवसर पर ओ.एन. अकादमी में शानदार आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**बारुन बाजार- अयोध्या।** बाल दिवस के अवसर पर स्थानीय ओ.एन. अकादमी में बच्चों के लिए विशेष आयोजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष, प्रबंधक और समाजसेवी रविंद्र पांडे एवं युवा समाजसेवी भीम तिवारी के उपस्थित रहे। विद्यालय परिसर में इस कार्यक्रम की रौनक देखते ही बन रही थी, जहां छात्रों ने पूरे उत्साह और आनंद के साथ बाल दिवस का जश्न मनाया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में खुशियां बांटना और उनके मानसिक तथा शारीरिक विकास को प्रोत्साहित करना था। विद्यालय प्रबंधन ने बाल दिवस के इस मौके पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन कर बच्चों को भरपूर मनोरंजन के अवसर प्रदान किए। कबड्डी और खो-खो जैसे पारंपरिक खेलों की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों ने बड़े जोश और उमंग के साथ भाग



लिया। बच्चों की टीमों के बीच हुए इन खेल मुकाबलों में खेल भावना, मित्रता और संयम की झलक देखने को मिली। खेलकूद के अलावा बच्चों के लिए मिकी माउस की विशेष प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र बनी, जिससे बच्चे बहुत ही उत्साहित दिखे। इसके अलावा, विद्यालय परिसर में बच्चों के लिए आइसक्रीम, बर्गर, चाऊमीन और फुल्की जैसे स्वादिष्ट खाद्य पदार्थों के स्टॉल भी लगाए गए। बच्चों ने इन खाद्य पदार्थों का भरपूर आनंद लिया और इन स्टॉल्स पर अच्छी खासी भीड़ देखी गई। बच्चों के लिए इस प्रकार के मनोरंजक और स्वादिष्ट प्रबंध से सभी बच्चों के चेहरे पर खुशी झलक रही थी।युवा समाजसेवी भीम. तिवारी ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि बाल दिवस बच्चों के विकास और उनके प्रति हमारे दायित्व को स्मरण करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में भी प्रोत्साहन मिलना चाहिए ताकि वे एक स्वस्थ और संतुलित जीवन का निर्माण कर सकें। साथ ही, उन्होंने विद्यालय के इस प्रयास की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों को अपने भीतर छिपी प्रतिभा को बाहर लाने का अवसर मिलता है।विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि बाल दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना का दिन है। प्रबंधन ने इस अवसर पर बच्चों को सीखने और खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों के बीच खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों के महत्व पर जोर दिया और बताया कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास और एकजुटता का विकास होता है।विद्यालय प्रबंधन ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए आए हुए रविंद्र पांडे और भीम तिवारी पुष्पेंद्र सोनी का हार्दिक स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। इस आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी पूरी सक्रियता से सहयोग किया और बच्चों को प्रोत्साहित किया। विद्यालय के इस विशेष आयोजन ने बच्चों को हर्ष और उल्लास से भर दिया और बाल दिवस का यह जश्न सभी के लिए एक यादगार अवसर बन गया। विद्यालय प्रबंधन ने कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा कि विद्यालय आगे भी बच्चों के लिए ऐसे आयोजन करता रहेगा ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके।

# विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

**अयोध्या।** गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज में बाल दिवस धूम धाम से मनाया गया। इस दिन को विद्यालय में स्पोर्ट्स डे के तौर पर मनाया गया। प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल ने मां सरस्वती और भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित और पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रधानाचार्या शिखा दूबे ने कहा कि चाचा नेहरू का मानना था कि बच्चों को स्वतंत्र और खुशहाल जीवन जीने का मौका मिलना चाहिए ताकि साकारात्मक सोच के साथ राष्ट्र निर्माण में सहयोग कर सकें। यह दिन हमें बच्चों के पूर्ण विकास के लिये काम करने के लिये प्रेरित करता है। आर डी पांडेय, शिव सागर, रुद्र मिश्रा आदि ने बाल दिवस पर अपने विचार प्रकट किये।

# बैक को गुमराह करने वाले 7 किसानों पर हुआ मुकदमा दर्ज

**मसौली बाराबंकी।** बैंक को गुमराह कर दूसरी बैंको से भी लोन लेने वाले क्षेत्र के 7 किसानो के विरुद्ध आर्यावर्त ग्रामीण बैंक मसौली के शाखा प्रबंधक ने थाना मसौली मे धोखाधडी का मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम देवकलिया निवासी रामफल पुत्र हजारी ने आर्यावर्त ग्रामीण बैंक शाखा मसौली से 23 मई 2015 को अपनी कृषि भूमि रकबा 2.261 हे0 को बंधक बनाकर 5 लाख की केसीसी बनवाने के बाद बगैर अदायगी के 29 मार्च 2017 को आई डी बी आई बैंक शाखा नाका सतरिख से 9 लाख 71 रुपये ले लिया देवकलिया गांव के ही अखिलेश कुमार व अरविन्द कुमार पुत्रगण राधेश्याम ने अपनी कृषि भूमि रकबा 2.104 को बैंक मे बंधक बनाते हुए 21 अक्टूबर 2018 को 4 लाख 90 हजार का केसीसी लोन लेने के बाद बगैर अदायगी के अखिलेश कुमार ने 29 सितंबर 2019 को बैंक आफ बड़ोदा शाखा जीआईटीएम लखनऊ से 5 लाख 65 हजार का ऋण ले लिया वही अरविन्द ने 31 जुलाई 2019 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा सुल्तानपुर से 7 लाख का ऋण ले लिया। भूलीगंज कस्बा मसौली निवासी मयंक सिंह पुत्र नागेश्वर ने अपनी भूमि को बैंक से बंधक करते हुए 4 लाख 10 रुपये का केसीसी लोन लेने के बाद ऋण की अदायगी किये बगैर बिक्री कर दिया। कटरा मसौली निवासी राधेश्याम पुत्र छेदा ने 28 जून 2014 को बैंक से 2 लाख 62 हजार का केसीसी लोन लिया जिसकी अदायगी किये बगैर उत्तर प्रदेश सहकारी ग्रामीण विकास बैंक शाखा बाराबंकी से 1 लाख का ऋण ले लिया। ग्राम मलौली के मीरपुर निवासी पिता पुत्र रामसरन व राजेश ने 17 नवंबर 2017 को बैंक 3 लाख का केसीसी लोन लिया और 27 जून 2019 को कुटरचित अभिलेखो के जरिये उत्तर प्रदेश सहकारी ग्रामीण विकास बैंक शाखा रामनगर से 4 लाख का ऋण के लिया।

# उत्सवधर्मिता की नई परिभाषा गढ़ने के साथ हुआ भरतकुंड महोत्सव का भव्य समापन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** विगत 7 दिनों से भरत जी की तपोभूमि पर चल रहे भरतकुंड महोत्सव में चेट्रीचण्ड पर्व मनाया गया। सबसे पहले बच्चों के सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ उसके बाद 14 वर्ष की आयु से कम बच्चों की धार्मिक स्वरूप प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें भारत बने हुए पृथ्वीराज इंटर कॉलेज के अभिनव पटेल ने बाजी मारी, दूसरे नंबर पर इसी विद्यालय की कृतिका सिंह रही जिन्होंने सती अनसूया का रूप धारण किया था तीसरे नंबर पर आर एल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के समर रहे जिन्होंने धनुर्धारी राम का रोल धारण किया था। शाम को भरतकुंड महोत्सव न्यास, मांडवी मंच फाउंडेशन और सिंधु सेवा समिति अयोध्या के संयुक्त तत्वाधान में प्रभु झूलेलाल की शोभायात्रा निकाली गई और प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम प्रभारी शालिनी राजपाल के साथ इस यात्रामें संयोजक पवन जीवानी, व्यवस्थापक ओमप्रकाश अन्दानी, ओम प्रकाश ओमी, अर्जुन दास वासवानी, अमृत राजपाल, गिरधारी लाल, वेद क्षेत्रपाल, भरतकुंड सभासद रामकृष्ण पांडे, महोत्सव अध्यक्ष डॉक्टर अंजनी कुमार पांडे के साथ सिंधु सेवा समिति के सैकड़ो पदाधिकारी नाचते झूमते गाते हुए यात्रा में शामिल रहे। सातवें दिन के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमृत बॉटलर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर तथा राष्ट्रीय सिंधी काउंसिल के राष्ट्रीय महासचिव राकेश लधानी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कृष्ण कुमार पांडे खुन्नू, बीकापुर अध्यक्ष राकेश पांडे राणा, अमृत राजपाल, पवन जीवानी निधि प्रचलित कर सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया। अध्यक्ष अंजनी पांडे, संस्थापक सचिव अंबरीश चंद्र पांडे, डॉ अनुपम पांडे, और रतन सिंह ने सभी अतिथियों का अंग वस्त्र देकर तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश लधानी ने विगत 26 साल से आयोजित हो रहे भरतकुंड महोत्सव की सराहना की लोक पर्व और लोक संस्कृति की थीम आधारित कार्यक्रम पर हर्ष व्यक्त किया तथा भरतकुंड महोत्सव को और दिव्य और भव्य बनाने के लिए स्वयं और प्रयास करने तथा आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। पंडित सत्य प्रकाश शर्मा और मानस दास जी की शास्त्रीय जुगलबंदी, वृंदावन से ए मुरारी लाल शर्मा की फूलों की होली और मयूर नृत्य, पूर्वांचल की प्रख्यात गायिका संजौली पांडे के लोकगीतों, अग्निहोत्री बंधुओं का भजन गायन तथा शीतला प्रसाद वर्मा की टीम का फरवाही नृत्य आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। आज समापन के अवसर पर भारत कुंड महोत्सव की तरफ से सात विभूतियों को नंदीग्राम रत्न प्रदान किया गया। जिसमें कला से सूर्यकांत पांडे, संस्कृति से ग्राम स्वावलंबी विद्यालय रनीवा, शिक्षा के लिए तक्षशिला आईएएस अकादमी के संतोष मिश्रा, समाज सेवा के लिए सबीना खातून, चिकित्सा के लिए डॉक्टर शेषधर पांडे आयुर्वेदाचार्य, साहित्य के लिए पूनम सूद जी, नारी सशक्तिकरण के लिए शोभा अक्षर को नंदीग्राम रत्न से सम्मानित किया गया । 2024 का महायोगीराज भरत सम्मान ओमप्रकाश वर्मा को तथा माता मांडवी शक्ति सम्मान रीता तिवारी को प्रदान किया गया। विशेष सम्मान लखनऊ से आए निर्मल शुक्ला और मोहम्मद अकरम को दिया गया। संगीत के क्षेत्र में दिया जाने वाला पंडित गौरी शंकर दास गवैया गुरुजी अवार्ड पंडित देव प्रसाद पांडे जी को दिया गया तथा बेगम अख्तर अवार्ड ईशा ईशा खान को प्रदान किया गया।

# आगनबाड़ी व माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को बाल मेले का आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** मौथरी गांव में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र और पूर्व माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को बाल मेले का आयोजन किया गया। प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक और बच्चों ने कई प्रकार के मिट्टी के बर्तन, सुंदर-सुंदर मूर्तियां, पानी बतासा, कॉस्मेटिक सामग्री मेज पर एकत्रित कर बाल मेला का आयोजन किया। अध्यापकों ने स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों को रोजगार संबंधित जानकारी दी। बाल मेला में बच्चों के साथ ही अभिभावक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री व अध्यापक नासरा जिद्दी, अनुपमा सिंह यादव, हृषभा वर्मा और आशीष कुमार वर्मा ने भाग लिया। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रिंसिपल विश्राम वर्मा ने बताया कि बाल मेले के आयोजन का उद्देश्य स्थानीय कला, संस्कृति और परिवेश से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को रचनात्मकता और सृजजनात्मकता को प्रोत्साहित करना है। वही अभिभावकों और समुदाय की शैक्षिक प्रक्रिया में भागीदारी को प्रोत्साहित करना, खेल एवं गतिविधियों के माध्यम से औपचारिक शिक्षा के प्रति बच्चों और अभिभावकों की रुचि को बढ़ाने का मेन मकसद है।

# बाल दिवस पर चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल में बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

# बाल मेला लगाकर छात्रों ने की खूब मौज मस्ती




*अवधनामा संवाददाता*

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम छन्दवल में स्वयं सेवी संस्था बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल में बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छात्र छात्राओं ने बाल मेला लगाया, बच्चों ने अपने हाथ से विविध व्यंजनों को बनाकर दुकानें लगाई, अभिभावकों ने बच्चों से खरीददारी कर उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर लोहिया अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ0 गौरव सिंह स्वक्क्स-स्ष्ठ एवं प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने जवाहर लाल नेहरू सहित अन्य महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण का मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ0 गौरव सिंह ने सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार किया। बढ़ते वायरल बुखार, डेंगू, खांसी एवं सर्दी जनित बच्चों की स्वास्थ्य समस्याओं बचाव के बारे में बताते हुए डॉ गौरव सिंह ने कहा कि प्रारम्भिक सर्दी से बचने के लिए पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहने, मच्छरों से बचें, मच्छरदानी में सोएं, गुनगुना पानी ज्यादा से ज्यादा पियें, बुखार आने पर डॉक्टर की सलाह से दवा लें। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने शिक्षकों व मुख्य रूप से बच्चों को बाल दिवस की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए नेहरू जी के जीवन आदर्शों पर चर्चा की। छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय प्रांगण में भिन्न-भिन्न प्रकार की दुकानों से सजाये गए मेले में बच्चों ने खूब मौज मस्ती की। छात्र-छात्राओं ने भेलपुरी , मीठी गुजिया ,सिंघाड़ा ,पानी के बतासे, समोसा, जलेबी, सोन पापड़ी, टिक्की ,चाट मटर आदि दुकाने लगाई छात्र-छात्राओं की दुकानों से सभी शिक्षकों ने खरीदारी की शिक्षकों को अपनी खाद्य वस्तुएं बेचकर बच्चे बेहद प्रसन्न थे। शिक्षिका वंदना वर्मा, शारदा रावत, व प्रिया मौर्या ने सभी बच्चों से क्रय विक्रय के पश्चात लाभ हानि की जानकारी ली जिसमें कई बच्चों ने काफी मुनाफा कमाया शिक्षिका वंदना वर्मा ने कहा यह बल मेला आपको भविष्य में बिजनेस करने के तरीके की सीख देता है ताकि आप भविष्य में एक अच्छे व्यवसायी बने इस अवसर पर शिक्षिका पूनम रत्नाकर, सरिता यादव, अनीता व स्कूल स्टाफ सरोज, सरस्वती एवं जियालाल सहित 150 बच्चों ने भाग लिया।

# शिक्षण संस्थानों में धूमधाम से मना बाल दिवस



*अवधनामा संवाददाता*

**नौतनवा (महराजगंज)।** क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों मे बाल दिवस के अवसर पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्म दिवस बडे ही धूम धाम से मनाया गया।उक्त अवसर पर क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्यालय रेडियंश एकेडमी मे सर्वप्रथम संस्था के निदेशक ओपी त्रिपाठी व प्रधानाचार्य वाई के चौरसिया द्वारा पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर केक काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के उद्घाटन के बाद छात्रों को जादूगर कटप्पा द्वारा कयी प्रकार के जादू दिखाये गये। कार्यक्रम मे पंडित जवाहर लाल नेहरू के विषय मे वक्ताओं ने उनको आजाद भारत का शिल्पी बताते हुए उन्हे देश का एक महान नायक बताया। इसी क्रम मे जहां श्रीराम परमहंस इण्टर कालेज मे छात्रों द्वारा बाल मेला का आयोजन किया गया जिसमे बच्चों ने अलग अलग स्टाल लगाकर कयी तरह के ब्यंजन का प्रदर्शन किया वहीं मदर मरियम ग्लोबल स्कूल कोल्हुई, श्री भगवान केन्द्रीय विद्यालय सम्पतिहा, अमर सिंह पब्लिक स्कूल, नौतनवा इण्टर कालेज नौतनवा व महात्मा बुद्ध इण्टर कालेज अड्डा बाजार, ओम एस एस वी एम लालपुर सहित तमाम क्षेत्रीय विद्यालयों मे खेलकूद का आयोजन कर छात्रों मे मिष्ठान्न वितरण किया गया।

# जिलाधिकारी ने कार्तिक पूर्णिमा स्नान को लेकर वशिष्ठ कुंड का किया स्थलीय निरीक्षण

**अयोध्या।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने कार्तिक पूर्णिमा स्नान के दृष्टिगत नयाघाट व वशिष्ठ कुण्ड का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की सम्भावना है इसके लिए सभी घाटों पर साफ-सफाई के साथ साथ बेहतर व्यवस्था व सुरक्षा के इंतेजाम सुनिश्चित किये जायें तथा मौके पर तैनात मजिस्ट्रेट अपने अपने क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए सभी व्यवस्था सुदृण करें। जिलाधिकारी ने नया घाट के निरीक्षण के दौरान कहा कि कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए घाट की नियमित साफ-सफाई के साथ साथ बेरिकेटिंग में स्नान की व्यवस्था, जल पुलिस द्वारा सुरक्षा की जांच, महिलाओं के लिए बाथरूम व शौचालय की साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जायें।

# घने कोहरे के कारण स्कूल बस अनियंत्रित होकर पलटी



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बैरिया के रानीपुर रजवाहा नहर पुल के पास छात्राओं से भरी बस सुबह आठ बजे अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट खेत में पलट गई। बस बच्चों को लेकर बड़ाहरा से धनहा मदरसा जा रही थी। रास्ते मे बैरियाँ पुलिया पर बस पलट गयी। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से बस के अंदर से बच्चों को निकाल कर परिजनों द्वारा इलाज के लिए ले जाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बैरिया के रानीपुर रजवाहा नहर पुल के पास मदरसा की छात्राओं से भरी बस सुबह आठ बजे अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट खेत में पलट गई। जिसमें एक को अधिक चोट लगने के कारण प्राइवेट अस्पताल में भर्ती किया गया है। जबकि शेष चार को मामूली चोटें आईं है। यह हादसा कोहरे की वजह से हुआ है, आज सुबह जिले में कोहरा छाया हुआ था। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची और बस को बाहर निकालने का कार्य शुरू कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कई छात्राओं के अभिभावक भी मौके पर पहुंच गए और छात्राओं को अपने घर लेकर चले गए। जबकि अन्य छात्राओं को सुरक्षित घर भेजवाया गया। उधर घटना के बाद विद्यालय में छुट्टी कर दी गई।

इस सम्बंध में श्यामदेउरवा थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। तीन-चार छात्राओं को मामूली खरोंच आईं है। बस को थाने लगाया गया है।

इस सम्बन्ध में उपसंभागीय परिवहन अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि बस का रजिस्ट्रेशन गोरखपुर आरटीओ कार्यालय में हुआ था। रजिस्ट्रेशन काफी पहले ही निरस्त किया जा चुका है। फिटनेस भी समाप्त हो चुका है। मामले में जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# एंटी रोमियो टीम लगातार एक्टिव रहेः एएसपी

**महराजंगज।** पुलिस तथागत सभागार में गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह की नेतृत्व में पुलिस कर्मियों की बैठक हुई। जिसमें थानों के महिला बीट आरक्षियो के साथ कई मुद्दों की चर्चा हुई। अपर



पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि मिशन शक्ति विशेष अभियान 5.0 के तहत जनपद महराजगंज के समस्त थानों की एन्टीरोमियों टीम द्वारा पुलिस की पाठशाला लगाकर महिलाओंबालिकाओं को नारी सुरक्षा,नारी स्वाबलंबन एवं नारी सम्मान हेतु जागरूक किया जाए। कहा कि जनपद की समस्त एंटी रोमियो टीम प्रभावी रूप से अपने अपने थाना क्षेत्रों में पुलिस की पाठशाला, चौपाल लगाकर महिलाओं, बालिकाओं, छात्राओं को नारी सुरक्षा नारी स्वाबलंबन एवं नारी सम्मान की दिशा में जनपद की एन्टीरोमियो टीम लगातार एक्टिव रहते रहे। बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिये जागरुक करती रहे तथा महिलाओ से संबंधित अपराध व अपराध से संबंधित सजा के बारे में जागरुक करना, सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहो व साइबर क्राइम के विषय में व महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 - पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 - चाइल्ड लाइन, 102 - स्वास्थ्य सेवा आदि के विषय मे पुलिस की पाठशाला, चौपाल लगाकर जागरूक किया गया जाए।

# सैलून दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों दुकानदार ने लगाई फांसी, मौत

*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** हरख चौराहा के पास स्थित वीआईपी सैलून की दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटका मिला युवक का शव, मामले की जांच में जुटी जैदपुर पुलिस। मामला जैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हरख चौराहा का है। जहां पर हरख चौराहा के पास स्थित वीआईपी सैलून दुकान संचालक सतरिख थाना क्षेत्र के नानमऊ निवासी शिवम पुत्र उपेंद्र कुमार किसी संदिग्ध परिस्थितियों में दुकान के अंदर फांसी के फंदे से लटका हुआ शव मिला। जिसकी जानकारी होते ही आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर




पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच पड़ताल में जुटी। बताते चलेकि शिवम गुरुवार की सुबह करीब 8 बजे अपनी दुकान पर पहुंचा था। जिसका कुछ ही देर बाद दुकान के अंदर फांसी के फंदे से लटका हुआ शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। इस संबंध में थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह ने बताया कि शिवम नामक यूवक का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला है जिसे पीएम हेतु भेज जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है?।

# बाल दिवस के अवसर पर चेयरमैन सुनील अग्रहरि द्वारा किया पुरस्कार वितरण

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी में मुख्य अतिथि चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने बाल दिवस के अवसर पर वृहस्पतिवार को पुरस्कार वितरण किया। इस दौरान खेलकूद में बालक वर्ग में 678 के बच्चे शामिल हुए। आपको बता दें कि बालक वर्ग के दौड़ खेल में प्रिन्स पाण्डेय प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पर आलोक कुमार व तृतीय स्थान उमाशंकर पर रहें। प्राइमरी स्कूल के कक्षा 03, 04 व 05 नीरज प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान अमित व तृतीय स्थान पर विपिन रहें। वहीं बालिका वर्ग में आरती प्रथम स्थान, सत्या द्वितीय व विवाह चौधरी तृतीय रहीं। कुर्सी दौड़ में कक्षा 05 की अन्तिम साहू ने जीतीं। कक्षा 04 में कुर्सी दौड़ में गणेश साहनी, यू0के0जी0 में सेजल व विंध्यवासिनी और कक्षा 04 में काजल, सोनम यादव, कक्षा 06 में मनीषा गौड़ व निशा प्रजापति और कक्षा 05 में अन्तिम साहू द्वारा कबड्डी में टीम ए में खेला गया। जिसमें टीम ए 23 अंक और टीम बी 24 अंक पाकर विजेता हासिल किये। विजेता टीम के कप्तान आलोक पाण्डेय व उप विजेता टीम का कप्तान वीरेन्द्र यादव पुरस्कार दिया गया। वहीं खो-खो, ऊंची कूद, लम्बी कूद, रेसिंग और विभिन्न प्रकार के खेलों का भी आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कुमार अग्रहरी, विद्यालय के शिक्षक सुरेन्द्र चौधरी, जयप्रकाश सिंह, आलोक कुमार, दशरथ यादव, पंकज विश्वकर्मा, संजय अग्रहरी, रिजवान, नीलम चौधरी, महिमा शुक्ला, निशा चौधरी, प्रियांशी अग्रहरि, प्रिया आदि लोग उपस्थित रहें।

# बाल दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** बाल दिवस के अवसर पर उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा-निर्देश तथा जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश के क्रम में मनोज कुमार तिवारी अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राजकीय इण्टर कालेज नौगढ़ व बेसिक शिक्षा अधिकारी ग्राउण्ड में गुरुवार को विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। राजकीय इण्टर कालेज नौगढ़ के छात्र-छात्राओं को बाल दिवस के अवसर पर जिज्ञासु होने, विज्ञान तकनीकी गणित, विभिन्न प्रकार के कलओं के प्रति उत्कृष्ट ज्ञान व योगदान हेतु प्रेरित किये जाने के विषय में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अतुलनीय योगदान देने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंण्डित जवाहर लाल नेहरू की विशेषताओं व उनके सपनों के विषय में विस्तार से बताया गया, जिसमें विशेष रूप से महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से उपस्थित महिलाओं को उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के विषय में विस्तार से जानकारी दी गयी कि ऐसे बच्चे जिनके अभिभावक की 1 मार्च 2020 के बाद कोविड-19 के संक्रमण के कारण मृत्यु हो गयी हो वे माता/पिता या माता-पिता की मृत्यु से 2 वर्ष के भीतर निर्धारित प्रारूप पर ग्राम विकास या पंचायत अधिकारी या विकास खण्ड या लेखपाल या तहसीलदार या जिला प्रोबेशन अधिकारी के कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं, जिसके तहत बच्चों के देखरेख हेतु निर्धारित संस्थाओं में आवासीय सुविधा 0 से 18 वर्ष के बच्चों की देखरेख हेतु प्रति माह 4000/- रूपये, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में प्रवेश, बालिकाओं के विवाह हेतु 1 लाख 1 हजार रूपये, उच्चतर माध्यमिक तथा व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त कर रहे 18 वर्ष के बच्चों को लैपटाप/टैबलेट तथा बच्चों की चल-अचल सम्पत्ति के कानूनी सुरक्षा के प्रावधान दिये गये हैं। बच्चों को चाइल्डलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, वीमेन पॉवर लाइन 1090 व साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से बताया गया तथा किसी आपदा कालीन अवस्था में उपरोक्त नंबरों पर निःशुल्क काल करने हेतु बताया गया। प्रधानाचार्य द्वारा बाल दिवस के मौके पर उपस्थित बच्चों में चाकलेट का वितरण कराया गया तथा बच्चों को अपने व अपने देश के भविष्य के लिये गंभीरतापूर्वक ज्ञार्नाजन करने व देश की प्रगति में अपने सकारात्मक योगदान हेतु प्रेरित किया गया। ततपश्चाात बेसिक शिक्षा अधिकारी ग्राउण्ड पर शिक्षा विभाग की ओर से मेडिकल कालेज के छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर बाल दिवस के अवसर पर नशामुक्ति अभियान को बल दिये जाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया जहां विभिन्न प्राइवेट व शासकीय विद्यालय के बच्चे बड़ी मात्रा में उपस्थित रहे एवं नशामुक्ति हेतु मेडिकल कालेज के छात्र व छात्राओं द्वारा जन-जन तक जागरूकता फैलाये जाने के उद्देश्य से ग्राउण्ड में कैण्डल लगायी गयी जिसे सायंकाल के समय प्रज्जवलित किया जायेगा। विशेष जागरूकता शिविर में प्रधानाचार्य दया शंकर यादव राजकीय इण्टर कालेज नौगढ़, नायब तहसीलदार नौगढ़ माधुर्य यादव, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी अजीत कुमार दूबे, राजकीय इण्टर कालेज के प्रवक्ता राम नवल सिंह, सहायक अध्यापक सत्येन्द्र कुमार शुक्ल, मानवेन्द्र कुमार दूबे, बाल गोविन्द्र मौर्य, सुपरवाइजर (सी0एच0एल0) रीना यादव व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# भाजपा ने किया मंडल कार्यशाला का बैठक



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** चिल्हिया मंडल के कंदवा बाजार में में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित मंडल कार्यशाला का बैठक मंडल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया जिसके मुख्य अतिथ पूर्व जिला मंत्री संगठन चुनाव अधिकारी चिल्हिया मंडलअरविंद उपाध्याय तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष लाल जी त्रिपाठी उर्फ लाल बाबा रहे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अरविंद उपाध्याय ने कहा की भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए सदैव कार्य करता है नरेंद्र मोदी की सरकार को लाने में कार्यकर्ताओं ने तन मन धन सब एक कर दिया था तब आज पूरे विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी बनी कार्यकर्ताओं के वल पर ही भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के पथ पर अग्रसर हैं पूर्व जिला अध्यक्ष लालजी त्रिपाठी ने कहा कि कार्यकर्ताओं का योगदान अतुलनीय है संगठन को अधिक मजबूत बनाने के लिए हर मंडल स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया जाना है कार्यशाला में जो हमारे सक्रिय कार्यकर्ता है उनको जोड़ने का कार्य तथा बूथ स्तर पर अधिक से अधिक सक्रिय कार्यकर्ता बनाने का कार्य किया जाना अत्यंत आवश्यक है संगठन के शक्ति के बल पर ही आज भाजपा पूरे विश्व में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में कार्य कर रही हैं इस अवसर पर मंडल महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव, हरी राम लोधी सहित पद्माकर शुक्ला मनोज सिंह आशा नारायण सिंह, दृग राज पांडे कौलेश्वर मौर्य, गणेश चौरसिया सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों ने याद किया पण्डित नेहरू को

**बस्ती।** कांग्रेस पार्टी कार्यालय पर भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पण्डित जवाहर लाल नेहरू की जयंती मनाई गई। वक्ताओं ने पण्डित नेहरू को युगदृष्ठ बताते हुये कहा कि उन्होने आधुनिक भारत की नींव रखी थी। पूर्व विधायक अंबिका सिंह ने कहा पण्डित नेहरू ने भारत को समृद्ध करते हुये धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में दुनिया में एक पहचान दिलाया। पण्डित नेहरू ने 40 हजार किमी. की यात्रा कर 3.5 करोड़ देशवासियों को सम्बोधित कर जनभावनाओं को करीब से जाना परखा था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कांग्रेसी नर्वदेश्वर शुक्ल ने कहा पण्डित नेहरू ने स्वतंत्रता आन्दोलन में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिये और गांधीजी के नेतृत्व में अंग्रेजों को परास्त कर भारत को आजाद कराया। उनकी सोच आधुनिक थी। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा पण्डित नेहरू सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री थे। वे बच्चों को भारत का भविष्य मानकर उन्हे असीम स्नेह देते थे। उनके अच्छे व महान कार्यो के चलते प्रधानमंत्री रहते हुये भारत रत्न से नवाजा गया। कार्यक्रम का संचालन मो. रफीक खां ने किया। पार्टी महासचिव अशोक श्रीवास्तव, जयंत चौधरी, राकेश पाण्डेय, अवधेश सिंह, लालजीत पहलवान, डीएन शास्त्री, बृजेश पाण्डेय, पिण्टू मिश्रा आदि ने भी सम्बोधित किया।

# नजूल भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण पर पालिका प्रशासन ने भेजी नोटिस, तत्काल प्रभाव से हटाने के निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** टांडा नगर के मोहल्ला हयातगंज अलीबाग पर स्थित नजूल भूमि जिसपर सार्वजनिक कूंआ, सार्वजनिक नल लगा था उसे कब्जा कर दो भाईयों द्वारा अवैध निर्माण कराया जा रहा था। इतना ही नहीं उक्त दोनों भाइयों द्वारा नजूल भूमि पर लगे सार्वजनिक टेलीफोन के खम्भे को भी अपनी दीवाल के अन्दर कर लिया गया है।मोहल्ले वालों की शिकायत पर नगरपालिका परिषद टांडा की टीम ने अवैध निर्माण रोकवाते हुए नोटिस जारी कर अतिक्रमण स्वयं हटाने का आदेश दिया गया है।

मोहल्ला हयातगंज अलीबाग निवासी दो सगे भाईयों नवीन मेहरोत्रा व अभय मेहरोत्रा पुत्रगण भूपेंद्र मेहरोत्रा का मकान सड़क के किनारे स्थित है और मकान व सड़क के बीच नगरपालिका परिषद टांडा की नजूल भूमि स्थिति थी जिसपर कभी सार्वजनिक कुंआ व सार्वजनिक नल हुआ करता था और पूरे मोहल्ले के लोग उसका इस्तेमाल किया करते थे। इतना ही नहीं सार्वजनिक नजूल भूमि पर लगे टेलिफ़ोन के खम्भे के आगे दीवार बनाकर उसपर भी कब्जा कर लिया गया है। इधर दो तीन दिनों से नजूल भूमि पर कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा था। मंगलवार को अतिक्रमणकारी दोनों भाईयों द्वारा नजूल भूमि पर लगे सार्वजनिक नल को उखड़वाकर उसपर कब्जा किया जाने लगा। तब मोहल्ले वालों दीपक कन्नौजिया संदीप कन्नौजिया राजू कन्नौजिया अंकुर कुमार रजत कुमार मोहित शर्मा मनोज कुमार बसंत लाल धर्मराज कन्नौजिया दलजीत कन्नौजिया विशाल नन्दलाल व राम बचन के सब्र का बांध टूट गया है और नगरपालिका परिषद टांडा के अधिशासी अधिकारी को प्रार्थनापत्र देते हुए नजूल भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को रोकने की मांग किया जिसपर नगरपालिका परिषद टांडा के प्रभारी अधिशासी अधिकारी जुबेर शमशाद के आदेश पर नजूल विभाग की टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर तत्काल कार्य रोकवा दिया गया। नगरपालिका परिषद टांडा के प्रभारी अधिशासी अधिकारी ने और दोनों भाइयों को नोटिस जारी कर अवैध कब्जे को तत्काल हटवाने का निर्देश दिया गया। नगरपालिका परिषद टांडा के प्रभारी अधिशासी अधिकारी जुबेर शमशाद का कहना है कि निर्माण कार्य नजूल भूमि पर कराया जा रहा था उसे रोकवाते हुए नोटिस जारी किया गया है।

## नैट परीक्षा की तैयारी में आकांक्षी ब्लॉक खेसरहा



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आगामी 29 व 30 नवंबर को नैट परीक्षा का आयोजन किया गया है। परीक्षा की तैयारी में बच्चों के अलावा अध्यापक व खंड शिक्षा अधिकारी भी लगे हैं। प्रदेश भर में निपुण असेसमेंट टेस्ट अर्थात नैट परीक्षा नवंबर माह के आखिरी सप्ताह में होनी है। बांसी तहसील अंतर्गत आकांक्षी ब्लॉक खेसरहा के विभागीय जिम्मेदारों के लिए ब्लॉक को आकांक्षी श्रेणी से निकालने के लिए भी यह परीक्षा अग्नि परीक्षा जैसी है। खण्ड शिक्षा अधिकारी के अलावा अध्यापक व एआरपी टीम भी जिम्मेदारी पूर्वक अपने दायित्वों को निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। उक्त जानकारी देते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने बताया कि नैट परीक्षा के नंबर केवल बच्चों के लिए ही नहीं अपितु ब्लॉक को आकांक्षी ब्लॉक से निकलने में भी सहायक हैं। श्री सिंह के अनुसार ब्लॉक के 177 विद्यालयों को 5 ऊर्जावान ए आर पी एवं 63 टेक्निकल एक्सपर्ट में विभाजित कर तैयारी की जा रही है। बच्चों की तैयारी में टेक्निकल समस्याओं का अध्यापकों की टेक्निकल व कंप्यूटर एक्सपर्ट टीम द्वारा निवारण किया जाएगा। यूपीएस सुपौली में बृहस्पतिवार को 79 में 66 एवं प्रा0 वि0 भूपतजोत में 203 के सापेक्ष 195 बच्चों का खण्ड शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में मॉक टेस्ट लिया गया। 2 माह से चलने वाली इस तैयारी का परिणाम क्या होगा? यह आने वाला वक्त बताएगा।

## सहकारी समिति पर वितरण किया गया डाई खाद के लिए लाईन मे खड़ी रही महिला



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिले मे रबी की प्रमुख फसल गेहूं की बुवाई काफी तेजी से हो रहा है। इसी को लेकर विकास खण्ड लोटन क्षेत्र के मुड़िला नया पंचायत के चनरैया साधन सहकारी समिति पर बृहस्पतिवार को किसानों को निर्धारित मूल्य पर डाई खाद खसरा खतौनी लेकर पोस मशीन के द्वारा वितरण किया गया। किसानों द्वारा बताया गया की खाद की आवश्यकता काफी किसानों को थी।हम लोगों ने पता किया तो सचिव राम बृक्ष द्वारा बताया गया की खाद 300सौ बोरी उपलब्ध है जिन भी किसानो को खाद लेना है आधार कार्ड व खतौनी लाकर ले सकते है। सचिव ने बताया की भीड़ होने के कारण प्रशासन बुलाना पड़ा है। ताकी हर व्यक्ति को लाईन से खाद दिया जा सके।वही आपरेट द्वारा पास मशीन से बारी बारी आधार लेकर फिंगर लगाया गया और लोगों को खाद दिया गया।इस दौरान दिपक कुमार व कांस्टेबल संजय गौतम द्वारा पर्ची लेकर लोगों को बारी बारी खाद गोदाम से दिया गया। सहकारी समिति अध्यक्ष ने बताया की खाद कम होने के कारण कुछ लोगों को वापस जाना पड़ा है पर्याप्त मात्रा में खाद रहता तो हर व्यक्ति को खाद मिल जाता किसी व्यक्ति को वापस नही जाना पड़ता।

# बाल मेले का विद्यालय में हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर अंबेडकरनगर।** भियांव विकास खण्ड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय नत्थूपुर खुर्द में बृहस्पतिवार को बाल मेला का आयोजन किया गया। इस मेले के आयोजन का मकसद बच्चों की प्रतिभा को निखारना,उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और शैक्षिक प्रक्रिया में अभिभावकों और समुदाय की भागीदारी को बढ़ाना होता है। इस मेले का उद्देश्य तीन से छह साल तक के बच्चों की प्रतिभा को निखारना है। स्कूल खुलते ही विद्यालय में अन्य दिनों की अपेक्षा काफी चहल पहल देखी गयी,क्योंकि विद्यालय में मेले का आयोजन था।

प्रधानाध्यापक अरशद कमाल ने बताया कि मेला का नाम सुनकर जो बच्चे विद्यालय नहीं आ रहे थे वे भी विद्यालय में आने लगे थे। आज अन्य दिनों से अधिक बच्चे थे, ऐसे आयोजन से बच्चों में आत्मनिर्भरता के गुण विकसित होते हैं।आंगनबाड़ी केंद्र में कविता सुनाने से लेकर,वस्तुओं को छोटे से बड़े के क्रम में बांटना,आदि गतिविधियां कराई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान श्री राजेंद्र प्रसाद सिंह ने सभी बच्चों को कॉपी, पेन,पेंसिल दे कर पुरस्कृत किया।अन्त में सभी बच्चों को मिष्ठान का वितरण किया गया एवं उपस्थित अभिभावकों को जलपान कराया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष मंगल सिंह, सहायक अध्यापक जफर अब्बास, सपना कुमारी, शिक्षामित्र प्रियंका मौर्या, प्रतिमा सिंह, रामवती देवी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री अनीता देवी, बृजबाला, विमला, रोजगार सेवक प्रदीप कुमार, रामप्रीत, नर्मदा, गीता देवी, रामचंद्र गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

## चिल्ड्रेन डे मनाया गया

**उरई (जालौन)।** ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम उदोतपुरा में प्राथमिक विद्यालय पर जागरण पहल के डेटॉल डायरिया नेट जीरो प्रोग्राम के अंतर्गत चिल्ड्रनस डे मनाया गया। ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रुद्र प्रताप सिंह ने बच्चों की उज्जवल भविष्य के लिए वहां उपस्थित एएनएम रिंकी, आंगनबाड़ी राजा बेटी, आशा अर्चना, सहायका नीलम देवी, और प्रधानाचार्य शशि कला सहायक अध्यापक जानवी और सहायक अध्यापक वैभव दिक्षित और गांव की महिलाएं गुड्डी देवी, रानी ,राम श्री, शिववती, किरण, सभी से आग्रह किया कि बच्चों को डायरिया से बचने के लिए हमें स्वच्छता को अपनाना होगा और WHO के 7 सूत्रों के आधार पर चलना होगा इससे बच्चों को कई तरह के रोगों से कैसे बचाया जा सकता है। डेटॉल साबुन से हाथ धोना, स्वच्छ शौचालय रखना,स्वच्छ जल पीना, 0 se 6 माह तक बच्चों को स्तनपान कराना, वैक्सीनेशन करवाना, डायरिया होने पर जिंक टेबलेट देना, ओआरएस का गोल देना बच्चों को रोग से बचना बहुत आवश्यक है बताते हुए सभी बच्चों को टॉफी खिलाई

# कार्तिक पूर्णिमा के दिन श्रद्धालुओं ने मेले का लिया आनंद



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बानगंगा नदी के बैराज घाट, महथा घाट,लेदवा घाट पर कार्तिक पूर्णिमा के दिन श्रद्धालुओं सुबह तीन,चार बजे से ही बानगंगा नदी में गंगा-स्नान करने के बाद मां गंगा की पूजा-अर्चना कर सुर्य को अर्घ्य देते हैं। उसके बाद लोग लेदवा मेले में पहुंचकर लेदवा मेला में लगे झूला, सर्कस, हाथी की सवारी, डांस पार्टी आदि का आनंद उठाते हैं। दूर दराज से आए मिठाई, झूला, सर्कस, डांस पार्टी आदि की दुकानें एक दो दिन पहले ही सज जाती है। मेले में दो दिन के लिए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अस्थाई पुलिस चौकी स्थापित की जाती है। यहां पर खोया पाया का एनाउंसमेट किया जाता है। महथा बाजार ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद आसिम उर्फ नैय्यर ने कहा कि मेले में लगभग पचास हजार से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ होती है। शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक विद्धेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बानगंगा बैराज पर सुबह से ही बानगंगा नदी के तट व बानगंगा बैराज फाटक के पास पुलिस के जवानों की ड्यूटी लगाई गयी है। मेन रोड से बैराज तक चार पहिया वाहनों का आवागमन रोक दिया जाता है। गहरे पानी की तरफ न जाने के लिए बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गयी है और बानगंगा नदी के बैराज घाट पर एक दर्जन पुलिस के जवानों की तैनाती की गई है। सिंचाई विभाग अवर अभियंता अभिजीत सिंह ने कहा कि बैराज पर स्नान दान करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ काफी अधिक होती है। सुरक्षा को लेकर सिंचाई कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

## मंदिर कमेटी का बैठक कर किया गठन

**टांडा अमबेडकर नगर अवधनामा संवाददाता।** श्री रामजानकी मंदिर परिसर टाण्डा के जीर्णोद्धार के बाद 10 नवम्बर को हुए बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमे नगर के सभी सम्मानित व्यक्ति उपस्थित हुए। बैठक में सर्व सम्मति से संरक्षक भूपेन्द्र मेहरोत्रा, विपिन , शिव कुमार, संजय अग्रवाल, भरत बंसल अध्यक्ष सलिल अग्रवाल, महामंत्री कृष्ण कुमार सोनी, उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल (मुन्ना अग्रवाल), रामलला सोनी, सुधीर अग्रहरी, सतपाल, रिन्कू सोनी संगठन मंत्री प्रखर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष भूपेश जायसवाल उर्फ डब्बू मीडिया प्रभारी ओम शंकर सोंनी को बनाया गया है। कमेटी गठित होने के पश्चात यह तय हुआ कि आगामी 15 नवम्बर दिन शुक्रवार को मां सरयू तट पर उक्त मन्दिर परिसर में देव दीपावली आयोजित है जिसके अंतर्गत शाम 5 बजे दीप प्रज्वलन तदोपरांत सुंदर कांड का पाठ व 7 बजे से भंडारे का कार्यक्रम होना सुनिश्चय हुआ है ।उक्त कमेटी में लगभग दो दर्जन सदस्य हैं। बैठक में मुख्यरूप से रामलला सोनी सुधीर अग्रहरी, सतपाल, रिन्कू सोनी पंकज सोंनी , जय प्रकाश यादव (पूर्व सभासद, रिदम खन्ना (युवा मोर्चा नगर विवेक मोदी, मानस, अंशू बग्गा और कार्यकारिणी सदस्य में प्रकाश (श्यामू अग्रवाल) अवधेश पटेल, झिन्नू सोनी संजय गुप्ता (पिन्टू गुप्ता)जोगेन्द्र साहू , विशाल सोनी धिरेन्द्र खत्री, राजेश सोनी, मानस अग्रवाल आलोक सोनी, आनन्द कुमार सिन्धी आलोक मोदनवाल आदि उपस्थित रहे।

# हंगामा व कड़ी सुरक्षा के बीच वितरित हुआ 450 बोरी डीएपी

## डीएपी न मिलने से हजारों किसान मायूस वापस लौटे घर

अवधनामा संवाददाता

**कुदरहा, बस्ती।** ब्लाक परिसर में संचालित साधन सहकारी समिति पर पच्चीस दिन बाद डीएपी खाद आने से किसानों का भीड उमड पड़ा। कड़ी सुरक्षा के बीच देर शाम तक 450 बोरी खाद वितरित हुआ। डीएपी समाप्त होने से हजारो किसान मायूस वापस लौट गए।

साधन सहकारी समिति पर ट्रक से डीएपी खाद उतरते ही किसानों भीड उमडने लगी। देखते-देखते हजारों किसान रात से ही लाइन लगा कर समिति का ताला खुलने का इंतजार करने लगे। सुबह आठ बजे एडीओ कोआपरेटिब मिठू राम वर्मा, सचिव रामकुमार पाल, हलका लेखपाल व चौकी इंचार्ज कुदरहा राम अशोक यादव पुलिस टीम के साथ समिति का ताला खुलवाए और कतार बद्ध समिति के सदस्य रहे किसानों का ईपास मशीन पर अंगूठा लगवाकर 1350 रूपएं प्रति बोरी की दर से दो-दो बोरी डीएपी के साथ नैनो खाद देना शुरु किए। कुछ किसानो ने नैनौ खाद का विरोध जताते हुए पिपरपाती गांव निवासी रणजीत यादव रिंटू ने हंगामा शुरू कर दिया।

एड़ीओं कोआपरेटिव व पुलिस के समझाने के बाद शांत हुए और फिर वितरण कार्य प्रारम्भ हुआ। अधिकांश किसानों ने बताया कि रात से ही डीएपी के लिए लाइन लगाकर अपने बारी का इंतजार कर रहा था। लेकिन खाद काम आने से हम लोगों का नंबर ही नहीं आ पाया। यदि फिर डीएपी नहीं आई तो सरसों व गेहूं की बुवाई कैसे होगी। इसकी चिंता सता रही है। सचिव रामकुमार पाल ने बताया कि 450 बोरी डीएपी का वितरण किया गया। हजारों किसान वंचित रह गए शीघ्र डीएपी का उठान होते ही वितरण किया जाएगा।

# चंगेरवा यादव पुरवा पू.मा. विद्यालय में मना बाल दिवस



अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** सदर विकास क्षेत्र के चंगेरवा यादव पुरवा स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बालदिवस मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूद से जुड़े कार्यक्रम आयोजित हुये। प्रधानाध्यापक अनिल कुमार ने बाल दिवस मनाये जाने का कारण व भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहरलाल नेहरू के बारे में विस्तार से बच्चों को जानकारी दी। उन्होने कहा पण्डित नेहरू को बच्चों से असीम लगाव था। वे उन्हे भारत का भविष्य मानते थे। बच्चे उन्हे चाचा नेहरू कहते थे। ऐसे अनेक उदाहरण और समृतियां हैं जो बच्चों के प्रति पण्डित नेहरू का स्नेह जाहिर करते हैं। सहयाक अध्यापक सुखराम यादव ने कहा पण्डित नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे। देश की आजादी के बाद वे पहले प्रधानमंत्री बने। यद्यपि वे सम्पन्न परिवार से थे फिर भी भारत में गरीबी को महसूस करते थे और इसे कम करने के अनेक प्रयास किया। उनके प्रयासों का नतीजा है कि देश प्रगति के रास्ते पर चला। उनके द्वारा स्थापित संस्थायें आज देश के प्रगति की कहानी गढ़ रही हैं। देश को हमेशा उन पर गर्व रहेगा। कृष्ण बहादुर पाल, मालती, सभामती आदि का सहयोग रहा।

## मण्डल में उर्वरक की कोई कमी नही है

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** बस्ती मण्डल के जनपद बस्ती, संतकबीर नगर एवं सिद्धार्थनगर में 10 नवम्बर 2024 को फॉस्फेटिक उर्वरक की रैक प्राप्त हुयी थी। उक्त जानकारी देते हुए संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक सहकारिता ने बताया कि जिसको जनपदवार आवंटन कर जनपदों को प्रेषित कर दिया गया है। उन्होने बताया कि डी.ए.पी. तथा एन.पी.एस. 12:12:013 समितियों को आवंटन कराकर समिति में नामित पर्यवेक्षणीय अधिकारी की देखरेख में वितरण कराया जा रहा है। मण्डल में उर्वरक की कोई कमी नही है। उन्होने यह भी बताया है कि डी.ए.पी. उर्वरक की 2600 मै.टन की एक रैक दो या तीन दिनों में जनपद संतकबीर नगर में आ रही है, जिसे जनपद बस्ती एवं संतकबीर नगर में प्रेषित कर समितियों के माध्यम से किसानों को वितरण किया जायेंगा। उन्होने बताया कि बस्ती मण्डल के जनपद में डी.ए.पी. 1892 तथा एन.पी.एस. 12:12:013 1038 कुल 2930 मै.टन उर्वरक उपलब्ध है, जिसमें बस्ती में डी.ए.पी. 646 एवं एन.पी.एस. 346 कुल 992, संतकबीर नगर में 600 एवं 346 कुल 946 तथा सिद्धार्थनगर में 646 एवं 346 कुल 992 मै.टन उर्वरक आवंटन किया गया है।

## किसानो को खेती करने की दी गयी जानकारी

**कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** ब्लाक सभागार में गुरुवार को कृषि सूचना



तंत्र योजना के तहत विकासखंड स्तरीय कृषि निवेश मेला का आयोजन वरिष्ठ तकनीकी सहायक दीपक सिंह की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें खेतों में पराली जलाने होने वाले नुकसान, मृदापरीक्षण व मोटे अनाज के गुणों के बारे में विस्तार से बताया गया। सीनियर तकनीकी सहायक दीपक सिंह ने बताया कि फसलों के अवशेषों को खेतों में न जलाएं। इससे खेतों की नमी व पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं। साथ ही साथ मृदा ताप में वृद्धि भी होती है। जिसके कारण फसलों में विपरीत प्रभाव पड़ने के साथ साथ वायु प्रदूषण से अनेक बीमारियां व धुएं के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं। राजकीय कृषि बीज भंडार गोदाम के प्रभारी क्षितीज वर्मा ने कहा कि तकनीकी खेती पर विस्तार से बताया। अरहर, काकुन, उड्द की खेती करने के तकनीक बताएं। ग्राम प्रधान व किसानों से खेतों की प्राली को एकत्रित कराकर गौशाला में भेजने की अपील किया। किसानों को तकनीकी सहायक मृदा सनातन देव त्रिपाठी, टीए बृजेश कुमार व मुकेश ने योजनाओं को बताया। कार्यक्रम में अनिल कुमार त्रिपाठी, अखिलेश कुमार, प्रेम प्रकाश, अभिषेक पांडे, सुनील पटेल, ध्रुव कुमार, पांचू यादव, संतोष, हीरा सिंह, बलराम यादव, शोभनाथ, मकबूल, सुमेरे सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

# सीजेआई चन्द्रचूड़

सुप्रीम कोर्ट चीफ जस्टिस डी वाई चन्द्रचूड़ के दो साल के कार्यकाल का समापन 10 नवम्बर को हो गया। ऐसे में उनके द्वारा और उनके सहयोग से महत्वपूर्ण फैसलों पर नजर डालना समयाचीन होगा। विदाई कार्यक्रम सुप्रीम कोर्ट बार एसोसीयेशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने कहा चन्द्रचूड़ ने बेहद जटिल मुद्दों पर फैसले दिये। उन्होंने कहा था इस बात को लेकर वे चिन्तित है के उनके कार्यकाल को लोग किस तरह याद करेंगे। 25 जुलाई 2024 को जजो के बेन्च अगुआई की है। इंसानियत फैसलों दिया संविधान के तहत राज्यों के पास अधिकार है खनिज एवम् खनिज युक्त जमीनों पर टैक्स लगा सके। उनकी अगुवाई वाली बेन्च ने कहा था राज्यों के पास आरक्षण के लिये अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति में उपवर्गीय करण करने की शक्तियां है। 15 फरवरी को उनकी बेन्च ने कहा था राजनैतिक पार्टियों को दिये जाने वाले चन्दे के लिये तय इलेक्ट्रोरल बान्ड स्कीम की खारिज कर दिया। इसे गैर संविधानिक बताया। चुनाव आयोग से कहा कि वह राजनीतिक पार्टियों द्वारा इलेक्टोरल बान्ड को कैश कराये जाने वाले ब्योरों को सार्वजनिक करें। जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा निरस्त के राष्ट्रपति के फैसले को वैद्य बताया। कोर्ट ने कहा यह अनुच्छेद अस्थायी है। 24 अगस्त 2017 को 1976 में पांच सदस्यीय फैसले को गलत बताया जिसमें कहा गया था कि आपात काल के दौरान अनुच्छेद 21 रजीवन और व्यक्तिगत आजादी को निलम्बित किया जा सकता है। उस बेन्च में चन्द्रचूड़ के पिता जी भी थे। 28 सितम्बर 2018 को चन्द्रचूड़ ने कहा था असहमति बाईब्रेन्ट डेमोक्रेसी की पहचान है। भमा के रे गावं वायलेन्स केस में ह्यूमन राइट ऐक्टीविस्ट की गिरफ्तारी मामले में उन्होंने कहा था। असहमति लोकतन्त्र का सेफ्टी बाल्व है। अयोध्या मामले में 9 नवम्बर 2019 को कोर्ट ने कहा था 2.77 एकड़ वाली जमीन जो विवादित है उस पर ही मन्दिर निर्माण होगा। 28 सितम्बर के केरल के सबरीमला मन्दिर में हर उम्र की महिलाओं को प्रवेश की इजाजत दी। अब यह लैंगिक भेदभाव है यह हिन्दू महिलाओं के मौलिक अधिकार का हनन है। 27 सितम्बर 2018 को एडल्टरी कानून को गैंस संविधानिक बताया और खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा था। एडल्टरी कानून महिला को पति का गुलाम और सम्पत्ति की तरह बना देता है। 6 नवम्बर 2018 को कोर्ट ने कहा था बालिगों के साथ सहमति से बनाये गये समलैंगिक सम्बन्ध अपराध नही होंगे। इस प्रावधान को कोर्ट ने गैर संवैधानिक करार दिया और इसे समानता इसे समानता और जीवन के अधिकार के अधिकार उलघन बताया था। 23 सितम्बर 2024 को उनकी अगुवाई वाली बेन्च ने सुझाव दिया था कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी डाउनलोड करना और देखना दोनो पोक्सो के तहत अपराध है। संसद को सुझाव दिया था कि वह चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द के बदले चाइल्ड सेक्सुअली एब्युसिव एन्ड एक्स प्लोआइटिव मटीरीयल शब्द का प्रयोग करें। उन्होंने महिलाओं के खिलाफ अहम प्रशासनिक फैसले लिये। महिलाओं के खिलाफ रूढ़िवादी शब्दावली रोकने अदालती कार्यवाई की लाइवस्ट्रोमिंग न्याय की देवी की आंखों से पट्टी हटाना ऐतिहासिक रहे। रिटायरमेन्ट के बाद का जीवन सुखद हो वह बहुत आधात्मिक और पूजा पाठ तथ मेडीटैशन वाले शख्स है। ऐसे लोग सदा सुखी रहते है सन्तुष्ट रहते है।

# गुरुनानक देव समाजक्रांति एवं धर्मक्रांति के पुरोधा


ललित गर्ग

**भारतीय संस्कृति में गुरु नानकदेव एक महान पवित्र आत्मा थे, वे ईश्वर के सच्चे प्रतिनिधि थे। सिख धर्म के दस गुरुओं की कड़ी में प्रथम हैं गुरु नानक। अणु को विराट के साथ एवं आत्मा को परमात्मा के साथ एवं आत्मज्ञान को प्राप्त करने के एक नए मार्ग की परंपरा का सूत्रपात गुरुनानक ने किया है, यह किसी धर्म की स्थापना नहीं थी। उन्होंने परम सत्ता या संपूर्ण चेतन सत्ता के साथ तादात्म्य स्थापित करने का मार्ग बताया। यही वह सार्वभौम तत्व है, जो मानव समुदाय को ही नहीं, समस्त प्राणी जगत् को एकता के सूत्र में बांधे हुए हैं। इसी सूत्र को अपने अनुयायियों में प्रभावी ढंग से सम्प्रेषित करते हुए 'सिख' समुदाय के प्रथम धर्मगुरु नानक देव ने मानवता एवं सर्वधर्म सद्भाव का पाठ पढ़ाया। उन्होंने समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ाने के लिए लंगर परंपरा की शुरुआत की थी, जहां गरीब-राजा, ऊंच-नीच सभी लंगर खाते थे। उन्होंने 'निर्गुण उपासना' पर जोर दिया और उसका ही प्रचार-प्रसार किया। वे मूर्ति पूजा नहीं करते थे और न ही मानते थे। ईश्वर एक है, वह सर्वशक्तिमान है, वही सत्य है, इसमें ही नानक देव का पूरा विश्वास था। उनका धर्म और अध्यात्म लौकिक तथा पारलौकिक सुख-समृद्धि के लिए श्रम, शक्ति, भक्ति एवं मनोयोग के सम्यक नियोजन की प्रेरणा देता है।**

गुरु नानक देव की शिक्षाएं आज अधिक प्रासंगिक हैं क्योंकि उन्होंने मानवता और सत्कर्म को सबसे बड़ा धर्म बताया था। उन्होंने समाज में कई बदलाव लाने का काम किया, उन्होंने स्त्रियों को पुरुषों के साथ बराबरी का दर्जा दिया और वैवाहिक जीवन को पवित्र माना। उन्होंने कहा कि विद्यालय में सभी धर्म, जाति, और सम्प्रदाय के लोगों को समान रूप से शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने आडंबर और अंधविश्वासों का खंडन किया और ईश्वर की प्रत्यक्ष भक्ति पर ज़ोर दिया। उन्होंने अंतर-धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए संवादों का महत्व बताया और निस्वार्थ सेवा को बढ़ावा देते हुए करुणा, परोपकारिता और ज़िम्मेदारी की भावना को बढ़ावा दिया।

गुरुनानक का जन्म 1469 में लाहौर के निकट तलवंडी में हुआ था। दीपावली के पन्द्रह दिन बाद कार्तिक पूर्णिमा को जन्में गुरु नानक देव सर्वधर्म सद्भाव की प्रेरक मिसाल है। उनके जन्म दिन को हम प्रकाश पर्व, गुरु पर्व, गुरु पूरब भी कहते हैं। वे अपने व्यक्तित्व में दार्शनिक,



योगी, गृहस्थ, धर्म-सुधारक, समाज सुधारक, कवि, देशभक्त एवं विश्वबंधु - सभी गुणों को समेटे हैं। उनमें प्रखर बुद्धि के लक्षण बचपन से ही दिखाई देने लगे थे। वे किशोरावस्था में ही सांसारिक विषयों के प्रति उदासीन हो गये थे। गुरुनानक देव एक महापुरुष व महान धर्म प्रवर्तक थे जिन्होंने विश्व से सांसारिक अज्ञानता को दूर कर आध्यात्मिक शक्ति को आत्मसात् करने हेतु प्रेरित किया। उनका कथन है- रैन गवाई सोई कै, दिवसु गवाया खाय। हीरे जैसा जन्मु है, कौड़ी बदले जाय। उनकी दृष्टि में ईश्वर सर्वव्यापी है और यह मनुष्य जीवन उसकी अनमोल देन है, इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। उन्हें हम धर्मक्रांति के साथ-साथ समाजक्रांति का प्रेरक कह सकते हैं। उन्होंने एक तरह से सनातन धर्म को ही अपने भीतरी अनुभवों से एक नये रूप में व्याख्यायित किया। गुरु नानकजी ने गुलामी, नस्लीय भेदभाव, और लिंगभेद की निंदा की। वे कहते थे कि पैसे हमेशा जेब में होने चाहिए, हृदय में नहीं। मनुष्य को लोभ का त्याग करना चाहिए और सदैव परिश्रम से धन कमाना चाहिए। वे बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे। आपके स्वभाव में चिंतनशीलता थी तथा आप एकांतप्रिय थे। आपका मन स्कूली शिक्षा की अपेक्षा साधु-संतों व विद्वानों की संगति में अधिक रमता था। बालक नानक ने संस्कृत, अरबी व फारसी भाषा का ज्ञान घर पर रहकर ही अर्जित किया। इनके पिता ने जब पुत्र में सांसारिक विरक्ति का भाव देखा तो उन्हें पुनः भौतिकता की ओर आसक्त करने के उद्देश्य से पशुपालन का कार्य सौंपा। फिर भी नानकदेव का अधिकांश समय ईश्वर भक्ति और साधना में व्यतीत होता था। नानक के बचपन में ही अनेक अद्भुत घटनाएँ घटित हुईं जिनसे लोगों ने समझ लिया कि नानक एक असाधरण बालक है। कहते हैं कि नानकदेवजी से ही हिंदुस्तान को पहली बार हिंदुस्तान नाम मिला। लगभग 1526 में जब बाबर द्वारा देश पर हमला करने के बाद गुरु नानकदेवजी ने कुछ शब्द कहे थे तो उन शब्दों में पहली बार हिंदुस्तान शब्द का उच्चारण हुआ था- खुरासान खसमाना कीआ हिंदुस्तान डराईआ। एक और घटना है- नानक ग्रीष्म ॠतु की चिलचिलाती धूप में किसी ग्राम में गए। वहाँ वे गर्मी से बेहाल विश्राम करने के लिए बैठ गए। उन्हें कब नींद आ गई पता ही नहीं चला क्योंकि एक बड़े सर्प ने अपना फन फैलाकर उन्हें छाया प्रदान कर दी थी। गाँववाले यह दृश्य देखकर स्तब्ध रह गए। गाँव के मुखिया ने उन्हें देवस्वरूप समझकर प्रणाम किया। तभी से नानक के नाम के आगे 'देव' शब्द जुड़ गया। वे कालांतर में 'गुरु नानकदेव' के नाम से विख्यात हुए। उनका उद्देश्य भी भारतीय धर्म और संस्कृति की रक्षा करना ही था। गुरुनानक देव का जीवन सदैव समाज के उत्थान में बीता।

गुरुनानक देव जी ने न केवल शिक्षाएं दीं, बल्कि स्वयं भी इसका पालन किया। उन्होंने करतारपुर साहिब में बिताए अपने जीवन के आखिरी 18 वर्षों में खेतों में हल चला कर यह बताया कि हर इंसान को अपने जीवन में मेहनत करनी चाहिए। एक अन्य रोचक घटना में उनके पिता ने उन्हें गृहस्थ आश्रम की ओर ध्यानाकर्षित करने के लिए तत्कालीन नबाव लोदी खाँ के यहाँ नौकरी दिलवा दी। वहाँ उन्हें भंडार निरीक्षक की नौकरी प्राप्त हुई। परंतु नानक वहाँ भी साधु-संतों पर बेहिसाब खर्च करते रहे। इसकी शिकायत नवाब तक पहुँची तब उसने नानक के खिलाफ जाँच के आदेश दे दिए। परंतु आश्चर्य की बात यह थी कि उस जाँच में कोई कमी नहीं पाई गई। एक बार नानकदेव भ्रमण के दौरान मक्का पहुँचे। वह थकान के कारण काबा की ओर पैर करके सो गए। जब वहाँ के मुसलमानों ने यह दृश्य देखा तो वे अत्यधिक क्रोधित हुए। चमत्कार उस समय घटित हुआ जब लोग उनका पैर जिस दिशा में करते उन्हें उसी दिशा में काबा के दर्शन होते। यह देखकर सभी ने उनसे श्रद्धापूर्वक क्षमा माँगी।

# महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण की जरूरत


रोहित माहेश्वरी

"ऐसे में भारत में महंगाई बहुत कुछ नियंत्रित कही जा सकती है, लेकिन त्योहार के इन दिनों में महंगाई आम आदमी के लिए चिंता का कारण बन गयी है। हाल में भारतीय रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में महंगाई में कुछ कमी आयी है, लेकिन अब भी महंगाई दर सहन क्षमता के ऊपर है। अक्टूबर में खुदरा महंगाई दर 6.2 फीसदी रही है। यह बीते 14 माह के उच्चतम स्तर पर है और भारतीय रिजर्व बैंक के 4-5 फीसदी के संतोषजनक स्तर से भी बहुत ज्यादा है। देश में हरी सब्जियों की कीमतें अक्टूबर में ही 42.2 फीसदी तक बढ़ी हैं। खाद्य और शीतल पेय वाले समूह में महंगाई सितंबर में 8.36 फीसदी थी, लेकिन अक्तूबर में बढ़ कर 9.69 फीसदी तक पहुंच गई। राजधानी दिल्ली और आर्थिक राजधानी मुंबई में प्याज खुदरा में 70-80 रुपए प्रति किलो बेचा जा रहा है, जबकि महाराष्ट्र में ही नासिक सबसे अधिक प्याज का उत्पादन करता है। वहां की मंडियों में भी प्याज औसतन 50 रुपए किलो बेचा जा रहा है।



बाजार के जानकारों का आकलन है कि प्याज के दाम 100 रुपए किलो तक बढ़ सकते हैं और टमाटर इससे भी काफी महंगा बिक सकता है। सिर्फ सब्जियां ही नहीं, अनाज, दालें, खाद, खाद्य तेल और खेती के लिए अनिवार्य वस्तुएं भी महंगी हुई हैं। किसानों को रबी फसलें बोनी हैं, लेकिन बाजार में खाद का संकट है। खाद की दुकानों के बाहर लंबी-लंबी लाइनें लगी हैं। खाद की जो बोरी 50 किलो की मिलती थी, वह अब कम कर दी गई है, लेकिन बोरी 300 रुपए तक महंगी कर दी गई है।

किसान औसतन सस्ती फसल कैसे बो सकता है और उसे न्यूनतम समर्थन मूल्य कैसे मिल सकता है? रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास का आकलन है कि महंगाई अभी और बढ़ेगी। भारत सरकार और रिजर्व बैंक ने मिल कर तय किया था कि खुदरा महंगाई दर 4-5 फीसदी के बीच रहनी चाहिए। आदर्श स्थिति 4 फीसदी की है। अभी तक कोशिशें भी की गई कि महंगाई वहीं तक सिमट कर रहे, लेकिन अब हदें लांघ दी गई हैं। सितंबर में खुदरा महंगाई दर 5.5 फीसदी पर पहुंच गई थी। बढ़ोतरी के संकेत वहीं से मिल गए थे। अब यह महंगाई दर 6.2 फीसदी हो गई है, जो सर्वाधिक है। ये तमाम आंकड़े भारत सरकार के 'सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय' ने जारी किए हैं। जो संगठन निजी क्षेत्र में सक्रिय हैं, उनका डाटा भिन्न हो सकता है और महंगाई दर भी ज्यादा हो सकती है। बहरहाल अभी जो चुनाव किए जा रहे हैं, उनमें महंगाई प्रमुख चुनावी मुद्दा नहीं है। चुनावों में मुफ्तखोरी की रेवड़ियों की प्रतिद्वंद्विता है अथवा बांटने, काटने, डरने, मरने की ही चर्चाएं हैं। महंगाई के अलावा बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य सरीखे मुद्दों पर कभी भी जनादेश तय नहीं होते, जबकि ये आम आदमी की बुनियादी समस्याएं और जरूरतें हैं। एसबीआई रिसर्च के मुताबिक, देश के 23 राज्यों में से छत्तीसगढ़ में, बीते एक साल के दौरान, महंगाई सबसे अधिक 6.4 फीसदी बढ़ी है। मप्र में 3 फीसदी, उप्र, बिहार, केरल, तमिलनाडु में 2.3 फीसदी महंगाई बढ़ी है। पंजाब और हरियाणा ऐसे राज्य हैं, जहां साल भर में महंगाई क्रमश- 0.4 फीसदी और 0.7 फीसदी ही बढ़ी है, लेकिन महंगाई दर 5 फीसदी से अधिक रही है। सिर्फ राजस्थान ही ऐसा इकलौता राज्य है, जहां महंगाई दर घटी है। देश में पांच राज्य ऐसे हैं, जहां महंगाई दर 7 फीसदी से ज्यादा रही। ओडिशा 7.5 फीसदी महंगाई दर के साथ इन राज्यों में शिखर पर है। डाटा में यह भी बताया गया है कि 11 राज्यों में महंगाई दर 6 फीसदी से कम रही है। बहरहाल आकलन किया जा रहा है कि ऐसी बढ़ोतरी के बावजूद वित्त वर्ष 2024-25 में महंगाई दर औसतन 4.8 फीसदी रहेगी, जो रिजर्व बैंक के लक्ष्य की परिधि में है। गौरतलब यह है कि खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर अक्टूबर में 10.87 फीसदी रही है, जो सितंबर में 9.24 फीसदी थी। बताया जाता है कि मौसम की अनिश्चितता से कई राज्यों में फसलें प्रभावित हुई। आलू-टमाटर समेत प्रमुख सब्जियों के उत्पादन कम हुए। मांग और आपूर्ति में फासला बढ़ा। बहरहाल सरकारी आंकड़ों में महंगाई की जो भी तस्वीर सामने आती है, वह आम आदमी को चुभने वाली है। उसकी जेब पर असर पड़ रहा है। कोरोना महामारी के बाद आम आदमी की औसतन आय नहीं बढ़ी, बल्कि बचत भी मात्र 9 फीसदी रह गई है। ऐसे में वह महंगाई का सामना कैसे करे? खाद्य कीमतों में भी गिरावट आनी चाहिए। कृषि वस्तुओं की आपूर्ति बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। मुद्रास्फीति तभी उत्पन्न होती है जब किसी वस्तु या सेवा की प्रभावी मांग उपलब्ध आपूर्ति से अधिक हो जाती है। आपूर्ति की लागत और आपूर्ति की मात्रा मुद्रास्फीति के आपूर्ति-पक्ष की गतिशीलता को निर्धारित करती है। डीजल महंगा होता जा रहा है। गैस एवं उर्वरक की बढ़ती कीमतें इस सेक्टर को महंगाई से डरा रही हैं। याद रहे कि महंगा भोजन आबादी के स्वास्थ्य के लिए खतरा होता है। किसी भी स्थायी मुद्रास्फीति नियंत्रण के लिए कृषि उत्पादन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। सरकार को खाद्य मुद्रास्फीति को कम करने के लिए अपनी व्यापार नीति को सावधानीपूर्वक जांचते रहना चाहिए। साथ ही टमाटर, प्याज और आलू जैसी अस्थिर सब्जियों के लिए बफर स्टॉक बनाना चाहिए, जिससे किसानों को अधिक पैदावार के दौरान उनकी उपज के लिए स्थिर कीमतें प्राप्त करने में मदद मिल सके। इसके लिए कम लागत पर सौर ऊर्जा का उपयोग करते हुए कोल्ड स्टोरेज, बुनियादी ढांचे का विस्तार महत्वपूर्ण होगा। इससे सरकार कीमतों को कम करने के लिए जब मांग अधिक हो तब स्टाक को व्यवस्थित रूप से जारी कर सकती है। वास्तव में, किसी समस्या का समाधान यह स्वीकार करने से शुरू होता है कि समस्या मौजूद है और महंगाई केवल राजनीतिक विषय नहीं है। वंचितों को थोड़ी मात्रा में अनाज वितरित करना अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। आम लोगों पर महंगाई की मार के दूरगामी असर होते हैं, जो उन्हें गरीबी की ओर धकेलते हैं। अभी लोगों को महंगाई की मार से कैसे बचाया जाए, यही सवाल हमारे लिए तात्कालिक महत्व का है। महंगाई नियंत्रित करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। चूंकि देश में फसल कटाई के बाद की उपयुक्त व्यवस्था न होने से 12 से 14 फीसदी तक खाद्यान्न और करीब 35 फीसदी तक सब्जी और फलों की पैदावार बर्बाद हो जाती है, ऐसे में इस बर्बादी को रोकने के लिए खाद्य भंडारण और वेयरहाउसिंग की कारगर व्यवस्था की डगर पर बढना होगा। हम उम्मीद करें कि इन विभिन्न रणनीतिक प्रयासों से देश में खुदरा महंगाई को नियंत्रित किया जा सकेगा और चालू वित्त वर्ष 2024-25 में खुदरा महंगाई लक्ष्य के अनुरूप 4.5 फीसदी तथा आगामी वर्ष 2025-26 में चार फीसदी के दायरे में रहते हुए दिखाई दे सकेगी।

# गज़ा के बारूद में मुरझा गया कमला का कमल

**उबैदउल्लाह नासिर**

इस बार अमरीकी राष्ट्रपति के चुनाव में कई महत्वपूर्ण रिकॉर्ड बने हैं पहला रिकॉर्ड 132 बाद टूटा है जब कोई अमरीकी राष्ट्रपति एक टर्म के गैप के दुबारा राष्ट्रपति चुना गया हो, दूसरी बात ट्रम्प ने अपने दोनों चुनावों में डेमोक्रेटिक पार्टी की महिला उम्मीदवारों को हराया पहली बार हिलेरी क्लिंटन को और दूसरी बार कमला हेरिस को तीसरी बात इस बार ट्रम्प को अमरीकी मुसलमानों का भरपूर समर्थन मिला जो परम्परागत तरीके से डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थक माने जाते हैं चौथी बात मुस्लिम वोटरों का यहूदी वोटरों पर भारी पड़ना है इस बार अमरीकी राष्ट्रपति के चुनाव में मुस्लिम और यहूदी वोटरों की पसंद परम्परागत तरीके से बिलकुल भिन्न रही हमेशा मुस्लिम वोटरों की पसंद डेमोक्रेट्स और यहूदी वोटरों की पसंद रेपब्लिकंस रहे है मगर इस बार 80 प्रतिशत यहूदी वोट डेमोक्रेट उम्मीदवार कमला हेरिस को मिला और लगभग उतना ही मुस्लिम वोट रेपब्लिकन उम्मीदवार ट्रम्प को मिला। वास्तव में अमरीकी मुसलमान ही नहीं वहाँ के अवाम ही नहीं बल्कि दुनिया भर के मुसलमान और सभी न्यायप्रिय लोग नितनयाहु के साथ ही साथ बाईडन को भी ग़ज़ा में फिलास्तेनियों के नरसंहार का मुजरिम समझते हैं और यह कुछ गलत भी नहीं है क्योंकि युद्ध के दौरान बाईडन ने इजराइल को एक से एक मारक हथियार सप्लाई किया और अपने विदेश मंत्री बिलकिन को अरब देशों में भेज भेज कर यही धमकियां दिलवाते रहे रहे की वह खुद को इस युद्ध से दूर रखें। एक अनुमान के अनुसार अमरीका ने इजराइल के युद्ध का 80 प्रतिशत तक खर्च अदा किया है। अपनी उम्मीदवारी तय हो जाने के बाद कमला हेरिस ने कुछ दिन तक तो ग़ाज़ा में नरसंहार का विरोध किया लेकिन यहूदी लॉबी को ध्यान में रखते हुए इजराइल को अपनी सुरक्षा का अधिकार है वाला पुराना अमरीकी रिकॉर्ड बजाने लगीं, दूसरी और ट्रम्प ने दुनिया भर में युद्ध रोकवाने और शान्ति स्थापित कर के अमरीका की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहे भारी बोझ को समाप्त करने की बात कह के शांतप्रिय अमरीकी वोटरों विशेषकर मुस्लिम वोटरों को प्रभावित कर दिया यहाँ तक कि मिशिगन राज्य जहाँ सब से अधिक मुस्लिम वोटर हैं और जो परम्परागत तरीके से डेमोक्रेट्स का गढ़ रहा है वहां भी ट्रम्प ने जीत दर्ज कर ली। इसके अलावा ट्रम्प ने मंहगाई ,गैर कानूनी तौर से विदेशियों की आमद, और अंतर्राष्टीय स्तर पर शान्ति और स्थिरता स्थापित करने तथा अमरीका को फिर महान बनाओ का नारा दे कर आम अमरीकियों को प्रभावित कर लिया। कमला हेरिस की हार के बाद यह जुमला खूब उछल रहा है की गज़ा के बारूद में कमला का कमल मुरझा गया और यह बात पूरी तरह सच भी है। इजराइल द्वारा ग़ज़ा में फिलस्तीनियों का जिस तरह नरसंहार किया गया उसके खिलाफ अमरीका के हर शहर में जबर्दस्त प्रोटेस्ट हुए थे जिन में हज़ारों लोग शरीक हुए थे। अमरीका में इसरायली प्रधान मंत्री नितिन्याहू से लोग कितनी नफरत करते हैं इसका सुबूत वह वायरल विडियो है जिसमें एक अमरीकी परिवार में कुछ लोग टी वी देख रहे होते है लेकिन जैसे ही स्क्रीन पर नितिन्यहू आते हैं महिला उठी और स्क्रीन पर जूते मारने लगी इस बीच लड़का गया और हाकी स्टिक ला के अपने टी वी का स्करीन तोड़ दिया। खुद यहूदियों में एक बड़ा वर्ग नितिन्याहू की इस युद्ध उन्माद का विरोधी है एक यहूदी बुद्धजीवी का यह बयान सामने आया है कि हम पहले हिटलर से डरे हुए थे और अब नितिन्याहू के कारण शर्मिंदा है (दुखद है की गौतम नानक चिश्ती गांधी का देश भारत भी इजराइल को असलहा सप्लाई कर के फिलस्तीनियो के इस नरसंहार का गुनाहगार बन गया है)। ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल में भी अरब देशों से इजराइल के सम्बन्ध सुधारने और इस प्रकार वहां शान्ति स्थापित करने का प्रयत्न किया था इसके लिए उन्होंने अरब देशों विशेषकर सऊदी अरब मिस्र क़तर आदि और इजराइल के दरमियान अब्राहम अकार्ड शुरू कराया था अर्थात इस्लाम इसाई और यहूदी (जो तीनो हज़रत इब्राहीम) को मानने वाले हैं वह हजरत इब्राहिम के नाम पर एका कर लें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।
**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

# बुजुर्ग की यादें


एस.एन.वर्मा

**पात्रिका में एक बुजुर्ग ने अपनी पीढी के लोगो के बारे में जो बातें बतायी है उससे आज के नौजवान अनभिज्ञ है। उन्हें उस पीढी को उस जिन्दगी पर तरस आयेगा और सोचेगे कितना बोरिंग रहा होगा। पर वह पीढ़ी उसी जिन्दगी में मस्त थी इन्सानियत से लबरेज थी। दया, धर्म, भाईचारा एक दूसरे का मददगार होना कोई अजूबा नहीं लगता था। आज वह पीढ़ी विदा होने के कगार पर है। तब बैल गाड़ियां चलती थी। जिसमें बैठकर लोग सफ़र करते थे। आज सुपर सोनिक जेट देख रहे है। वर्चुउल मीटिग जैसी असम्भव लगने वाली बातें को सम्भव होते देख रहे है। तब पोस्ट आफ़िस नजदीक नहीं होते थे लेटर बाक्स भी आस पास नहीं होते थे। उस समय डाक मुन्शी लोगो के खत लेकर घर घर पहुंचाता था बहुतो की चिट्ठी का जवाब भी लिखकर डाक से भेजने को ले जाता था। बहुतो को चिट्ठयां पढ़ कर भी सुनता था। मिट्टी के घर होते थे। जमीन पर बैठकर खाना खाते थे, प्लेट में कप पलट कर चाय पीते थे। बचपन में मोहल्ले के मैदान में दोस्तों के साथ गिल्ली डन्डा छुपा छिपी खो खो कबड्डी खेलते थे।**

हम उस पीढ़ी के आखिरी लोग है। रात में ढिबरी लालटेन, छोटो बल्ब के फीकी पीली रोशनी में होम वर्क किया करते थे। दिन में चादर में छुप कर मुंह ढक कर उपन्यास रहस्य कथायें रसीली किताबें पढ़ते थे। अपनी भावनाये लम्बे लम्बे खतों में व्यक्त करते थे और जवाब के लिये महीनों इन्तजार करते थे। हमारे सब्र की परीक्षा होती थी। फ्रिज एसी हीटर तब सपना था फैशन के नाम पर छोटे बालों में सरसों का तेल लगा कर आंखो में सूरमा या कजल लगा कर स्कूल शादियों और मेलों में जाया करते थे। साढ़े पांच आने में सबसे आगे का टिकट खरीद कर सिनेमा देखते थे मजेदार सीन आने पर तालियां पीटते थे तब सिनेमा के पर्दे बहुत छोटे होते थे। घर लौटने पर बुजुर्गों की डाट पड़ती थी कभी कभी मार भी पड़ती थी। आवारा और बदमाश, गुन्डा के विशेषज्ञों से नवाजे जाते थे।



सरकन्डे की कलम स्याही ही वाली दावात पेन से कापी किताबें, कपड़े और हाथ कभी कभी मुंह भी काला करते थे। तख्ती पर जिसे पट्टी कहते थे सरकन्डे की कलम से लिखा और तख्ती पर सूखी कालिख लगा कर चमकाते थे। यह कालिख ढिबरी जलाकर उस पर इस तरह मिट्टी का बर्तन जो दिये का बड़ा आकार होता था तेल डाल जलाकर जलाकर मिट्टी के ही बड़े दिये ढक देते थे और उससे जमी कालिख से पट्टी को चमकाते थे। पट्टी पर कालिख लगा कर सुखाते थे सूख जाने पर टूटी बोतले के सबसे निचले वाले हिस्से से घिस घिस कर चमकाते थे। पैरो में कनवास के जूतों को दूधिया से रंग कर सफेद करते रहते थे क्योंकि वह जल्दी जल्दी मैला हो जाता था। स्कूल में गुरूजी से मार खाते थे। शिकायत करने पर घर में डाटे कभी कभी मार भी पड़ती थी। बूढा चाहे ऐसे जाति या स्तर हो उसे सलाम करते थे उसकी इज्जत करते थे बाज मौके पर उनसे डाट भी खाते थे। सुबह दातौन लाल दन्तमन्जन करते थे। रेडियो पर बीबीसी, खबरे, विविध भारती, हवा महल सुनते थे। अमीन सयानी की दिलकश आवाज सुनते थे। बुधवार को बिनाका गीत माला आता था। उसका सबको इन्जजार रहता था। उसके आने पर आधे घन्टे तक सन्नाटा छा जाता था। ऐक्टर के फैशन की नकल करते थे। उन्ही की तरह बात करने की कोशिश करते थे लम्बे लम्बे बाल रख कर एक्टर बनने का सपने देखा करते थे। इसके लिये भी डाट खाते थे और मेहरा का खिताब पाते थे। लड़कियो की झलक पाने के लिये गलियों में भी घुस जाया करते थे। मोहल्ले में हम नौजवान मिलकर खास अवसरो पर नाटक भी खेलते थे। सिनेमा के गाने चाहे गना आये या न आये, आवाज कैसी भी हो हर दम गुनगुनाया करते थे। कभी कभी किसी लड़की को देख जोर से गाने लगते थे। शाम होने पर छत पर पानी का छिड़काव करते थे फ़िर दरी बिछाकर हाथ में पंखा लेकर सोते थे। गर्मी से परेशान पंखा झलते झलते कब सो जाते थे सबेरा हो जाता था। कुछ लड़के चोरी छुपे सिगरेट, बीडी, पीने की आदत डालने लगते थे। तब हमारे जीजाओं की पीढी हमारे फैशनों और आदतों के भी माडल हुआ करते थे। उनकी बहुत सी बातें का नकल करते थे। तब जीजा लोग भी अपनी ससुराल में विशेष तैयारी और बनठन के साथ आते थे। उनके सेन्ट की शीशियां हम लोग अपने पर भी छिडक लेते थे। कुछ भी हो दिन बड़े मस्ती और सपनों के होते थे। तब दिनकर, श्याम नारायण पान्डे, माखन लाल चतुर्वेदी और सुभद्रा कुमारी चौहान, महादेवी वर्मा, सुमित्रा नन्दन, बच्चन की कवितायें हम साहित्यक रचनायें वाले पढ़तें थे। कुछ लड़के कवि बनने की घुन में कुश्ती लड़ते थे। और कवियों की भेषभूषा की नकल की करते थे। विश्वविद्यलाय कालेजो में स्थानी कवि सम्मेलनों में वे अपनी रचनायें सुनाते थे। कुछ अप्रियसेट किये जाते थे कुछ तालियों बजा हुट किये जाते थे। कई बार लड़कियों भी स्टेज पर आ जाती थी। जब बडा कवि सम्मेलन होता था तो हम लडके वालान्टिर बनना अपनी शान समझाते थे कवियों को पानी चाय पिलाना महान कार्य समझ कर घमन्ड में फूले फ़िरा करते थे। सडको गतियों में कुछ लड़के गलियों में साथ कतार पर सीटी बजाते कुछ गाने गनेगाकर निकल जाते थे। लोग हिकारत की नजर से उन्हें देखते थे। सड़कों गलियों में महिलायें बहुत कम दिखती थी। तब उनके लिये पर्दा पर खास जोर रहता था। जोर से उन्हें बोलने नहीं दिया जाता था। सात आठ क्लास के बाद शादी के लिये घर बैठा दिया जाता था। आज के लड़के को यह सुनकर हैरत में पड जाते है। कैसे वह पीढी इतनी बोर जिन्दगी जीती थी। तब प्रायः हिन्दू बड़ी चोटिया रखते थे तो हिन्दुत्व की पहचान होती थी। मर्द धोती घुटनों तक भी लटकाते थे। एडी तक लटकाने वाले फैशन परस्त कहे जाते थे। महिलायें तब सिन्येथेटिक कपड़े तो थे नहीं मामूली साड़ियां पहनती थी। शादी विवाह में एकलाई साड़ी पहनती थी। इक्का दुक्का कोई फैशन परस्त दिख जाता तो लोग अजीब ढंग से घूरते थे। आने वलो पर हाथ फेरते थे। महक वाला तेल लगाना गुन्डा गिरी समझा जाता था। साइकल या पैदल सवारी होती थी।

आज के बच्चे कल्पना नहीं कर सकते उस जिन्दगी की माहौल ऐसा था कि तब की बात दिमाग में आने का सवाल ही नहीं उठता है। अब लडकियों लड़कों को डाट देती है या साथ मिलकर हंसती बोलती है। इसको लेकर दूर से लड़की का फर्क नहीं मालुम हो पाता है। आदमी भी बड़े बड़े बाल रखने लगे है। महिलायें वालो का ट्रिमिग कराकर रखती है। चोटियों के लिये नकली बाल लगाती है फैशन में मेल खाने के लिये।

**वह पीढ़ी सोचती है गुजरा हुआ जमाना**
**आता नही दोबारा हाफ़िज़ खुदा तुम्हारा**
**वह पीढी हाफ़िज़ खुदा कह रही है।**

# 16वीं अक्षय कुमार इंटरनेशनल कुडो प्रतियोगिता आयोजन

■ जनपद के खिलाड़ियों बढ़ाया जनपद का मान

**अवधनामा संवाददाता**




**आजमगढ़।** 16वी अक्षय कुमार इंटरनेशनल कुडो प्रतियोगिता एवं 15वीं राष्ट्रीय कुडो प्रतियोगिता एवं 5वां फेडरेशन कप का आयोजन सुरत इनडोर स्टेडियम में 6 नवम्बर से 11 नवम्बर तक झ्ष्य् एसोसिएशन (कुडो इंटरनेशनल फेडरेशन आफ इंडिया) के द्वारा मुख्य कोच, अध्यक्ष कूडो साउथ एशिया काउंसिल हंसी मेहुल वोरा जी के नेत्रित्वा में किया गया था। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के रूप मैं कूडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के मुख्य संरक्षक अभिनेता शिहान अक्षय कुमार जी एवं अभिनेता सुनील शेट्टी एवं अभिनेता परेश रावल जी उपस्थित होकर खिलाड़ियों को आशीर्वाद दीए। इस प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न राज्यों से लगभाग पैंतालीस सौ कुडो खिलाड़ियों ने प्रतिभाग लिया, जिसमे से कुडो स्पोर्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश से तैंतालीस खिलाड़ियों ने भी प्रतिभा करते हुए कुडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुडो एसोसिएशन आजमगढ़ के 15 खिलाड़ियों ने सेन्सेई संजय यादव और सेन्सेई देवेंद्र वर्मा के नेतृत्व में 16वीं अक्षय कुमार इंटरनेशनल कुडो प्रतियोगिता में नगर आगमन पर आजमगढ़ सर्वोदय ग्रुप ऑफ एजुकेशन के प्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद यादव जी आजमगढ़ कुडो एसोसिएशन के (अध्यक्ष संजय कुमार यादव) (माहसचिव देवेंद्र कुमार वर्मा) (संयुक्त सचिव नीतिका सिंह) कोषाध्यक्ष हिमांशु यादव (प्रशिक्षक) नवदीप सिंह , विनोद कनौजिया, लक्ष्मी कांत मिश्रा, (अभिभावकों) नित्यानंद , केसव प्रसाद यादव, उमाशंकर, रमेश मिश्र, जयराम गोंड, विमला चौरसिया, पिंटू सरोज, रानी यादव, सुनील निषाद, प्रदीप कुमार, मीरा सिंह, चंद्रजीत मौर्य, नेहा शर्मा, अरुण कुमार चौबे, राजन सिंह, मीरा देवी, राजेश्वर यादव, मनीष कुमार यादव, केशव प्रसाद, सचिन कुमार जयनारायन द्वारा सभी खिलाड़ियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। जिसमें आयुष आर्य (स्वर्ण पदक) दीपेंद्र सिंह, एहतेशाम अहमद, दिव्यांशु राजभर, अंशुमान (रजत पदक) श्रीजश सरोज, संजना गौतम, सचिन कुमार (कांस्य पादक) प्राप्त किया एवं 15वीं राष्ट्रीय कुडो प्रतियोगिता में श्रीजा चौबे, अंशुमान (स्वर्ण पदक) एहतेशाम अहमद, श्रीजश सरोज, संजना गौतम (रजत पदक) अचिंत्य पांडे, आयुष आर्य, दिव्यांशु राजभर (कांस्य पदक) 5वीं फेडरेशन कप प्रतियोगिता में एहतेशाम अहमद, अचिंत्य पांडे (स्वर्ण पदक)श्रीजा चौबे, दिव्यांशु राजभर (रजत पदक) अंसल मिश्रा, सुप्रीत पटेल, संजना गौतम, दीपेंद्र सिंह, सचिन कुमार (कांस्य पदक प्राप्त कर आजमगढ़ का नाम रोशन किया।

## छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

**फिरोजाबाद।** मिशन शक्ति फेज-05 के अभियान तहत बाल दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन फिरोजाबाद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी लाइन के नेतृत्व में ताइक्वांडो नेशनल कोच किरन कश्यप द्वारा सैंट जोन्स स्कूल, आईवे इंटरनेशल स्कूल एवं डीपीएस स्कूल की छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। इस दौरान नेशनल कोच द्वारा स्कूली छात्रों को अवगत कराया गया कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण एक जीवन कौशल है जो लड़कियों को अपने आस-पास के वातावरण के बारे में अधिक जागरूक होंने और किसी भी समय अप्रत्याशित स्थिति के लिए तैयार रहने में मदद करता है। इस दौरान अन्य महिला पुलिस अधिकारी / कर्मचारीगण व पुलिस परिवार की महिलाएँ / बालिकाएँ उपस्थित रहीं।

आत्मरक्षा प्रशिक्षण एक जीवन कौशल है, जिससे बालिकाएँ और महिलाएं खतरे से खुद को बचा सकती हैं।

# गेहूं की बुवाई के समय डीएपी है नदारद

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** नवंबर महीने में गेहूं की बुवाई के समय डी ए पी की उपलब्धता न होने से किसानों के माथे पर चिंता की झलक साफ दिख रही है।यदि किसान बिना उर्वरक के बुवाई करेगा तो फसल की पैदावार में गिरावट लाजिमी है। बता दे कि जिले के किसान मुख्य फसल के रूप में गेहूं,चना,सरसो आदि की बुवाई नवंबर माह में करते है।जिसमे अधिकतर किसान डीएपी के साथ बीज की बुवाई करते है।ऐसा किसानो का मानना है कि डी ए पी खेत में डालने से फसल में ग्रोथ अच्छी होती है।जिसका सीधा असर पैदावार पर पड़ता है।प्रशाशन द्वारा फसलों की उपज को जगह जगह चेक किया जाता है लेकिन जब किसान को फसल में उपयोग होने वाले खाद बीज की बात आती है तो उसकी व्यवस्था क्यों नही की जाती। स्थिति इस समय यह है कि अक्सर साधन सहकारी समितियों, संघों व खाद विक्रेताओं की दुकानों पर डी ए पी नही है।अगर कही भूले भटके आ भी गई तो पुलिस फोर्स लगाकर किसानो को दी जा रही है।ऐसा सौतेला व्यवहार आखिर जिले के किसानों के साथ क्यों हो रहा है।अभी पूर्व वर्षो की बात करे तो गेहूं बिजाई की सीजन आने के पहले ही पूर्व सांसद मेनका गांधी द्वारा जिले के किसानों की सहूलियत के लिए डी ए पी की रैक मंगवा दी जाती थी।लेकिन इस बार तो कोई जन प्रतिनिधि कुछ बोलने को तैयार ही नहीं है।जिले में इफको के अलावा शक्तिमान,उत्तम वीर,नागार्जुन सहित कई प्राइवेट कंपनियों के बड़े बड़े डीलर है लेकिन क्या कारण है कि उनके द्वारा भी डी ए पी की रैक नही मंगवाई जा रही है। अगर उनके द्वारा ही रैक मंगवा ली जाय तो कम से कम किसानो को महंगे रेट पर ही प्राइवेट दुकानों से डी ए पी उपलब्ध हो जाए।

## अवैध चरस सहित दो गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रामगढ पुलिस टीम द्वारा नाजायज मादक पदार्थों की तस्करी / कारोबार करने वाले 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार किए जिनके कब्जे से 02 किग्रा0 29 ग्राम अवैध चरस (कीमत करीब 01 लाख 60 हजार रुपये) बरामद किए। दोनों अभियुक्तगण मादक पदार्थों की तस्करी से कमाए गए रूपयों से अपने शौक, मौज व अवैध सम्पत्ती अर्जित करते हैं। शातिर मादक तस्कर फहीम पर जनपद के विभिन्न थानों में करीब डेढ़ दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। साथ ही फहीम के साथी रिहान उर्फ टाटा पर भी आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा नाजायज मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर फिरोजाबाद के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में दो शातिर अभियुक्तगण फहीम पुत्र सकील, रिहान उर्फ टाटा पुत्र नसरूद्दीन निवासीगण 60 फुटा रोड कश्मीरी गेट थाना रामगढ़ फिरोजाबाद को भीकनपुर तिराहा के पास थाना रामगढ फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया है।

## जनपद सुल्तानपुर के पुलिस अधीक्षक ( प्रशिक्षण ) व्याख्यान देने जायेंगे गुजरात



**सुल्तानपुर।** राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी गांधीनगर ( गुजरात ) के आमंत्रण पर पुलिस अधीक्षक (प्रशिक्षण) ब्रजेश कुमार मिश्र गुजरात जायेंगे 7 राष्ट्रीय महिला आयोग नयी दिल्ली के सहयोग से ÷महिला सुरक्षा में साइबर कानूनों के प्रभावी उपयोग÷ विषय पर राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी गांधीनगर कैंपस में 29 नवंबर 2024 को आयोजित होने वाले सेमिनार में विशिष्ट वक्ता के रूप में श्री मिश्र सम्मिलित होंगे 7 इस सेमिनार में विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि तथा न्यायिक अधिकारी सहित कई विशेषज्ञ भाग लेंगे 7 इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्रजेश मिश्र श्री सोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय वेलावल के कुलपति प्रो. सुकांत कुमार सेनापति के आमंत्रण पर विश्वविद्यालय के वैदिक विद्वानों एवं शोध छात्रों को भी सम्बोधित करेंगे।

## बाल दिवस के अवसर पर बच्चों ने लगाया मेला



**सुलतानपुर।** नगर क्षेत्र के पयागीपुर में स्थित आर0डी0एम0 पब्लिक स्कूल के छात्रों ने जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस एवं बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न उत्पादों का स्कूल परिसर में मेला लगाया। अभिभावकों एवं छात्र छात्राओं ने उत्पाद खरीदे।एवं खान पान के स्टालों का लुफ्त उठाया। सामान की उचित कीमत पाकर नौनिहालों के चेहरे खिल गए। स्टाल लगाने वाले बच्चों में वेदांत शुक्ला, शैली यादव, कृष्णा धुरिया, जय रमण मिश्रा समेत दर्जनों छात्र एवं छात्रा रहे। बाल मेले में सहयोग प्रदान करने में प्रबंधक सुनील मिश्रा, उषा यादव प्रधानाचार्य, कल्पना पांडेय, मधुबाला शुक्ला, दीपमाला पाठक, आरती तिवारी, रवी शर्मा, विपिन गुप्ता, शुभम यादव, अमन सिंह आदि शामिल रहे।

# भाषा विवि में हुआ एंटरप्रेन्योरशिप एक्सपो का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय द्वारा उद्यमिता व नवाचार को प्रोत्साहित करने हेतु एंटरप्रेन्योरशिप एक्सपो का आयोजन किया गया । जिसका उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एन. बी. सिंह द्वारा फीता काटकर किया, उद्घाटन में वि. वि. की परीक्षा नियंत्रक भावना मिश्रा व उप कुलसचिव दीप्ति मिश्रा भी मौजूद रही। एक्सपो का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं में उद्यमी क्षमता का विकास करना था। एक्सपो में विश्वविद्यालय के सभी विभागों के छात्र, छात्राओं द्वारा अलग-अलग प्रकार के व्यंजन जिसमें बताशे, मोमोज, पकौड़े, हैंडीक्राफ्ट वेज बिरयानी, चाय और इंडोर गेम्स का स्टाल लगाया गया था इस एक्सपो में सबसे ज्यादा स्टाल विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवम व्यवसाय प्रबंधन विभाग के बच्चों का था। वाणिज्य विभाग के एम. कॉम प्रथम वर्ष की छात्रा के स्टॉल द फ्रोजन कोन आकर्षण का केंद्र रहा। एक्सपो में सबसे अधिक लाभ चाय बिक्री से हुई। विश्वविद्यालय के बच्चों में सबसे ज्यादा उत्साह गेम्स, बताशे और आइसक्रीम, मोमोज में दिखा। चाय और पकौड़े के स्टाल पर भी लोगो की भीड़ ज्यादा थी। एक्सपो में विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा छोटे बड़े कुल मिलाकर 25 स्टाल लगाए गए थे जिसका कुल बिक्री करीब 50000 रूपये की हुई। एक्सपो में कार्यक्रम समन्वयक प्रो एहतेशाम अहमद, प्रो . सैयद हैदर अली, डॉ. नीरज शुक्ल, डॉ. दुआ नकवी, डॉ. जैबून निसा, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. मारिया बिंथ सिराज, श्री अर्जुन यादव तथा शोधार्थियों में शिवम् चतुर्वेदी, शादाब सुहैल आदि लोग मौजूद रहे।

## भाषण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति महोदय प्रोफेसर एन.बी. सिंह के संरक्षण में एवं दीक्षोत्सव 2024 की संयोजिका प्रोफेसर चंदना डे के मार्ग निर्देशन में तत्क्षण भाषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कई विषयों के 28 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग लिया। इस प्रतियोगिता में सामान्य विषयों को शामिल किया गया था जिस पर छात्र-छात्राओं ने अपने मूल विचारों को बहुत अच्छी तरह से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अमन कुमार, द्वितीय स्थान तनु प्रिया और तृतीय स्थान सौम्या शुक्ला ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉक्टर मनीष कुमार वाणिज्य विभाग, डॉक्टर आफरीन फातिमा वाणिज्य विभाग और डॉक्टर रचना गीहार शिक्षा शास्त्र विभाग से थी। तत्क्षण भाषण समिति के समन्वयक डॉक्टर श्वेता अग्रवाल के साथ-साथ समिति के सदस्य व अन्य शिक्षक गण मौजूद थे।

# पुस्तकें कम कीमत में अथाह ज्ञान का भण्डार हैं: प्रो. सिंह



■ जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में त्रिदिवसीय पुस्तक मेले का समापन

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज, प्रयागराज की बौद्धिक क्रियाकलाप समिति एवं पुस्तकालय द्वारा वाणी श्री कंसोर्टियम एवं जी.एच. पब्लिकेशन के सहयोग से आयोजित त्रिदिवसीय पुस्तक मेला का आज समापन हुआ। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. बी.के. सिंह, पुस्तकालयाध्यक्ष, इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा पढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पुस्तकें कम कीमत में अथाह ज्ञान का भण्डार हैं। प्राचार्या प्रो. आशिमा घोष ने पुस्तक मेला एवं विविध कार्यक्रमों के लिए शुभकामनाएं दीं। पुस्तक मेला के अन्तर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में आज महाविद्यालय के बौद्धिक क्रियाकलाप समिति द्वारा आयोजित लेखक से मिलिये कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. स्कन्द शुक्ल प्राचार्य, आंग्ल भाषा प्रशिक्षण संस्थान, प्रयागराज ने विद्यार्थियों को लेखन के तमाम गुर सिखाए। उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया अपनी कुछ कहानियों और कविताओं को साझा किया। प्राचार्या प्रो. आशिमा घोष ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और प्रतिभागियों को उत्तम लेखन हेतु प्रेरित किया। बौद्धिक क्रियाकलाप समिति द्वारा पिताजी की इच्छा के इतर करियर विकल्प चुनने का आग्रह करते हुए पिताजी को पत्र% विषय पर आयोजित अन्तर महाविद्यालयीय पत्र लेखन प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण भी किया गया। जगत तारन की शुभी तिवारी ने प्रथम, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रशान्त सिंह और एस. एस. खन्ना की शुमायला हुसैन ने द्वितीय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शैलेन्द्र मिश्र ने तृतीय तथा सुप्रिया तिवारी, साक्षी दुबे, विधि यादव,आंशी शुक्ला एवं आंचल मौर्य ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया। संचालन डा फातिमा नूरी एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. प्रमा द्विवेदी ने किया। महाविद्यालय की राजभाषा एवं मातृभाषा समिति द्वारा आयोजित द्वितीय सत्र की मुख्य अतिथि प्रो. विमला व्यास, वरिष्ठ लेखिका, सेवानिवृत्त सह निदेशक, अकादमिक स्टाफ कालेज, इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों के साथ बड़ी सरल सहज शैली में अपने लेखन अनुभव साझा किये।

# सतत विकास का सार गीता में निहित: प्रो. रमेश

■ मुक्त विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में जुटे कई देशों के विद्वान



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** उ.प्र. राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज एवं शुआट्स, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के रास्ते, संभावनाएँ एवं चुनौतियाँ विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी (पीसीपीएसडीजी) का आयोजन गुरुवार को मुक्त विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में किया गया।

संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि प्रोफेसर रमेश चन्द्रा, कुलपति, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर, राजस्थान ने कहा कि सतत विकास का सार गीता में निहित है। सतत विकास के लिए कर्म की प्रधानता आवश्यक है। भारतवर्ष आज निरंतर सतत विकास की ओर अग्रसर है। शिक्षा में गरीबी और असमानता को हटाना होगा। सभी के स्वास्थ्य की चिंता करनी पड़ेगी जिससे विकास के इस दौड़ में कोई भी व्यक्ति पीछे ना रह जाए।

अध्यक्षीय उद्बोधन करते हुए कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही हम सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सतत विकास के विभिन्न आयामों की चर्चा करते हुए गरीबी, राजनीति एवं विज्ञान को एक दूसरे में समाहित किया। उन्होंने वर्तमान विश्व में दवाइयों से आने वाली समस्या एवं उसके निराकरण पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मंथन काफी प्रभावी सिद्ध होगा।

उद्घाटन सत्र के विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर आनंद वर्धन शर्मा, प्रोफेसर निदेशक, यूजीसी एचआरडीसी, काशी हिंदू विश्वविद्यालय,वाराणसी ने कहा कि पर्यावरण एवं विकास में गहरा संबंध है। विश्व में पृथ्वी शिखर सम्मेलन में पर्यावरण के संबंध में विस्तृत चर्चा की जाती है। एक तरफ हमें विकास को आगे बढ़ाना है साथ में पर्यावरण की भी चिंता करनी है।

मुख्य वक्ता प्रोफेसर कुलदीप कुमार, सेंटर फॉर डाटा एनालिस्टिक्स, बौन्ड बिजनेस स्कूल, बौन्ड यूनिवर्सिटी, क्वींसलैंड, ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि भूख और गरीबी को हटाए बिना सतत विकास की अवधारणा को साकार नहीं किया जा सकता। इसके साथ ही हमें महिला सशक्तिकरण पर भी बल देना होगा तथा विज्ञान का मानव कल्याण में प्रयोग करना होगा।

प्रारम्भ में संयोजक प्रोफेसर श्रुति ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ दिनेश कुमार गुप्ता ने संगोष्ठी की रूपरेखा प्रस्तुत की। संचालन डॉक्टर गौरव संकल्प और धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने किया।

## 5 कांग्रेसी नामजद, दो दर्जन अज्ञात के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**सुल्तानपुर।** कलेक्ट्रेट गेट के सामने धरना देने के मामले में पांच कांग्रेसी नामजद के साथ ही दो दर्जन अज्ञात के खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ है।बुधवार 13 नवम्बर को दोपहर कांग्रेस पार्टी की झण्डे लिए डेढ़ दर्जन से अधिक कांग्रेसी नेता आकर जिलाधिकारी कार्यालय गेट के सामने चीनी मिल से जुड़े मुद्दे को लेकर धरने पर बैठ गये थे। पुलिस का आरोप है कि धरने से यातायात बाधित हो गया। यह भी आरोप है कि जब ड्यूटी में लगे पुलिस बल द्वारा सिटी मजिस्ट्रेट व अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के द्वारा मना किया कि यह आम जनमानस का रास्ता है और यातायात व शान्ति व्यवस्था भंग हो रही है ,निश्चित धरना स्थल पर बैठें या अपने साथ लाये हुए ज्ञापन दें।तो उपरोक्त लोग उग्र होकर सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए हम पुलिस वालो व मजिस्ट्रेट से धक्का मुक्की करने लगे। जिससे की आम जन जीवन अस्त व्यस्त होने लगा ।जाम की स्थिति पैदा हो गयी, जिसकी पुलिस द्वारा फोटो ग्राफी व वीडियो ग्राफी करायी गयी।

## उत्तराखंड, बिहार, मध्यप्रदेश में आय जाति निवास प्रमाण पत्र के बाद अब लगेगा धर्म प्रमाण पत्र

**सुल्तानपुर।** आय जाति निवास और अब धर्म प्रमाण पत्र बनवाना जरूरी हो गया है। उत्तराखंड, मध्य प्रदेश व बिहार में नौकरी पाने के लिए जहां लोग चक्कर लगा रहे थे वहां की सरकार ने उत्तर प्रदेश में रह रहे युवाओं को नौकरी देने के नाम पर अभी हाल ही में नया फरमान जारी करते हुए धर्म प्रमाण पत्र की मांग किया है। उत्तर प्रदेश में रह रहे युवाओं को नौकरी लिए धर्म प्रमाण पत्र बनवाना मुसीबत बनता जा रहा है। उत्तराखंड सरकार, मध्य प्रदेश व बिहार सरकार ने (टी आर्मी) टिटोरियल आर्मी में भर्ती के लिए धर्म प्रमाण पत्र की मांग की है। कुड़वार से आए अखिलेश कुमार ने बताया कि उत्तराखंड में हम लोगों की दौड़ हो गई है मेडिकल हो गया है शैक्षिक प्रमाण पत्र अभिलेख की जांच के लिए 21 तारीख को दिन निश्चित किया गया है। चार दिन से धर्म प्रमाण पत्र बनवाने के चक्कर काट रहे हैं एसडीएम साहब का कहना है कि अभी कोई ऐसा आदेश हमारे पास नहीं आया है जिससे लोगों को धर्म प्रमाण पत्र जारी किया जाए।

# आधुनिक भारत के निर्माता पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई गई

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा गुलामी का पूरा स्थित कार्यालय पर शहर अध्यक्ष मोहम्मद नजम शमीम की अध्यक्षता में आधुनिक भारत के निर्माता देश के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती मनायी गयी सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। नेहरू जी का जन्मदिन प्रतिवर्ष बालदिवस के रूप में मनाया जाता है नजम ने कहा बच्चों में बसता है हमारे देश का भविष्य और नेहरू जी का वह सपना। जिसमें हर बच्चा शिक्षा, स्वतंत्रता, और समृद्धि का हकदार है। आइए देश के बच्चों को प्रोत्साहित करें और उनके सपनों को पंख दें सभी को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं नेहरु जी अपनी दूरदर्शिता और कुशल नेतृत्व से भारत को सामाजिक, वैज्ञानिक, आर्थिक, औद्योगिक व विभिन्न क्षेत्रों में आगे ले जाने वाले शिंहद के जवाहरश् को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ! उपाध्यक्ष शाहिद खान ने कहा की देश को 21वीं सदी में लाने वाली सैकड़ों शैक्षणिक, वैज्ञानिक, औद्योगिक एवं शोध संस्थाओं व परियोजनाओं के स्वप्नदृष्टा, कृषि और उद्योग कार्यक्रमों के माध्यम से आधुनिक भारत की मजबूत बुनियाद रखने वाले राष्ट्रनिर्माता एवं महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित जवाहरलाल नेहरू जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं शहर महासचिव डॉ.आदित्य सिंह ने कहा कि पंडित नेहरू जी के लोकतांत्रिक आदर्श, स्वतंत्रता, बराबरी, न्याय और प्रगति के विचार हम सबकी प्रेरणा हैं हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस अवसर आपके साथ नेहरू जी की किताब दा डिस्कवरी आफ इंडिया के एक अंश को साझा कर रहो है मैं भारतीय जीवन की विविधताओं और विभाजनों, वर्गों, जातियों, धर्मों, नस्लों, सांस्कृतिक विकास के विभिन्न स्तरों से भी पूरी तरह परिचित था।

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में वृहद रोजगार मेला का आयोजन

**आजमगढ़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हर्रा की चुंगी आजमगढ़ में आज वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें डिक्सन टेक्नालाजी प्रा0 लि0, आशा इण्टरप्राईजेज, गुडविल इण्डिया मैनेजमेण्ट ग्रुप आफ कम्पनीज प्रा0लि0, जीनीयस इलेक्ट्रिकल्स एण्ड इलेक्ट्रानिक्स लि0, श्री गणेश कन्शलटेन्ट एण्ड मैनपावर सर्विसेज, एवं एस0आइ0एस सिक्योरिटीज द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें 1170 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। कम्पनियों द्वारा 598 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। आज के आयोजन में सहायक निदेशक क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय श्री राममूर्ति, प्रधानाचार्य राजकीय आई0टी0आई0 अरूण कुमार, शैलेश कुमार यादव, सुशील कुमार राय, श्री राजनरायन सिंह, श्याम सुन्दर चौहान एवं समस्त कर्मचारियों ने अपना योगदान दिया।

# दहेज उत्पीड़न में मुकदमा दर्ज पुलिस अधीक्षक से मिलकर पीडित ने लगाई सुरक्षा की गुहार

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** दहेज उत्पीड़न में मुकदमा दर्ज होने के बाद पीड़िता को ससुराल से जान माल की धमकी मिलने के बाद पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। गुरुवार को जिला मुख्यालय पहुंची मुबारकपुर थाना क्षेत्र की नूरपुर बुतात निवासिनी मोनिका कुमारी ने बताया कि उनकी शादी लगभग दो साल पहले कुमार गौरव पुत्र मूलचंद राम से हुई थी। शादी के कुछ समय बीतने के बाद ससुराल वालों के द्वारा दहेज में पांच लाख रुपए की मांग की जाने लगी। पैसे न दे पाने पर ससुराल वालों द्वारा आए दिन प्रताड़ित करने और पति के द्वारा लगातार तलाक देने की धमकी दी जाने लगी। पीड़िता ने बताया कि जब उसके मां बाप दहेज नहीं दे पाए तो ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता अब अपने मायके चककोट में रह रही है। मामले में पुलिस ने कार्यवाही कार्य हुए पीड़िता के पति, सांस, ससुर, देवर और ननद पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिसमें मुबारकपुर थाने पर कुमार गौरव, मंगलम सुधा, मूलचंद राम, पीयूष और प्रीतम नामजद है। पीड़िता ने आरोप लगाते हुए कहा कि मुकदमा वापस लेने के लिए ससुराल वालों द्वारा साजिशन फर्जी मुकदमों में फसाने और लगातार जान माल की धमकी दी जा रही। जिसको लेकर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है।

# उत्तर प्रदेश में योगी बनाम प्रतियोगी का माहौल: अखिलेश

■ फूलपुर के रुदापुर की जनसभा में बोले सपा प्रमुख- जिन्हें अधिकारी बनना था सरकार ने उन्हें आंदोलनकारी बना दिया

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज फूलपुर केरुदापुर में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी हाँजी मुजतबा सिद्दीकी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी बनाम प्रतियोगी का माहौल बन गया है। उन्होंने कहा कि जिन्हें अधिकारी बनना था सरकार ने उन्हें आंदोलनकारी बना दिया।

सपा प्रमुख ने आंदोलनकारियों को बधाई देते हुए कहा युवा अपने हक की लड़ाई में पीछे नहीं हटे और अपनी मांग को लेकर सरकार का समर्थन चाहते हैं।उन्होंने कहा कि मेरी भी इच्छा थी मैं आंदोलनकारी छात्रों के बीच बैठता लेकिन आरोप लगता कि आंदोलन राजनीति से प्रेरित है। आंदोलनकारी छात्रों की मांगें जायज हैं मेरा उनको पूरा समर्थन है। पीडीए के अक्षरों से घबराए मुख्यमंत्री डीएपी से भी परहेज कर रहे हैं किसान कालाबाजारी का शिकार हो रहा है परेशान है और सरकार ने उसे अपने हाल पर छोड़ दिया है। चुनाव की तारीख बदलने पर तंज कसते हुए कहा की चुनाव टालने वाले चुनाव हारने जा रहे थे। फूलपुर के लोकसभा चुनाव में बेईमानी से गठबंधन प्रत्याशी हराए जाने का आरोप लगाते हुए कहा की फूलपुर की जनता का समर्थन साथ और सहयोग समीकरण के बल पर उपचुनाव में सबसे बड़ी जीत होने जा रही है। पीडीए को पॉज़िटिव पॉलिटिक्स का आंदोलन बताते हुए कहा कि यह प्रोग्रेसिव है जिसका मूल सिद्धांत सबका साथ सबका विकास है। प्रदेश के मुख्यमंत्री के पेट में जो दर्द है वह पीडीए ही दूर करेगा।

उन्होंने कहा कि यह उपचुनाव 2027 का संकेत देगा। सपा प्रमुख ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट ने बुल्डोजर संस्कृति को न्याय का प्रतीक नहीं माना। माननीय न्यायालय बधाई के पात्र हैं। यूनिवर्सिटी और डिग्री कॉलेजों में नियुक्तियों में भेदभाव किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि एक विशेष विचारधारा के लोग चयन कर रहे हैं जिसके चलते 15त्न लोग भी पीडीए के नहीं है। इस संविधान पीडीए की संजीवनी है। जो रक्षा कवच बनकर मदद करता है।

डबल इंजन की सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि दोनों इंजिन आपस में टकरा रहे हैं प्रदेश में कार्यवाहक डीजीपी से काम चलाया जा रहा है जो पहली बार हुआ है।

जनसभा को जिलाध्यक्ष अनिल यादव, चुनाव प्रभारी पूर्व मंत्री इंद्र जीत सरोज,सांसद उज्जवल रमण सिंह, हाजी मुजतबा सिद्दीकी, एमएलसी, लाल बिहारी यादव, डॉ मानसिंह यादव,विधायक श्रीमती विजमा यादव, संदीप पटेल, हाकिम लाल बिन्द, गीता शास्त्री, सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, पप्पूलाल निषाद, अमर नाथ सिंह मौर्य, पंधारी यादव, अंसार अहमद, शेखर बहुगुणा, आर के वर्मा, धर्म राज पटेल, राम बृक्ष यादव, बासुदेव यादव, संदीप यादव रविन्द्र यादव, अभिषेक यादव, निधी यादव,आदि ने भी सम्बोधित किया।

# परिषदीय स्कूलों की शैक्षणिक व्यवस्था परखने के उद्देश्य से टीम ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**गाजीपुर।** रेवतीपुर ब्लाक के परिषदीय स्कूलों को निपुण बनाने और उनमें बेहतर शैक्षणिक व्यवस्था परखने के उद्देश्य से बुधवार को शासन के निर्देश पर डायट ( जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सैदपुर) के डायट मेंटर/प्रवक्ता आलोक कुमार तिवारी के नेतृत्व में एक सदस्यीय टीम सुहवल प्राथमिक विद्यालय पश्चिमी और कम्पोजिट विद्यालय नगसर नेवाजू राय औचक तरीके से धकम पडी। इस कारण अध्यापकों में हडकंम्प मच गया। निरीक्षण के दौरान शास?न के निर्देश पर गठित टीम के डायट मेंटर/प्रवक्ता आलोक कुमार तिवारी ने इस दौरान कक्षाओं में गणित कीट के नियमित उपयोग न होने पर सम्बन्धित अध्यापकों को फटकार लगाई। साथ ही उन्होंने विभिन्न कक्षाओं का निरीक्षण कर शैक्षिक कार्यो को परखा। इस दौरान अंग्रेज़ी के किताब पढ़ने और पढाने के साथ ही गणित के कीट के प्रयोग कैसे किया जाए और इसे रूचिकर बनाया जाए। इसे डेमो के जरिए विस्तार से बताते हुए इस पर विशेष तरीके से अमल पर जोर देने का सख्त निर्देश दिया और इसके लिए विशेष ट्रिक भी बताया। इस मौके पर अभिलेखों का भी अवलोकन किया गया। साथ ही उन्होंने ?इन दोनों विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान संबंधित अध्यापकों को हिदायत दिया कि शासन के मंशा के अनुरूप फरवरी 2025 तक विद्यालय और इस ब्लाक को शत-प्रतिशत निपुण बनाने का लक्ष्य मिला है। ऐसे में उसको लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही सम्बन्धित के खिलाफ भारी पड सकती है। इस दौरान शासन के निर्देश पर विद्यालयों के औचक निरीक्षण के लिए पहुंची एक सदस्यीय टीम ने विद्यालयों में स्मार्ट टीवी ने आनलाइन पढ़ाई न होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए हिदायत दिया कि इस तरह की लापरवाही न बरती जाए। टीम ने विद्यालयों में छात्रों के उपस्थिति और नामांकन बढ़ाने पर भी जोर देने की बात कही और एक हफ्ते में कार्यशैली में सुधार लाने के लिए चेताया। इस औचक निरीक्षण के दौरान डायट टीम ने सहभागी शिक्षण, टीएलएम द्वारा शिक्षण, शिक्षक बच्चों की प्रतिक्रिया, ई-पाठशाला ,शिक्षण माड्यूल, स्मार्ट क्लास आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी ली, टीम ने इस दौरान अध्यापकों को ऑनलाइन शैक्षिक गतिविधियों को बढावा देने का सख्त निर्देश दिया।निर्देशित किया कि अभिभावकों से सम्पर्क कर मीना मंच माध्यम से छात्रों को परिषदीय स्कूलों की तरफ आकर्षित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।

# ई-लाटरिंग से किसानों का चयन

अवधनामा संवाददाता

■ फसल अवशेष प्रबंधन जागरूकता वाहन रवाना

**बलिया।** विकास भवन सभागार में ई-लाटरी के माध्यम से किसानों का चयन किया गया।

कृषि यंत्रीकरण की समस्त योजनाओं के अंतर्गत रु. 10000/ से अधिक अनुदान वाले समस्त कृषि यंत्र/कृषि रक्षा उपकरणों, रोटावेटर, हैरो, कस्टम हायरिंग सेंटर ग्रामीण उद्यमी, थ्रेसिंग फलोर एवं स्माल गोदाम आदि की बुकिंग कृषकों द्वारा विभागीय पोर्टल पर की गई है। जिनका चयन जिलाधिकारी बलिया की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय गठित समिति (डीएलएससी) के समक्ष 14 नवंबर को विकास भवन सभागार में ई-लाटरी के माध्यम से किया गया। ई-लाटरी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी द्वारा चयनित कृषकों को बधाई दी गई।

ई-लाटरी कार्यक्रम के समाप्ति के उपरान्त प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी बलिया एवं उपस्थित कृषकों द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन के लिए प्रचार-प्रसार वाहन को रवाना किया गया। प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी ने फसल अवशेष प्रबन्धन के बारे में कृषकों को अवगत कराते हुए कहा कि उच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा फसल अवशेष को खेतों में जलाना दंडनीय अपराध घोषित है।

नये शासनादेश के अनुसार पराली/फसल अवशेष जलाने पर अर्थदंड/पर्यावरणीय वसूली का प्राविधान है, दो एकड़ से कम भूमि वाले किसानों से रू0 5000/- का जुर्माना प्रति घटना, दो से 05 एकड़ भूमि वाले किसानों से रू0 10000/- का जुर्माना प्रति घटना, पांच एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों से रू0 30000/- का जुर्माना प्रति घटना।

ई-लाटरी कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी, प्रतिनिधि जिला गन्ना अधिकारी, प्रतिनिधि जिला उद्यान अधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र सोहॉव, उपस्थित रहें। कृषकों में अरविन्द सिंह, मुन्ना यादव, विमलेश राय, ब्रह्मानन्द तिवारी, शशिभूषण सिंह इत्यादि उपस्थित रहें। उप कृषि निदेशक बलिया द्वारा ई-लाटरी कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की गयी।

# पॉक्सो एक्ट के आरोपी को चार वर्ष की सजा, सात हजार का अर्थदंड

**बलिया।** अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-आठ विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट न्यायिक अधिकारी प्रथम की अदालत ने गुरुवार को नाबालिक लड़की से छेड़खानी करने के मामले में सुनवाई करते हुए हुए अभियुक्त को चार वर्ष की कठोर करावास एवं सात हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि राज मिस्त्री तारकेश्वर राम पुत्र स्व. रामनाथ राम निवासी गायघाट थाना हल्दी जिला बलिया अप्रैल 2017 में बोर्ड की परीक्षा इंटर कॉलेज दुबे छपरा परीक्षा देने जाते वक्त रास्ते में उसका पीछा और गंदी हरकतें करता था। 12 मई 2017 को सुबह करीब नौ बजे पीड़िता के घर के पास उसे देखकर अपशब्द बोलते हुए जान से मारने की धमकी दिया। घटना के समय पीड़िता की उम्र 17 वर्ष होना बताया गया था।

पीड़िता के आवेदन पर थाना हल्दी में मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसका विचरण न्यायालय में चल रहा था। इस मामले में अभियोजन की तरफ से अधिवक्ता विमल कुमार राय विशेष लोक अभियोजक ( पॉक्सो एक्ट) एवं बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के उपरांत न्यायालय जनरेशन कंपनी लिमिटेड के सीईओ

# बाल दिवस पर बच्चों को पुरूस्कार वितरित किये गये



■ मदरसा ज़ियाउल उलूम मे छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक, खेल प्रतियोगिताए भी आयोजित हुई

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वालम्बन हेतु संचालित मिशन शक्ति के विशेष अभियान के तहत बाल दिवस के उपलक्ष्य में मदरसा ज़ियाउल उलूम सरायतरीन जनपद सम्भल मे कॉर्निवाल समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के मध्य विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस दौरान छात्राओं को राष्ट्रीय ध्वज, कमल का फूल, आम एवं आलेखन आदि के साथ देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व॰ जवाहर लाल नेहरू को याद करते हुए बनाई गयीं कृतियों के लिए पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। महिलाओं और छात्र-छात्राओं के अधिकार व उनकी सुरक्षा निर्धारण पर मदरसा प्रधानाचार्य एवं ईमामे ईदगाह राशिद अली, समाजसेवी फर्ज़न्द अली खान वारसी, मदरसा कमेटी के सचिव हाजी फखरुद्दीन मु. मशकूर आदि ने विस्तार से प्रकाश डाला। मदरसे के छात्र-छात्राओं ने कबड्डी, खो-खो, दौड़, खेलकूद प्रतियोगिताओं मे प्रतिभाग किया और छात्राओं ने नृत्य व गायन प्रतियोगिता के दौरान देशभक्ति से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत किये। समारोह मे समस्त छात्र-छात्राओं को पेन, पेंसिल, इरेज़र आदि पुरुस्कार वितरित किये गए। इस दौरान मदरसा प्रधानाचार्य एवं ईमामे ईदगाह राशिद अली ने मिशन शक्ति के विशेष अभियान प्रभारी सहायक अध्यापक ज़की अशरफ व मु. हफ़ीज़ फैज़ी व छात्र-छात्राओं का प्रतियोगिताओं को सफल बनाने के लिए विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मदरसे का समस्त स्टाफ विशेष रूप से मौजूद रहा।

## मुख्यमंत्री ने गुरु नानक जयन्ती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दीं



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने गुरु नानक जयन्ती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। आज यहां जारी एक सन्देश में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी के सर्व-धर्म समभाव एवं सामाजिक सद्भाव के सन्देश में सम्पूर्ण मानवता का कल्याण निहित है। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी ने आडम्बरों और अंधविश्वासों का प्रतिकार करके समाज को नई दिशा प्रदान की। वहीं कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी हैं। जारी एक शुभकामना सन्देश में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भारतीय सांस्कृतिक परम्परा में इस अवसर का विशेष महत्व है। भगवान विष्णु ने इसी दिन मत्स्य अवतार लेकर प्रलय के अंत तक सप्त ऋषियों एवं वेदों की रक्षा की, जिससे पुनः सृष्टि का निर्माण सम्भव हो सका। इसके साथ ही, भगवान शंकर ने इसी दिन त्रिपुरासुर नामक राक्षस का अंत किया। उन्होंने कहा कि यह पर्व मानव मात्र को प्रकृति से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है।

# बजाज एनर्जी समूह बना उत्तर प्रदेश का बेस्ट एम्प्लोयर ब्रांड 2024

अवधनामा संवाददाता

■ एलपीजीसीएल को मिला ड्रीम कंपनी टू वर्क फॉर (पावर सेक्टर) का प्रतिष्ठित खिताब

■ आयोजकों ने बजाज प्रबंधन का जताया आभार



**ललितपुर।** बजाज एनर्जी को विश्व एचआरडी कांग्रेस द्वारा उत्तर प्रदेश के बेस्ट एम्प्लायर ब्रांड 2024 के रूप में पुरस्कृत किया गया है । समूह के सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट एलपीजीसीएल को ड्रीम कंपनी टू वर्क फॉर के रूप में सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान बजाज एनर्जी के उत्कृष्ट कार्यस्थल वातावरण और बजाज एनर्जी लिमिटेड (बीईएल) के तहत इसके सभी पांच बिजली संयंत्रों और ललितपुर पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड (एलपीजीसीएल) ललितपुर द्वारा स्थापित किए गए अनुकरणीय मानकों को मान्यता देता है। इसके अतिरिक्त, एलपीजीसीएल ने ड्रीम कंपनी टू वर्क फॉर (पावर सेक्टर) का प्रतिष्ठित खिताब अर्जित किया है, जो संगठन की मानव संसाधन और कार्यस्थल संस्कृति में उत्कृष्टता के लिए अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह पुरस्कार बजाज एनर्जी के एचआर हेड मोहित सक्सेना के साथ बीईएल के एचआर हेड प्रमोद त्रिपाठी और एलपीजीसीएल के जीएम अभिनव भारद्वाज ने प्राप्त किया। वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस द्वारा मिला सम्मान बजाज एनर्जी और एलपीजीसीएल को उन कंपनियों के एक विशिष्ट समूह में शामिल करता है, जिनकी दूरदर्शी रणनीतियाँ और कर्मचारी नीतियाँ कॉरपोरेट परिदृश्य को नया आकार दे रही हैं। 1992 में स्थापित, वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस मानव संसाधन क्षेत्र में नवाचार, सहयोग और परिवर्तनकारी प्रभाव का जश्न मनाने के लिए समर्पित एक विश्व स्तर पर सम्मानित संगठन है। पुरस्कार समारोह दुनिया भर के संगठनों को प्रतिभा को बढ़ावा देने और कर्मचारी अनुभव को बढ़ाने में उनके असाधारण योगदान के लिए सम्मानित होने का एक मंच प्रदान करता है। बजाज एनर्जी के प्रबंध निदेशक विनय कुमार सिंह वनकोटी और ललितपुर पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड के सीईओ एन सार ने सम्मान के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त किया। वनकोटी ने कहा ये सम्मान हमारे कर्मचारियों के अथक प्रयास को दर्शाती हैं जो विकास को बढ़ावा देता है, नवाचार को प्रोत्साहित करता है, और कार्य संस्कृति को बनाए रखता है। बजाज एनर्जी में, हमारे कर्मचारी हमारी सबसे बड़ी संपत्ति हैं और हम उनकी भलाई और सफलता के लिए गहराई से प्रतिबद्ध हैं। हम इस सम्मान के लिए विश्व एचआरडी कांग्रेस को धन्यवाद देते हैं। बजाज एनर्जी के बारे में बजाज एनर्जी लिमिटेड, चेयरमैन कुशाग्र बजाज के नेतृत्व में बजाज समूह का हिस्सा है, जो ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी है, जो देश को शक्ति प्रदान करने और सतत विकास को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## बाल दिवस के अवसर पर याद किए गए चाचा नेहरू

**मथुरा।** स्वातन्त्रय् नायक और स्वतन्त्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाह्र्लाल नेहरू वास्तविक अर्थो में आधुनिक भारत के निर्माता थे।जिन्होंने स्वतंत्रता को सलामत रखने के लिए देश के औद्योगिक, वैज्ञानिक योजनाबध्द् विकास की नीव् रखी, बाँध, भारी उद्योग, तकनीकी और मेडिकल संस्थान बनबाये, सार्वजनिक् क्षेत्र और मिश्रित अर्थ व्यवस्था की अवधारणा पेश की।सन्सदीय् जन तन्त् ्और धर्म निरपेक्षता की पुख्ता नीव रखी, पांडेचेरी, गोवा, कश्मी ्का भारत में विलय नेहरू के प्रयासों का परिणाम है। नेहरू महान लोकतन्त्रवादी थे।उक्त उदगा अ, भा, साम्प्रदायिकता विरोधी समिति की मथुरा ईकाई द्वारा जवाह ्नर्सरी में नेहरू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुये विभिन्न वक्ताओं ने प्रकट किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कामरेड शिवदत्त चतुर्वेदी ने की, कार्यक्रम संयोजक और महानगर कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष वैद्य मनोज गौड़ ने शासन, प्रशासन् और निगम अधिकारियों पर नेहरू जी की प्रतिमा की उपेक्षा और अनाद ्पर गहरा रोष् प्रकट करते हुए इसे संघ भाजपा की टुच्ची मानसिकता का द्योतक बताया।इस अवसर पर मुख्य रूप से सर्वश्री नारायण सिंह विप्लवि , प्रदीप राजपूत एंड., गफ्फार अब्बास एडवोकेट, शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, राकेश शर्मा, सुरेश शर्मा, संजय सक्सेना, किशन सिंह एंड, धर्मेंद्र सिंह, प्रवेंद्र वार्ष्णेय आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय थी।

# मथुरा मै कोहरे ने दी दस्तक: पहले ही दिन हुआ हाइवे पर हादसा

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मौसम ने अचानक करवट ली और मथुरा सहित आसपास के इलाकों को कोहरे ने अपने आगोश में ले लिया, पहले ही दिन की शुरुआत में हाइवे पर घटनाओं का दौर शुरू हो गया। मथुरा के थाना जैंत क्षेत्र अंतर्गत चौमुहां हाईवे पर घने कोहरे के कारण अज्ञात ट्रक में पीछे से रोडवेज बस घुस गई। बस में बैठी हुई 12 सवारियां घायल हो गई। रोडवेज बस मथुरा से दिल्ली की तरफ जा रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। बृहस्पतिवार सुबह करीब 7 बजे घना कोहरा होने के कारण आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दी। चौमुहां हाईवे पर पीछे से आ रही यूपी रोडवेज की बस ट्रक में जा घुसी।

हादसा होते ही सवारियों में चीख पुकार मच गई। राहगीरों की मदद से पुलिस ने घायलों को बस से निकाला। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए सौ शैय्या अस्पताल भर्ती कराया। थाना प्रभारी जैंत अश्वनी कुमार ने बताया ट्रक में बस घुसने के कारण 12 सवारी घायल हो गई हैं। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भर्ती करा दिया गया है। ट्रक में पीछे से घुसी यूपी रोडवेज की बस में 12 सवारियां घायल हो गई, जिनमें कुछ श्रद्धालु भी थे जो मथुरा वृंदावन से घूमकर दिल्ली की तरफ जा रहे थे। घायलों के नाम कुरुक्षेत्र के थानेसर थाना के गांव भाड़ी निवासी श्यामलाल पुत्र किशनचंद, मोनिका, बेबी शर्मा पत्नी ताराचंद, खुशबू पुत्री वेदप्रकाश, रुद्र शर्मा पुत्र श्यामलाल हैं, जो श्रद्धालु हैं। वहीं अन्य घायल एमपी के दमोह के गांव हता निवासी द्रोपदी पत्नी मानकचंद, कोशल्या पत्नी अशोक, अशोक पुत्र जगना, पंकज मिश्रा निवासी मथुरा, अभिषेक पुत्र राजू, खुशबू निवासी लुधियाना

## संक्षिप्त समाचार

### बस ने ऑटो मे मारी टक्कर आधा दर्जन घायल

**संभल।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव फतेहपुर देव के निकट संभल से चन्दौसी जा रही बस चन्दौसी से आ रहे ऑटो से भिडत हो जाने से आधा दर्जन लोग घायल हो गये जिनको उपचार के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है । जानकारी के अनुसार करीब दस बजे संभल से चन्दौसी को जा रही बस चन्दौसी से संभल आ रहे ऑटो से जा टकरायी बताया जाता है कि उस समय कोहरा छाया हुआ था जिससे ये हादसा पेश आया है मौके पर पहुँची पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से लोगो को बाहर निकला और उपचार के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया बताया जाता है कि हादसा होने पर चीखपुकार मच गए जिसको सुनकर आसपास के लोग घटना स्थल पर आ गये और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने लोगों की सहायता से घायल को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

### सिरसी मे मजलिस का आयोजन किया गया

**सिरसी (संभल)** मौलाना मीसम अब्बास ने कहा है कि मजलिसो मे कर्बला के शहीदो के साथ हुए जुल्मो को याद करके इंसान को गम का एहसास होता है सिरसी के इमाम बाडा मुहल्ला शर्की सादात मे आयोजित मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना ने उक्त बयान किया मौलाना ने कहा कि इमाम हुसैन की शहादत के शोक में मजलिस मातम और ऑसू बहाना इंसानो के लिए शरफ है मजलिसो मे इंसान को इल्म हासिल होता है मौलाना ने मौजूदा लोगों से कहा कि इल्म हासिल करने के लिए दुनियां में स्कूल कालिज और मदरसे आदि मौजूद है फर्शे अर्जा से भी इल्म हासिल करके इंसान जाता है मजलिस से भी इल्म की दौलत मिलती है।

### औचक निरीक्षण करने पहुंचे औषधि निरीक्षक, धड़ाधड़ दुकानें हुई बंद, पसरा सन्नाटा

**बलिया।** औषधि निरीक्षक सिद्धेश्वर शुक्ल ने टीम के साथ गुरुवार को सिकंदरपुर कस्बा सहित क्षेत्र में स्थित दवा की दुकानों पर औचक निरीक्षण किया। औषधि निरीक्षक के पहुंचते ही दवा दुकानदारों में हड़कंप मच गया। धड़ाधड़ दुकानों के शटर गिरने लगे। इसके चलते बाजार में अफरा-तफरी मच गई। उधर बाजार में सन्नाटा पसर गया। बता दें कि औषधि निरीक्षक सिद्धेश्वर शुक्ल सबसे पहले सिकंदरपुर पहुंचे और वहां उन्होंने तहसीलदार फार्मेसी का निरीक्षण कर कुछ दवाओं का सेंपल जांच के लिए अपने साथ ले गए। दुकानदार से दवाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। कहा कि इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद वह तहसील क्षेत्र के खटंगा स्थित बिपुल मेडिकल स्टोर पर पहुंचे, जहां गहनता से निरीक्षण किया और सेम्पलिंग की। निरीक्षण की खबर मिलते ही सिकंदरपुर कस्बा के हॉस्पिटल रोड व बाजार स्थित दवा की दुकानें धड़ाधड़ बंद हो गई। औषधि निरीक्षक ने बताया कि औचक निरीक्षण की सूचना मिलते ही दुकानदार स्टोर बन्द कर गायब हो गए हैं। पता ही नहीं चल रहा कि कौन वैध और कौन अवैध है। बताया कि बंद हुई दुकानों पर नोटिस की कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर विभागीय कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### 22 वर्षो से स्कूल नहीं गया परिचारक

**मथुरा।** ब्लॉक संसाधन केन्द्र, मांट पर कार्यरत् मुकेश कुमार परिचारक विगत 22 वर्षो से स्कूल न जाकर ब्लॉक संसाधन केंद्र मांट पर ही अपनी सेवाएं दे रहे थे उक्त प्रकरण बीएसए सुनील दत्त के संज्ञान में आते ही उन्होंने बीईओ मांट को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।विदित रहे कि मुकेश कुमार जिनका मूल विद्यालय उच्च प्राथमिक विद्यालय नन्द नगरिया, वि0ख0 माँट है वो गत 22 वर्ष से स्कूल न जाकर ब्लॉक संसाधन केन्द्र, मांट पर ही तैनात होकर तथा अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### बीएसए ने शिक्षिका को किया निलंबित

**मथुरा।** खण्ड शिक्षा अधिकारी विकास खण्ड-राया द्वारा बीएसए मथुरा सुनील दत्त को अवगत कराया कि श्रीमती पूनम गर्ग, इं0 प्र0अ0 उच्च प्राथमिक विद्यालय शेरनी (1-8), विकास खण्ड-राया द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में शासन द्वारा प्राप्त कम्पोजिट ग्रान्ट की धनराशि का उपयोग नहीं किया गया है जिसके कारण विद्यालय के विभिन्न कार्यो को पूरा नहीं कराया जा सका है। तथा शिक्षिका द्वारा माह जुलाई 2024 में विभाग को गुमराह कर बाल्य देखभाल अवकाश लिया गया। अवकाश का उपभोग शादी विवाह पार्टी में जाकर करने के आरोप में निलम्बन करने की संस्तुति की गई। बीएसए ने शिक्षिका पूनम गर्ग को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी राया में सम्बद्ध किया है।

### सुखधाम आश्रम में विवाह के बंधन में बंधे 108 जोड़े

**वृन्दावन (मथुरा)।** परिक्रमा मार्ग स्थित सुखधाम आश्रम में गोविन्दराम गोयल चैरिटेबल ट्रस्ट,कोलकाता, श्रीरामानन्दाचार्य वैष्णव सेवा ट्रस्ट,वृन्दावन एवं कल्याणम् करोति,मथुरा के संयुक्त तत्वावधान में कार्तिक मास के उपलक्ष्य में श्रीमज्जगद्गुरु पीपाद्वाराचार्य बाबा बलरामदास देवाचार्य महाराज के पावन सानिध्य में 108 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया।जिसके अंतर्गत उन्हें ट्रस्ट की ओर से निःशुल्क अलमारी, बैड, बैडशीट,गद्दे, तकिया, छत का पंखा, गैस चूल्हा, दीवाल घड़ी, दो कुर्सी, सेन्टर टेबल, ड्रेसिंग टेबल, प्रेस, मिक्सर ग्रांडर, कूलर, बिछिया, पायल, मंगलसूत्र, नोजपिन एवं कपड़े आदि सामान प्रदान किया गया। श्रीमज्जगद्गुरु पीपाद्वाराचार्य बाबा बलरामदास देवाचार्य महाराज ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन के अंतर्गत सभी जोड़ों का हल्दी, मेंहदी एवं संगीत आदि के कार्यक्रम हुए।

# बाल दिवस पर याद किए गए चाचा नेहरू

## प्रशांति विद्या मंदिर में हुआ बाल मेले का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** प्रशांति विद्या मंदिर में प्रथम प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय के अध्यापक अध्यापकों एवं बच्चों के द्वारा बाल मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा आचार्यजी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता से स्याद्वाद बाल संस्कार केंद्र के प्रबंधक अक्षय अलया ने की। बाल मेले में बच्चों ने आकर्षक स्टॉल लगाकर अभिभावकों एवं बच्चों का ध्यान आकर्षित किया। मुख्य अतिथि ने कहा बच्चों की प्रतिभा निकालने के लिए विद्यालयों में समय-समय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा विद्यालय में होने वाला प्रत्येक कार्य बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होता है। उन्होंने कहा कि बच्चों का शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक मानसिक एवं चारित्रिक विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा प्रत्येक बच्चे को विद्यालय में होने वाली हर गतिविधि में सम्मिलित होना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अक्षय अलया ने कहा विद्यालयों का लक्ष्य बच्चों का सर्वोत्तम विकास करना है। उन्होंने कहा अभिभावकों ने अपने बच्चों को इसी विश्वास के साथ में विद्यालय में भेजा है कि उनके बच्चों का बेहतर विकास संभव हो सके। प्रशांति विद्या मंदिर के प्रबंधक एवं प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा आने वाले जनवरी माह में हम लोग जनपद के समस्त विद्यालयों को शामिल करते हुए एक बड़े बाल मेले का आयोजन करेंगे। कार्यक्रम में वाणिज्य कर विभाग के पूर्व प्रशासनिक अधिकारी भारत लाल सेन, विद्यालय के निदेशक उत्कर्ष श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य बिहारी लाल सविता, अध्यापकों में मोहिनी कुशवाहा, ममता पंथ, काजल सेन, खुशबू रैकवार, खुशबू कुशवाहा, राम देवी, अंजना, अंजली, सोनाली परमार, तैवा आदि ने प्रमुख रूप से उपस्थित रही व कार्यक्रम मे सहयोग किया।



## बालाजी विद्या मंदिर में धूमधाम से मना बाल मेला महोत्सव

बालाजी विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल जखौरा में पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के जन्मदिवस के अवसर पर बाल मेला महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला महामंत्री बलराम सिंह राजपूत, जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र कुमार रजक , राजेश्वर जैन, नीरज जैन आशु ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ललितपुर से आए हुए गायक कलाकार मधुर बेगी ने मेला महोत्सव में समा बांध दिया द्य उन्होंने बताया पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाते हैं आप सभी को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं विद्यालय प्रबंधक अरुण ताम्रकार द्वारा अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा मैं आप सभी का आभारी हूं की आप बालाजी स्कूल के 25 वर्षो के सफर में आज हमारे साथ हैं आप सभी का सहयोग एवं मार्गदर्शन निरंतर विद्यालय परिवार को मिल रहा है आप सभी के सहयोग से ही बालाजी स्कूल निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर हैं आप सभी के समर्पण और विद्यालय के प्रति प्रेम के लिए बहुत बहुत आभार व्यक्त करता हूं इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। इस अवसर पर राजेश चौरसिया, अजीज खान , महेंद्र झा, उदय कुशवाहा, नरेंद्र नामदेव , मन खुशी नामदेव, रामकिशोर सोनी, मनीराम सोनी, जयराज सिंह , बृज किशोर सोनी, रवि अहिरवार, दयाराम अहिरवार, गौरव सैनी, उत्कर्ष मेडिकल , रविंद्र सिंह लाला , भरत कांत महाराज, विद्यालय प्राचार्य रानी मेम, अंजू मेम, शेर सिंह , प्रियंका, एनी जैन , रिया राजा , कार्तिका , प्रियंका राजपूत , नेहा राजा , स्वाति पंथ , प्रिंसी नामदेव , अंजली राजा , प्रतिभा , रचना चोबे,साधना सोनी ,नैंसी , कीर्ति ताम्रकार , निशा , निधि झा, भारती , आरती , तेजबीर सिंह ,जानकी, गोलू राजा , विश्ववीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## वीणा वादिनी बालिका इंटर कॉलेज में खेल प्रतियोगिता छात्र संसद शपथ ग्रहण समारोह, बाल मेला हुआ संपन्न



तेरईफाटक स्थित वीणा वादिनी बालिका इंटर कॉलेज में चल रही वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हो गया शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि केदार नाथ तिवारी विधायक प्रतिनिधि , विशिष्ट अतिथि रमाकांत गोस्वामी प्रबन्धक स्त्रक्ष इंटर कालेज, राधिका तिवारी जिला कार्यवाहिका ऋह्यह्य,अमित जी खंड प्रचारक, रूपेश साहू ,मनोज कुमार तिवारी प्रधानाचार्य रमा तिवारी ने 100 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया उसके पश्चात 200 मीटर 400 मी उछल कूद, ऊंची कूद, कबड्डी, खो- खो निम्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई जिसमें छात्र व छात्राओं ने प्रथम द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया सीनियर वर्ग में सत्य प्रताप ने 17 मी लंबी छलांग लगाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। खो खो में अनुष्का गौर की टीम विजेता घोषित हुई ।प्रधानाचार्य ने कहा की बच्चों को जीवन में खेल कूद में भाग लेना चाहिए खेलकूद से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है इसके बाद खेल प्रभारी राम जीवन विश्वकर्मा ने आभार व्यक्त किया इसके बाद समापन के अक्सर पर मुख्य अतिथि अनुराग अवस्थी कोतवाल तालबेहट विशिष्ट अतिथि राम प्रकाश अनंत प्रधानाचार्य मर्दन सिंह इंटर कॉलेज तालबेहट, रत्नेश लिटोरिया पूर्व प्रधानाचार्य मनोज कुमार तिवारी प्रधानाचार्य वीणा वादिनी बालिका इंटर कॉलेज कुलदीप तिवारी शिक्षक,कौशल किशोर विभाग प्रचारक ने सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया इस अवसर पर अनुराग अवस्थी कोतवाल साहब ने बताया की बच्चों को विद्यालय में पढ़ाई में रुचि लगाना चाहिए और बच्चों को पिता के नाम से नहीं बल्कि पिता को बच्चों के नाम से जाना जाए उन्होंने विजेता छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया।

# भारत की नजरें सीरीज जीतने पर, फोकस रिंकू के फॉर्म और बल्लेबाजी क्रम पर

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार को निर्णायक चौथा टी20 मैच और श्रृंखला जीतने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम के लिये रिंकू सिंह का बल्लेबाजी क्रम और खराब फॉर्म चिंता का सबब होगा। संजू सैमसन और तिलक वर्मा के शतकों के अलावा भारतीय बल्लेबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन नहीं किया है।

भारत फिलहाल सीरीज में 2.1 से आगे है लेकिन 3.1 से जीतने के लिये बल्लेबाजों पर महती जिम्मेदारी होगी। भारत के लिये वांडरर्स हमेशा से भाग्यशाली रहा है जहां उसने 2007 में पाकिस्तान को हराकर पहला टी20 विश्व कप जीता था। एक साल पहले पिछली टी20 सीरीज में कप्तान सूर्यकुमार यादव ने शतक जमाकर टीम को जीत दिलाई थी।

सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत ने 16 में से 13 मैच जीते हैं और इस बार वह श्रृंखला जीतकर लौटना चाहेंगे। पिछली बार श्रृंखला 1.1 से ड्रॉ रही थी चूंकि एक मैच बारिश की भेंट हो गया था। टी20 क्रिकेट के सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में शुमार रिंकू सिंह का फॉर्म भी चिंता का सबब है जो पिछले कुछ महीने से अच्छा नहीं खेल पा रहे हैं।




ऐसा लग रहा है कि छठे या सातवें नंबर पर उतरने से वह सहज होकर खेल नहीं पा रहे हैं। भारत में अगला टी20 विश्व कप 2026 में है और सूर्यकुमार के पास रिंकू में आत्मविश्वास भरकर उनके प्रदर्शन को ढर्रे पर लाने का पूरा समय है। स्पष्टता के अभाव में उनके जैसे हुनरमंद क्रिकेटर को खोने का जोखिम भारतीय टीम नहीं उठा सकती।

मौजूदा श्रृंखला में रिंकू दो मैचों में छठे और एक मैच में सातवें नंबर पर उतरे और 28 रन ही बना सके। निचले क्रम पर उतरने से 11, 9 या आठरन का स्कोर चिंता का विषय नहीं है लेकिन असल चिंता इस बात की है कि इसके लिये उन्होंने कुल 34 गेंदें खेल डाली। आईपीएल के दौरान भी रिंकू को 15 मैचों में कुल 113 गेंद ही खेलने को मिली थी यानी प्रति मैच 7.5 गेंद।

एक फिनिशर के तौर पर रिंकू को हर पारी में करीब दस ही गेंद मिल सकती है। इससे शायद उनके आत्मविश्वास पर असर पड़ा है क्योंकि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि वह आक्रामक खेलें या सहायक की भूमिका में रहें। रिंकू ने अधिकांश समय पांचवें नंबर पर उतरकर अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन जब संजू सैमसन सलामी बल्लेबाज के तौर पर और तिलक वर्मा तीसरे नंबर पर उतर रहे हैं तो रिंकू को हार्दिक पंड्या से पहले उतारना कठिन है।

टीम प्रबंधन को इस मसले का तुरंत हल निकालना होगा। भारत ने अपने 15 में से 12 खिलाड़ियों को पहले तीन मैचों में आजमाया है और अब देखना है कि तेज गेंदबाज यश दयाल या विशाख विजयकुमार को पहला मौका मिलता है या नहीं।

***टीमें***

भारतः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, विजयकुमार विशक। आवेश खान, यश दयाल.

दक्षिण अफ्रीकाः एडेन मारक्रम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएत्जी, डोनोवन फरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को जानसन, हेनरिक क्लासेन, पैट्रिक क्रुगर, केशव महाराज, डेविड मिलर, मिहलाली मपोंगवाना, नकाबा पीटर, रयान रिकेलटन, एंडिले सिमलेन,ट्रिस्टन स्टब्स।

# तिलक वर्मा ने संजू सैमसन के इस रिकॉर्ड को तोड़ा, टी20 में शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज

भारत ने तीसरे टी20 मैच में साउथ अफ्रीका को हराकर 11 रन से करीबी जीत हासिल की। वहीं टीम इंजिया के इस जीत के नायक तिलक वर्मा रहे जिन्हें उनकी शतकीय पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। इस मैच में तिलक वर्मा को बल्लेबाजी के लिए प्रमोट करके तीसरे नंबर पर भेजा गया और उन्होंने ऐसी पारी खेली की प्रोटियाज अचंभित रह गए।




भारत का पहला विकेट शून्य पर गिर गया था जब संजू सैमसन आउट हो गए थे, लेकिन इसके बाद अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा ने मिलकर भारतीय पारी को शानदार तरीके से संभाला।

तीसरे मैच में अभिषेक शर्मा ने पिछले कुछ मैचों की करार निकालते हुए 25 गेंदों पर 5 छक्के और 3 चौकों की मदद से 50 रन ठोक दिए जबकि तिलक वर्मा ने अपने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट करियर का पहला शतक लगाया और 56 गेंदों पर 7 छक्के और 8 चौकों की मदद से 107 रन की पारी खेल डाली। तिलक वर्मा ने अपनी इस पारी के बाद संजू सैमसन के इस रिकॉर्ड तो तोड़ने में सफलता हासिल की जबकि टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में ये उनकी बेस्ट व्यक्तिगत शतकीय साझेदारी भी की।

तिलक वर्मा ने अपने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट करियर का पहला शतक 18वीं पारी में लगाया और वो भारत की तरफ से सबसे कम पारियों में शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में 9वें नंबर पर आ गए जबकि संजू सैमसन 10वें नंबर पर चले गए जिन्होंने अपनी 29वीं पारी में टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में पहला शतक लगाया था। इस लिस्ट में पहले स्थान पर अभिषेक शर्मा हैं जिन्होंने अपनी दूसरी पारी में ही ये कमाल कर दिया था जबकि दूसरे नंबर पर दीपक हुड्डा हैं जिन्होंने तीसरी पारी में शतक लगा दिया था। इस लिस्ट में आखिरी स्थान पर विराट कोहली हैं जिन्होंने अपने टी20 इंटरनेशनल करियर के 96वीं पारी में शतक लगाया था।

# भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे मोहम्मद अमान, बिहार के वैभव सूर्यवंशी को स्क्वॉड में मिली जगह

मोहम्मद अम्मान की अगुवाई में भारतीय अंडर-19 टीम का ऐलान हो गया है। 30 नवंबर से 8 दिसंबर 2024 तक यूएई में होने वाले पुरुष 19 एशिया कप में भारत की कप्तानी करेंगे। भारत की 15 सदस्यीय टीम में 13 साल के वैभव सूर्यवंशी को भी चुना गया है। बिहार के रहने वाले वैभव सूर्यवंशी ने सितंबर 2024 में अंडर-19 टीम के लिए रेड बॉल फॉर्मेट में अपने पदार्पण मैच में 58 गेंद में शतक जड़क सबको प्रभावित किया था।




वैभव ने तब अंडर-19 टेस्ट में किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया था। वैभव ने 30 सितंबर 2024 को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम के खिलाफ ये उपलब्धि हासिल की थी। वैभव सूर्यवंशी का 58 गेंद में शतक केवल इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर मोईन अली से पीछे है। मोईन अली ने 2005 में इंग्लैंड अंडर-19 के लिए 56 गेंद में शतक लगाया था। वैभव ने अपनी पारी के दौरान 14 चौके और 4 छक्के लगाए थे। उन्होंने सिर्फ 62 गेंद में 104 रन बनाए थे।

बिहार के समस्तीपुर के ताजपुर गांव से ताल्लुक रखने वाले वैभव का क्रिकेट में सफर बहुत कम उम्र में ही शुरू हो गया था। उन्होंने 9 साल की उम्र में पिचा संजीव सूर्यवंशी के साथ क्रिकेट खेलना शुरू किया था। संजीव सूर्यवंशी खुद बहुत बड़े क्रिकेट प्रेमी हैं। पिता ने शुरुआत में वैभव का मार्गदर्शन किया। वैभव सूर्यवंशी ने 2023 में बिहार के लिए कूच बिहार ट्रॉफी में खेला। तब उन्होंने झारखंड के खिलाफ 128 गेंद पर 151 रन समेत बनाए। इस टूर्नामेंट में उनके प्रदर्शन को देखकर भारत अंडर19 ए, भारत अंडर19 बी, इंग्लैंड अंडर 19 और बांग्लादेश अंडर19 की चतुष्कोणीय सीरीज के लिए उनका चयन किया गया।

# इस पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने की भविष्यवाणी, कहा पर्थ टेस्ट मैच में भारत को 4 दिन में हरा देगी ऑस्ट्रेलिया

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर ब्रैंडन जूलियन ने फॉक्स क्रिकेट पर कहा कि, मुझे लगता है कि भारत बहुत ज्यादा दबाव में है। कप्तान उपलब्ध नहीं हैं, मध्यक्रम में विराट की फॉर्म खराब चल रही है। कोच गंभीर बाहर आकर अपने सीनियर खिलाड़ियों का बचाव करने की कोशिश कर रहे हैं। जब कोई कोच ऐसा करता है तो आपको पता चल जाता है कि वहां थोड़ी परेशानी है। मुझे लगता है कि वे बहुत ज्यादा दबाव में हैं। मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम उन्हें पर्थ में हरा देगी। हमने उनके खिलाफ पिचली चार सीरीज में से कोई भी सीरीज नहीं जीती है इसलिए भारत को हराने का ये मौका है।

वहीं जूलियन ने आगे कहा कि, मुझे लगता है कि भारत बल्लेबाजी क्रम में संघर्ष करने जा रहा है और मुझे लगता है कि जैसा कि मैंने कहा कि हम उन्हें पहले टेस्ट मैच में 4 दिनों में हरा देंगे। आपको शुरू में ही उन पर दबाव बनाना होगा और आपको आक्रामक होना होगा। मुझे लगता है कि भारत के पास अनुभव है, उनके पास सबकुछ है, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के बाद वे पर्थ में लगातार चौथा मैच हार सकते हैं, फिर वे गुलाबी गेंद से टेस्ट मैच खेलने जाएंगे, जो पहले भी उनके लिए परेशानी का सबब था और फिर आप गाबा जाएंगे। इसलिए ये हमारे लिए भारत को हराने का आदर्श समय है, इसमें कोई संदेह नहीं है कि वे बहुत दबाव के साथ मैदान में उतरेंगे।

मैच औ सीरीज में क्या कुछ हो सकता है? इस पर बात करते हुए ब्रैंड जूलियन ने आगे कहा कि, उन्हें रोहित शर्मा की जगह लेने के लिए एक सलामी बल्लेबाज को भई चुनना होगा, इसलिए ऐसे संकते हैं कि हमें वहां बहुत अच्छे फॉर्म के साथ जाना चाहिए। हमारी गेंदबाजी अच्छी लग रही है, हां हमारी बल्लेबाजी थोड़ी डगमगा रही है।

# आईसीसी पर पीसीबी के बाद ब्रॉडकास्टर बना रहे दबाव, जल्दी हो सकता है फैसला

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर हंगामा जारी है। आईसीसी पर पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और अब ब्रॉडकास्टर ने दबाव बनाना शुरू कर दिया है। क्रिकेट पाकिस्तान की रिपोर्ट के अनुसार, मीडिया राइट्स हासिल करने वाली ब्रॉडकास्टर कंपनियां टूर्नामेंट के कार्यक्रम को तत्काल जारी करने के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल पर दबाव डाल रही हैं।




वेबसाइट ने सूत्रों के हवाले से लिखा है कि 2027 तक अनुमानित 3 बिलियन डॉलर में अईसीसी के मीडिया राइट्स हासिल करने वाले ब्रॉडकास्टर्स को एक चक्र का वादा किया गया था जिसमें भारत वर्सेस पाकिस्तान के मुकाबले भी शामिल थे। भारत बनाम पाकिस्तान जैसे मुकाबले न सिर्फ दर्शकं की संक्या बेतहाशा बढ़ोत्तरी करते हैं, बल्कि ऐतिहासिक रूप से राजस्व भी बढ़ाते हैं। हालांकि, स्थिति जटिल हो गई हैं, क्योंकि भारत ने पाकिस्तान में आयोजित होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा लेने से इनकार कर दिया है। स्पष्ट कार्यक्रम न होने और भारत के बिना टूर्नामेंट की संभावना के कारण, प्रसारकों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। यही वजह है कि उन्होंने आईसीसी से तत्काल फैसला लेने की मांग की है।

दूसरी ओर, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भी हाइब्रिड मॉडल पर टूर्नामेंट का आयोजित करने के प्रस्तावों को खारिज कर दिया है। पीसीबी ने चैंपियंस ट्रॉफी के सभी मुकाबले पाकिस्तान में ही आयोजित करने की वकालत की है। इस बीच आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का दौरा करने से भारत के संभावित रूप से पीछे हटने के बारे में पीसीबी की ओर से उठाई गई चिंताओं को दूर करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

# ये है मोहबतें के बाद दिव्यांका त्रिपाठी औरकरण पटेल की फिर से टीवी पर वापसी, खुशी से झूम उठे फैंस

एकता कपूर अपनी हिट जोड़ी को शायद ही कभी दोहराती हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि अब एक अपवाद होने वाला है। चर्चा है कि करण पटेल और दिव्यांका त्रिपाठी दहिया ये है मोहब्बतें के बाद एक नए शो में साथ काम कर रहे हैं। इन दोनों ने रमन और इशिता के रूप में जादू बिखेरा था। ये है मोहब्बतें टीवी पर पांच साल से अधिक समय तक चला। गॉसिप्स टीवी के अनुसार, उर्वशी ढोलकिया भी फिल्म में नेगेटिव लीड के रूप में शामिल होंगी। यह एक दमदार कास्टिंग लग रही है। एकता कपूर ने चैनल के लिए पहले भी बड़े अच्छे लगते हैं और इतना करो ना मुझे प्यार जैसे यादगार शो किए हैं। दिव्यांका त्रिपाठी दहिया और करण पटेल एकता कपूर के ये है मोहब्बतें में साथ काम करके भारतीय टेलीविजन पर सबसे पसंदीदा



जोड़ियों में से एक बन गए। 5 साल से ज़्यादा समय तक चलने वाले इस शो ने अपने पूरे समय में टीआरपी चार्ट पर अपना दबदबा बनाए रखा। शो की कहानी तो लोगों को पसंद आई, लेकिन करण और दिव्यांका की जोड़ी ने दर्शकों को काफ़ी पसंद आई। एक रिपोर्ट के मुताबिक, करण और दिव्यांका दोनों ही सोनी टीवी के लिए एकता कपूर के आने वाले शो के साथ टेलीविज़न पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। पोर्टल के मुताबिक, ये है मोहब्बतें में अपनी सफ़लता के बाद, एक्टर निर्माता के आने वाले शो में साथ काम करेंगे।

हालांकि, शो की कहानी और अन्य विवरण अभी भी गुप्त रखे गए हैं, लेकिन ये है मोहब्बतें के सभी प्रशंसकों के लिए यह एक अच्छी खबर है। जिन्हें नहीं पता, उन्हें बता दें कि दिव्यांका और करण ने ये है मोहब्बतें में इशिता और रमन का किरदार निभाया था। इस शो में अनीता हसनंदानी ने भी नेगेटिव लीड की भूमिका निभाई थी।

ये है मोहब्बतें की कहानी इशिता और रमन के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है जो दो अलग-अलग राज्यों से आते हैं और एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। हालाँकि, रमन की बेटी की खातिर, वे शादी करने का फैसला करते हैं। यहीं पर दोनों को आखिरकार प्यार हो जाता है। ये है मोहब्बतें में एली गोनी, शिरीन मिर्ज़ा, अनुराग शर्मा और अन्य लोकप्रिय कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

# सूर्या और बॉबी देओल की फिल्म को प्रशंसकों से प्यार मिला, नेटिजन ने इसे महाकाव्य ब्लॉकबस्टर घोषित किया

कंगुवा की पहली समीक्षा~ शिवा की सूर्या, बॉबी देओल और दिशा पटानी अभिनीत कंगुवा का पहला दिन का पहला शो अब तक कई क्षेत्रों में प्रदर्शित किया जा चुका है। इस फंतासी एक्शन ड्रामा को प्रशंसकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है, जिसमें कई लोगों ने सूर्या की 'फिल्म को आगे बढ़ाने' के लिए प्रशंसा की और घटिया निष्पादन की आलोचना की। प्रशंसकों और कई फिल्म समीक्षकों ने पहले ही अपनी पहली समीक्षा के साथ एक्स (जिसे पहले ट्विटर कहा जाता था) को भर दिया है। अधिकांश फिल्म देखने वालों ने सूर्या की प्रशंसा की है, जो इस एक्शन फिल्म में दोहरी भूमिका में नजर आ रहे हैं, जबकि कुछ ने फिल्म की लंबाई को लेकर निर्माताओं की आलोचना भी की है। अगर आप इस सप्ताहांत सूर्या की नवीनतम पेशकश देखने की योजना बना रहे हैं, तो आपको निश्चित रूप से सिनेप्रेमियों



की कुछ ट्विटर प्रतिक्रियाएं देखनी चाहिए, जिन्होंने पहले ही फिल्म का पहला शो देख लिया है।

एक नेटिजन ने फिल्म को पांच में से 4 रेटिंग दी, लेकिन फिल्म को ज्यादा लंबा करने के लिए आलोचना की। उन्होंने कंगुवा के नाटकीय और एक्शन दृश्यों की प्रशंसा की और कहानी को सर्वश्रेष्ठ कहा। एक अन्य नेटिजन ने कंगुवा की तुलना थलपति विजय अभिनीत पुली से की और लिखा, पुली (2015) किसी भी पहलू में कंगुवा से कहीं बेहतर है।

कंगुवा को एक नया अनुभव बताते हुए एक अन्य नेटिजन ने लिखा, कंगुवा पूरी तरह से एक नया अनुभव है। विज़न और दुनिया का निर्माण, का प्रदर्शन बस अभूतपूर्व है। सचमुच रोंगटे खड़े कर देने वाला है और फिल्म की कुंजी है। फिल्म को बड़ी जीत बताते हुए एक अन्य सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, कंगुवा असाधारण थी वन मैन शो, वर्तमान भाग बढ़िया ऐतिहासिक भाग फायर वॉर सीक्वेंस थलाइवाने गाने का प्लेसमेंट ब्लास्ट इमोशनल है और अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है बड़ी जीत 4.2/5। फिल्म में सूर्या के अभिनय की प्रशंसा करते हुए, एक अन्य ने लिखा, विजुअल्स और डीएसपी म्यूजिक की पूरी तरह से पैसा वसूल। सस्ह्ब्हद्ब4ड्ड की एक्टिंग और जबरदस्त एक्सप्रेशन्स ने दर्शकों को बांधे रखा। डिस्क्लेमर~ 3ष्ठ में न देखें, केवल 2ष्ठ में देखें और शानदार अनुभव का आनंद लें। स्पॉइलर पहले से ही उनके कर्मा को चुन चुके हैं।

शिवा द्वारा निर्देशित, में दिशा पटानी, योगी बाबू, एन सुब्रमण्यम और कोवई सरला भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। देवी श्री प्रसाद ने फिल्म का संगीत तैयार किया है। बताया जा रहा है कि यह फिल्म 300 करोड़ रुपये से अधिक के बड़े बजट से बनी है।

# द साबरमती रिपोर्ट से पहले बालाजी टेलीफिल्म्स ने बनाईं ये फिल्में, कैसी रही कमाई?

फिल्म द साबरमती रिपोर्ट सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। यह फिल्म ऐसे मौके पर रिलीज हो रही है, जब भूल भुलैया 3 जैसी फिल्म सिनेमाघरों में लगी है। फिर एक दिन पहले ही 14 नवंबर को कंगुवा भी आ गई है। कार्तिक की फिल्म के आगे सिंघम 3 की हवा निकल गई, ऐसे में द साबरमती रिपोर्ट क्या कमाल करेगी, यह देखना दिलचस्प होगा। लेकिन, इससे पहले बालाजी टेलीफिल्म्स की पिछली 10 फिल्मों का रिपोर्टकार्ड टटोल लेते हैं। बालाजी की पिछली रिलीज फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो है, जो 11 अक्तूबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी इसमें लीड रोल में नजर आए। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक विक्की विद्या का वो वाला वीडियो ने बॉक्स ऑफिस पर 41.93 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसकी वर्ल्डवाइड कमाई 58.03 करोड़ रुपये रही। इसे करीब 30 करोड़ रुपये में बनाया गया।



यह फिल्म सितंबर में रिलीज हुई। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक बॉक्स ऑफिस पर इसने सिर्फ 2.7 करोड़ रुपये का कारोबार किया। वहीं, वर्ल्डवाइड कमाई 3.02 करोड़ रुपये रही। संजय त्रिपाठी के निर्देशन में बनी यह फिल्म 27 सितंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसमें अंजनि धवन, पंकज कपूर और हिमानी शिवपुरी जैसे सितारे नजर आए। इसे एकता कपूर ने महावीर जैन, शशांक खेतान आदि के साथ मिलकर बनाया। क्रिटिक्स से इसे अच्छे रिव्यू मिले। सितंबर में रिलीज हुई करीना कपूर अभिनीत इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 9.2 करोड़ रुपये का कारोबार किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसका बजट करीब 40 करोड़ रुपये है। इस फिल्म को एकता कपूर ने बालाजी टेलीफिल्म्स के बैनर तले प्रोड्यूस किया। साथ ही करीना कपूर भी इस फिल्म की सह-निर्माता हैं। निर्देशन की कमान हंसल मेहता ने संभाली। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म फ्लॉप साबित हुई।

यह फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर विफल रही। दिबाकर बनर्जी के निर्देशन में बनी ये फिल्म इस साल अप्रैल में रिलीज हुई। फिल्म का कलेक्शन पूरा एक करोड़ भी नहीं रहा। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 95 लाख रुपये जुटाए। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसका बजट करीब 20 करोड़ रुपये था। करण बुलानी के निर्देशन में बनी यह फिल्म बीते वर्ष रिलीज हुई। भूमि पेडनेकर, शहनाज गिल और डॉली सिंह अभिनीत इस फिल्म की कुल नेट कमाई 6.75 करोड़ रुपये रही। इसे करीब 45 करोड़ रुपये बजट में बनाया गया था। हालांकि, बीते वर्ष ही रिलीज हुई बालाजी टेली फिल्म ड्रीम गर्ल 2 जरूर हिट रही। यह अगस्त 2023 में सिनेमाघरों में लगी। आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे अभिनीत फिल्म ने 106.71 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया। इसे 75 करोड़ रुपये बजट में बनाया गया। विकास बहल के निर्देशन में बनी फिल्म गुडबाय अक्तूबर 2022 में रिली हुई। अमिताभ बच्चन, रश्मिका मंदाना और नीना गुप्ता जैसे सितारों से सजी इस फिल्म का नेट कलेक्शन 6.82 करोड़ रुपये रहा। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म फ्लॉप रही। इससे पहले जुलाई 2022 में फिल्म एक विलेन रिटर्न्स रिलीज हुई। 72 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने 43.21 करोड़ रुपये कमाए और फ्लॉप रही। वर्ल्डवाइड कमाई 60 करोड़ रुपये रही। इससे पहले साल 2019 में राज शांडिल्य के निर्देशन में बनी ड्रीम गर्ल रिलीज हुई। करीब 30 करोड़ रुपये बजट में बनी इस फिल्म का नेट कलेक्शन 141.30 करोड़ रुपये रहा। यह फिल्म सुपरहिट रही। उसी साल अगस्त में बालाजी टेलीफिल्म्स की फिल्म आई जबरिया जोड़ी। यह बुरी तरह फ्लॉप रही। 30 करोड़ रुपये बजट में बनी फिल्म ने एक करोड़ रुपये भी नहीं कमा पाए।

# बोरिया बिस्तर बांधने को तैयार रब्ब से है दुआ, इस दिन प्रसारित होगा शो का आखिरी एपिसोड

धीरज धूपर और येशा रूघानी स्टारर रब्ब से है दुआ इस महीने ऑफ एयर होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। शो में 22 साल के लीप की शुरुआत के बाद येशा और धीरज ने अदिति शर्मा और करणवीर शर्मा की जगह ली थी। टीवी शो रब्ब से है दुआ नवंबर 2022 में शुरू हुआ और सुपरहिट हुआ। अब यह दो साल के सफर के बाद दर्शकों को अलविदा कहने के लिए तैयार है। शो की कास्ट ने शूटिंग खत्म करनी शुरू कर दी है। अंतिम एपिसोड दिसंबर के पहले सप्ताह में प्रसारित होने की उम्मीद है। इस पारिवारिक ड्रामा में धीरज धूपर, येशा रुघानी और सीरत कपूर हैं, जिन्होंने इस साल फरवरी में करणवीर शर्मा, अदिति शर्मा और ऋचा राठौर से नए लीड के रूप में किरदार संभाला था। धीरज धूपर और येशा रूघानी, जिन्हें जी टीवी के रब्ब से है दुआ के चेहरे के रूप में चुना गया था, वह अब एक पीढ़ी की छलांग के बाद शो अपने उत्साही दर्शकों को अलविदा कहने के लिए तैयार हैं, क्योंकि शो को कुछ ही



समय में चैनल द्वारा बंद कर दिया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, धीरज और येशा के शो रब्ब से है दुआ को 15 नवंबर को हटा दिया जाएगा, जब शो के कलाकार अपने अंतिम एपिसोड की शूटिंग करेंगे। बताया गया कि शो का आखिरी एपिसोड 2 दिसंबर को प्रसारित होगा।

धीरज धूपर ने पहले ही शो के लिए अपनी शूटिंग पूरी कर ली है और अब परिवार के साथ छुट्टियों का आनंद ले रहे हैं। इस साल बिग बॉस 18 के लिए अभिनेता से संपर्क किए जाने के बारे में भी खबरें थीं। हालांकि, यह रब्ब से है दुआ के साथ उनकी चल रही बातचीत के कारण उन्होंने इस साल रियलिटी शो में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया था। प्रतीक शर्मा द्वारा निर्मित रब्ब से है दुआ की शुरुआत अदिति शर्मा और करणवीर शर्मा के साथ हुई थी। ऋचा राठौर ने शो की नकारात्मक भूमिका निभाई। हालांकि, बाद में शो ने 22 साल का लीप लिया, जिसके बाद नए चेहरों के साथ एक नई स्टोरी लाइन पेश की गई। येशा और धीरज के साथ सीरत कपूर ने शो का नेतृत्व किया। जहां पिछले कुछ समय से शो के ऑफ एयर होने की खबरें चल रही हैं, वहीं इस बार आखिरकार शो ऑफ एयर होने के लिए तैयार है।

## दिव्यांग बच्चों के लिए आगे आई वोल्टर्स क्लूवर कंपनी, श्री अरुणोदयम चैरिटेबल ट्रस्ट को दी सोलर सिस्टम की मदद



**चेन्नई।** बौद्धिक रूप से दिव्यांग बच्चों को आश्रय देने वाले श्री अरुणोदयम चैरिटेबल ट्रस्ट की मदद के लिए वोल्टर्स क्लूवर कंपनी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड आगे आई। ट्रस्ट में मौजूद बॉयज और गर्ल्स हॉस्टल के लिए कंपनी ने फोटोवोल्टिक सोलर पावर प्लांट को स्पॉन्सर किया है। बालक गृह में 10-किलोवाट प्रणाली और बालिका गृह में 8-KW प्रणाली की फोटोवोल्टिक सौर ऊर्जा प्रदान इंस्टॉल की जाएगी। कंपनी का उद्देश्य है कि हॉस्टल में मौजूद बच्चों की जिंदगी को बेहतर बनाई जा सके। बॉयज और गर्ल्स में आयोजित उद्घाटन समारोह के दौरान फोटोवोल्टिक सौर ऊर्जा प्रदान करने की घोषणा की गई। वोल्टर्स क्लूवर का मुख्यालय अमेरिका में है। वहीं, इस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर जोश अंडरवुड, यूनाइटेड स्थित व्यावसायिक सेवाओं के उपाध्यक्ष स्टेट्स, और कंपनी की चेन्नई शाखा से प्रबंध निदेशक, राजू वैद्यनाथन ने हिस्सा लिया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि समाज की मदद के लिए कंपनी हमेशा खड़ी रहेगी। इस सोलर सिस्टम के जरिए , नवीकरणीय ऊर्जा के मूल्य पर जोर देना हैं। वहीं, इस कदम से बॉयज और गर्ल्स हॉस्टल में पारंपरिक बिजली स्रोतों पर निर्भरता कम होगी। वॉल्टर्स क्लूवर पिछले तीन साल से श्री अरुणोदयम के साथ मिलकर बच्चों की जिंदगी बेहतर बनाने का काम में जुटा है। पिछले तीन साल में कंपनी ने 122 बच्चों की मदद की है जो बौद्धिक दिव्यांगता से जूझ रहे हैं।

# 100 प्रतिशत नौकरी की गारंटी, अब कोचिंग संस्थान नहीं कर सकेंगे ऐसा भ्रामक दावा

**उपभोक्ता**

**केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) द्वारा तैयार अंतिम दिशा-निर्देश राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर मिली कई शिकायतों के बाद जारी किए गए हैं।**




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को कोचिंग संस्थानों द्वारा भ्रामक विज्ञापनों को नियंत्रित करने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए, जिनमें 100 प्रतिशत चयन या 100 प्रतिशत नौकरी की गारंटी जैसे झूठे दावों पर रोक लगाई गई है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) द्वारा तैयार अंतिम दिशा-निर्देश राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर मिली कई शिकायतों के बाद जारी किए गए हैं। सीसीपीए ने अब तक 54 नोटिस जारी किए हैं और करीब 54.60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने संवाददाताओं से कहा, हमने पाया है कि कोचिंग संस्थान जानबूझकर अभ्यर्थियों से जानकारी छिपा रहे हैं। इसलिए हम कोचिंग क्षेत्र में शामिल लोगों को मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए दिशा-निर्देश लेकर आए हैं। सरकार कोचिंग संस्थानों के खिलाफ नहीं है, लेकिन विज्ञापनों की गुणवत्ता से उपभोक्ता अधिकारों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। नए दिशानिर्देशों में कोचिंग संस्थानों को प्रस्तावित पाठ्यक्रमों और अवधि, अध्यापकों से संबंधित दावे, शुल्क संरचना और शुल्क वापसी की नीतियों, परीक्षा में चयन की दर और रैंक तथा चयन की गारंटी या वेतन वृद्धि के बारे में झूठे दावे करने से प्रतिबंधित किया गया है। 'कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापन की रोकथाम' शीर्षक वाले दिशा-निर्देशों में कोचिंग को अकादमिक सहायता, शिक्षा, मार्गदर्शन, अध्ययन कार्यक्रम और ट्यूशन को शामिल करने के लिए परिभाषित किया गया है। हालांकि, परामर्श, खेल और रचनात्मक गतिविधियों को इससे बाहर रखा गया है। कोचिंग संस्थान सफल अभ्यर्थियों की लिखित सहमति के बिना उनके नाम और तस्वीर या संस्थान की प्रशंसा में उनकी टिप्पणियों का उपयोग नहीं कर सकते हैं। उन्हें डिस्क्लेमर को प्रमुखता से प्रदर्शित करना चाहिए। खरे ने कहा, सिविल सेवा परीक्षा के कई अभ्यर्थी प्रारंभिक और मुख्य परीक्षाएं खुद अध्ययन करके ही उत्तीर्ण कर लेते हैं और कोचिंग संस्थानों से केवल साक्षात्कार के लिए मार्गदर्शन लेते हैं।

## उत्तर भारत में पड़ने लगा कोहरा, तीन-चार दिन में और गिरेगा तापमान, बढ़ेगी ठंड



**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में बुधवार से अचानक मौसम बदला और कोहरा के साथ ठंड महसूस होने लगी। उत्तर में जम्मू-कश्मीर के पहाड़ों पर पश्चिमी विक्षोभ का असर मंगलवार देर रात से दिखने लगा है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में दिखने लगा है। अगले कुछ दिन के बाद दिन में भी सर्दी लोगों को सताएगी। यूपी, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा और मध्य प्रदेश आदि राज्यों में ठंड बढ़ गई है और आने वाले कई दिनों ठंड बढ़ने के काफी आसार है। मौसम का मिजाज बता रहा है कि अगले तीन-चार दिनों में तापमान और नीचे जाएगा। हालांकि कड़ाके की ठंड तब भी नहीं पड़ेगी। ठंड का गहरा असर तब होगा जब पहाड़ों में भारी बर्फबारी होगी। मौसम विज्ञानियों का अनुमान है कि दो दिन बाद जब उत्तर-पश्चिम से हवा का बहाव होने लगेगा तो उत्तर के मैदानी इलाकों का तापमान भी धीरे-धीरे गोता लगाने लगेगा। दिल्ली समेत उत्तर भारत के एक बड़े इलाके को बुधवार को अचानक गहरे स्माग ने घेर रखा है। लोगों ने पहले तो इसे कोहरा समझा, लेकिन यह हकीकत में कोहरा नहीं, धुंध के साथ प्रदूषण का मिश्रण है। अभी दिल्ली में जो स्माग है, वह गुजरात और राजस्थान की ओर से आने वाली हवा के कारण है। दिल्ली में बुधवार को पहली बार औसत एक्यूआई गंभीर श्रेणी में पहुंच गया, जो 418 था। वहीं, जहांगीरपुरी में एक्यूआई दिन में 999 तक पहुंच गया था। इसको लेकर बच्चों से लेकर बुजुर्गों पर स्वास्थ्य का खतरा मंडरा रहा है। लोगों को आंखों में जलन और सांस लेने में दिक्कत का तक सामना करना पड़ रहा है। पराली जलाए जाने से बने घने स्मॉग के कारण मंगलवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का विमान लुधियाना में नहीं उतर पाने के अगले दिन बुधवार को भी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। उलटे स्थिति और खराब हो गई। अत्यधिक स्मॉग होने से राज्य गैस चैंबर बन गया है। स्मॉग की घनी चादर ने राज्य के ज्यादातर शहरों को ढंक लिया है। इस कारण दृष्यता कम होने के साथ ही सांस लेने में भी कठिनाई होने लगी है। बुधवार को लुधियाना में एक्यूआइ 500 तक पहुंच गया।

## तमिलनाडु में कैंसर पीड़िता के बेटे ने डॉक्टर पर किया चाकू से हमला, अस्पताल में भर्ती; विपक्षी दलों के निशाने पर सीएम स्टालिन

**चेन्नई।** कलैगनार सेंटनरी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के एक डाक्टर पर बुधवार को एक मरीज के बेटे ने चाकू से हमला कर दिया। युवक की मां के कैंसर का इलाज डाक्टर बालाजी जगन्नाथन द्वारा किया जा रहा था। वह एक प्रसिद्ध कैंसर विशेषज्ञ हैं और अस्पताल के कैंसर चिकित्सा विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। आरोपित युवक की पहचान विग्नेश के रूप में हुई है। वह उसी अस्पताल में पेशेंट अटेंडर है। अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि विग्नेश को अपनी मां कंचना के इलाज को लेकर शिकायत थी। उसने इलाज को लेकर बातचीत के दौरान ओपीडी के अंदर डॉक्टर पर हमला कर दिया। उसने डक्टर पर सात वार किए।

# जल, भोजन और ऊर्जा पर संकट! प्रदूषण से निपटने के लिए क्या एक होंगे भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश?

**पर्यावरण**

**इस बैठक में बर्फ के पिघलने से होने वाले अभूतपूर्व आर्थिक और पर्यावरण के नुकसान को लेकर विज्ञानियों द्वारा चेतावनी दी गई थी।**




**बाकू।** भारत ने प्रदूषण को सीमा के आरपार वाला मुद्दा बताते हुए पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों से इस पर सक्रिय और संयुक्त रूप से कदम उठाने का सख्त आग्रह किया है। यह अपील तब आई है जब उत्तरी भारत में प्रदूषण बढ़ रहा है और राजधानी नई दिल्ली में बुधवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक 418 पर पहुंचकर इस मौसम के सबसे गंभीर स्तर पर पहुंच गया। अजरबैजान में जारी संयुक्त राष्ट्र के जलवायु सम्मेलन कॉप-29 में भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे द्वारा बुलाई गई बैठक में दुनिया के सबसे ऊंचे क्रायोस्फीयर जोन को साझा करने वाले आठ में से छह देशों के प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख और मंत्रियों ने शिरकत की। बैठक में भारत ने सिंधु-गंगा मैदानी क्षेत्र की वायु गुणवत्ता को प्रभावित करने वाले वायु प्रदूषण को इन राष्ट्रों के बीच आपसी चुनौती और दबाव डालने वाला बताया। पर्यावरण एवं वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संयुक्त सचिव नरेश पाल गंगवार ने कहा, हमारे अधिकांश देश एक ही वायुक्षेत्र (सिंधु-गंगा मैदानी वायुक्षेत्र) के नीचे आते हैं। यह मुद्दा सीमा से परे है। सभी देशों को वायु प्रदूषण से निपटने के लिए मिलकर काम करना होगा। उन्होंने विशेषकर पाकिस्तान और बांग्लादेश समेत बाकी देशों से सीमा के आरपार मौजूद प्रदूषण से मुक्ति पाने के लिए कड़े, सक्रिय और संयुक्त कदम उठाने का सख्त आग्रह किया। इस माह की शुरुआत में लाहौर की बिगड़ती वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर पर पहुंच गई थी और पाकिस्तान ने इसके लिए भारत से आने वाली हवा को दोषी ठहराया था। इस बैठक में बर्फ के पिघलने से होने वाले अभूतपूर्व आर्थिक और पर्यावरण के नुकसान को लेकर विज्ञानियों द्वारा चेतावनी दी गई थी। इसमें वर्ष 2023 में रिकॉर्ड स्तर पर क्रायोस्फेरिक गिरावट शामिल थी। हिंदू कुश हिमालय क्षेत्र को एशिया का वॉटर टावर कहा जाता है और यह क्षेत्र एशिया के करीब दो अरब लोगों को स्वच्छ जल की आपूर्ति करता है। जलवायु परिवर्तन से बढ़े तापमान ने यहां पर ग्लेशियरों की बर्फ पिघलने की रफ्तार बढ़ाई है, जिससे क्षेत्र के लाखों लोगों पर जल, भोजन और ऊर्जा सुरक्षा का संकट मंडराने लगा है। बैठक में पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश के प्रतिनिधियों ने भी क्षेत्र में प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से पैदा होने वाले खतरों से निपटने के लिए कई कदम उठाने की जरूरत बताई। कॉप-29 में में कई देशों ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए खरबों डॉलर की सख्त जरूरत है। जलवायु संबंधी खर्च को स्वीकृत और जारी करने के लिए आसान और तेज प्रक्रिया की आवश्यकता है। वहीं, विकसित देशों का समूह चाहता है कि मसौदा विस्तृत और वैश्विक निवेश लक्ष्यों के अनुसार होना चाहिए, जिसमें सरकारों, निजी कंपनियों और निवेशकों समेत कई स्त्रोतों से वित्तपोषण शामिल हो। वर्ष 2023 में 40.6 प्रतिशत अरब टन के वैश्विक कार्बन डाइआक्साइड उत्सर्जन की तुलना में 2024 में कुल 41.6 अरब टन उत्सर्जन होगा जो इसे रिकॉर्ड सबसे गर्म वर्ष बनाने जा रहा है। यह बात ग्लोबल कार्बन बजट 2024 रिपोर्ट में कही गई।

## मनमाने तरीके से नहीं चलेगा बुलडोजर, कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर कार्रवाई पर ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए मनमानी कार्रवाई पर ब्रेक लगा दिया है। सर्वोच्च अदालत ने तय कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना मनमानी बुलडोजर कार्रवाई को कानून विहीनता और अराजकता करार दिया है। आगे कहा कि हमारे संविधान में इस निरंकुश और मनमानी कार्रवाई का कोई स्थान नहीं है। किसी भी आरोपित, यहां तक कि दोषी की संपत्ति (घर या दुकान, आफिस आदि) भी कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बगैर ध्वस्त नहीं की जा सकती, ऐसा करना असंवैधानिक है। न्यायाधीश बनकर कार्यपालिका किसी को दंडित नहीं कर सकती। कोर्ट ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के बारे में देशभर के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं जिसमें संपत्ति ढहाने से पहले 15 दिन का नोटिस और सुनवाई का मौका देने की बात कही गई है। हालांकि पीठ ने स्पष्ट किया कि यह आदेश किसी भी सार्वजनिक संपत्ति पर अतिक्रमण और अवैध कब्जे के बारे में लागू नहीं होगा। ऐसे अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई की जा सकती है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने बुलडोजर कार्रवाई के विरुद्ध दाखिल जमीयत उलमा ए हिंद व अन्य की याचिकाओं पर यह आदेश दिया है। हालांकि कोर्ट ने केस का नाम बदलकर ध्वस्तीकरण के मामले में निर्देश कर दिया था। कोर्ट ने 95 पृष्ठ के विस्तृत आदेश में घर के मौलिक अधिकार पर मुहर लगाते हुए कहा कि घर यानी आश्रय स्थल जीवन के मौलिक अधिकार का हिस्सा है।

## ये देश हमारा है, गोरे इंग्लैंड जाओ..., अब कनाडावासियों को धमकी देने लगे खालिस्तान समर्थक; क्या करेंगे टूडो?



**नई दिल्ली।** कनाडा में खालिस्तान समर्थकों ने अब सारी हदें पार कर दी है। जिस देश ने उन्हें रहने के लिए जगह दिया, वहां के नागरिकों को ही अब खालिस्तानी आतंकी धमकियां दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक खालिस्तान समर्थक कह रहा है कि कनाडा उनका है, गोरे (श्वेत) लोगों को इंग्लैंड या यूरोप चले जाना चाहिए। वीडियो में देखा जा सकता है कि खालिस्तान समर्थक लोगों ने एक जुलूस निकाला है। कैमरे के पीछे से एक व्यक्ति लगातार कह रहा है कि कनाडा हमारा देश है। दो मिनट के वायरल वीडियो में खालिस्तान समर्थकों ने कनाडाई लोगों को 'घुसपैठिया' कहा है। इस वीडियो को एक शख्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा, ÷खालिस्तानी सरे बीसी में मार्च करते हैं और दावा करते हुए लोग दावा कर रहे हैं कि वो कनाडा के मालिक हैं और गोरे लोगों को यूरोप और इजराइल वापस चले जाना चाहिए÷। हम इन लोगों को अपनी विदेश नीति को आकार देने की अनुमति कैसे दे रहे हैं? इस घटना ने खालिस्तान समर्थकों का साथ देने वाले टूडो सरकार की चिंता बढ़ा दी है। दरअसल, पीएम जस्टिन टूडो की अगुआई में कनाडा सरकार ने खालिस्तान समर्थकों को सुरक्षा प्रदान की है। अब जो लोग कनाडा में जाकर बस गए हैं और खुद का खालिस्तान समर्थक बता रहें हैं उन्हीं लोगों ने कनाडा सरकार की चिंता बढ़ा दी है। दरअसल, कनाडा में खालिस्तान समर्थक बेलगाम हो चुके हैं। देश के सभी पहलुओं पर ये लोग अपना 'कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। भारत ने जब-जब कनाडा से खालिस्तान समर्थकों के खिलाफ एक्शन लेने की मांग की है, वहां की सरकार भारत की बात को नजरअंदाज कर देती है। वहीं, कनाडा की सरकार उल्टा खालिस्तान समर्थकों की हत्या का झूठा इल्जाम भारत पर गढ़ देती है। हाल ही में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की पिछले साल हुई हत्या को लेकर भारत और कनाडा के रिश्ते बिगड़ चुके हैं।कनाडा उसकी हत्या के लिए भारत को कसूरवार बता रहा है।

## रूस से युद्ध लड़ रहे यूक्रेन को अगले साल नहीं होगी दिक्कत! जाते-जाते बाइडन करने जा रहे ऐसा इंतजाम

**कीव।** डोनाल्ड ट्रंप की ओर से रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने की योजना को देखते हुए दोनों देश अधिक से अधिक लाभ की स्थिति में रहने का प्रयास कर रही है। रूस जहां कु?र्स्क क्षेत्र से यूक्रेनी सेना को खदेड़ने का प्रयास कर रही है, वहीं यूक्रेन रूसी सेना को अपने क्षेत्र में बढ़ने से रोकने और कब्जे वाले क्षेत्रों से पीछे धकेलने का प्रयास कर रहा है। इस बीच, जाते-जाते जो बाइडन यूक्रेन को युद्ध में अगले वर्ष दिक्कत न हो इसका इंतजाम करने जा रहे हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि बाइडन यूक्रेन की मदद के लिए प्रतिबद्ध हैं, इसलिए वह यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यूक्रेन अगले साल रूस के आक्रमण से लड़ सके।

# ट्रंप कैबिनेट में एक और हिंदू नेता को मिली बड़ी जिम्मेदारी, अमेरिका की नई राष्ट्रीय खुफिया निदेशक होंगी तुलसी गबार्ड

**ट्रंप**

**44 साल के पीट हेगसेथ अफगानिस्तान और इराक में सैन्य सेवा दे चुके हैं। ट्रंप ने**



**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप की कैबिनेट में एक और हिंदू नेता की एंट्री हो गई है। ट्रंप ने भारतवंशी तुलसी गबार्ड को अमेरिका की नई राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के रूप में नियुक्त किया है। पूर्व कांग्रेस सदस्य तुलसी गबार्ड की पहचान अमेरिका की पहली हिंदू कांग्रेस वूमन के तौर पर भी है। तुलसी गबार्ड एक सैनिक भी रह चुकीं हैं और विभिन्न मौकों पर मध्य पूर्व और अफ्रीका के युद्ध क्षेत्रों तैनात रही हैं। वह कुछ समय पहले डेमोक्रेट पार्टी से अलग हो गई थीं और चुनाव के समय रिपब्लिकन पार्टी में शामिल हुई थीं। साल 2019 में तुलसी गबार्ड ने डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद की प्राथमिक बहस में कमला हैरिस को शिकस्त दी थी। हालांकि वे राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ में पिछड़ गईं। साल 2022 में वो डेमोक्रेटिक पार्टी को छोड़कर रिपब्लिकन पार्टी में शामिल हो गईं थीं। ट्रंप ने चुनावी बहस में हैरिस को हराने के लिए तुलसी से मदद भी मांगी थी। अमेरिकी में जन्मी तुलसी गबार्ड के पिता समोआ और यूरोपीय वंश के हैं। हिंदू धर्म में उनकी रुचि के कारण उन्होंने उनका नाम तुलसी रखा। डोनाल्ड ट्रंप ने कई बड़े पदों पर नियुक्तियों के बाद टेस्ला प्रमुख एलन मस्क और करोड़पति उद्यमी से नेता बने विवेक रामास्वामी को भी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। ट्रंप ने एलान किया है कि मास्क और रामास्वामी सरकारी दक्षता विभाग का नेतृत्व करेंगे। विवके रामास्वामी एक धनी बायोटेक उद्यमी हैं। भले ही उनके पास किसी तरह का सरकारी अनुभव नहीं है, लेकिन उन्होंने कॉरपोरेट क्षेत्र में काम किया है और वह लागत में कटौती पर जोर दिया है। द्वइसके अलावा डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के नए रक्षा सचिव के नाम का भी ऐलान कर दिया है। ट्रंप ने फॉक्स न्यूज के होस्ट, लेखक पीट हेगसेथ को रक्षा सचिव के पद के लिए चुना है। वो पूर्व सैनिक भी हैं।

44 साल के पीट हेगसेथ अफगानिस्तान और इराक में सैन्य सेवा दे चुके हैं। ट्रंप ने उन्हें सख्त, स्मार्ट और अमेरिका फर्स्ट में सच्चा विश्वास रखने वाला शख्स बताया है। इसके अलावा, ट्रंप ने फ्लोरिडा केमैट गेट्ज को देश का नया अटॉर्नी जनरल चुना है।

## डेटिंग, चीटिंग और फिर रेप; 200 महिलाओं के साथ दुष्कर्म करने वाले सलामत को दी गई ईरान की सबसे बड़ी सजा

**तेहरान।** कई महिलाओं के साथ दुष्कर्म करने के दोषी एक ईरानी शख्स को सार्वजनिक रूप से फांसी दी गई। सुप्रीम कोर्ट द्वारा अक्टूबर में मोहम्मद अली सलामत की मौत की सजा की पुष्टि किए जाने के बाद यह कदम उठाया गया। उसे मंगलवार सुबह हमीदान में मौत की सजा दी गई। फार्मेसी और जिम चलाने वाले 43 साल के सलामत पर 200 महिलाओं ने रेप का आरोप लगाया था। ऐसा कहा जाता है कि उसने पिछले 20 वर्षों में ये अपराध किए थे। ईरानी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कई मामलों में सलामत ने महिलाओं को शादी का प्रस्ताव देने, डेट करने के बाद उससे दुष्कर्म किया था।

## व्हाइट हाउस में जो बाइडन और ट्रंप की मुलाकात, अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव नतीजों के बाद पहली बार मिले दोनों नेता


**अनुसार**

**मुलाकात में बाइडन ने पूर्व वादे के अनुसार जनवरी में सामान्य तरीके से सत्ता के हस्तांतरण का वचन दिया।**



**वाशिंगटन।** अमेरिका में करीब चार वर्ष तक कट्टर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी रहे राष्ट्रपति जो बाइडन और निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बुधवार को व्हाइट हाउस में मुलाकात हुई। मुलाकात में बाइडन ने पूर्व वादे के अनुसार जनवरी में सामान्य तरीके से सत्ता के हस्तांतरण का वचन दिया। ओवल हाउस में हुई दोनों नेताओं की मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई। ट्रंप का बाइडन और उनकी पत्नी जिल ने स्वागत किया। इस दौरान जिल बाइडन ने ट्रंप को पत्नी मेलानिया के लिए हस्तलिखित शुभकामना संदेश भी दिया। 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में बाइडन ने ट्रंप को हरा दिया था, उसके बाद हालात तनावपूर्ण बन गए थे और ट्रंप ने चुनाव में गड़बड़ी होने का आरोप लगाते हुए बाइडन को जीत की बधाई नहीं दी थी। उसी दौरान ट्रंप समर्थकों ने अमेरिकी संसद पर हमला कर उस पर कब्जा कर लिया था। इस बार के चुनाव में भी दोनों ओर से हुए व्यक्तिगत आक्षेपों के बाद जुलाई में बाइडन ने अपनी उम्मीदवारी छोड़ी थी। प्रचार के दौरान बाइडन ने जहां ट्रंप को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया था, वहीं ट्रंप ने बाइडन को अक्षम कहा था। उसी के बाद कमला हैरिस डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रत्याशी बनकर चुनाव लड़ीं थीं। बुधवार को हुई मुलाकात के बाद बाइडन ने कहा, हम भविष्य की ओर देख रहे हैं। जैसा कि पहले कह चुका हूं सत्ता का सुगम हस्तांतरण होगा। वह सारे कार्य होंगे जो आपके लिए (ट्रंप के लिए) सुविधाजनक होंगे। हम वापसी के लिए आपका स्वागत करते हैं। इसके जवाब में ट्रंप ने कहा, राजनीति कठोर होती है और विश्व में तमाम उदाहरण हैं जिनमें राजनीतिक अनुभव अच्छे नहीं रहे हैं। लेकिन आज बहुत अच्छा लग रहा है। सत्ता के सुगम हस्तांतरण के लिए जिस तरह का माहौल बना है

## बांग्लादेश में प्रेस की स्वतंत्रता खतरे में, 167 पत्रकारों की मान्यता रद; एडिटर्स काउंसिल ने जताई चिंता



**ढाका।** बांग्लादेश की एडिटर्स काउंसिल ने अंतरिम सरकार द्वारा 167 पत्रकारों की मान्यता रद करने के निर्णय की निंदा की है और कहा है कि यह कार्रवाई प्रेस की स्वतंत्रता को खतरे में डालती है। इस कदम से सेंसरशिप का खतरा उत्पन्न होता है और लोकतांत्रिक माहौल भी कमजोर होता है। ढाका ट्रिब्यून अखबार ने मंगलवार को बताया कि प्रेस सूचना विभाग ने तीन चरणों में 167 पत्रकारों का मान्यता पत्र रद कर दिया है। इनमें कई अनुभवी पत्रकार और संपादक भी शामिल हैं। इससे एडिटर्स काउंसिल में चिंता पैदा हो गई है। काउंसिल द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, वैसे तो सूचना मंत्रालय को मान्यता के किसी भी दुरुपयोग की जांच करने का अधिकार है। परंतु हमारा मानना है कि स्पष्ट आरोपों या सुबूतों के बिना प्रेस कार्ड रद करना एक खतरनाक मिसाल कायम करता है। यह कार्रवाई प्रेस की स्वतंत्रता को खतरे में डालती है और लोकतांत्रिक माहौल को कमजोर करती है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने रविवार को कहा कि वह अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और अन्य को भारत से वापस लाने में इंटरपोल की सहायता मांगेगी। हसीना और उनकी पार्टी के नेताओं पर छात्र आंदोलन के क्रूर दमन का आदेश देने का आरोप लगाया गया है।

# क्या ट्रंप बदलेंगे अमेरिका का संविधान? तीसरा बार भी बनना चाहते हैं राष्ट्रपति



**नई दिल्ली।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक ऐसा बयान दिया है, जिससे अमेरिका में खलबली मच गई है। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने वाले ट्रंप ने इशारों-इशारों में यह बात कहा है कि वो तीसरी बार भी राष्ट्रपति बनने के इच्छुक हैं। बुधवार को निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रतिनिधि सभा में चुनाव जीतकर आए अपनी रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों से भी मिले। उन्होंने सदन में पार्टी की स्थिति पर संतोष जताया। कहा, जीत हमेशा अच्छी होती है। इस दौरान ट्रंप ने राष्ट्रपति पद के तीसरे कार्यकाल में भी कार्य करने की इच्छा जताई। प्रतिनिधि सभा के लिए चुने गए रिपब्लिकन नेताओं के सामने अपने भाषण के दौरान कहा, %मुझे संदेह है कि मैं तब तक दोबारा चुनाव नहीं लड़ूंगा, जब तक आप यह नहीं कहते, वह अच्छे हैं, हमें कुछ और सोचना है। अमेरिका में वर्तमान संवैधानिक व्यवस्था में कोई भी व्यक्ति दो कार्यकाल से ज्यादा राष्ट्रपति पद पर नहीं रह सकता है। इस संवैधानिक व्यवस्था में बदलाव तभी हो सकता है जब अमेरिका के सभी राज्यों की असेंबली तीन चौथाई बहुमत से प्रस्ताव पारित करें। गौरतलब है कि राष्ट्रपति का कार्यकाल बढ़ाने के लिए संविधान में संशोधन की यह प्रक्रिया करीब सात वर्ष लंबी है। फ्रैंकलिन डी रुजवेल्ट 1933 में राष्ट्रपति बनने के बाद 1945 में मृत्यु होने तक राष्ट्रपति रहे थे। वह अमेरिका के दो कार्यकाल से ज्यादा राष्ट्रपति रहने वाले इकलौते व्यक्ति हैं। उन्हीं के बाद संविधान में संशोधन कर अधिकतम दो बार राष्ट्रपति बनने की व्यवस्था बनाई गई। राष्ट्रपति पद की शपथ लेने वाले अमेरिका के इतिहास के सबसे बुजुर्ग राष्ट्रपति होंगे। दरअसल, 20 जनवरी को जब ट्रंप राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे तो उनकी उम्र 78 साल 221 दिन होगी।

बता दें कि बुधवार को व्हाइट हाउस में मुलाकात हुई। मुलाकात में बाइडन ने पूर्व वादे के अनुसार जनवरी में सामान्य तरीके से सत्ता के हस्तांतरण का वचन दिया। ओवल हाउस में हुई दोनों नेताओं की मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई।

# आयोग के झुकने के बाद भी जारी है छात्रों का आंदोलन

- अभ्यर्थी आरओ-एआरओ परीक्षा को भी एक दिन में कराने की मांग पर अड़े



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के झुकने के बाद भी प्रतियोगी छात्रों का धरना प्रदर्शन और आंदोलन जारी है। छात्र आयोग के दो नंबर गेट के सामने डंटे हुए हैं और हटने के लिए तैयार नहीं है। प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना है कि आरओ-एआरओ प्रारंभिक परीक्षा भी एक दिन में कराने की घोषणा की जाए, तभी उनका आंदोलन पूरी तरह से खत्म होगा।

छात्रों का कहना है कि आरओ-एआरओ परीक्षा के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित करने का आश्वासन देकर आयोग प्रतियोगी छात्रों को बरगला नहीं सकता है। दोनों परीक्षाओं को एक दिन एक शिफ्ट में कराने की मांग को लेकर आंदोलन शुरू किया गया था। आयोग ने एक ही परीक्षा की मांग मानी है, जबकि आरओ एआरओ परीक्षा को एक दिन में कराने के लिए कोई फैसला नहीं किया है।

आयोग पर प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थी आरओ-एआरओ परीक्षा को भी एक दिन में कराने की मांग पर अड़े हैं। आयोग के सचिव ने कहा कि आरओ-एआरओ के लिए उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया जाएगा। कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर परीक्षा कराने का निर्णय लिया जाएगा, लेकिन छात्र मानने के लिए तैयार नहीं हैं। चाहते हैं कि आयोग एक दिन परीक्षा कराने का नोटिस जारी करे, जिस तरह से पीसीएस को कराने का जारी किया गया है।

### आरओ-एआरओ परीक्षा में पंजीकृत हैं 10 लाख से अधिक अभ्यर्थी

आरओ/एआरओ परीक्षा में तो 1076004 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं, जिनकी संख्या पीसीएस परीक्षा के मुकाबले कहीं अधिक है। शासनादेश के अनुसार ऐसे परीक्षा केंद्र न बनाएं जाएं जो प्राइवेट या अधोमानक हों। शासनादेश के अनुसार कलेक्ट्रेट/कोषागार से 20 किमी की परिधि तक परीक्षा केंद्रों के विस्तार की कोशिश की गई है। विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों मेडिकल कॉलेजों, इंजीनियरिंग कॉलेजों को भी शामिल करने की कोशिश की गई, लेकिन पर्याप्त संख्या में केंद्र नहीं मिल सके।

# ई-लाटरी से कृषि यंत्रों हेतु 186 कृषकों का हुआ चयन

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में गठित कृषि यंत्रीकरण की 15 सदस्यीय जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति की निगरानी में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उन्नति शील कृषि यंत्रो के 186 लक्ष्य के सापेक्ष ई-लाटरी के माध्यम से 186 कृषको का पारदर्शी तरीके से चयन किया गया। एलईडी लगाकर पहले किसानों को डेमो के रूप में मॉक ड्रील करके दिखाया गया, फिर ई-लाटरी द्वारा चयन किया गया। 10 हजार रुपये से अधिक अनुदान वाले कृषि यंत्रों के लिए 107 रोटावेटर, 16 कस्टम हायरिंग सेंटर, तीन कंबाइन हार्वेस्टर, चार स्माल गोदाम, पाच पावर टिलर, 09 लेजर लैंड लेवलर, 11 कल्टीवेटर, पाच स्ट्रा रीपर, सात थ्रेशर, चार मिनीराइस मिल और 15 चैफ कटर के लिए किसानों का चयन किया गया। कार्यक्रम का संचालन उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव ने किया। पारदर्शी तरीके से ई-लाटरी से कृषि यन्त्रो हेतु कृषको के चयन की प्रक्रिया को किसानों ने सराहा। इस मौके पर उपनिदेशक कृषि हिमांशु पाण्डेय, जिला कृषि अधिकारी विनय सिंह, जिला उद्यान अधिकारी डा. सीमा सिंह राणा, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, एलडीएम, कृषि वैज्ञानिक डा. सुरेंद्र प्रताप सोनकर, जिला गन्ना अधिकारी सहित इन्द्रशेन सिंह, प्रेमचंद मौर्य, कमलेश यादव, जुनेद अहमद, आतीस तिवारी, आशा, मालती देवी आदि किसान मौजूद रहे।

# सेंट मैरी स्कूल में मनाया गया बाल दिवस

- पं. नेहरू के योगदान पर डाला गया प्रकाश
- स्कूली बच्चों ने रंगारंग संस्कृत कार्यक्रम प्रस्तुत किये

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर (खेतासराय)** नवम्बर स्टेशन गली में स्थित सेंट मैरी स्कूल में बाल दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। यह दिन बच्चों के लिए खास था, क्योंकि यह न केवल उनके अधिकारों और खुशियों का प्रतीक है, बल्कि हमारे पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर भी है। नेहरू जी हमेशा बच्चों को देश के उज्जवल भविष्य की नींव मानते थे और उनका यह आदर्श आज भी हम सभी के दिलों में जीवित है। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों ने खेलकूद बाल दिवस प्रतिज्ञा से की, जिसके बाद प्रधानाचार्य पूजा जायसवाल ने बच्चों को बाल दिवस के रोचक तथ्यों से अवगत कराया, इसके बाद अध्यापिका रहनुमा खान और आतीफ़ा शेख़ ने बच्चों के लिए सुंदर विचार प्रस्तुत किए, जो उन्हें जीवन में प्रेरणा देने वाले थे। विद्यालय के प्रबंधक अब्बास हैदर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल दिवस हमें यह सिखाता है कि किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास जरूरी है। हमें अपने जीवन में एक ठानी हुई दिशा में आगे बढ़ते रहना चाहिए। बाल दिवस के मौके पर स्कूल के बच्चों के लिए कई रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था इस मौके पर अशोक यादव, रजनी बरनवाल, उर्वशी बरनवाल, दिया तिवारी,समेत तमाम अध्यापक मौजूद थे।

# लोक सेवा आयोग पर छात्रों का प्रदर्शन हुआ तेज

- पुलिस से नहीं संभले हालात, तोड़ी बैरीकेटिंग
- सादी वर्दी में पहुंचे पुलिसकर्मियों ने छात्रों को हटाने का किया प्रयास

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के गेट पर चल रहा छात्रों का प्रदर्शन चौथे दिन गुरुवार को और उग्र हो गया। हालात ऐसे बन गए कि स्थानीय पुलिस को छात्रों के सामने पीछे हटना पड़ा। इस बीच मौका पाकर प्रदर्शनकारी छात्रों ने पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ दी और आयोग के दफ्तर में घुस गए। छात्रों को रोकने के लिए स्पेशल टॉस्क फोर्स को बुलाना पड़ा। सिविल ड्रेस में पहुंचे एसटीएफ के जवानों से छात्रों की तीखी झड़प भी हुई। आयोग और यूपी सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जता रहे छात्रों की मांग को सुनने के बजाय उन्हें वहां से हटाने की कोशिश लगातार की जा रही है। बुधवार को आंदोलन के दौरान कई छात्रों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया जिससे छात्रों में और नाराजगी रही। गुरुवार को शुरू हुए आंदोलन के दौरान मौके पर पहुंची सादे पोशाक मे पहुंचे एसटीएफ ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों और छात्राओं को वहां से घसीटकर भगाने का प्रयास किया। हलांकि छात्रों का प्रदर्शन लगातार जारी है। प्रयागराज में लोक सेवा आयोग गेट के सामने पिछले चार दिनों से लगातार हजारों छात्रों की भीड़ आयोग को जगाने का काम कर रही है। गुरुवार की सुबह प्रदर्शन कर रहे छात्रों को जब पुलिस हटाने पहुंची तो छात्रों और पुलिसकर्मियों के बीच झड़प हो गई। सादे वेशभूषा मे पहुंचे एसटीएफ के सिपाहियों ने छात्रों को घसीटकर हटाने की कोशिश करने लगे। इस दौरान छात्रों का आक्रोश और बढ़ गया। छात्र सड़क पर लेट गये। पुलिस ने आयोग के रास्ते रास्तो को बंद कर दिया है। छात्रों का कहना है कि जब तक हमारी मांगे पूरी नही होगी यह प्रदर्शन बंद होने वाला नही है। हम बटेंगे नही, हम हटेंगे नही। दो दिवसीय परीक्षा और नार्मलाइजेशन (मानकीकरण) यूपीपीएससी के सामने आंदोलनरत छात्रों और पुलिस के बीच सुबह बवाल हुआ। पुलिस उपायुकत (नगर) अभिषेक भारती ने लोक सेवा आयोग के सामने छात्र/छात्राओं को हिरासत में लेने की खबर को भ्रामक बताया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगी छात्र शांतिपूर्वक धरना पर बैठे हुए हैं। उनके बीच कुछ अराजकतत्व और उपद्रवी घुसे और शासन, प्रशासन और छात्रों से संवाद को रोकने और उनको भडकाने का कार्य कर रहे थे। उन्होंने बताया कि किसी भी छात्र और छात्रा को हिरासत में नहीं लिया गया है। यह भ्रामक खबर लोगों में फैलाई जा रही है। मौके पर महिला फोर्स मौजूद है। उन्होंने कहा कि जो भी अराजक तत्व छात्रों के बीच आकर उनको बरगलाने का कार्य कर रहे हैं उनके खिलाफ पुलिस लगातार विधिक कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि छात्रों से शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने और अवरोध किए गए मार्ग को खोलने का अनुरोध किया गया है। छात्रों का आरोप है कि गुरूवार की सुबह पुलिस सिविल ड्रेस में पहुंची और छात्रों के साथ मारपीट करने लगी। उनका आरोप है कि पुलिस उन्हें धरना प्रदर्शन करने से रोक रही थी। कुछ छात्रों को उठा कर वाहन में भी ले जाया गया।

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो.नि.वि., बहराइच

पत्रांक : 3058/8काम/ई-टेण्डरिंग/बह0-श्राव0वृत्त/2024-25 दिनांकः 08.11.2024

**अल्प कालीन ई-टेण्डर निविदा सूचना**

अधीक्षण अभियन्ता, बह0-श्राव0 वृत्त, लो0नि0वि0, बहराइच द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्मा ण विभाग में ए, बी एवं सी श्रेणी के पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद बहराइच के निम्न वर्णन के अनुसार कार्य की निविदा प्रतिशत दरो के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | निविदा की लागत (बिना जी.एस.टी.) (रू. लाख में) | बिड सिक्योरिटी (रू. लाख में) | निविदा प्रप्त्र का मूल्य (समस्त करों सहित रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| विधान सभा- कैसरगंज | | | | | | |
| 1 | बहराइच | वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुंडासर जैतापुर मार्ग से पारले सेवा केंद्र सम्पर्क मार्ग किमी-1(800) का पुनर्निर्माण का कार्य एवं पांच वर्ष का अनुरक्षण कार्य। | 38.22 | 3.90 | 2715.00 | 6 Month |
| 2 | बहराइच | वित्तीय वर्ष 2024-25 में भिलोरा जगतापुर मार्ग से चक जगतापुर सम्पर्क मार्ग किमी-1(770) का पुनर्निर्मा ण का कार्य एवं पांच वर्ष का अनुरक्षण कार्य। | 34.98 | 3.50 | 2715.00 | 6 Month |
| 3 | बहराइच | वित्तीय वर्ष 2024-25 में लखनऊ बहराइच मार्ग से भयापुरवा मुस्तफाबाद संपर्क मार्ग किमी.-1(750) का पुनर्निर्माण का कार्य एवं पांच वर्ष का अनुरक्षण कार्य। | 37.39 | 3.80 | 2715.00 | 6 Month |
| 4 | बहराइच | वित्तीय वर्ष 2024-25 में वजीरगंज नंदवल मार्ग से ढकेरवा सम्पर्क मार्ग किमी-1 का पुनर्निर्माण का कार्य एवं पांच वर्ष का अनुरक्षण कार्य। | 45.11 | 4.30 | 2715.00 | 6 Month |
| 5 | बहराइच | वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुंडासर जैतापुर मार्ग से कंदौसा ग्राम संपर्क मार्ग किमी.-1 (750) का पुनर्निर्माण का कार्य एवं पांच वर्ष का अनुरक्षण कार्य। | 33.78 | 3.40 | 2715.00 | 6 Month |
| 6 | बहराइच | वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुंडासर कटेला मार्ग से कुम्हारनपुरवा सम्पर्क मार्ग किमी.-1(700) का पुनर्निर्माण का कार्य एवं पांच वर्ष का अनुरक्षण कार्य। | 31.52 | 3.20 | 2715.00 | 6 Month |
| 7 | बहराइच | वित्तीय वर्ष 2024-25 में फखरपुर जगतापुर मार्ग से गड़ेरियनपुरवा संपर्क मार्ग किमी.-1(650) का पुनर्निर्माण का कार्य एवं पांच वर्ष का अनुरक्षण कार्य। | 29.25 | 2.95 | 2715.00 | 6 Month |
| 8 | बहराइच | वित्तीय वर्ष 2024-25 में पारले चीनी मिल मार्ग से पहाड़ापुर ग्राम तक सम्पर्क मार्ग किमी.-1(650) का पुनर्निर्माण का कार्य एवं पांच वर्ष का अनुरक्षण कार्य। | 29.05 | 2.91 | 2715.00 | 6 Month |

1. ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदायें प्रकाशित होने की तिथिः- दिनांक 18.11.2024 से पूर्व।
2. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड-सबमिट करने का माध्यम-

(क) बिड डाक्यूमेन्ट आन-लाईन दिनांक 18.11.2024 से 30.11.2024 तक उपलब्ध रहेगी, जो आन-लाइन http://etender.up.nic.in पर ही सबमिट किया जायेगा।

(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेब-साइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आन-लाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।

(ग) ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 30.11.2024दोपहर 12.00 बजे तक एवं टेकनिकल क्वालिफिकेशन पार्ट-1 दिनांक 30.11.2024 अपराह्न 12.30 बजे से कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो.नि.वि., बहराइच में खोला जायेगा। विस्तृत विवरण http//etender.up.nic.in देखा जा सकता है।

(घ) शासनादेश संख्या 14/2020/879/तेइस-7-2020-176(सा0)/06 दिनांक 25-08-2020 में दिये गये दिशा-निर्देशों के अनुसार निविदा सम्बन्धी समस्त कार्यवाही प्रहरी के माध्यम से की जायेगी।

**(इं. अमर सिंह)**
**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड-1, लो.नि.वि., बहराइच**

**UPID-222196 Dated-12-11-2024**
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

**(इं. भगवान दास)**
**अधीक्षण अभियन्ता**
**बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो.नि.वि., बहराइच**

### कार्तिक पूर्णिमा का ऐतिहासिक मेला आज

**जौनपुर (जफराबाद)।** सिरकोनी विकास खण्ड के राजेपुर रामेश्वरम धाम पर लगने वाला ऐतिहासिक कार्तिक पूर्णिमा का मेला शुक्रवार को लगेगा। आदि गंगा गोमती तथा सई नदी के संगम स्थल पर लगने वाले मेले की तैयारिया पूर्ण हो चुकी है।मेले में दुकान लगाने वाले दुकानदार अपना जगह चिन्हित करके दुकान का स्वरूप बना रहे है।महिलाओ के लिए चरखे, झूले आदि लग कर लगभग तैयार हैं। साफ सफाई को लेकर खण्ड विकास अधिकारी नीरज जायसवाल ने पूरी तरह से सक्रियता बरतते हुए सफाई कर्मियों व सचिव को विशेष निर्देश दिया। साफ सफाई का लगातार विडीओ मंगवाकर मुआयना करते रहे। सुरक्षा की दृष्टि से संगम स्थल पर विशेष निगरानी रखी जायेगी।

### किसानों को लहसुन की खेती के लिए प्रोत्साहित कर रहा उद्यान विभाग

**जौनपुर।** जिला उद्यान अधिकारी ने अवगत कराया है कि लहसुन की खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने हेतु उद्यान विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत विशेष योजना बनाई गयी है, लहसुन की बढती मांग और कृषको की आर्थिक स्थिति को सुदृढ करने हेतु प्रदेश सरकार से मसाला क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम के तहत जनपद को 250 हे0 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसमे 200 हे0 सामान्य व 50 हे0 अनुसूचित जाति के किसानो को देय होगा। किसान इस योजना का लाभ प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर प्राप्त कर सकते है। इच्छुक कृषक खतौनी, आधार कार्ड, बैक पासबुक की फोटोकापी व 1 फोटो देकर पंजीयन कराकर जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय से निःशुल्क बीज प्राप्त कर सकते है। कृषक अपना आनलाइन पंजीकरण http://dbt.uphorticulture.in/ पर भी कर सकते है लहसुन का बीज राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान, नई दिल्ली (NHRDF) से प्राप्त कर किसानो को उपलब्ध कराया जायेगा। ह्यात्रष्ठस्न से ही मंगाया गया प्याज का बीज किसानों को वितरित किया गया जो अब समाप्ति की ओर है। इसके अतिरिक्त शाकभाजी का बीज भी जिसमे फूलगोभी पत्तागोभी, टमाटर, शिमला मिर्च, करैला, खीरा निःशुल्क वितरित किया जा रहा हैं।

## कार्यालय ग्राम पंचायत बैजेमऊ विकास खण्ड मौदहा - हमीरपुर

पत्रांक- 73/ निविदा प्रकाशन/मनरेगा/2024-25 दिनांक : 14/11/2024

**अल्पकालीन निविदा प्रकाशन**

ग्राम पंचायत बैजेमऊ में मनरेगा योजना के अर्न्तगत कराये जाने वाले निर्माण कार्यो में प्रयोगार्थ सामग्री आपूर्ति हेतु ग्रा0अ0वि0/लो0नि0वि0/सि0वि0/आयकर/व्यापार कर/ग्राम पंचायत/विकास खण्ड/जिला पंचायत में पंजीकृत फर्मो/सप्लायरो से मुहरबंद निविदाये आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्यालय से कार्य दिवसो मे प्रातः 10.00 बजे से 05.00 बजे सायं तक दिनांक 15.11.2024 से 29.11.2024 तक निविदा मूल्य (कालम सं0 06 मे दर्शाये गये) देकर प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदाये दिनांक 30.11.2024 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा ग्राम पंचायत अथवा समिति के समक्ष खोले जायेगें।

| क्र. स. | कार्य का नाम | स्वीकृत धनराशि जी.एस.टी. सहित (रू. में) | समग्री अंश (रू. में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य मोतीलाल के घर से टूटियां तक | 386187.00 | 319000.00 | 6380.00 | 250+18 प्रतिशत जी0एस0टी0 | 3 माह |
| 2 | सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य धरमू सिंह के घर से कुलदीप सिंह के घर तक | 694689.00 | 620000.00 | 12400.00 | 450+18 प्रतिशत जी0एस0टी0 | 3 माह |

**निविदा हेतु शर्ते :-**

1. निविदा प्रपत्र/कुटेशन के साथ 100 रू0 का स्टाम्प एवं 1 रू0 का रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर अनिवार्य होगा।
2. प्रत्येक निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर राशि (कालम नं0 5 पर प्रदर्शित) राष्ट्रीयकृत बैंको की एफ0डी0आर0/डाक विभाग की एन0एस0सी0 जो ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत बैजेमऊ वि0ख0 मौदहा- हमीरपुर के नाम बंधक/देय होगा। यह निविदा दिनांक से 180 दिन तक वैध होगा। धरोहर राशि न होने पर कार्य पूर्ण होने तक उतनी धनराशि रोककर भुगतान किया जायेगा।
3. निविदादाता आयकर दाता हो तथा वाणिज्य कर कार्यालय मे पंजीकृत हो जी0एस0टी0 नम्बर अंकित होगा।
4. लोक निर्माण विभाग द्वारा शासनादेश सं0 6738/23.07.2016 - 176 (सा0)/06 दिनांक 28.12.2006 के अनसार दिशा निर्देशो के क्रम मे हो ।
5. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
6. पृथक-पृथक कार्य हेतु प्रथक प्रथक निविदा प्रपत्र भरने होगे। एक कार्य की एक निविदा स्वीकार की जायेगी।
7. फर्म/सप्लायर कार्य स्थल का भलीभांति परीक्षण कर ले निविदा स्वीकृति के पश्चात कार्य स्थल पर निर्माण सामग्री की आपूर्ति कार्य प्रभारी/अधोहस्ताक्षरी की मांग के अनुसार की जायेगी, जिसके सम्बन्ध में कोई दावा मान्य न होगा।
8. ग्राम पंचायत/समिति/अधोहस्ताक्षरी किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत अथवा बिना कारण बताये समस्त निविदाये निरस्त कर सकती है।
9. उक्त सामग्री घट या बढ सकती है जिस पर कोई दावा मान्य नहीं होगा।
10. शासनादेश सं0 730/33-3-2022-11/2022 पंचायतीराज अनुभाग-3 दिनांक 26 अप्रैल 2022 में वर्णित रिश्तेदार निविदादाता नही होना चाहिये।
11. शासनादेश सं0 137/अडतीस-7-2022-63 नरेगा/ 2009 ग्राम्य विकास अनुभाग 7 दिनांक 21.03.2022 में वर्णित रिश्तेदार निविदादाता नहीं होना चाहिये।
12. प्रत्येक दशा मे निविदा प्रपत्र के साथ समस्त सूचनाये निर्धारित प्रारूप पर संलग्न होना चाहिये।
13. निविदादाता अपराधिक प्रवृत्ति का नहीं होना चाहिये।

**जुगुल किशोरी**
**प्रधान**
**ग्रा.पं. बैजेमऊ**

**नितेश कुमार सिंह**
**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्रा.पं. - बैजेमऊ**

## कार्यालय नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा जनपद - अयोध्या

पत्रांक- 317/न0पं0भ0/2024-25 दिनॉक - 13/11/2024

**खुले में शौच मुक्त (ओ.डी.एफ + +) हेतु आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा जनपद अयोध्या में स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत समस्त 1 से 18 वार्डो को खुलें में शौच मुक्त ओ.डी.एफ. और ओ.डी.एफ.+ घोषित किया जा चुका है, नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा के सभी सम्मानित नागरिकों के बहुमुल्य प्रयासों से मानकों के अनुसार सभी 18 वार्डे को एस. बी.एम. ओ.डी.एफ. और ओ.डी.एफ. + किया जा चुका है, तथा 15 दिवस के अन्दर ओ.डी.एफ. ++ से भी सम्बन्धित आपत्ति/सुझाव मांगे गये थे। परन्तु इस सम्बन्ध में कार्यालय नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा अयोध्या को अभी तक कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुये हैं, जिसके क्रम में नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा जनपद अयोध्या को खुले में शौच मुक्त ओ. डी. एफ. ++ घोषित किया जाता है।

**(श्री इन्द्र प्रताप)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा अयोध्या**

**(श्री मो. राशिद)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा अयोध्या**

## कार्यालय नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा जनपद - अयोध्या

पत्रांक- 318/न0पं0भ0/2024-25 दिनॉक - 13/11/2024

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा जनपद समस्त (18) वार्डो को ओ0डी0एफ0 घोषित करते हुए नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा को ओ0डी0एफ0 प्लस घोषित किया जा चुका है। नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा कचरें के प्रबंधन हेतु निकाय द्वारा सभी वार्डो को शत प्रतिशत घरों एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों से डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन किया जा रहा है। वाणिज्यिक क्षेत्रों में गीले तथा सूखे कचरें को अलग-अलग एकत्रित किये जाने हेतु ट्वीन डस्टबिन लगवाये गये है। नगर को साफ-सुथरा बनाये रखने हेतु नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा द्वारा खुले में शौच एवं सार्वजनिक स्थान पर कचरा फेकने पर जुर्माने का प्रावधान किया गया है। इस प्रकार नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा के सभी 18 वार्डो में कचरे का समुचित एकत्रीकरण एवं ढुलान की व्यवस्था करते हुए सभी 18 वार्डो को Garbage Free Star Rating के अन्तर्गत 3 स्टार रेटिंग के सभी मापदण्डों को पूर्ण कर लिया गया है। उक्त के सम्बंध में 15 दिवस के अन्दर 3 Star Garbage Free City से सम्बन्धित आपत्ति/सुझाव मांगे गये थे। परन्तु इस सम्बन्ध में कार्यालय नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा जनपद - अयोध्या को अभी तक कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुये हैं, जिसके क्रम में नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा जनपद अयोध्या को 3 Star Garbage Free City घोषित किया जाता है।

**(श्री इन्द्र प्रताप)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा अयोध्या**

**(श्री मो. राशिद)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा अयोध्या**

# डिफेंस कंपनी ने जारी की तिमाही नतीजे, शेयर में आई चमक

**नई दिल्ली।** स्टॉक मार्केट बंद होने से पहले डिफेंस सेक्टर की कंपनी हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड ने दूसरी तिमाही के नतीजे जारी किये। नतीजे जारी होने के बाद कंपनी के शेयर में शानदार तेजी देखने को मिली। हालांकि बाद में प्रॉफिट बुकिंग के कारण शेयर हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ। कंपनी ने कहा कि सितंबर तिमाही में कंपनी के नेट प्रॉफिट में वृद्धि हुई।

डिफेंस सेक्टर की सबसे बड़ी कंपनी जानने वाली हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के नतीजे जारी कर दिये। तिमाही नतीजे जारी होने के बाद कंपनी के शेयर में शानदार तेजी आई। हम आपको बताएंगे कि दूसरी तिमाही में कंपनी की फाइनेंशियल परफॉर्मेंस कैसी रही।

कैसी है कंपनी की परफॉर्मेंस

**शानदार**

**तिमाही नतीजे जारी होने के बाद कंपनी के शेयर में शानदार तेजी आई।**

वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 22.14 फीसदी बढ़कर 1510.49 करोड़ रुपये रहा। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी का मुनाफा 1236.67 करोड़ रुपये था। इसके अलावा कंपनी का राजस्व 5976.29 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की सितंबर तिमाही में 5635.70 करोड़ रुपये था। पिछले वर्ष की तुलना में इस तिमाही कंपनी के EBITDA में 7.3 फीसदी बढ़कर 1640 करोड़ रुपये रहा




नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने हाल में भारत में विमान डिजाइन और निर्माण क्षमता विकसित करने के लिए योजना का एलान किया था। इसमें HAL (हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड) और NAL (नेशनल एयरोस्पेस लैबोरेट्रीज) के बीच साझेदारी हुई। तिमाही नतीजे जारी होने के बाद हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स के शेयर 3 फीसदी की तेजी के साथ कारोबार करने लगे। इंट्रा-डे में कंपनी के शेयर 4,185 रुपये तक पहुंच गए। हालांकि, बाद में शेयर में बिकवाली आई और अंत में यह 21.85 रुपये या 0.54 फीसदी की बढ़त के साथ 4087.40 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ।

अगर आप यह शेयर खरीदने का सोच रहे हैं तो आपको एक बार इसकी परफॉर्मेंस पर नजर डालनी चाहिए। BSE Analytics के अनुसार पिछले एक हफ्ते में शेयर 2 फीसदी से अधिक टूटा है। वहीं, एक महीने में शेयर में 5.36 फीसदी की गिरावट आई। हालांकि, एक साल में कंपनी के शेयर में 19 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई।

## नेटफ्लिक्स ने 'ये काली काली आँखें' सीज़न 2 का रोमांचक ट्रेलर जारी किया; सीरीज़ का प्रीमियर 22 नवंबर से नेटफ्लिक्स पर होगा

**नई दिल्ली।** साल, 10 महीने, 1 हफ्ते और 6 दिन के इंतजार के बाद पूर्वा वापस आ गई है! सीज़न 1 के रोमांच के बाद ये काली काली आँखें का दूसरा सीज़न नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ हो रहा है, जो पहले से ज्यादा डार्क, मसालेदार और जबरदस्त होने वाला है। प्यार एक पेचीदा लत और बेरहम जुनून बन चुका है, जिसका हर कदम सोचा-समझा है। यह प्यार नहीं; एक पागलपन है - एक बदला है और यह शातिर खेल और गहरा हो चुका है। पिछले सीजन के हैरान कर देने वाले मोड़ के बाद, जहाँ पुरवा का अपहरण हो गया था और फिरौती की रकम 100 करोड़ पहुँच गई थी, विक्रांत (ताहिर) ने कई जिंदगियों को दांव पर लगा दिया था, इस सीजन का सवाल है- ''और कितना मसालेदार हो सकता है ये किस्सा?'' बदले, विश्वासघात, और जानलेवा जुनून के साथ इस पूरे सीज़न का हर मोड़ दिल




को दहला देगा। विक्रांत पूर्वा को मारने निकल चुका है, लेकिन उसकी खुद की किस्मत पर सवाल है - क्या वह उसके चंगुल से बच पाएगा, या फिर यह लव स्टोरी और ज्यादा उलझती चली जाएगी?

खुद की जान बचाने के इस खतरनाक खेल में इस सीज़न में गुरमीत चौधरी की दमदार एंट्री ने दाँव और ज्यादा बढ़ा दिए हैं। उन्होंने पूर्वा को वापस लाने की कसम खाई है, लेकिन कोई नहीं जानता है कि जिंदा कौन बचने वाला है।

एज़र्टीम वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित और निर्देशक, लेखक एवं शो रनर, सिद्धार्थ सेन द्वारा निर्देशित 'ये काली काली आँखें' सीज़न 2 में ताहिर राज भसीन, श्वेता त्रिपाठी, आँचल सिंह, सौरभ शुक्ला, अरुणोदय सिंह, बरुण बडोला, गुरमीत चौधरी, ब्रजेंद्र काला, अनंत जोशी, सूर्य शर्मा, शशि वर्मा, अंजुमन सक्सेना, और हेतल गडा मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। इस सीरीज़ का हर ट्विस्ट और टर्न दर्शकों को और ज्यादा उत्साहित कर देगा।

नए सीज़न में सेनगुप्ता ने सीमाओं को और ज्यादा बढ़ाते हुए ऐसी दिलचस्प कहानी पेश की है, जो सीधे डार्कनेस के बीच ले जाती है - जहाँ हर लुक, हर खामोशी, और हर विश्वासघात गहरी छाप छोड़ता है। सीज़न 2 उस शैली के लिए हमारा सलाम है, जिसे देखकर हम बड़े हुए हैं, उसके हर रोमांच, हर डर और हर तीव्रता को हमने महसूस किया है।

## फिटजी ने अपनी प्रतिष्ठित परीक्षा बिग बैंग एज टेस्ट की घोषणा की है

FIITJEE

**नई दिल्ली।** शिक्षा के क्षेत्र में अपने योगदान और नवाचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग लगाते हुए, देश में जेईई और अन्य प्रतियोगी और शैक्षणिक परीक्षाओं के लिए अग्रणी कोचिंग संस्थान फिटजी ने कक्षा 5 से 11 तक के छात्रों के लिए प्रतिष्ठित बिग बैंग एज (बीबीई) टेस्ट 2024 की घोषणा की है। बिग बैंग एज टेस्ट एक वैज्ञानिक रूप से डिज़ाइन किया गया डायग्नोस्टिक टूल है, जो छात्रों की 3600-शैक्षणिक क्षमता का मूल्यांकन करेगा ताकि वे अपने शैक्षणिक कौशल और झुकाव के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। अपने विभिन्न नवीन दृष्टिकोणों के माध्यम से, यह पिछले 32 वर्षों से शिक्षा में क्रांति ला रहा है। इसके ऐसे नवाचारों में से एक छात्रों के आईक्यू, योग्यता और विश्लेषणात्मक कौशल का वैज्ञानिक निदान है, जो छात्रों को उनकी शैक्षणिक क्षमता का 3600 विश्लेषण देता है। फिटजी छात्रों की शैक्षणिक क्षमता का वैज्ञानिक रूप से निदान करने वाला पहला और एकमात्र संस्थान है।

बिग बैंग एज टेस्ट फिटजी द्वारा हर साल आयोजित किया जाने वाला एक अनूठा डायग्नोस्टिक टेस्ट है। बिग बैंग एज के माध्यम से, छात्रों को उनकी योग्यता, विश्लेषणात्मक कौशल, निर्णय लेने और समस्या-समाधान कौशल का अच्छा आकलन मिलता है, जो विभिन्न प्रतिस्पर्धी और शैक्षणिक परीक्षाओं के साथ-साथ करियर और जीवन में भी बेहद महत्वपूर्ण हैं। छात्र अपनी ताकत और कमजोरियों का विश्लेषण करने और अपने शैक्षणिक झुकाव की पहचान करने में सक्षम होंगे ताकि वे सही करियर पथ चुन सकें। बीबीई के माध्यम से, छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर उनकी तैयारी का विश्लेषण मिलेगा, उन्हें रैंक पोटेंशियल इंडेक्स/ सक्सेस पोटेंशियल इंडेक्स (छात्रों को लक्षित परीक्षा में प्राप्त होने वाली रैंक) के रूप में उनकी राष्ट्रीय स्तर की स्थिति मिलेगी। अद्वितीय और संपूर्ण एनालिटिक्स आपके प्रदर्शन, सापेक्ष प्रदर्शन, कमियों, आवश्यक सुधारों के विवरण को कवर करेगा। बिग बैंग एज फिटजी क्लासरूम / इंटीग्रेटेड स्कूल / लाइव इंटरैक्टिव ऑनलाइन क्लासरूम प्रोग्राम का प्रवेश द्वार है और छात्रों को आकर्षक छात्रवृत्ति जीतने के अवसर के साथ अपनी प्रतिभा को पुरस्कृत करने की सुविधा देता है।

फिटजी ग्रुप के निदेशक श्री आर.एल. त्रिखा ने कहा, जिस प्रकार किसी बीमारी का उचित निदान होने के बाद ही प्रभावी उपचार संभव हो सकता है, उसी प्रकार किसी छात्र के शैक्षणिक जीवन की सही व्यावसायिक प्रवृत्ति और उसकी छिपी हुई शैक्षणिक क्षमता का उचित निदान होने के बाद ही योजना बनाई जा सकती है। कई छात्र प्रतिभा से भरे हुए हैं, जो अपने करियर में पिछड़ जाते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि वे अपनी योग्यता, रुचियों और पेशेवर झुकाव का विश्लेषण करने में सक्षम नहीं हैं और इसलिए, अक्सर गलत रास्ता चुन लेते हैं। इसलिए छात्रों की क्षमता का निदान और उनके शैक्षणिक झुकाव की पहचान करना महत्वपूर्ण है। बिग बैंग एज टेस्ट छात्रों की वर्तमान और छिपी हुई क्षमता को प्रकट करता है और विशेषज्ञ मार्गदर्शन के साथ इष्टतम सफलता के लिए सही शैक्षणिक मार्ग पर प्रकाश डालता है। यह एक व्यापक परीक्षा है जो कोचिंग उद्योग के लिए एक बेंचमार्क स्थापित करने के लिए उत्कृष्ट रूप से डिज़ाइन की गई है। हमारे सभी कार्यक्रमों के माध्यम से, हम छात्रों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह परीक्षा बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति भी प्रदान करती है।

## लेनोवो ने भारत में अपने पोर्टफोलियो का विस्तार किया

**नई दिल्ली।** लेनोवो, ग्लोबल टेक्नोलॉजी पावरहाउस लेनोवो ने आज भारत में लेनोवो टैब11 टैबलेट के अपग्रेडेड वैरिएंट के रूप में लेनोवो टैब11 (एन्हांस्ड एडिशन) लॉन्च करने की घोषणा की। यह अत्याधुनिक वैरिएंट एंटरप्राइजिज और प्रोफेशनल्स की अलग अलग तरह की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो बेहद किफ़ायती कीमत पर बेहतरीन परफॉर्मेंस, सुरक्षा, मैनेजेबिलिटी और ड्यूरेबिलिटी का एक बेहतरीन कॉम्बिनेशन प्रदान करता है। आशीष सिक्का, डायरेक्टर और कैटेगरी हेड, लेनोवो इंडिया ने कहा कि "यूज़र्स की बदलती मांगों को ध्यान में रखते हुए, टैब11 (एन्हांस्ड एडिशन) टैबलेट को आज के एंटरप्राइजिज और प्रोफेशनल्स की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो बेहतरीन परफॉर्मेंस, ड्यूरेबिलिटी और मैनेजेबिलिटी का एक बेहतरीन मिक्स प्रदान करता है। इसका वाइब्रेंट डिस्प्ले और पॉवरफुल प्रोसेसिंग इस टैबलेट को उन बिज़नेसेज और कर्मचारियों के लिए एक आइडियल विकल्प बनाता है जो एक ही डिवाइस में कई सारे काम एक साथ करने और बेहद कार्यकुशलता की अपेक्षा करते हैं।"

शानदार 11 इंच की एलसीडी डिस्प्ले के साथ 400 निट्स ब्राइटनेस और 1920 × 1200 रिज़ॉल्यूशन, शानदार विज़ुअल्स प्रदान करता है। डॉल्बी एटमॉस® से लैस क्वाड स्पीकर इमर्सिव साउंड प्रदान करते हैं, जो मल्टीमीडिया और बिज़नेस उपयोग के लिए आइडियल हैं। मीडियाटेक हीलियो जी88 प्रोसेसर, 8जीबी तक रैम और 128जीबी स्टोरेज (1टीबी तक एक्सपेंडेबल) द्वारा संचालित है। इसके साथ ही ये टैबलेट काफी आसानी से मल्टीटास्किंग और पर्याप्त स्टोरेज सुनिश्चित करता है।

## लखनऊ में क्राफ्टरूट्स प्रदर्शनी 15 नवम्बर से



**लखनऊ।** ग्रामश्री संगठन की स्थापना 1995 में गुजरात की पहली महिला मुख्यमंत्री, श्रीमती आनंदीबेन पटेल (राज्यपाल उत्तर प्रदेश) द्वारा की गई थी, जिसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उनके उत्थान का समर्थन करना था। महिलाओं के हाथों को हस्तकला के साथ जोड़कर, संगठन ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की 75,000 महिलाओं के जीवन को एक नई दिशा दी है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। यह प्रदर्शनी सफेद बारादरी, केसरबाग, लखनऊ में आयोजित की जाएगी। इसका उद्घाटन 15 नवंबर 2024 को सुबह 10:00 बजे माननीय राज्यपाल उत्तर प्रदेश, श्रीमती आनंदीबेन पटेल, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी तथा उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी द्वारा किया जाएगा।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित श्रीमती अनारबेन पटेल (संस्थापक, ग्रामश्री और क्राफ्टरूट्स), श्रीमती लीना रावल (ट्रस्टी, ग्रामश्री), श्री हसीमभाई (तसर सिल्क, झारखंड), श्री दिनेशभाई सोनी (पिछवाई पेंटिंग, राजस्थान), श्रीमती अर्पिता दास (जामदानी बुनाई, पश्चिम बंगाल) उपस्थित थे

क्राफ्टरूट्स ग्रामश्री संगठन की एक शाखा है, जिसकी स्थापना 2008 में की गई थी, जो पारंपरिक और सांस्कृतिक कलाओं के कारीगरों को एक मंच प्रदान करती है, जो पीढ़ियों से भारत में चली आ रही हैं। यह उनके हस्तशिल्प को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करता है, जिससे कारीगरों को आजीविका मिलती है और इन भारतीय कलाओं की समृद्ध विरासत के प्रति जागरूकता बढ़ती है। क्राफ्टरूट्स अब तक भारत के विभिन्न मेट्रो शहरों में, साथ ही दुबई, अमेरिका, सिंगापुर और अन्य देशों में 7 से अधिक प्रदर्शनियों का आयोजन कर चुका है, जिससे भारतीय सांस्कृतिक कलाओं की पहुंच व्यापक हुई है। भारत के हर राज्य से 35,000 से अधिक कारीगरों के साथ काम करते हुए, क्राफ्टरूट्स एक प्रदर्शनी का आयोजन कानपुर में कर रहा है, जिसमें भारत के 22 राज्यों के 100 से अधिक कारीगरों द्वारा 70 से अधिक विभिन्न हस्तशिल्पों का प्रदर्शन किया जाएगा।

## सैमसंग टीवी प्लस लेकर आया है सैमसंग स्मार्ट टीवी पर वायाकॉम18 के चार नए 'फास्ट' चैनल्स की सौगात

**गुरुग्राम।** सैमसंग टीवी प्लस, भारत में बैंड की फ्री एड-सपोर्टेड स्ट्रीमिंग टीवी (फास्ट) सर्विस, ने चार नये फास्ट चैनल्स लॉन्च करने के लिए वायाकॉम18 के साथ साझेदारी की है। सैमसंग टीवी प्लस पर वायाकॉम18 के सुपरहिट बीट्स, कानफोड़ म्यूज़िक, फुल्ली फालतू और कलर्स इनफिनिटी लाइट चैनलों को लॉन्च किया जाएगा।

सैमसंग टीवी प्लस एक मुफ्त स्ट्रीमिंग सेवा है, जो सैमसंग स्मार्ट टीवी में पहले से इंस्टॉल है। यह चुनिंदा देशों में चैनलों न्यूज़, स्पोर्ट्स, एंटरटेनमेंट, आदि विभिन्न चैनलों की पेशकश करता है। भारत में, सैमसंग टीवी प्लस दर्शकों के लिये 100 से ज्यादा लाइव टीवी चैनलों, हजारों फिल्मों तथा शोज को बीनने का अवसर देता है। यह लाइव और ऑन-डिमांड, दोनों होते हैं।

सैमसंग टीवी प्लस इंडिया में पार्टनरशिप्स के हेड कुणाल मेहता ने कहा, "हम सैमसंग टीवी प्लस प्लेटफॉर्म पर पार्टनर के तौर पर वायाकॉम18 का स्वागत करते हुए उत्साहित हैं। हम भारत में अपने दर्शकों के लिये विभिन्न तरह के कंटेन्ट के विकल्प लाने के लिये प्रतिबद्ध हैं, जो उनकी पसंद और कंटेंट देखने की आदत से मेल खाते हैं। इन नए चैनलों की मदद से, सैमसंग टीवी प्लस पर न केवल मनोरंजन के विकल्प बढ़ेंगे बल्कि इससे अपने दर्शकों को शानदार वैरायटी और वैल्यू प्रदान करने के लिये हमारा समर्पण दिखेगा।'' वायाकॉम18 का जबर्दस्त कंटेन्ट दर्शकों को मनोरंजन का एक बेजोड़ अनुभव देगा। सुपरहिट बीट्स संगीत के शौकीनों का सबसे बढ़िया ठिकाना बनेगा, जहां पर नये-नये हिट्स और सदाबहार नगमे सुन सकते हैं। कानफोड़ म्यूज़िक संगीत के धमाकेदार संगम की पेशकश करेगा, जो तरह-तरह के दर्शकों की पसंद आएगा। फुल्ली फालतू अपने अलग और ताजगी से भरपूर कंटेंट से युवाओं को लुभाना चाहता है।

## बचपन प्ले स्कूल ने SPROUT पेश किया: भारत का पहला NEP-अलाइंड पाठ्यक्रम

BACHPAN SPROUT CURRICULUM

**लखनऊ।** बचपन प्ले स्कूल, जो प्राथमिक शिक्षा में एक अग्रणी नाम है, ने SPROUT लॉन्च किया है, जो भारत का पहला प्रीस्कूल पाठ्यक्रम है जो पूरी तरह से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढांचा 2022 के अनुरूप है। यह पाठ्यक्रम अब देशभर के 1200 से अधिक शाखाओं में उपलब्ध है और 35,000 घंटे की व्यापक शोध के बाद तैयार किया गया है, जो प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में एक नया मानक स्थापित करता है।

SPROUT का उद्देश्य भारत की प्रारंभिक शिक्षा प्रणाली में मौजूद खामियों को दूर करना है, जिसमें NEP 2020 के तहत शैक्षिक अनुभवात्मक और प्रोजेक्ट-आधारित दृष्टिकोण को मिश्रित किया गया है। इसके साथ ही, यह पंचकोष विकास को भी समाहित करता है, जो बच्चों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, सामाजिक और आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देता है, ताकि उनका समग्र विकास हो सके।

SPROUT पाठ्यक्रम में अत्याधुनिक शैक्षिक उपकरण शामिल हैं, जैसे Speaking Books और Speaking Pens, Smart Classes जो इंटरएक्टिव एनीमेशन का उपयोग करती हैं, और साथ ही STEM शिक्षा की बुनियादी समझ बच्चों को प्रदान करता है। Bachpan 360ए स्पोर्ट ऐप भी बच्चों के होम-आधारित लर्निंग अनुभव को समृद्ध करता है, जिसमें ई-बुक्स, वर्कशीट्स और 500+ घंटे का शैक्षिक कंटेंट उपलब्ध है, साथ ही यह माता-पिता को उनके बच्चों के विकास में सक्रिय रूप से शामिल करता है।

# खान अकैडमी ने भारत में सभी शिक्षकों के लिए निःशुल्क AI टूल खानमिगो लॉन्च किया

Khan Academy

**लखनऊ।** खान अकैडमी, जो किसी को भी, कहीं भी, निःशुल्क, विश्वस्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध वैश्विक गैर-लाभकारी संस्था है, ने 14 नवंबर, 2024 से भारत में सभी शिक्षकों के लिए अपने निःशुल्क, AI-संचालित टूल, खानमिगो के लॉन्च की घोषणा की है। इस लॉन्च के हिस्से के रूप में, शिक्षक खानमिगो को एक शिक्षण सहायक के रूप में निःशुल्क एक्सेस कर सकेंगे। अंग्रेजी और हिंदी दोनों में उपलब्ध, खानमिगो एक AI शिक्षण सहायक और छात्र ट्यूटर है जिसे शिक्षकों की दक्षता और छात्रों के अधिगम को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह लॉन्च खान अकैडमी की उच्च-गुणवत्ता वाले शैक्षिक संसाधनों को सभी भाषाओं में सुलभ और प्रभावशाली बनाने की प्रतिबद्धता पर आधारित है। शिक्षक खान अकैडमी के प्लेटफॉर्म पर खानमिगो तक निःशुल्क पहुँच प्राप्त कर सकेंगे, जो पाठ की तैयारी को सरल बनाने, छात्रों की वैयक्तिकृत सहभागिता को बढ़ाने और कक्षा में अधिगम को बेहतर बनाने के लिए उपयोगी उपकरणों से सुसज्जित है। दुनिया भर में शिक्षकों द्वारा पहले से ही उपयोग किए जा रहे खानमिगो में विभिन्न कठिनाई स्तरों पर पाठ्यक्रम-संरेखित मूल्यांकन, क्रिएटिव लेसन आइडिया और संक्षिप्त अध्याय सारांश जैसी अनेक सहज सुविधाएँ हैं।

## विश्व डायबिटीज दिवस: जागरूकता के माध्यम से डायबिटीज मरीजों को सशक्त बनाना और निवारक कार्रवाई को बढ़ावा देना

**लखनऊ।** हर साल 14 नवंबर को विश्व डायबिटीज दिवस मनाया जाता है। इस विशेष दिन दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करने वाली बीमारी डायबिटीज के विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूकता फैलाई जाती है। इंडियन काउंसिल फॉर मेडिकल रिसर्च द्वारा हाल ही में किए गए रिसर्च से पता चला है कि भारत में 10 करोड़ से ज्यादा लोग डायबिटीज से प्रभावित हैं। इतना बड़ा आंकड़ा बीमारी के प्रति रोकथाम के प्रयासों और स्वास्थ्य सेवा संसाधनों को बढ़ाने की बढ़ती मांग को



दर्शाता है। डायबिटीज खास करके टाइप 2 अक्सर लाइफस्टाइल संबंधी आदतों की वजह से होती है। विश्व डायबिटीज दिवस मरीजों को उन सरल उपायों के बारे में शिक्षित करता है जिन्हें अमल में लाकर वे कॉम्प्लिकेशन को रोक सकते हैं। रीजेंसी लखनऊ में पीडियाट्रिक एंडो डॉ. नेहा अग्रवाल ने कहा, बेहतर जागरूकता और शिक्षा के माध्यम से मरीजों को सशक्त बनाना डायबिटीज की रोकथाम और मैनेजमेंट के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हमें शुरुआती पहचान पर ध्यान केंद्रित करने और लाइफस्टाइल में ऐसे बदलावों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है जो गंभीर डायबिटीज की वजह से होने वाली गंभीर कॉम्प्लिकेशन को रोकने में मदद कर सके।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने ग्लैन्ज़ा, अर्बन क्रूज़र टैसर और अर्बन क्रूज़र हाईराइडर के स्पेशल लिमिटेड एडिशन पेश किये

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर कार खरीदारों के लिये इस साल वर्षांत को आकर्षक बनाने के लिए उत्साहित है। इसके लिए



इसने अपने लोकप्रिय मॉडल के स्पेशल लिमिटेड एडिशन पेश किये हैं। ये हैं - ग्लैन्ज़ा, अर्बन क्रूज़र टैसर और अर्बन क्रूज़र हाईराइडर। हाल में पेश किए गए फेस्टिवल लिमिटेड एडिशन को मिली जोरदार कामयाबी के बाद, स्पेशल लिमिटेड-एडिशन टोयोटा की प्रतिबद्धता को ग्राहक के केंद्र में ले जाता है और इस एक कदम के लिए टोयोटा जेनुइन एक्सेसरी (टीजीए) पैकेज की पेशकश की जाती है। ग्राहकों को अपने वाहनों को व्यक्तिक करने देकर, स्पेशल लिमिटेड-एडिशन के रूप में खरीदारों को एक विशेष उन्नत रूपांतर खरीदने और रखने की अनुमति देता है। यह स्टाइल और बेहतर उपयोगिता के एक शानदार मेल के साथ मिलता है। इससे ग्राहकों के लिए स्पेशल एडिशन पैकेज और एक्सक्लूसिव वर्धान पेशकशों में से चुनना संभव होता है।स्पेशल लिमिटेड एडिशन के अलावा, टोयोटा ग्लैन्ज़ा अर्बन क्रूज़र टैसर और रुमियन (सीएनजी मॉडल को छोड़कर) पर टोयोटा 1 लाख रुपये से ऊपर की कीमत पर साल के अंत में विशेष ऑफर दे रही है। शानदार उपभोक्ता लाभ 31 दिसंबर 2024 तक मिलते रहेंगे। टोयोटा ग्राहक प्रथम दर्शन (कस्टमर फर्स्ट फिलॉस्फी) पर टिप्पणी करते हुए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के वाइस प्रेसिडेंट, बिक्री-सेवा-प्रयुक्त कार व्यवसाय, श्री सबरी मनोहर ने कहा, "हम, ग्लैन्ज़ा, अर्बन क्रूज़र टैसर और अर्बन क्रूज़र हाइराइडर के हमारे पूर्व घोषित फेस्टिवल एडिशन को मिली ग्राहकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया से रोमांचित हैं। इनमें से प्रत्येक प्रीमियम स्टाइलिंग और उन्नत सुविधाओं का अनूठा संयोजन पेश करते है। ग्लैन्ज़ा, क्रूज़र टैसर और अर्बन क्रूज़र हाईराइडर का नया विशेष सीमित संस्करण हमारे ग्राहकों की बढ़ी हुई प्राथमिकताओं को पूर्ण करने वाली पेशकशों को तैयार करने के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाता है, जिससे उनके स्वामित्व का अनुभव बेहतर होता है।इन विशेष टोयोटा जेनुइन एक्ससेसरीज़ के साथ -साथ विस्तारित वारंटी कवरेज के साथ, ग्राहक एक सहज स्वामित्व अनुभव का आनंद ले सकते हैं।

## सोने और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट, चेक करें लेटेस्ट प्राइस

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में गिरावट का सिलसिला जारी है। वहीं, एक दिन की तेजी के बाद चांदी की चमक भी फीकी पड़ी है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को सोने की कीमतों में एक बार फिर भारी गिरावट आई और यह 700 रुपये टूटकर 77,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एक दिन पहले यानी बुधवार को इसमें 50 रुपये की मामूली गिरावट आई थी। चांदी भी 2,310 रुपये टूटकर 90,190 रुपये प्रति किलो पर आ गई। इसका पिछला बंद भाव 92,500 रुपये प्रति किलो पर था। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक, ग्लोबल मार्केट में सोने की मांग काफी कमजोर है। यह फैक्टर डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद से ही देखा जा रहा है। दुनियाभर के निवेशकों का अनुमान है कि ट्रंप के सत्ता संभालने के बाद दूसरी करेंसियों के मुकाबले डॉलर कमजोर होगा।

# फ्लिपकार्ट ने मध्य प्रदेश में अपनी सप्लाई चेन क्षमता को बढ़ाया

*अवधनामा संवाददाता*

**लखनऊ।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने अत्याधुनिक फुलफिलमेंट एवं सॉर्टेशन सेंटर खोला है। यह सेंटर 1.59 लाख वर्ग फीट में बना है। इस रणनीतिक निवेश से राज्य में डिलीवरी की गति तेज होगी, स्थानीय स्तर पर 600 से ज्यादा रोजगार सृजित होंगे और राज्य के सभी पिन कोड तक डिलीवरी सर्विस उपलब्ध कराई जाएगी। इंदौर मध्य प्रदेश में खोला गया यह सेंटर बुनियादी ढांचे के विकास और स्थानीय प्रगति को लेकर फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता को दिखाता है। सेंटर की लॉन्चिंग के मौके पर सांसद शंकर लालवानी, फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार व अन्य प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे। यह सेंटर मध्य प्रदेश में विस्तार करने के फ्लिपकार्ट के प्रयासों की दिशा में उल्लेखनीय कदम है।

इस अवसर पर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर श्री रजनीश कुमार ने कहा फ्लिपकार्ट पूरे भारत में समावेशी विकास और डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हैं और भारत के व्यापक आर्थिक विकास में सक्रियता से भूमिका निभा रहे हैं।' अहिल्याबाई होल्कर सभागार



के लिए प्रतिबद्ध है। स्थानीय समुदायों संग हमारे जुड़ाव के साथ-साथ इंदौर, मध्य प्रदेश में नए फुलफिलमेंट सेंटर की लॉन्चिंग सतत विकास को बढ़ावा देने, एमएसएमई को समर्थन देने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन की हमारी प्रतिबद्धता दिखाती है। स्थानीय समुदायों को जरूरी टूल्स, बाजार तक पहुंच और मजबूत सप्लाई चेन से लैस करते हुए हम उन्हें सतत आजीविका के सृजन में मदद कर रहे में आयोजित इस कार्यक्रम में माननीय सांसद श्री शंकर लालवानी ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि जब तक महिलाएं सशक्त नहीं होंगी तब तक देश आगे नहीं बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का विजन है कि हमारे देश की आधी आबादी आत्मनिर्भर बने। इसके लिए उन्हें डिजिटली तौर पर मजबूत होना होगा। श्री लालवानी ने फ्लिपकार्ट की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से निश्चित तौर पर हमारी माताएंबहने मजबूत होंगी और आत्मनिर्भर बनकर देश के विकास में सहभागी बनेंगी।

एडवांस्ड कन्वेयर ऑटोमेशन टेक्नोलॉजी से लैस नया एफएससी 1.59 लाख वर्ग फीट क्षेत्र में फैला है। महीने में 1.8 करोड़ से ज्यादा ऑर्डर्स को डिस्पैच करने की क्षमता वाला यह सेंटर मध्य प्रदेश के हर पिन कोड पर डिलीवरी की गति को तेज करेगा। इस सेंटर के खुलने से 600 से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित होंगे, जिसमें समावेश का ध्यान रखते हुए 100 से ज्यादा महिला कॉन्ट्रैक्ट और 11 दिव्यांगजनों की नियुक्ति की जाएगी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के साथ साझेदारी में फ्लिपकार्ट ने अपनी फ्लिपकार्ट समर्थ पहल के तहत श्री शंकर लालवानी की उपस्थिति में इंदौर में 70 से ज्यादा ग्रामीण महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के लिए कार्यशाला भी आयोजित की।

# मनरेगा द्वारा कराए जा रहे मिट्टी कार्यों व श्रमिकों की उपस्थिति का डीएम ने लिया जायजा


मनरेगा श्रमिकों से पूछताछ करते डीएम

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा विकासखंड दुदही के ग्राम पंचायत मठिया माफी में गुरुवार को मनरेगा द्वारा कराए जा रहे मिट्टी कार्यों की गुणवत्ता, श्रमिकों की उपस्थिति के साथ-साथ मानव सृजन व उनके भुगतान की स्थिति के सापेक्ष श्रमिकों की उपलब्धता एवं मानक के अनुरूप कराया जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

ग्राम सभा मठिया माफी में कुल 2 स्थानों पर मनरेगा श्रमिकों द्वारा रोड भराई व मिट्टी कार्य कराई जा रहे थे, दोनों कार्य कल दिनांक 13 की तिथि से प्रारंभ हुई थी। 76 मीटर कार्य संपन्न पाए गए। दोनों मिट्टी कार्य 400 मीटर तक प्रस्तावित थी। प्रथम स्थान पर कल 32 लोग उपस्थित मिले तथा द्वितीय स्थान पर 24 श्रमिक कार्य

**मिट्टी कार्यों को मानक के अनुरूप एवं गुणवत्ता परक श्रमिकों से कार्य कराने के डीएम ने दिए निर्देश**

करते पाए गए। जिलाधिकारी ने कल से लेकर आज तक कराए गए मिट्टी कार्यों की गुणवत्ता की जांच कुदाल से मिट्टी हटवाकर कराई। तकनीकी सहायक से प्रत्येक श्रमिक द्वारा किए गए कार्यों के विवरण, चकरोड की चौड़ाई के बारे में पूछताछ किया एवं तकनीकी सहायक को सभी श्रमिकों से मानक के अनुरूप व गुणवत्ता परक काम कराने के निर्देश दिए। ग्रामवासियों से संवाद कर मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी/पारिश्रमिक के भुगतान की स्थिति जानी, भुगतान की स्थिति संतोषजनक पाई गई। साथ में मिट्टी कार्य कराने के उपरांत रोड की उपयोगिता के बारे में भी पूछताछ की।

उन्होंने विकास खंड अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन चकरोड पर मिटटी भराई का कार्य मनरेगा के अंतर्गत कराए जा रहे हैं उनकी पूर्व में ही पैमाईश लेखपाल के माध्यम से अवश्य हो जाए ताकि अतिक्रमित चकरोड को खाली कराया जा सके तथा मिट्टी कार्य करने के उपरांत दुरुमुष से उसे बराबर भी करें जिससे कि आवागमन में किसी प्रकार की कोई ग्राम वासियों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

## निर्माणाधीन ओवर हेड टैंक का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण



**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा विकासखंड दुदही के अंतर्गत ग्राम पंचायत मठिया माफी में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए गए कार्यों, निर्माणाधीन ओवर हेड टैंक, पंप हाउस, मोटर पंप, स्वच्छ पेय जल आपूर्ति आदि कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एक्स ई एन जल निगम से ओवर हेड के प्रोजेक्ट कॉस्ट, जनसंख्या कवरेज, टैंक कैपिसिटी, कुल नल कनेक्शन की स्थिति, मोटर की क्षमता, पाइप लाइन बिछाने की लंबाई, रोड रेस्टोरेशन की स्थिति के बारे में जानकारी ली गई जिस पर अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि फेज 2 के तहत यह प्रोजेक्ट स्वीकृत हुआ था इसका प्रोजेक्ट कॉस्ट कुल 606.08 लाख रुपए है, लगभग 7890 लोगों को इससे लाभान्वित हो सकेंगे, 16 किलोमीटर से अधिक पाइप लाइन का विस्तार हो गया है, 1253 के सापेक्ष 748 लोगों को हर घर नल जल के तहत कनेक्शन दिया जा चुका है एवं 15 एचपी पंप है। जिलाधिकारी ने निर्धारित 1253 नल कनेक्शन देने, शत प्रतिशत पाइप लाइन बिछाने, रोड रेस्टोरेशन करने, तथा यथाशीघ्र ओवर हेड टैंक का नियम पूर्ण करने एवं स्वच्छ जलापूर्ति देने के निर्देश दिए।

## ट्रैक्टर के नीचे दबकर बाइक सवार एक की मौत

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे पर अमवा एफसीआई गोदाम के पास गुरुवार को ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर में बाइक सवार एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि बाइक पर बैठा युवक घायल हो गया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के गांव भेलया चंद्रौटा निवासी प्रवीण मणि त्रिपाठी उम्र 23 वर्ष पुत्र जितेन्द्र मणि त्रिपाठी, शिवम मणि त्रिपाठी उम्र 21 वर्ष पुत्र अरविन्द त्रिपाठी फाजिलनगर से कसया के तरफ जा रहे थे जैसे ही नेशनल हाइवे 28 अमवा एफसीआई गोदाम के पास पहुंचे थे ही कि जोकवा बाजार से विपरीत दिशा से दक्षिणी लेन पर फाजिलनगर जा रहा ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दिया जिससे प्रवीण ट्रैक्टर के नीचे आ गया और सर फट गया जिससे घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकला जबकि शिवम त्रिपाठी गंभीर रूप से घायल हो गया। हाथ पैर टूट गया जिसका मेडिकल कालेज कुशीनगर में इलाज चल रहा है। तुर्कपट्टी पुलिस ने प्रवीण के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

## आग लगने से पुश की झोपड़ी समेत सामान जलकर खाक

**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा मठिया उर्फ अकटहां में गुरुवार की दोपहर अज्ञात कारण से आग लगने से पुश की झोपड़ी की जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव मठिया उर्फ अकटहां में गुरुवार की दोपहर रिंकू साहनी पुत्र वीरेंद्र साहनी के पुश की झोपड़ी में अचानक आग लग गई जिससे उसमें रखा सारा सामान जल कर राख हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से किसी तरह आग पर काबू पाया गया।



## ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ महिला की मौत

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** खड्डा थाना क्षेत्र के बंजारीपट्टी गांव के पास रेलवे ट्रैक पर गुरुवार को एक अधेड़ महिला ट्रेन के चपेट में आ गई जा जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बंजारीपट्टी गांव निवासी कुलमुन उम्र 50 वर्ष जो मानसिक रूप से बीमार चल रही थी। परिजन उसका लंबे समय से इलाज करा रहे थे लेकिन ठीक नहीं हो पा रही थी। गुरुवार को अचानक घर से निकलकर रेलवे ट्रैक की तरफ पहुंच गई। इस दौरान अचानक ट्रेन की चपेट में आ गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## बूथों के चुनाव हेतु नगर में आयोजित हुई कार्यशाला



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा की अध्यक्षता में एवं मंडल चुनाव प्रभारी रमेश सिंह के नेतृत्व में बूथ अध्यक्ष के चुनाव के दृष्टिगत नगर मंडल की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए देवरिया नगर मंडल के चुनाव अधिकारी रमेश सिंह ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी और राष्ट्रवादी पार्टी के रूप में भाजपा ने अपना स्थान पूरे विश्व में बनाया है ऐसे में हमे गर्व की अनुभूति होती है कि हम सब ऐसी पार्टी के सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि जैसा कि आप सब लोग जानते हैं कि वर्तमान समय में संगठन का पुनर्गठन होने वाला है जिसमें बूथ से लेकर शक्तिकेंद्र, मंडल और जिला स्तर तक के पदाधिकारियों का चयन होना है । भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण के लिए सदैव तत्पर रहता है, मुझे उम्मीद है कि इस बार भी ऐसे समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्ताओं का हमे सहयोग प्राप्त होगा । पूर्व जिलाध्यक्ष मारकंडे शाही ने कहा कि देश में बहुत सी पार्टियां हैं लेकिन नियमित रूप से पार्टी के संविधान का पालन सिर्फ भाजपा ही करती है।

## शौच करने गए युवक की नाले में गिरकर मौत

**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** कस्बे के वार्ड नंबर 16 सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर निवासी एक 30 वर्ष युवक की नाले में गिरकर मौत हो गई। नाले में गिरने की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने आनन फानन में 108 एंबुलेंस से सीएचसी ले गए जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली वार्ड नंबर 16 सरदार बल्लभ भाई पटेल नगर (लोहेपार घिवहीं) निवासी एक 30 वर्षीय युवक हरिकेश शर्मा पुत्र स्व. गोबरी शर्मा उम्र 30 वर्ष गुरुवार की शाम 7 बजे शौच करने गया था कि हाटा कप्तानगंज मार्ग से सटे ग्राम सभा से बने नाले में अचानक गिरा पड़ा। कुछ समय बाद इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो मौके पर पहुंच गए। पुलिस को सूचना देते हुए परिजनों ने 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथौली ले गए जहां जांचोपरांत चिकित्सकों ने मृत्यु घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में चीख पुकार मच गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में मृतक युवक की मां ने थाने में तहरीर भी दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक युवक मजदूरी का काम करता था। इस संबंध में चौकी इंचार्ज मथौली विक्रम अजीत राय ने बताया कि नाले में गिरकर एक युवक की मौत होने कि सूचना मिली थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्ट के लिए भेज दिया गया।

## कृषि विभाग द्वारा रबी जागरूकता गोष्ठी कार्यक्रम

**लालगंज रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** कृषि विभाग द्वारा राजकीय कृषि बीज भंडार लालगंज में कृषि सूचना तंत्र के शुद्ध दरीकरण एवं रबी गोष्ठी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।रबी गोष्ठी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज अवस्थी भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा कि सरकार किसानों के साथ सदैव खडी है किसने की आय दोगुनी करने के लिए मोदी और योगी सरकार नित्य नए कार्यक्रम आयोजित करके किसानों को लाभ पहुंचाने का काम कर रही है कार्यक्रम में विषय वस्तु विशेषज्ञ कृषि अजेंद्र सिंह ने कहा कि रवि फसल बुवाई के पहले किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन ठीक से करना चाहिए पराली , गन्ना पत्ती व अन्य फसल अवशेष जलाने से रोकना चाहिए नहीं तो उपज में प्रभाव पडता है उन्होंने फसल अवशेष को मिट्टी में जुताई के साथ मिला करके अच्छी उपज ली जा सकती है कार्यक्रम में एसएमएस मनोज कुमार मौर्य ,पंकज शुक्ला ने भी कृषि संबंधी जानकारी किसानों को दी । बीज भंडार प्रभारी जयराम शर्मा ने आए हुए सभी अतिथियों को फूल माला पहनकर स्वागत किया। इस मौके पर अचिन अवस्थी भाजपा संगठन मंत्री ,वीटीएम अंजनी कुमार, बद्रीनारायण द्विवेदी, राजीव वर्मा ,दुर्गा सैनी नीरज सिंह, अवनीश कुमार, जन्मेजय सिंह, राघव सिंह ,विनोद गुप्ता सहित सैकडो किसान गोष्ठी में मौजूद रहे।

## पानी टंकी निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा

अवधनामा संवाददाता



**ऊंचाहार।** गाँव गाँव घर घर जल पहुंचे इसको लेकर केंद्र सरकार द्वारा गाँव में जलजीवन मिशन योजना के तहत पानी टँकी का निर्माण किया जा रहा है। लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते पानी टँकी निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। मामला ब्लाक क्षेत्र के सादे की बाजार मजरे अरखा गाँव का है। जहां जलजीवन मिशन योजना के तहत पानी टँकी का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण के दौरान पीली इटों व घटिया सामग्री का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जा रहा है। मामले से जुड़ा वीडियो भी गुरुवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गये हैं। जिसमें टँकी निर्माण में अनियमितता बरती जा रही है।

# पंडित नेहरू की जयंती पर हुए विविध कार्यक्रम




अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर गुरुवार को जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।जहां विभिन्न संस्थानों की ओर से विचार गोष्ठियों और संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ वहीं विद्यालयों में बाल मेले के आयोजन में बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। नगर स्थित चाणक्यपुरी मोहल्ले में साधना फाउंडेशन की ओर से पंडित नेहरू की जयंती पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बाबा मनोहर सिंह ने नेहरू जी के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि संसार में अब ऐसे लोग होने मुश्किल हैं जो देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर सकें। नेहरू जी के बारे में उन्होंने कहा कि उनके बारे में बहुत कुछ जानने और समझने का उन्हें अवसर मिला। उनका जीवन स्वयं में एक पाठशाला है बच्चों के प्रति वे अगाध प्रेम करते थे इसी कारण उनका जन्म दिन बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। नेहरू जी से जुड़े तमाम संस्मरण उन्होंने लोगों के बीच साझा किया। फाउंडेशन की सचिव साधना त्रिपाठी ने अतिथियों का सत्कार करने के उपरांत पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन वृतांत पर व्यापक चर्चा की जंगे आजादी के दौरान संघर्ष और आजादी के बाद देश की विषम परिस्थितियों में बागडोर संभालते हुए सारी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करना कितना कठिन होता है इस पर भी चर्चा की। वहीं बंटवारे के दंश पर भी उन्होंने अपनी बात रखी।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच मना विद्यालय का वार्षिकोत्सव



**भाटपार रानी, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भाटपार रानी तहसील क्षेत्र के फुलवरिया बंगरुआ स्थित नेहरू इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम गुरुवार को समारोह पूर्वक मनाया गया ।यह कार्यक्रम सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सराबोर रहा ।कार्यक्रम में आफरीन खातून, नीलू सिंह, अंशिका राय, रेशमा, प्रिया, गुड़िया, संजना, काजल,अंजलि, अनुष्का, अनामिका, दिलीप, सौम्या, मधु, संजीव,अंशु, पूजा, शाहिना, निहारिका,अनीशा, निभा,बंटी, करिश्मा,रुखसाना सहित कई दर्जन छात्र-छात्राओं ने गीत, गजल,प्रहसन, कव्वाली, एकांकी आदि विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाटपार रानी के एसडीएम रत्नेश तिवारी ने कहा कि शिक्षा से ही देश और समाज का विकास संभव है। सामाजिक कुरीतियां दूर करने व समाज में परिवर्तन लाने के लिए शिक्षा बेहद जरूरी है। अतः अभिभावकों को चाहिए कि वह अपने बच्चों को पूरे मनोयोग के साथ शिक्षा देने का काम करें। बतौर विशिष्ट अतिथि संबोधित करते हुए सीओ भाटपार रानी एसपी सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम जरूरी है। इससे बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है।


# मेगा क्रेडिट कैंप में 1003 स्वयं सहायता समूहों को 15 करोड़ रुपये की धनराशि वितरित



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत एक मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजन विकास भवन स्थित गांधी सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश शासन की राज्यमंत्री, ग्राम्य विकास विभाग, श्रीमती विजयालक्ष्मी गौतम ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल और मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रत्यूष पाण्डेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम्य विकास राज्यमंत्री श्रीमती गौतम ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों की जानकारी देते हुए समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि पहले जो महिलाएं घर की चौखट तक सीमित थीं, वे आज मिशन के प्रयासों से किसी भी मंच पर आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रख रही हैं। प्रधानमंत्री जी के लखपति दीदी कार्यक्रम के माध्यम से महिलाएं विभिन्न आजीविका गतिविधियों में संलग्न होकर आत्मनिर्भर बन रही हैं। बीसी सखी कार्यक्रम के जरिए बैंक सुविधाएं ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचाई जा रही हैं, जिससे समूह सदस्यों को आय के साथ एक नया रोजगार अवसर भी प्राप्त हो रहा है। मिशन के प्रयास से समूह सदस्यों को गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित स्वयं सहायता समूह सदस्यों से बातचीत करते हुए उनके द्वारा बैंक क्रेडिट लिंकेज से प्राप्त ऋण से की जाने वाली आजीविका गतिविधियों की जानकारी ली। समूह सदस्यों ने अपने उत्पादित सामग्रियों के बाजार में आने वाली समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के स्थानीय स्तर पर विपणन हेतु देवरिया मॉडल विकसित किया जाए। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद देवरिया को 6147 स्वयं सहायता समूहों के बैंक क्रेडिट लिंकेज का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से अब तक 5347 स्वयं सहायता समूहों का बैंक क्रेडिट लिंकेज स्वीकृत किया जा चुका है।

# आईजीआरएस मामलों का गंभीरता से समाधान करें सतही निस्तारण पर होगी कार्रवाई : एडीएम प्रशासन



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** विकास भवन के गांधी सभागार में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) एवं आईजीआरएस के जनपदीय नोडल अधिकारी श्री गौरव श्रीवास्तव ने आईजीआरएस प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के लिए जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के निर्देशों का उल्लेख करते हुए स्पष्ट किया कि यदि कोई आईजीआरएस प्रकरण डिफॉल्ट होता है, तो संबंधित विभाग के उत्तरदायी अधिकारी का वेतन रोक दिया जाएगा और दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। शासन की मंशा के अनुरूप, शिकायतों का समाधान गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए ताकि शिकायतकर्ता संतुष्ट हो सके। एडीएम प्रशासन ने कहा कि सभी अधिकारी अपने स्तर पर आख्या को स्वयं पढ़ें और आवेदक को वास्तविक स्थिति से अवगत कराएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी विभाग में आईजीआरएस प्रकरण डिफॉल्ट होगी अथवा असंतुष्ट फीडबैक की संख्या अधिक होगी तो उस विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त मुख्यमंत्री संदर्भ, सीएम हेल्पलाइन, ऑनलाइन संदर्भ, मंडलायुक्त संदर्भ, पीजी पोर्टल, संपूर्ण समाधान दिवस और जिलाधिकारी जनसुनवाई में दर्ज की गई शिकायतों के निस्तारण में पाई गई लापरवाही पर उन्होंने कड़ा रुख अपनाया। एडीएम ने विशेष रूप से विद्युत विभाग, विकास विभाग तथा भूमि विवाद से जुड़े संवेदनशील मामलों का जिक्र किया, जहाँ निचले स्तर के कर्मचारियों द्वारा बिना स्थलीय निरीक्षण, फोटोग्राफ और संबंधित पक्ष के बयान लिए बिना ही समाधान किया जा रहा है। यह स्थिति किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने निर्देश दिया कि जिम्मेदार अधिकारी आईजीआरएस प्रकरणों की आख्या को गंभीरता से स्वयं देखे और आवश्यकता होने पर आवेदनकर्ता से संवाद कर तथ्यों की पूरी जानकारी प्राप्त करें। यह भी कहा कि अक्सर देखा गया है कि आईजीआरएस प्रकरणों का निस्तारण 30 दिन की निर्धारित अवधि के अंतिम चरण में किया जाता है, जिससे समाधान का मौका समाप्त हो जाता है और मामला डिफॉल्ट हो जाता है।

## कंपोजिट विद्यालय धन्नीपुर द्वारा बाल मेले का आयोजन

**लालगंज रायबरेली।** कंपोजिट विद्यालय धन्नीपुर द्वारा बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन अंजनीश प्रताप सिंह उपायुक्त उद्योग फतेहपुर द्वारा किया गया, उनके द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए कहा गया कि इस तरह के बाल मेलों का आयोजन बच्चों में कौशलों के विकास के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह जो बचपन का जमाना है यह खुशियों का खजाना है इसलिए इसको भरपूर जीओ व अच्छी आदतों का विकास करो। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में इंद्रजीत सिंह पूर्व सैनिक व राजेश सिंह फौजी तथा नरेंद्र बहादुर सिंह ने भी बच्चों को संबोधित किया स अतिथियों द्वारा पूरे मेले का भ्रमण किया गया वह बच्चों से बहुत सारे प्रश्न भी पूछे गए बच्चों ने मेले में जलेबी, पानीपुरी, गुब्बारा निशानेबाजी मैगी, मूंगफली, जनरल स्टोर, स्टेशनरी आंवला व मनोरंजन के खेल की कई दुकानें लगाई बच्चों की सभी समान मेला शुरू होने के दो घंटे में ही बिक गया सभी बच्चे बहुत ही खुश नजर आए।

## डीएम-एसपी ने किया नंदमहर मेला स्थल का निरीक्षण



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी निशा अनंत और पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने गुरुवार को थानाक्षेत्र जामों अन्तर्गत नन्दमहर में लगने वाले 2 दिवसीय मेला स्थल का निरीक्षण किया एवं मेला कमेटी के सदस्यों से वार्ता की। मेला कमेटी द्वारा दिये गये सुझावों पर विचार-विमर्श कर संबंधित को निर्देशित किया गया। महिलाओं की सुरक्षा व अपराधियों की निगरानी हेतु समुचित पुलिस बल की ड्यूटी लगाकर मेले को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु संबंधित को महत्वपूर्ण आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान प्रशिक्षणाधीन पुलिस उपाधीक्षक दिनेश कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक जामो व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में भव्य कीर्तन जुलूस निकला



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** सूरा सो पहचानिये, जो लड़े दीन के हेत। पुर्जा पुर्जा कट मरे, कबहु न छोड़े खेत।। दिनांक 14 नवंबर 2024 को न्यू कालोनी गुरुद्वारा से गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आज शाम शहर में भव्य कीर्तन जुलूस निकाला गया। यह शोभायात्रा न्यू कालोनी गुरुद्वारा से शुरू होकर चंद्रशेखर आजाद चौक, शिव मंदिर, सिविल लाइन होते हुए, सुभाष चौक, मालवीय रोड होते हुए तहसील चौक से अबुबकर नगर (अमन गेट ) तक गया। जहां पर स्वागत समारोह का आयोजन किया गया था जिसमें श्रद्धालुओं के लिए लड्डू और पानी का इंतेज़ाम समाज सेवी झुंझुनू अंसारी (समाज सेवी) अरशद अंसारी (समाज सेवी), वाज़िद अली राईनी तालिब अंसारी, जैनुल अंसारी, खालिद खान, संजय चौरसिया, जहांगीर, अज्जू, विशाल, के तरफ से किया गया था।

## डम्फर में अचानक लगी आग लग



**ऊंचाहार अवधनामा संवाददाता।** मिट्टी खनन में लगे डम्फर में अचानक आग लग गई और डम्फर देखते देखते आग का गोला बन गया, जलते हुए डम्फर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। हालांकि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है ।गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण में मिट्टी ढो रहा एक डम्फर में मंगलवार की रात चड़रई गाँव के पास आग लग गई। देखते देखते डम्फर का अगला हिस्सा धू धू कर जलने लगा ।चालक व क्लीनर ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई ।आसपास मौजूद ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया ।शॉट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है ।वहीं जलते हुए डम्फर का वीडियो गुरुवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

## बाल दिवस पर याद किए गए चाचा नेहरू




अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री प. जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन पर उन्हें याद किया गया। एनएसपीएस के संस्थापक-प्रबंधक डॉ0 शशिकांत शर्मा ने प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति और शिक्षकों के साथ नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। साथ ही 15 नवम्बर को मनाई जाने वाली कार्तिक पूर्णिमा और गुरु नानक जयन्ती के उपलक्ष्य में सिक्खों के प्रथम गुरु नानक देव जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। छात्र कुशाग्र ने बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि प. जवाहर लाल नेहरू भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे और उन्हें बच्चों से अगाध प्रेम था इसी बाल प्रेम के कारण उनकी जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। वहीं छात्र सत्यार्थ ने बताया कि गुरु नानक देव जी एक आध्यात्मिक गुरु थे,उन्हें सिक्ख धर्म के संस्थापक और प्रथम गुरु के रूप में सम्मानित किया जाता है,उनकी जयन्ती पर सिक्ख धर्म के लोग गुरु पर्व मनाते है। संस्थापक-प्रबंधक शर्मा ने विद्यार्थियों को बाल दिवस की बधाई देते हुए कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और उनका विकास ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण करेगा। चाचा नेहरू की जयंती बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि आज का दिन बच्चों की खुशियों,अधिकारों और उनके उज्वल भविष्य के लिए मनाया जाता है।


**उत्तर रेलवे**

**ई– ऑक्शन सूचना**

**वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ** के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल– वाणिज्य / उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | MSS-LKO-PYGS-MaChr-75-24-1 (Misc Static-Services-Relaxation Chair) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.11.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.11.2024 at 12:30 hrs. |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

No: Va-Vi/OOH/Publicity/24/KKG Dt. 14.11.2024 3544/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा०, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई–निविदा सूचना सं० | 1147–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 13.11.2024 |
| 2. | कार्य का नाम | महाकुंभ मेला–2024–25 के संबंध में प्रयाग एवं आसपास के स्टेशनों पर अस्थायी बाहरी प्रकाश व्यवस्था का प्रावधान। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 48,30,505.01/– (अड़तालीस लाख तीस हजार पांच सौ पांच रुपये और एक पैसा मात्र) |
| 4. | बयाना राशि | रु. 96,700/– (छियानवे हजार सात सौ रुपये मात्र) |
| 5. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02 माह |
| 6. | ई–निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 05.12.2024 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा० उत्तर रेलवे, हजरतगंज लखनऊ के कार्यालय में। |
| 7. | प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सूचना सं0–1147–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 13.11.2024 3537/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# परिवार नियोजन महिलाओं के स्वास्थ्य और जीवन को देता है बेहतरीन ज़िन्दगी जीने का अवसर : डॉ. संजय शर्मा



सीएमओ कार्यालय सभागार में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ता हुए सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जनपद में सक्षम स्वास्थ्य कार्यकर्ता ही समाज को स्वस्थ और सशक्त बनाने की नींव हैं, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय शर्मा ने यह बात सीएमओ सभागार में आयोजित परिवार नियोजन कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के सम्मान समारोह में कही। इस अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट योगदान देने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं व अधिकारियों को स्मृति चिन्ह और प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

सीएमओ ने परिवार नियोजन साधनों की महत्ता बताते हुए कहा कि यह एक ऐसा माध्यम है जिससे माता-पिता अपनी आर्थिक, शारीरिक, और सामाजिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए बच्चों की संख्या निर्धारित करने का निर्णय ले सकते हैं। इन साधनों के उपयोग से दंपति दो बच्चों के जन्म के बीच आवश्यक अंतराल रख सकते हैं। जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आती है और परिवारों का स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

### गर्भनिरोधक साधनों की बढ़ रही उपयोगिताः सरजू

परिवार नियोजन सेवाओं में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के विशेष योगदान के बारे में डीपीएम सरजू खान ने बताया कि सही परामर्श और गर्भनिरोधक साधनों की सुविधा उपलब्ध कराने के परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिले में 41,000 से अधिक अंतरा इंजेक्शन का उपयोग किया गया है, जिससे बहराइच प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य कर्मियों की सक्रियता और समर्पण को प्रदर्शित करती है।

### घर-घर जाकर परिवार नियोजन साधनों के लाभों से करें जागरूकः बृजेश

डीएचईआईओ बृजेश सिंह ने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि वे घर-घर जाकर परिवार नियोजन साधनों के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाते हैं, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार होता है। उन्होंने बताया कि सही समय पर और उचित अंतराल पर गर्भधारण करने से महिलाओं का स्वास्थ्य बेहतर रहता है, जबकि अनियोजित गर्भधारण से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में वृद्धि का खतरा बना रहता है।

### बेहतर योगदान के लिए रामबरन की सराहना

कार्यक्रम के दौरान जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ यूपी-टीएसयू रामबरन यादव का बिदाई समारोह भी आयोजित किया गया, जहां उनके दीर्घकालिक योगदान को सराहा गया और उन्हें स्मृति चिन्ह एवं प्रशंसा प्रमाण पत्र भेंट किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने परिवार नियोजन कार्यक्रम में उनकी उल्लेखनीय भूमिका की सराहना करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### डॉ ऋचा का कॉपर-टी में विशेष योगदान

मेडिकल कॉलेज की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋचा को प्रसव के बाद कॉपर-टी के उपयोग के लिए जागरूकता बढ़ाने और स्टाफ नर्सों को प्रशिक्षण देने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीएमओ ने कहा कि परिवार नियोजन के माध्यम से महिलाएं अपने स्वास्थ्य और जीवन को बेहतर तरीके से व्यवस्थित कर सकती हैं, जिससे उनकी आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण में वृद्धि होती है।इसकार्यक्रम में एसीएमओ, डिप्टी सीएमओ, सीएचसी अधीक्षक, डीसीपीएम, डिस्ट्रिक्ट कंसल्टेंट क्वालिटी एश्योरेंस ,एचएस, एचइओ, सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, आशा कार्यकर्त्ता, एएनएम व स्टाफ नर्स सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ब्रेकिंग बैरियर, ब्रिजिंग गैप की थीम पर मनाया गया विश्व मधुमेह दिवस

गोष्ठी, हस्ताक्षर अभियान एवं निःशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जनपद की सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर विश्व मधुमेह दिवस गोष्ठी, निःशुल्क जांच शिविर, हस्ताक्षर अभियान के जरिये जन जागरूकता फैलाकर मनाया गया। इस बार विश्व मधुमेह दिवस की थीम ब्रेकिंग बैरियर, ब्रिजिंग गैप रही। सीएमओ कार्यालय सभागार में हुई गोष्ठी कार्यक्रम में सीएमओ डॉ0 संजय कुमार ने कहा कि इंटरनेशनल डायबिटीज फाउंडेशन द्वारा 14 नवंबर को विश्व मधुमेह दिवस तय किया गया है। 1991 से इसे वैश्विक दिन के रूप में यूएन से पहचान मिली और सबको यह समझ आने लगा कि यह एक काफी गंभीर बीमारी है। वर्ल्ड डायबिटीज डे का उद्देश्य डायबिटीज और उसके बचाव के प्रति जागरूकता फैलाना है। मधुमेह के रोगी का ब्लड शुगर का स्तर नियंत्रित न होने के कारण हृदय रोगियों व किडनी के रोगी बढ़ते जा रहे हैं जो गंभीर है। उन्होंने कहा कि जीवन शैली में परिवर्तन, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम से मधुमेह को कन्ट्रोल किया जा सकता है। एनसीडी क्लीनिक के डॉ0 अंशुमान सिंह श्रीनेत्र ने कहा कि हर साल 'वर्ल्ड डायबिटीज डे' 14 नवंबर को सर फ्रेडरिक बेंटिंग की जन्म तिथि पर मनाया जाता है। सर फ्रेडरिक बेंटिंग ने चार्ल्स हरबर्ट के साथ मिल कर इंसुलिन हार्मोन की खोज की थी। आज लगभग 463 मिलियन लोग डायबिटीज से जूझ रहे हैं। लगभग 90 फीसदी डायबिटीज के मरीजों को टाइप-2 डायबिटीज है। इतनी तेजी से डायबिटीज के बढ़ते केस व्यक्ति की समय से पहले मृत्यु का कारण हैं इसलिए इस बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाना काफी ज़रूरी है। डॉ0 अंशुमान की अगुवाई में जिला चिकित्सालय में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर मरीजों की उच्च रक्तचाप, कैंसर और मधुमेह जैसी बीमारियों की जांच एवं परामर्श भी दिया गया। साथ ही हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। उन्होंने कहा कि मधुमेह से बचाव और इलाज के लिए गेहूं के साथ चने, ज्वार, जौ, जई और दालों से बने आटे का प्रयोग करें, सब्जियों में तोरी, टिंडा, पालक, परवल, खीरा, ककड़ी और करेले का प्रयोग नियमित रूप से करें। अमरूद, जामुन, पपीते जैसे फलों का प्रयोग भी डायबिटीज में लाभकारी होता है। अंकुरित दालों और अनाज का प्रयोग भी शरीर में ग्लूकोज की मात्रा को नियंत्रित करता है। उन्होंने आगे कहा कि डायबिटीज एक तरह का मेटाबोलिक डिसऑर्डर होता है। इस बीमारी के बारे में शिक्षा के माध्यम से जागरूकता फैलाई जा सकती है। इसलिए कुछ डायटरी बदलावों और नियमित रूप से एक्सरसाइज करके व्यक्ति अपने आप को इस बीमारी के रिस्क से बाहर ला सकता है। जिला स्वास्थ्य सूचना शिक्षा अधिकारी बृजेश सिंह ने बताया कि जनपद में विश्व मधुमेह दिवस पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से विभिन्न माध्यमों से जागरूकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है। मधुमेह होने के संभावित कारणों में पारिवारिक इतिहास, गलत खानपान, निष्क्रिय जीवनशैली या अत्यधिक वजन को ही माना जाता है लेकिन मधुमेह के संभावित कारणों में प्रदूषण भी एक सक्रिय कारक हो सकता है। यह पहले से पीड़ित रोगियों की मुश्किलों को जोखिम भरा बना सकता है। इसका कारण वातावरण में घुले वे सूक्ष्म कण हैं जो कई महत्वपूर्ण अंगो जैसे- पैंक्रियाज, फेफड़े व आंखों आदि को नुकसान पंहुचाकर रोग की जटिलता को बढ़ाते हैं। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी राजेश गौतम, अप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पी. के. बांदिल, डॉ. संतोष राणा, जेरियाट्रिक विभाग के डॉ. परितोष तिवारी, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. विजित जायसवाल, डॉ. रियाजुल हक, एफएलसी विवेक श्रीवास्तव, मोहम्मद हारून, फहीम अहमद, बृज प्रकाश, स्वाती श्रीवास्तव, संतोष सिंह, मुकेश हंस, मनीष कुमार समेत विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य वर्कर मौजूद

# अधिकारियों को विभागीय लक्ष्यों की जानकारी रहेः डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



निर्माणाधीन परियोजनाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये, निर्माणाधीन कार्य हों समय से पूर्ण : अंजनी कुमार

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर गत् माह के सापेक्ष ग्रामीण विद्युतीकरण, बैंक क्रेडिट लिंकेज, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा भवन-सड़क निर्माण, एंबुलेंस संचालन, डायलिसिस, वायो मेडिकल उपकरण रख-रखाव, जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल योजना, परिवार आईडी, पंचायती राज में 15-वें वित्त आयोग की धनराशि उपभोग, स्वच्छ भारत मिशन फेज-02, निपुण परीक्षा ऑकलन, मध्यान्ह भोजन, शादी अनुदान योजना, कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में इस माह रैंक में गिरावट आने पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी सघन पर्यवेक्षण कर विभागीय योजनाओं की रैंक सुधरें। उन्होंने उप जिलाधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों को आदेशित करते हुए कहा कि कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला, दिव्यांग, वृद्धावस्था पेंशन के प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता पर सत्यापन, जांच कराकर संबंधित विभाग को फॉरवर्ड करें ताकि पत्रों को योजनाओं का लाभ मिल सके। श्री सिंह ने उप कृषि निदेशक को निर्देशित करते हुए कहा कि किसान सम्मन निधि योजना के आवेदन किसी भी स्तर पर लंबित न रहें, कार्य योजना तैयार कर लंबित आवेदनों को तत्काल निस्तारित किया जाए। उन्होने समीक्षा के दौरान पाया कि जनपद में संचालित निर्माणाधीन परियोजनाओं में से अभी 24 परियोजनाएं निर्धारित समय-सीमा से पीछे चल रही हैं, संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के अभियंता लेबर बढ़ाकर तत्काल निर्माण कार्य पूर्ण कराकर संबंधित विभाग को हैंडोवर करें, जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उन्हें तत्काल सी.आई.एम.एस. पोर्टल पर अपडेट करने की कार्यवाही की जाए। उन्होने कार्यदायी संस्थाओं के अभियंताओं से कहा कि निर्माणाधीन कार्यों में गुणवत्ता, मानकों का पूरा ध्यान रखा जाये, साइट पर संस्था का कोई न कोई अभियंता मौजूद रहकर अपनी देख-रेख में कार्य कराये, अद्योमानक कार्य पाये जाने पर सम्बन्धित अभियंता के साथ ठेकेदार की जिम्मेदारी तय कर कार्यवाही होगी।

मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने कार्यदायी संस्थाओं के अभियंताओं से कहा कि आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें, बिना अनुमति के किसी भी दशा में लोक निर्माण, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, जिला पंचायत की सड़कों का कटान न किया जाए, पाइप लाइन आदि के कार्य के लिए की गई खुदाई के पश्चात सड़कों, मार्गों को प्राथमिकता पर पूर्व की स्थिति में लाया जाए ताकि आमजन को आवागमन में असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जनपद के सभी प्राथमिक विद्यालय ऑपरेशन कायकाल के तहत सभी बिंदुओं से संतृप्त रहें, जानकारी करने पर पाया कि अभी नगर पालिका क्षेत्र के 04 विद्यालय असंतृप्त है, जिस पर उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को आदेशित करते हुए कहा कि तत्काल असंतृप्त विद्यालयों को सभी बिंदुओं संतृप्त करना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आर.सी. गुप्ता, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी संजय कुमार मल्ल, जिला विकास अधिकारी अजय कुमार, परियोजना निदेशक सत्येंद्र कुमार, उपायुक्त एन.आर.एल.एम. शौकत अली, उप कृषि निदेशक नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, समस्त खंड विकास अधिकारी सहित अन्य सम्बनिधत अधिकारी आदि उपस्थित रहे, बैठक का संचालन जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अरुण कुमार शुक्ला ने किया।

## कक्षा 9 से 12 तक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करें

**फिरोजाबाद।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कृष्ण मोहन सिंह ने जनपद फिरोजाबाद में संचालित समस्त हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट शिक्षण संस्थाओं के प्रधानाचार्य को सूचित किया है कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित पूर्वदशम् (कक्षा 9-10) एवं दषमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा 11-12) योजना के अन्तर्गत निम्नानुसार कार्यवाही किया जाना है।

## जिला ग्रामोद्योग का जागरूकता कार्यक्रम 16 नवम्बर को

**फिरोजाबाद।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ओ0पी0चक ने सर्वसाधारण को सूचित किया है, कि उ0 प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा जनपद स्तर पर विपणन विकास सहायता योजना के अन्तर्गत जनपद फिरोजाबाद की समस्त तहसीलों के ब्लाक मुख्यालय पर एक-एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है, के क्रम में चौथे जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 16 नवम्बर 2024 को खण्ड विकास कार्यालय, एका में प्रातः 11.00 बजे आयोजित किया जाना है, जिसमें प्रतिभागियों को खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित समस्त रोजगारपरक एवं लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। खादी ग्रामोद्योगी योजना के अन्तर्गत उद्यम स्थापना हेतु इच्छुक प्रतिभागियों को बैंको के माध्यम से नियमानुसार वित्तीय सहायता/ऋण अनुदान आदि उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में भाग लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र निर्धारित रूपपत्र पर ऑनलाइन पोर्टल बेबसाइट UPKVIB-GOV-IN पर जमा कर सकते है।

## बीडीएम गर्ल्स डिग्री कॉलेज में पालिकाध्यक्षा ने छात्राओं को बांटे टैबलेट

**शिकोहाबाद।** बीडीएम गर्ल्स डिग्री कॉलेज में स्वामी विवेकानन्द युवा तकनीकी सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत कॉलेज में टैबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जसिकी अध्यक्षता विद्यालय की प्रबंधिका रानी गुप्ता व महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर गीता यादवेन्दु के निर्देशन में टैबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुल 18 छात्राओं को टैबलेट वितरित किये गये। इस दौरान प्रबंधिका ने कहा कि आज ऑनलाइन का युग है। परन्तु टैबलेट के उपयोग के समय सतर्क रहना बहुत ही जरूरी है। क्योंकि ऑनलाइन साइबर क्राइम काफी तेज़ी से बढ़ रहा है। वही प्राचार्या ने कहा कि ऑनलाइन पढ़ाई के माध्यम से आप नवीन ज्ञान से अवगत होकर अपने जीवन को नई दिशा दे सकते हैं। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. माया गुप्ता ने कहा कि ऑनलाइन रहते वक्त समय का विशेष ध्यान रखें। क्योंकि अत्याधिक प्रयोग हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, बेहटा-सीतापुर

पत्रांक : 1838/पंचम राज्य वित्त/15वॉ वित्त (अनटाईड/टाइड)/निविदा पत्रा0/2024-25 — दिनांक 13.11.2024

## निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित निर्माण कार्यो की मोहरबंद निविदायें दिनांक 30.11.2024 के अपरान्ह 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 04.30 बजे ठेकेदारों के समक्ष सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। किसी भी टेण्डर को स्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 16.011.2024 से दिनांक 30.11.2024 तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से सायं 12.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। प्रत्येक निविदा के साथ 02 प्रतिशत की जमानत धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो खण्ड विकास अधिकारी बेहटा के नाम बंधक होगा। टेण्डर स्वीकार की स्थिति में एवं प्रतिभूति की धनराशि स्वीकार टेण्डर की 08 प्रतिशत जमा करना अनिवार्य होगा, अन्य शर्तो आदि की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। प्रत्येक निविदा के साथ हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र व अन्य प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियां जमा करना अनिवार्य होगा। ठेकेदार द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गयी धनराशि अंको एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत का नाम | परियोजना का नाम | कार्य का प्रकार | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री जिसकी आपूर्ति होनी है | कार्य की प्राक्कलित लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य | जमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नरना | कृपा यादव के मकान से श्रीराम के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली कार्य | 15वाँ वित्त (टाइड) | प्राक्कलन के अनुसार | 875000.00 | 1000.00 | 17500.00 |
| 2. | चेनिया | रूकनापुर डामर रोड से सन्तोष के मकान तक इण्टरलाकिंग कार्य | पंचम राज्य वित्त | प्राक्कलन के अनुसार | 993000.00 | 1000.00 | 19900.00 |
| 3. | सुमली | तम्बौर मेन रोड से टावर तक इण्टरलाकिंग कार्य | पंचम राज्य वित्त | प्राक्कलन के अनुसार | 951000.00 | 1000.00 | 19100.00 |
| 4. | तम्बौर देहात | के0पी0 सिंह डिग्री कालेज न्यू कैम्पस से रोड तक इण्टरलाकिंग कार्य | पंचम राज्य वित्त | प्राक्कलन के अनुसार | 995400.00 | 1000.00 | 20000.00 |
| 5. | बहियाबहरामपुर | बहरामपुर सड़क से रमेश शुक्ला के मकान तक इण्टरलाकिंग कार्य | पंचम राज्य वित्त | प्राक्कलन के अनुसार | 621000.00 | 1000.00 | 12500.00 |
| 6. | बहियाबहरामपुर | शिवम मिश्रा के मकान से विपिन मिश्रा के मकान तक इण्टरलाकिंग कार्य | पंचम राज्य वित्त | प्राक्कलन के अनुसार | 991000.00 | 1000.00 | 19900.00 |
| 7. | सिकरी बेहटा | मुकुन्दराम के खेत से मुल्लू यादव के खेत तक इण्टरलाकिंग कार्य | पंचम राज्य वित्त | प्राक्कलन के अनुसार | 912000.00 | 1000.00 | 18300.00 |
| 8. | पुरवाआचार्य | रिहार डामर रोड से सुन्दरपुरवा गाँव की तरफ सड़क तक इण्टरलाकिंग कार्य | पंचम राज्य वित्त | प्राक्कलन के अनुसार | 996400.00 | 1000.00 | 20000.00 |
| 9. | तम्बीर देहात | पी0एस0 तम्बौर में महिला बूथ, मीटिंग हाल व अरक्षी बैरक के सामने इण्टरलाकिंग कार्य | पंचम राज्य वित्त | प्राक्कलन के अनुसार | 888500.00 | 1000.00 | 17800.00 |
| 10. | बसन्तापुर | भया सिंह के घर से रामनरेश के मकान तक इण्टरलाकिंग कार्य | पंचम राज्य वित्त | प्राक्कलन के अनुसार | 994500.00 | 1000.00 | 19900.00 |
| 11. | रोहाचॉदीखेरा | बसन्त वर्मा के मकान से सुरेन्द्र वर्मा के मकान तक अवशेष भाग में इण्टरलाकिंग कार्य | पंचम राज्य वित्त | प्राक्कलन के अनुसार | 752400.00 | 1000.00 | 15100.00 |
| 12. | बेहटा पकौरी | ब्लाक मुख्यालय में प्रेरणा कैन्टीन की रिपेयरिंग व अन्य कार्य | पंचम राज्य वित्त | प्राक्कलन के अनुसार | 115200.00 | 1000.00 | 2400.00 |

**खण्ड विकास अधिकारी**
**बेहटा- सीतापुर**



# कार्यालय जिला पंचायत, महराजगंज।

पत्रांक :- 380/जि0पं0म0/2024-25 — दिनांक : 14 नवम्बर, 2024

## अति अल्प कालीन ई-प्रोक्योरमेन्ट/ई-टेण्डरिंग सूचना

जिला पंचायत महराजगंज के समस्त जिला पंचायतो में पंजीकृत ठेकेदारों/सिंचाई विभाग/लोक निर्माण विभाग के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि 15वॉ वित्त के अनटाइड ग्राण्ट एवं टाइड ग्राण्ट योजनान्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा के साथ कार्य का विवरण तथा नियम व शर्तें अपलोड की गयी हैं, जिसे देखा व पढ़ा जा सकता है। ई-निविदा दिनांक 19.11.2024 को अपरान्ह 04.00 बजे से https://etender.up.nic.in पर जाकर दिनांक 05.12.2024 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक डाउनलोड व अपलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 06.12.2024 को टेण्डर समिति के समक्ष अपर मुख्य अधिकारी के कक्ष में अपरान्ह 04.00 बजे निविदा खोली जायेंगी। प्रत्येक निविदा के साथ टेण्डर फार्म के कीमत की धनराशि आर0टी0जी0एस0/नेफ्ट/चालान/आनइलाईन डिजिटल भुगतान माध्यमों से जिला पंचायत महराजगंज के जिला निधि खाता संख्या. 21246239861 आई0एफ0एस0 सी0 कोड - IDIB000M537 इण्डियन बैंक महराजगंज में जमा कर, प्राप्ति रसीद/प्रमाण टेण्डर फार्म के साथ संलग्न कर अपलोड करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक टेण्डरदाता को अपने टेण्डर फार्म के साथ अनुमानित कार्य मूल्य पर 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि आर0टी0जी0एस0/नेफ्ट/आनइलाईन डिजिटल भुगतान माध्यमों से जिला पंचायत के जमानत खाता संख्या. 3415101000748 आई0एफ0एस0सी0 कोड - CNRB0018642 केनरा बैंक महराजगंज अथवा बैंक सावधि जमा रसीद/एन0एस0सी0, जिला पंचायत की रसीद प्रत्येक कार्य के साथ अलग-अलग नियत धनराशि का जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत महराजगंज के पद नाम से बन्धक होगा, को संलग्न कर अपलोड करना अनिवार्य होगा। निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त समस्त मूल अभिलेख कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। किसी भी दशा में अनुबन्ध से पूर्व हुए कार्य को श्रमदान माना जायेगा। अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। ई-टेण्डरिंग के सम्बन्ध मे शासन से यदि कोई निर्णय लिये जाते हैं तो ठेकेदार को मान्य होंगे।

| S. No. | Tender Published Date and Time | Tender Sale Start Date and Time | Tender Sale End Date and Time | Tender Opening Date and Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 19-11-2024 04.00 PM | 19-11-2024 04.00 PM | 05-12-2024 11-00 AM | 06-12-2024 04-00PM |

**अभियन्ता, जिला पंचायत महराजगंज।** — **अपर मुख्य/अधिकारी जिला पंचायत महराजगंज।** — **मा. अध्यक्ष जिला पंचायत महराजगंज।**

# मानक को दरकिनार कर की गई सिल्ट की सफाई, नहीं पहुंचता टेल तक पानी

- रजवाहों और माइनरो की सिल्ट सफ़ाई के नाम पर की गई खानापूर्ति



अवधनामा संवाददाता

**राठ (हमीरपुर)।** किसानों को नहरों का पानी उनके खेतों तक पहुंचाने के लिए सरकार प्रति वर्ष रजवाहो और माइनरों की सिल्ट की सफाई कराई जाती है। ताकि माइनरों का पानी हेड से टेल तक पहुंच सके। लेकिन सिल्ट सफाई कार्य मे लगे सिंचाई विभाग के ठेकेदारों द्वारा सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई। वही मानक को दरकिनार कर माइनरो की साफ सफाई की गई। जनपद के राठ तहसील क्षेत्र में नहरो से निकली ग्राम पंचायत औड़ेरा, गल्हिया और अतरौलिया राठ, गिरवर, खिरिया आदि गांव की माइनरों की जेसीबी मशीन से सफाई के नाम पर खानापूर्ति की गई। राठ क्षेत्र के अंतर्गत लगभग सभी माइनरों पर मानक को दरकिनार कर 100 से 200 मीटर तक सफाई का कार्य किया गया। इसके अलावा राठ तहसील क्षेत्र के अंतर्गत कुछ माइनरो की सफाई अभी शुरू नहीं हुई है। और नहर व माइनरों में पानी छोड़ दिया गया। जहां माइनरो में अभी भी बड़ी बड़ी झाड़ियां उगी हुई है। जबकि बीते 4 दिन पूर्व जिलाधिकारी के निर्देश पर माइनरों की सफाई की जांच स्थानीय अधिकारियों द्वारा की गई थी। इसके बावजूद भी माइनरों की टेल तक सफाई नहीं की गई। किसानो ने सिंचाई विभाग और जिले के जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत का आरोप लगाया है। किसानो का कहना है कि प्रत्येक वर्ष रजवाहो और माइनरों की सफाई के नाम पर खानापूर्ति करके शासन को करोड़ों रुपयों का चूना लगाया जाता है। और आरोप है कि समय पर नहरों व माइनरों में पानी न आने और टेल तक पानी न पहुंचने से किसानो के पलेवा नहीं हो पाते। जिससे किसानो में भारी आक्रोश है। किसानो ने जिलाधिकारी से जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है। जबकि सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता का कहना है कि कम बजट के आधार पर सभी माइनरों की सफाई की गई है और अन्य माइनरों की पूर्ण सफाई का हवाला दिया जा रहा है।

# सपनों को पूरा करने के लिए शिक्षा की आवश्यकता: राम जनम

**बाल दिवस**



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** विकास खंड बसरेहर के कंपोजिट विद्यालय कृपालपुर में बाल दिवस के अवसर पर बाल मेला का आयोजन किया गया। मेले का उदघाटन स्टेट रिसोर्स ग्रुप के सदस्य राम जनम सिंह ने किया। इस अवसर पर बच्चों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कह कि बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं। उनकी सोच, उनकी ऊर्जा और उनकी कल्पना हमारे देश को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हमे याद रखना है कि हम जो आज सपने देख रहे हैं, वे कल सच हो सकते हैं। लेकिन इसके लिए आपको मेहनत करनी होगी, संघर्ष करना होगा और कभी हार नहीं माननी। सपनों को पूरा करने के लिए शिक्षा की आवश्यकता है। शिक्षा ही ज्ञान देगी, समझ देगी और अपने लक्ष्यों की प्राप्ति में मदद करेगी। शिक्षित बने और सफल बने। बाल मेला में बच्चों ने स्टाल लगाए और विभिन्न खेलों में प्रतिभाग किया। ब्लॉक पी टी आई अर्चना चौधरी ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के मन में ऊर्जा का संचार करते हैं। इस अवसर पर गीतेश वर्मा, तस्नीम कौसर, तरन्नुम जहां, योगेंद्र नारायण, मोनिका वर्मा, सोनाली माथुर, प्रियंका यादव, सोनी यादव, ऋषि यादव वंदना यादव विनीता नायक कुशमा नायक उपस्थित रही।

# प्रसाशन और मरौली पाँच खदान संचालक के बीच लुकाछिपी मे किसान हुये बरबाद

- आखिर मरौली पांच के संचालक क्यों नही खनिज नियमों का पालन कर रहे हैं, बार बार अवैध खनन और किसानों की फसलों को रौंदकर प्रसाशन को चुनौती दे रहे है



अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** पूरे जनपद मे मौरंग खनन जोरो पर है, एक और जहां प्रशासन अवैध खनन और ओवरलोड परिवहन रोकने के लिये प्रयास कर रहा है वहीं दूसरी ओर खंड संचालक लगातार अवैध खनन ओवरलोड मौरंग का परिवहन और बिना रवन्ना के मौरंग निकालकर प्रशासन और यौगी सरकार को चुनौती दे रहा है, जबकि सूबे के मुखिया अपनी बैठको मे साफ साफ कहते है कि प्रदेश मे ओवरलोड परिवहन और अवैध खनन किसी भी हाल मे बरदाश्त नही किया जायेगा।

बाँदा जिलाधिकारी भी बारबार अवैध खनन रौकने के लिये रणनीति बना रहे है जिसमे मरौली खंड पांच मे पहले पचास लाख से अधिक की पेनाल्टी लगा चुके है इसके बावजूद भी डेस्कान बिल्डटेक के संचालक कानपुर के कारोबारी अपनी कुशल लोकेशनबाज गैंग और खबरियों के कारण प्रशासन पर भारी पड रहे है, ताजा घटनाक्रम मे जब प्रशासन ने मरौली पाँच मे रात्रि मे रंगेहाथों मशीनो को पकडने का प्लान बनाया और अमलीजामा पहनाने का प्रयास किया तो लोकेशनबाज तक्को ने तुरंत ही खंड संचालक संजीव गुप्ता को जानकारी दे दी जिससे प्रशासन के पहुंचते ही सारी भारीभरकम मशीने केन नदी पारकर मरौली से चकचटगन गाँव मे घुस गयी जिससे किसानो की कई बीघे मे खडी सरसों की फसल पूरी तरह से रौंद दी गयी। सुबह जब किसानों ने अपनी खडी फसल टूटी देखी तो उनकी जान निकल गयी जब उन्होने अपनी जमीनों पर भारी भरकम मशीने देखी।

### अब किसान संगठनों ने नदी मे खडे होकर किया सत्याग्रह

किसान संगठन के मंडल अध्यक्ष बलराम तिवारी ने एक दर्जन से अधिक किसानों के साथ चटगन मे केन नदी मे खडे होकर सत्याग्रह किया और प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि किसानों की फसलों को उजाडने वाले खनन कारोबारी पर कार्यवाही और किसानो का मुआवजि नही मिला तो किसान संगठन उग्र आंदोलन करेगे जिसकी जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होगी।

# श्री कृष्ण के बाल लिलाओं को सुन श्रोता हुए भाव विभोर

अवधनामा संवाददाता



**चोपन/सोनभद्र।** विकास खंड चोपन के ग्राम पंचायत पटवध में चल रहे संगीतमय सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में पंचम दिवस काशी से पधारे व्यास पं कौशलेंद्र दास शांडिल्य जी महाराज ने कहा कि जीव जब देह गेह के साथ रहता है तो आसक्त बनता है, बैरागी संतो के साथ मिलकर विरक्त बनता है और जब भागवत के सानिध्य में आता है तो भक्त बनता है। छाया सूर्य के सदा विपरीत रहती है, उसके जितने नजदीक जाओगे वह उतना ही दूर भागती है और यदि पलट के सूर्य की तरफ जाओ तो पीछे-पीछे आती है, छाया माया है, और सूर्य परमात्मा, माया को जितना पकड़ना चाहोगे वह उतना ही आपसे दूर भागेगी और यदि पलट के परमात्मा की तरफ चल पड़े तो वही माया आपके पीछे-पीछे दौड़ेगी। श्रीमद् भागवत की कथा जीव को माया के बंधनों से छुड़ाकर के परमात्मा के भक्ति में लगाती है। भागवत भगवान को प्राप्त करने का सरलतम साधन है। भगवान श्री कृष्ण ने अपनी विविध बाल लीलाओं के द्वारा बृजवासियों को दिव्य आनंद की अनुभूति कराई और जब इंद्र ने कुपित होकर के प्रलय कालीन वर्षा कराई तो 7 वर्ष के छोटे से कृष्ण ने 7 दिनों तक अनवरत गिरि गोवर्धन को धारण कर संपूर्ण बृजवासियों की रक्षा की। यज्ञ व कथामंच का संचालन आचार्य पं दिलीप देव पाण्डेय ने किया इस मौके पर मुख्य यजमान श्रवण कुमार पाण्डेय सपत्नीक, मोतीलाल पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, रामनिरंजन पाण्डेय, दीपक दुबे, सुनील पाठक, तेजवंत पाण्डेय, अशोक दुबे,पवन पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# लूट के माल सहित तीन बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

- एक के पैर में लगी गोली
- तीन दिन पूर्व बैंक मित्र से दिनदहाड़े 1,80000 रुपए की हुई थी लूट





अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** 14 नवंबर, मौदहा पुलिस ने बीती ग्यारह नवंबर को दिनदहाड़े एक बैंक मित्र के साथ हुई एक लाख अस्सी हजार रुपए की लूट के तीनों आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। इस मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ज्ञात हो कि बीती 11 नवंबर को कोतवाली क्षेत्र के गांव छिमौली निवासी बैंक मित्र रमेश चंद्र मौदहा कस्बा के इंडियन बैंक से एक लाख अस्सी हज़ार रुपए निकाल कर बाइक से अपने गांव जा रहा था। तभी कस्बा से लगभग एक किलोमीटर आगे बड़ेरी नाला के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने दिनदहाड़े उसकी आंखों में मिर्ची पाउडर झोंक रुपयों से भरा बैग लूटकर भाग खड़े हुए थे। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया था साथ ही कोतवाली पुलिस की कानून व्यवस्था को लेकर लोगों में खासा आक्रोश व्याप्त था। हलाकि घटना की सूचना पर मौके की जांच-पड़ताल करने पहुंची कोतवाली पुलिस ने जल्द ही खुलासा करने का भरोसा दिलाया था। इसी क्रम में पुलिस ने आसपास के दर्जनों सीसीटीवी कैमरों से फुटेज खंगालना शुरू किया और तीन दिन बाद बीती रात इस घटना को अंजाम देने वाले तीनों लुटेरों को कोतवाली क्षेत्र के पढ़ोरी मार्ग में परछा मोड़ पर मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ में हुई जवाबी फायरिंग में पुलिस की एक गोली सुमेरपुर कस्बा के बांकी रोड बसंतनगर निवासी बदमाश विपिन पाल पुत्र जगभान के बाएं पैर में गोली लगी है। इसके पास से पुलिस ने लूट का 55 हजार रुपए, एक तमंचा, दो कारतूस व एक खोखा 315 बोर का बरामद किया है। इसके अलावा मौके से भाग रहे दो बदमाशों मौदहा कोतवाली के गांव छिमौली निवासी रोशन निषाद उर्फ फूफा पुत्र बृजलाल और मौदहा कस्बा के क्योटरा मोहल्ला निवासी ज्ञान सिंह पुत्र सरवन निषाद को पुलिस ने दबोच लिया है। इनमें से रोशन निषाद के पास से पुलिस ने 74000 रुपए और ज्ञान सिंह से 20000 रूपए एक बैग व 18 अदद बैंक पासबुक बरामद हुए हैं। पुलिस ने मौके से एक बाइक भी बरामद की है।

# कार्यशाला का हुआ बैठक




अवधनामा संवाददाता

**चोपन/ सोनभद्र।** गुरुवार को नगर स्थित श्याम लाज में भारतीय जनता पार्टी चोपन मंडल के कार्यशाला का बैठक मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह की अध्यक्षता में किया गया जहां मुख्य अतिथि अवधेश कुमार श्रीवास्तव जिला चुनाव अधिकारी व विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता व सोनाबच्चा अग्रहरी मौजूद रहे जहां सर्वप्रथम पं दीनदयाल उपाध्याय व पं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक शुरू किया गया बैठक को संबोधित करते हुए जिला चुनाव अधिकारी अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन चुनाव के मद्देनजर सभी शक्ति केंद्रों के चुनाव अधिकारी बनाए गए हैं जो 17 और 18 तारीख में शक्ति केंद्रों पर जाकर शक्ति केंद्र की कार्यशाला को आयोजित करेंगे साथ ही बूथ अध्यक्षों का गठन करेंगे तत्पश्चात संगठन की आगे का जो भी चुनाव है उसे संपन्न कराया जाएगा। जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता ने कहा कि संगठन चुनाव हर तीन वर्ष मे भारतीय जनता पार्टी द्वारा कराया जाता है जिसमें संगठन के कार्यकर्ता चुनाव लड़ते हैं एवं भारतीय जनता पार्टी का भविष्य तय करते हैं इसी क्रम में मंडल चुनाव अधिकारी सोनाबच्चा अग्रहरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन पार्टी की आत्मा होती है और भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा भाव के माध्यम से समाज में एक अलग पहचान रखता है। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री विकास चौबे ने किया इस मौके पर वरिष्ठ कार्यकर्ता राजा मिश्रा,नवल किशोर चौबे,माला चौबे, संजीव तिवारी,प्रदीप अग्रवाल, सत्य प्रकाश तिवारी, तेजवंत पाण्डेय, डॉ सुरेन्द्र मौर्या,राम दुलारे खरवार, संजय केशरी,प्रेम पटेल,सोनी रावत,मिनू चौबे, शबनम मिश्रा, पूजा पटेल, धर्मशिला देवी, परशुराम केशरी,दुलारी देवी, अमरनाथ पनिका,सत्या केशरी, कालीचरण खरवार, रामप्रताप शाहनी, श्रवण गुप्ता, मनोज सिंह सोलंकी, संतोष शाहनी, विनित तिवारी, सुदामा गोंड़ भोला जायसवाल,रंगनाथ मिश्रा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ओम रतन कश्यप उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पुन: अध्यक्ष चुने गए

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की नगर कार्यकारिणी की बैठक खुराक रेस्टोरेंट में आयोजित की गई जिसमें इटावा शहर इकाई का चुनाव किया गया जिसमें सर्वसम्मति से दूसरी बार ओम रतन कश्यप को शहर अध्यक्ष चुना गया। शहर महामंत्री विवेक गुप्ता को चुना गया शहर कोषाध्यक्ष दीपचंद जैन को चुना गया।

जिलाध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने समस्त नवनिर्वाचित पदाधिकारी का फूल मालाओं से स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ एके शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष एमपी सिंह तोमर प्रदेश मंत्री बीके वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला वरिष्ठ महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला महामंत्री सुनीत सिंह चौहान रमेश यादव युवा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता महिला जिला अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान आशीष दुबे गोरखनाथ वर्मा धर्मेंद्र सिंह भदोरिया जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार कनौजिया अभिषेक दिक्षित युवा जिला कोषाध्यक्ष केशव दास जिला संगठन मंत्री अवधेश कुमार दुबे युवा नगर महामंत्री राघव यादव प्रांतीय सदस्य जयवीर सिंह यादव सुमित गर्ग शैलेंद्र सिंह राजावत रमेश चंद्र जैन मयंक शर्मा हैदर कुरैशी कांति दिवाकर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### 11000 दीपों से जग-मगाएगा सोमेश्वर घाट, भजन-कीर्तन का होगा आयोजन

**चोपन/सोनभद्र।** देव दीपावली के पावन अवसर पर चोपन स्थित सोन नदी के तट पर अवस्थित सोमेश्वर महादेव घाट पर देव दीपावली को लेकर भव्य तैयारियां की गई हैं। जहां गुरुवार को सोनेश्वर महादेव का पूजन अर्चन कर सिंगार किया गया। 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन हरे राम-हरे राम, राम-राम हरे-हरे, हरे-कृष्णा हरे-कृष्णा, कृष्णा-कृष्णा हरे-हरे का आयोजन किया गया। जिसका समापन शुक्रवार को सुबह 11 बजे होगा। उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 2 बजे से नगर के मेधावी बच्चों द्वारा सोमेश्वर घाट पर रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। जिसमें हर साल की भांति इस वर्ष भी बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक रंगोली बनाकर सुंदर संदेश देने का प्रयास किया जाएगा।

# अपर्णा बनी एक दिन की प्रधानाचार्या

अवधनामा संवाददाता



**मुस्करा हमीरपुर।** श्री भस्मानंद इंटर कॉलेज लोदीपुर निवादा हमीरपुर में बाल दिवस के उपलक्ष्य में पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें भूतपूर्व छात्र एवं छात्राओं को बुलाया गया और उनको सम्मानित किया गया वर्तमान छात्र-छात्राओं को एक दिन के लिए कक्षा में अध्यापक नियुक्त किया गया बाल दिवस के शुभ अवसर पर वहीं बच्चों के द्वारा अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए कई सारे प्रोजेक्ट एवं वैज्ञानिक उपकरण बनाए जिनको बहुत ही सुंदर तरीके से बच्चों ने प्रस्तुत किया और अपनी कला का प्रदर्शन किया वहीं इंटर मैं अध्ययनरत कॉलेज की छात्रा अपर्णा निवासी बांधुर बुजुर्ग को एक दिन के लिए प्रधानाचार्या के पद पर नियुक्त किया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य मनोहर सिंह के द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए उनका मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षक नरेश, चंद्रपाल, अनिल, लेखराज, गोविंद, सरोज, महेंद्र, विकास, मृत्युंजय, सुरेश, जितेंद्र, रविन्द्र, भुवनेश, नवाब बक्खी अन्य मौजूद रहे।

### जनजाति समुदाय की बस को जिलाधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** भगवान बिरसा मुण्डा की जयन्ती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रतिभाग करने हेतु जाने वाले जनजाति समुदाय की बस को जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह व मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने आज कलेक्ट्रेट गेट पर हरी झण्डी दिखाकर रवाना किये, जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर लखनऊ में प्रस्तावित जनजाति भागीदारी उत्सव 15 नवम्बर से 26 नवम्बर 2024 तक मनाया जायेगा उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु एकीकृत जनजाति विकास परियोजना सोनभद्र द्वारा जनजाति समुदाय के लोगों को लखनऊ के लिए रवाना किया गया।

# पं. जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** गुरुवार को जिला शहर कांग्रेस कमेटी सोनभद्र के कार्यालय पर भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की 135वीं जयंती मनाई गई सर्वप्रथम पंडित नेहरू के चित्र पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत तत्पश्चात शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव कुमार त्रिपाठी कार्यवाहक अध्यक्ष पुष्पांजलि अर्पित की पंडित नेहरू के व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड ने कहा कि पंडित नेहरू के त्याग तपस्या से जो आजादी आज हमको मिली है उससे देश में सर्वांगीण विकास की अलख जगी गरीब टपके के लोगों में आदिवासियों को मुख्य धारा में जोड़ने का उनका योगदान सराहनीय रहा। शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी ने कहा कि पंडित नेहरू के स्वतंत्रता आंदोलन ने भारत वासियों को एक नई ऊर्जा प्रदान की स्वतंत्रता के पश्चात भारत देश में पंडित नेहरू ने उद्योग क्रांति लाई जिससे संपूर्ण भारत का एक नया स्वरूप सामने आया वे आधुनिक भारत के निर्माता रहे। हाजी फरीद अहमद ने कहा कि पंडित नेहरू के योगदान को हमेशा याद किया जाएगा पंडित नेहरू की सूझबूझ से ही कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा बना हम सब आज उनके जयंती के अवसर पर उनको शत-शत नमन करते हैं और श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं जिला और शहर के सभी पदाधिकारी ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की ।इस मौके पर रामराज सिंह गोंड, राजीव त्रिपाठी, हाजी फरीद अहमद, सेतराम केसरी, आशुतोष कुमार द्विवेदी, गुलाब तिवारी, प्रदीप कुमार चौबे, अमरेश देव पांडे, बाबूलाल पनिका, अंशू गुप्ता, राम गणेश गोंड आदि लोग मौजूद रहे।

# डीपीएस ने जूडो इंटरनेशनल चैंपियनशिप में 7 मेडल जीते

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल ने राजधानी लखनऊ के सिटी मांटेसरी स्कूल, आरडीएसओ में आयोजित जूडो इन्विटेशनल इंटरनेशनल चैंपियनशिप÷ 2024-25 में अपनी शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 3 सिल्वर एवम 4 ब्रॉन्ज सहित 7 मैडल जीतकर अपने स्कूल एवं जनपद इटावा को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। उत्तर प्रदेश के सिटी मांटेसरी स्कूल, आरडीएसओ, लखनऊ में विगत 6 से 9 नवंबर, 2024 तक जूडो इन्विटेशनल इंटरनेशनल चैंपियनशिप आयोजित की गई थी जिसमे भारत सहित श्रीलंका, नेपाल, मॉरीशस, भूटान देश के लगभग 1500 जूडो खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था।

दिल्ली पब्लिक स्कूल, इटावा की प्रधानाचार्या भावना सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि, हमारे स्कूल के खेल प्रशिक्षिक व जूडो कोच ÷प्रभाकर सिंह÷ के कुशल दिशा निर्देशन ने ही हमारे इन खिलाड़ियों को बड़ी संख्या मे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ये पदक दिलवाए हैं। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में विभिन्न देशों से आए सीबीएसई स्कूलों के बेहतरीन जुडो खिलाडी प्रतिभाग कर रहे थे लेकिन डीपीएस इटावा के हमारे इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद 3 सिल्वर एवम 4 ब्रॉन्ज सहित 7 मैडल जीतकर अपने विद्यालय के नाम दर्ज कर ही लिए।

इस कड़े मुकाबले में दिल्ली पब्लिक स्कूल के क्लास 4 के हर्ष यादव ने अंडर 15 आयु वर्ग एवम 55 किलो से कम के भार वर्ग मैं सिल्वर मैडल जीता तो वहीं क्लास 11 की छात्रा दिव्या शुक्ला ने अंडर 19 आयु वर्ग एवम 70 किलो से कम के भार वर्ग में सिल्वर मैडल जीत लिया। इसी क्रम में विद्यालय की ही क्लास 7 की एक और होनहार छात्रा पंखुड़ी श्रीवास्तव ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद अंडर 15 आयु वर्ग एवम 57 किलो से कम के भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर दिल्ली पब्लिक स्कूल को शानदार विजय श्री दिलवाई। इसी के अगले क्रम में क्लास 8 के एक अन्य छात्र अगम्या ने अंडर 15 आयु वर्ग एवम 50 किलो से कम के भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया तो वहीं क्लास 6 के अक्षय यादव ने अंडर 15 आयु वर्ग एवम 35 किलो से कम के भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता। इसी प्रकार क्लास 6 के ही छात्र विवान तिवारी ने अंडर 15 आयु वर्ग एवम 30 किलो से कम के भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता और क्लास 6 की ही छात्रा नंदिनी यादव ने भी अंडर 15 आयु वर्ग एवम 40 किलो से कम के भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर कुल 4 ब्रॉन्ज मेडल अपने स्कूल के नाम कर लिए।

इस अवसर पर डीपीएस के चैयरमैन डॉ विवेक यादव ने सभी नन्हें विजेता बच्चों को शानदार जीत की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, यह हमारे विद्यालय के बच्चों को दी जा रही उत्कृष्ट शिक्षा के साथ साथ खेल का एक विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम भी है जो उनके आने वाले जीवन में उन्हें खेल की दुनियां के शीर्ष स्तर पर भी अवश्य ही ले जायेगा। डीपीएस के चेयरमैन डॉ विवेक यादव, वाइस प्रेसिडेंट डॉ प्रीति यादव, प्रिंसिपल भावना सिंह ने सभी विजेताओं सहित बच्चों के जूडो कोच÷प्रभाकर सिंह÷को उनकी कड़ी मेहनत और श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बधाई दी है। समस्त डीपीएस परिवार में इस शानदार जीत के बाद खुशी


## न्यायालय सूचना

न्यायालय श्रीमानअपर प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय फैजाबाद अयोध्या याचिका संख्या -341 /2024 अ धारा-13हि वि अधि विवाह विच्छेद अधि ता पेशी-25/11/24 अर्पिता श्रीवास्तव पत्नी दीपक कुमार श्रीवास्तव पुत्री स्वर्गीय अनिल कुमार श्रीवास्तव निवासिनी 302 मोहल्ला कंधारी बाजार शहर पोस्ट फैजाबाद हाल पता बी 252 राघव विहार कॉलोनी अमानीगंज परगना हवेली अवध तहसील सदर जनपद अयोध्या मोबाइल नंबर- 8400011 9918 - याची बनाम दीपक कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्वर्गीय अंजनी कुमार श्रीवास्तव निवासी ग्राम शेखपुरा अतरौलिया जिला आजमगढ़ हाल पता जी 51/2 आदित्यपुरम कॉलोनी आदित्यपुरम चितौड़गढ़ राजस्थान वर्तमान तैनाती पता डाला सीमेंट वर्कस डिपार्टमेंट टी पी पी पोस्ट ऑफिस डावा जिला सोनभद्र उत्तर प्रदेश पिन कोड- 2312 07 **प्रत्यार्थी**-चूंकि ऊपर नामांकित याची ने आपके विरुद्ध जैसा याचिका में दिया गया है। एक याचिका संस्थित की है।आपको इस सम्मन के आपको तमिल होने के दिनांक से 3 सप्ताह के भीतर इस न्यायालय में स्वयं हाजिर होने या न्यायालय की अनुमति वकालतनामा दाखिल करने की अपेक्षा की जाती है। और चूंकि वाद को निवेश के लिए 25/11/ 2024अपर परिवार न्यायाधीश के कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। आपको एतद् याची के दावे का उत्तर देने के लिए उक्त 25 दिवस 11 माह 2024 वर्ष को न्यायाधीश के समक्ष पूर्वान्ह 11 बजे उपस्थित होने के लिए सम्मन किया गया है और सूचना दी जाती है कि पूर्व उल्लेखित दिनांक को पक्षो को जो उपस्थित हो सुनने के पश्चात अपर न्यायाधीश द्वारा कुटुंब न्यायालय के परामर्शदाता के समक्ष सुनवाई के दिनांक के संबंध में और याचिका से संबंधित अन्य मामलों में निर्देश दिए जाएंगे और अग्रसर सूचना दी जाती है और अग्रेसर सूचना दी जाती है वकालतनामा दाखिल करने या आप उपस्थित होने में असफल रहते हैं तो याचिका को उसी दिन या किसी भी अनुवर्ती दिवस को अप्रतिवाक के रूप में बोर्ड के समक्ष रखा जाएगा और आपके विरुद्ध पारित किसी डिग्री या आदेश के लिए आप उत्तरदाई होंगे। यह नोटिस 5/11/2024 दिनांक को न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मोहर के जारी किया गया है।

**हस्ताक्षर हाकिम**

# मजदूर वहीं का वहीं रह गया, लाल सलाम वाले हो गए मालामाल : योगी

■ भेजे राशन को खा जाते हैं विपक्षी दल

अवधनामा ब्यूरो



**रांची/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झारखंड में बृहस्पतिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल व वामपंथियों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यहां का मजदूर वामपंथियों की ब्लैकमेलिंग का शिकार हो रहा है। वामपंथी हड़ताल करवाते हैं, फिर ब्लैकमेल करके माल कमाते हैं। मजदूर वहीं का वहीं है और लाल सलाम वाले मालामाल हो जाते हैं। पीएम मोदी जो राशन भेजते हैं, उसे झामुमो, कांग्रेसी, राजद व कम्युनिस्ट खा जाते हैं। सब रांची में एक ही थाली में खाकर लूट-खसोट करते हैं। योगी ने यहां निरसा विधानसभा से प्रत्याशी अपर्णा सेनगुप्ता, सिंदरी से तारा देवी, बोकारो से बिरंची नारायण, चंदनक्यारी से अमर कुमार बाउरी व बेरमो से रविंद्र कुमार पांडेय, गोमिया से लंबोदर महतो के समर्थन में जनसभाएं कीं। उन्होंने कहा कि पहले चरण का रुझान बता रहा कि झारखंड को लूटने वाले सत्ता से बेदखल होने जा रहे हैं। जब झारखंड का निर्माण हो रहा था, तब कांग्रेस व राजद विरोध कर रही थी। झामुमो की गोद में बैठकर दोनों पार्टियां झारखंड को गुमराह कर रही हैं। वामपंथी झारखंड को नक्सलवाद का गढ़ बनाने पर उतारू हैं। इन्हें पनपने नहीं देना है। सब जानते हैं कि भाजपा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता के पति के साथ क्या हुआ था। लाल सलाम वालों को धक्का देकर बाहर करना है। योगी ने कहा कि केंद्र में जब कांग्रेस सरकार थी तो झारखंड का जवान रोज शहीद होता था। झामुमो, राजद व कांग्रेस वाले रोटी, माटी व बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाने आए हैं। बांग्लादेशी घुसपैठियों व रोहिंग्या मुसलमानों को लाकर यहां के अस्तित्व से खिलवाड़ करना चाहते हैं। ये हिंदुओं-जनजातियों का अधिकार घुसपैठियों को भी देंगे। कांग्रेस के एक सांसद के घर 350 करोड़ रुपये तो झामुमो सरकार के मंत्री के घर में 35 करोड़ रुपये मिले। यह झारखंड का पैसा है, जो चंद लोग लूट रहे हैं। सीएम ने कहा कि चंदनक्यारी में दुर्गा मूर्ति के जुलूस पर हमला करके मूर्ति खंडित कर दी गई। इन अराजक तत्वों का उपचार केवल भाजपा है। पहले यूपी में भी ऐसा होता था, अब सब चंगा है। कांग्रेस, झामुमो व राजद जाति के नाम पर मुंडा को संथाल, पासवान को मुसहर से लड़ाएगी। हम बंटे थे तो पाकिस्तान व बांग्लादेश बन गया। आप बंटेंगे तो यह लोग मुस्लिम तुष्टीकरण, जुलूस पर हमला, पर्व-त्योहार में अशांति कराएंगे। इसलिए एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे।

## काशी की प्रसिद्ध देव दीपावली आज

**लखनऊ।** वाराणसी में विश्व प्रसिद्ध देव दीपावली शुक्रवार (15 नवंबर) को है। इसकी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इस वर्ष लगभग 17 लाख दीपों से गंगा घाट जगमगाएंगे। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी देव दीपावली पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ मनाई जाएगी। देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके अलावा प्रदेश के केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी और राज्य सरकार के कई मंत्री उपस्थित रहेंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि देव दीपावली काशी की धरोहर है, जो हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ती है। इस परंपरा का हिस्सा बनकर हम सभी गौरवान्वित महसूस करते हैं। गंगा के विभिन्न घाट दीपों की लड़ियों से जगमगाएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम, ग्रीन फायर क्रैकर शो, गंगा आरती, लेजर शो आदि विशेष आकर्षण के केन्द्र होंगे। जयवीर सिंह ने बताया कि देव दीपावली न केवल स्थानीय श्रद्धालुओं को आकर्षित करती है, बल्कि यह विश्व भर के पर्यटकों का भी मन मोह लेती है।

# मजबूरी में सरकार को छात्रों की जायज मांगों को स्वीकारना पड़ा : प्रमोद तिवारी

■ छात्रों ने सत्य के लिए संघर्ष किया
■ शांतिपूर्ण आंदोलन की आंच देश भर में पहुंची

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस नेता व राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने यूपीपीएससी के पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा को एक ही दिन कराने के निर्णय को छात्र शक्ति की जीत करार दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग कल तक फैसला न बदलने की रट लगाए था, लेकिन प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के दबाव में सरकार को छात्रों की जायज मांगों को स्वीकार करना पड़ा। श्री तिवारी ने कहा कि छात्रों का आंदोलन पूरी तरह गैर राजनीतिक था और छात्रों ने सत्य के लिए संघर्ष किया। गैर राजनीतिक ढंग से चलाए गये छात्रों के शांतिपूर्ण आंदोलन की आंच प्रदेश के अलावा महाराष्ट्र के साथ देश भर में पहुंच गयी। ऐसे में सरकार को छात्रों की विशुद्ध जायज मांगें, उनके भविष्य की सुरक्षा को लेकर चलाए संघर्ष में चौतरफा दबाव के चलते यूपीपीएससी को अपनी हठधर्मिता त्याग नए निर्णय के लिए आखिरकार झुकना पड़ा। उन्होंने कहा कि 69000 शिक्षकों का गंभीर मसला अभी भी लम्बित है। परीक्षाओं में पेपर लीक होना या कोई अन्य तकनीकी कठिनाई का सामना आना भी सरकार का छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का गैरजवाबदेही चेहरा बेनकाब होता आया है। उन्होंने भाजपा पर तंज करते हुए कहा कि वह कहती है कि एक रहोगे तो सेफ रहोगे, बंटेंगे तो कटेंगे। आखिर छात्रों ने भी एकजुटता का प्रदर्शन कर सत्य के संघर्ष में जीत की मंजिल हासिल की। श्री तिवारी ने छात्रों के भविष्य की सुरक्षा को लेकर लोकतांत्रिक व शांतिपूर्ण आंदोलन में हासिल जीत के लिए शुभकामनाएं देते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

वहीं प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने कहा कि प्रतियोगी नौजवानों के दबाव में सरकार भले ही अपने तानाशाही भरे निर्णय पर सोचने को मजबूर हुई, लेकिन भाजपा सरकार की मंशा अभी भी नौजवानों को रोजगार न देने और नकल माफियाओं को प्रोत्साहन व संरक्षण देने की है। इसीलिए नौजवानों की सभी मांगें नहीं मानी हैं। श्री अवस्थी ने कहा कि भाजपा सरकार की रोजगार न देने की नौजवानों से वादाखिलाफी बेनकाब हो चुकी है। भाजपा का चरित्र नौजवान विरोधी है।

# 16 नगर सोलर सिटी के रूप में होंगे विकसित

■ हरित ऊर्जा व सौर ऊर्जा पर अधिक ध्यान केन्द्रित किया जाए

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** केन्द्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने उ0प्र0 में पहली बार आयोजित डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी मीट (डीयूएम) 2024 के 8वें वार्षिक सम्मेलन का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। उन्होंने विद्युत क्षेत्र में नई तकनीक और नवाचार को लेकर उद्यमियों द्वारा लगाई गयी प्रदर्शनी का भी फीता काटकर उद्घाटन किया और प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा उद्यमियों से उनके उत्पाद से संबंधित नई तकनीकियों की जानकारी भी ली। इस संबंध में देशभर से आये ऊर्जा क्षेत्र के प्रतिनिधियों, केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय व प्रदेश के विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा विद्युत वितरण व्यवस्था को बेहतर बनाने, विद्युत उत्पादन, स्टोरेज, उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति, लाइनलास को कम करने तथा विभिन्न योजनाओं आदि के क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत विचार विमर्श किया गया।

केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री ने गुरूवार को लखनऊ के द सेन्ट्रम में आयोजित डीयूएम 2024 सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में ऊर्जा का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। सभी विद्युत कम्पनियों को इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए समन्वय बनाकर उत्पादन, वितरण के लिए कार्य करें, जिससे विद्युत उपभोक्ताओं पर न ज्यादा बोझ पड़े और न ही कम्पनियों को घाटा हो। हमें देश में विद्युत उत्पादन को बढ़ाना भी है साथ ही पूरे देश में सभी क्षेत्रों को ऊर्जा सुलभ हो, इसके लिए भी कार्य करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश अपनी ऊर्जा जरूरतों को सकुशल पूरा कर रहा है बल्कि आने वाले समय में अपने पड़ोसी देशों को भी विद्युत आपूर्ति करने में सक्षम होगा।

## न्यायमूर्ति बी.आर. गवई बने नालसा के नए कार्यकारी अध्यक्ष

**लखनऊ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) में 11 नवम्बर 2024 से न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई, न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय, भारत को कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर नामित किया गया है। यह घोषणा भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत की गई है। विधि एवं न्याय मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना 8 नवम्बर को राजपत्र में प्रकाशित की थी। पूर्व में यह पद मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के पास था। प्रचलित परंपरा के अनुसार, नालसा का कार्यकारी अध्यक्ष सर्वोच्च न्यायालय के दूसरे वरिष्ठतम न्यायाधीश होते हैं। न्यायमूर्ति गवई, जो पहले सर्वोच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति (सुप्रीम कोर्ट लीगल सर्विसेज कमेटी) के अध्यक्ष थे, अब इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को संभालेंगे। कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में न्यायमूर्ति गवई का उद्देश्य नालसा के मिशन को और मजबूत करना है, जो विशेष रूप से समाज के हाशिए पर रहने वाले और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को निःशुल्क एवं सुलभ विधिक सहायता प्रदान करने के लिए कार्यरत है।

# डॉ. रोशन जैकब ने जनसामान्य की समस्याओं की सुनवाई की

■ लगभग 20 पशुपालकों ने प्रार्थना पत्र दिये

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने गुरुवार को प्राधिकरण भवन स्थित अपने कार्यालय में जनसामान्य की समस्याओं की सुनवाई की। इस मौके पर प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी व अभियंतागण उपस्थित थे। जनसुनवाई में बसंतकुंज योजना स्थित कैटिल कॉलोनी से आए लगभग 20 पशुपालकों ने प्रार्थना पत्र दिया कि प्राधिकरण के सर्वे में उनके नाम छूट गये हैं, जिस वजह से वे भूखण्डों की लॉटरी में शामिल नहीं हो पा रहे। मण्डलायुक्त ने सक्षम अधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित कर एक बार दोबारा स्थल सर्वे कराने और शिकायतकर्ताओं के स्थल पर भौतिक कब्जे व अभिलेखों का परीक्षण कराने के निर्देश दिये, जिसके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई कराई जाए। निशातगंज स्थित पेपर मिल कॉलोनी से आई तरन्नुम खान व आशा शुक्ला ने प्रार्थना पत्र दिया कि वे लगभग 22 सालों से लविप्रा के लीज रेंट आवंटित भवन संख्या सी-12/1 एवं सी-12/4 में परिवार के साथ रह रही हैं। पड़ोस में रहने वाले कुछ लोग उनके भवनों की छत पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण करा रहे हैं। मण्डलायुक्त ने प्रवर्तन जोन-6 के जोनल अधिकारी शशिभूषण पाठक को तीन दिन के भीतर स्थल निरीक्षण कर अवैध निर्माण के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई के निदेश दिये। गंगा प्रसाद ने प्रार्थना पत्र दिया कि वह परिवार के साथ बटलर कॉलोनी प्रांगण में झुग्गी बना कर रहते थे। कुछ महीनों के लिए गांव गए थे इस बीच ध्वस्तीकरण के तहत उनका आवास ध्वस्त कर दिया गया। गंगा प्रसाद ने निवास के संबंध में प्रमाण पत्र भी पेश किये। मण्डलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को डूडा से जांच कराने और पात्रता मिलने पर आवेदन को विस्थापन नीति के तहत प्रधानमंत्री आवास आवंटित करने के निर्देश दिये। इसी तरह जनसुनवाई में कुछ लोगों ने प्रार्थना पत्र दिया कि प्राधिकरण में शमन मानचित्र के लिए आवेदन के बाद भी उनके निर्माण कार्यों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूनिटी वेदा एनीमेशन कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस



**लखनऊ।** यूनिटी वेदा एनीमेशन कॉलेज ने आज बाल दिवस को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस विशेष अवसर पर बच्चों ने केक काटा और स्वादिष्ट स्नैक्स का आनंद लिया। इसके अलावा, विभिन्न बैचों के बीच एक रोमांचक ई-गेम प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। बाल दिवस के मौके पर कॉलेज परिसर में उत्साह का माहौल देखा गया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कॉलेज के शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी इस खास दिन को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कॉलेज के प्डायरेक्टर कल्बे मेहदी जी ने इस अवसर पर कहा, ''बच्चे हमारे भविष्य हैं और उनका विकास हमारे लिए सर्वोपरि है। हम बाल दिवस के माध्यम से बच्चों के मनोरंजन और शिक्षा दोनों पर ध्यान केंद्रित करते हैं।''

### आरडीएसओ द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन



**लखनऊ।** आरडीएसओ अस्पताल में डपार्टमेंट ऑफ ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन ,केजीएमयू के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ महानिदेशक आरडीएसओ, उदय बोरवणकरके करकमलों द्वारा किया गया। इस शिविर में डिपार्मेंट ऑफ़ ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन, केजीएमयू के विभागाध्यक्ष डॉक्टर तूलिका चंद्र का नेतृत्व रहा। इस शिविर में आरडीएसओ के कर्मचारियों, अधिकारीगण के साथ -साथ महानिदेशक महोदय, उदय बोरवणकर नेरक्तदान किया एवं अन्य लोगों को भी रक्तदान हेतु प्रोत्साहित किया। डॉ. कमल किशोर,पीसीएमओ ने भी सभी को रक्तदान हेतु प्रेरित किया गया। इस शिविर के माध्यम से 39 यूनिट ब्लड इकट्ठा किया गयाजिसके द्वारा कई जीवन बचाए जा सकते हैं। इस अवसर पर डॉ. ज्योत्सना, डॉ.अनुज कुमार सिंह, डॉ. मेराज अहमद, डॉ. सतीश कुमार, डॉ. मृदुल शुक्ला, डॉ. सुरजीत प्रताप सिंहएवं श्री ए.के.सोनी, निदेशक/ भंडार भी मौजूद रहे ।

### 14 नये गो संरक्षण केन्द्रों के निर्माण धनराशि स्वीकृत

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने निराश्रित गोवंश संरक्षण के लिए 14 नये गो संरक्षण केन्द्रों के निर्माण के लिए 11 करोड़ 21 लाख 68 हजार रुपये की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में दूसरी किस्त के रूप में स्वीकृत की है। स्वीकृत धनराशि से उन्नाव के जमीरपुर, अमेठी के जौदिलमऊ, पीलीभीत के मूसेपुर जयसिंह, कासगंज के सरसईनुरू, सहारनपुर के मानपुर अहतमाल, मिर्जापुर के भिस्कुरी और उसरी पाण्डे, शाहजहांपुर के धनुआ खेड़ा, श्रावस्ती के मदरहवा और मोतीपुर कला, बांदा के अलोना, देवरिया के घूघा, गोरखपुर के तालनदोर और ललितपुर के बिजरौठा में गो-संरक्षण केन्द्रों की स्थापना की जाएगी। हर केन्द्र के लिए 80.12 लाख रुपये की धनराशि का प्रावधान किया गया है। इस संबंध में पशुधन विभाग ने शासनादेश जारी करते हुए निदेशक, प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग को जरूरी दिशा-निर्देश जारी किये हैं।

### अफरोज आलम रिजवी मुन्ने का निधन

**लखनऊ।** अंजुमन गुंचए मजलूमिया के वरिष्ठ सदस्य अफरोज आलम रिजवी मुन्ने का निधन हो गया। लगभग 58 वर्षीय अफरोज आलम को तालकटोरा कर्बला में सुपुर्दे खाक किया गया। उनकी नमाजे जनाजा मौलाना फैज अब्बास मशहदी ने अदा कराई और मजलिस को खिताब किया। इस मौके पर अंजुमन गुंचए मजलूमिया, अंजुमन लश्करे हुसैनी और अंजुमन काजमिया-आबिदिया ने नौहाख्वानी व सीनाजनी की। स्वर्गीय के ईसाले सवाब के लिए शनिवार को मजलिस होगी। शनिवार को मगरिब की नमाज के बाद हसनपुरिया स्थित अब्बासिया मस्जिद में होने वाली मजलिस को मौलाना फैज अब्बास मशहदी खिताब करेंगे।

### वक्फ संशोधन विधयेकः जनता दल यू मुस्लिम समाज को कर रही गुमराह : शहनवाज



**लखनऊ।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व बिहार के सहप्रभारी शाहनवाज आलम ने जनता दल यू पर वक्फ मामले को लेकर मुस्लिम समाज को गुमराह करने का आरोप लगाया है। श्री आलम ने कहा कि बिहार के शिया और सुन्नी वक्फ बोर्ड जदयू नेताओं के नियंत्रण में हैं। इन दोनों बोर्डों के नेता मोदी सरकार के प्रस्तावित वक्फ संशोधन बिल के विरोध का नाटक कर रहे हैं। अगर जदयू को वास्तव में बिल से दिक्कत होती तो वह इस मुद्दे पर भाजपा सरकार से अपना समर्थन वापस लेती। श्री आलम ने कहा कि ऐसे कैसे हो सकता है कि आप सेकुलर कहलाना चाहें और मुसलमानों की सामाजिक सम्पत्ति को लूटने के लिए बनाए जा रहे कानून का खुलकर विरोध भी न करें। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी और नीतीश जी आपस में सहमति बना बिहार के मुसलमानों की वक्फ सम्पत्तियों को लूटने की साजिश रच रहे हैं। मोदी सरकार नीतीश जी के सहयोग से चल रही है। इसलिए अगर नीतीश जी के समर्थन वापसी का डर होता तो भाजपा वक्फ को हाथ लगाने की हिम्मत भी नहीं करती। नीतीश कुमार का मोदी जी का पैर छूना साबित करता है कि वह अब बिहार की जनता का सम्मान करना बन्द कर चुके हैं। उनसे पहले बिहार के किसी भी मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक तौर पर किसी भी प्रधानमंत्री का पैर छूने जैसा काम नहीं किया। ऐसा लगता है कि केन्द्र की अल्पमत की मोदी सरकार जदयू के समर्थन से नहीं बलिक नीतीश जी मोदी के भरोसे चल रहे हैं।

# जय हिंद स्कूल में अम्बर फाउंडेशन ने बांटे ज्ञान और गर्मजोशी के तोहफे



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** बाल दिवस के अवसर पर, अम्बर फाउंडेशन ने जय हिंद स्कूल में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें बच्चों के उज्जवल भविष्य के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। इस कार्यक्रम का नेतृत्व अम्बर फाउंडेशन के संस्थापक वफा अब्बास ने किया, जिन्होंने बच्चों को ज्ञान की रोशनी और ठंड के मौसम में गर्माहट का तोहफा देने का संकल्प किया।

कार्यक्रम के दौरान, वफा अब्बास ने बच्चों के बीच सामान्य ज्ञान से जुड़े सवालों की एक श्रृंखला रखी, जिसमें बच्चों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया और अपने ज्ञान की शक्ति का प्रदर्शन किया। इस संवादात्मक सत्र ने बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने का काम किया और यह संदेश दिया कि ज्ञान ही उन्हें एक बेहतर भविष्य की ओर ले जाएगा। वफा अब्बास ने इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, हम अम्बर फाउंडेशन के माध्यम से जो कार्य कर रहे हैं, यदि उसे इसी तरह जारी रखा गया तो बहुत जल्द हम अपने मकसद को प्राप्त कर लेंगे। हमारा मकसद एक बेहतर कल का निर्माण करना है, और ये बच्चे ही हमारे भविष्य की बुनियाद हैं।

आने वाली ठंड को ध्यान में रखते हुए, वफा अब्बास और अम्बर फाउंडेशन की टीम ने बच्चों को गर्म स्वेटर का तोहफा भी दिया। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में स्वेटर से अच्छा उपहार बच्चों के लिए कुछ और नहीं हो सकता। वफा अब्बास ने इस कदम को बच्चों के प्रति अपने प्यार और देखभाल का प्रतीक बताया और कहा कि अम्बर फाउंडेशन बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा के प्रति हमेशा प्रतिबद्ध रहेगा।

## अब तक 21 रेल कर्मचारियों क़ो ब्लड डोनेट कर जान बचाई



**लखनऊ।** एन ई रेलवे मजदूर यूनियन पूर्वांतर रेलवे लखनऊ मंडल की तरफ से लगातार कर्मचारियों क़ो सेवा की जा रही है। उसी सेवा के क्रम मे नरमू मंडल यूथ कनवेंर कामरेड मोहम्मद नसीम और नरमू की टीम के द्वारा अब तक 21 रेल कर्मचारियों क़ो ब्लड डोनेट करके रेल कर्मचारियों के प्राणो की रक्षा की गयी है और यह हमारा प्रण है ज़ब ज़ब रेल कर्मचारियों क़ो आवश्यकता पड़ेगी तब तब मै निस्वार्थ उनके लिये रक्त दान करता रहूंगा। इसी क्रम मे आज रेल कर्मचारी मुशीर खान के क़ो रेल कर्मचारी अरविन्द वर्मा ने ब्लड डोनेट करके मुशीर खान की जान बचाई।

# मौलाना मिर्जा मोहम्मद अतहर के नाम के गेट का शिलान्यास

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** नक्खास पुलिस चौकी के पास विश्वविख्यात आलिमे दीन व जाकिरे अहलेबैत खतीबे अकबर मौलाना मिर्जा मोहम्मद अतहर के नाम पर बनने वाले गेट का शिलान्यास गुरुवार को किया गया। कश्मीरी मोहल्ला वार्ड के पार्षद लईक आगा ने नगर निगम कार्यकारिणी में गेट के निर्माण का प्रस्ताव दिया था, जिसे पारित किया गया। गुरुवार को लईक आगा छम्मन की मौजूदगी में शिया-सुन्नी उलमा ने अपने हाथों से गेट के निर्माण के लिए नींव रखी। इस मौके पर मदरसा नाजमियां के प्रिंसिपल मौलाना फरीदुल हसन, मौलाना यासूब अब्बास, टीले वाली मस्जिद के इमाम मौलाना फजलुल मन्नान, मौलाना मोहम्मद मुस्लिम, मौलाना रजा अब्बास, मौलाना कमर अब्बास, मौलाना अनवर हुसैन रिजवी, मौलाना इब्राहीम, मौलाना हसन मीरपुरी, मौलाना कुमैल अब्बास, मौलाना अली जाफर, मौलाना अली हुसैन कुम्मी, मौलाना मजाहिर रिजवी, अब्बास मुर्तजा शम्सी, वरिष्ठ पत्रकार जहीर मुस्तफा, हसन मेहदी झब्बू, शिया कॉलेज के प्रिंसिपल शबीहे रजा बाकरी, शिया इण्टर कॉलेज के प्रिंसिपल हसन सईद नकवी, सुन्नी इण्टर कॉलेज के प्रिंसिपल शकील अहमद, वसी सिद्दीकी, नुसरत हुसैन लाला सहित अन्य उलमा, जाकिर व गणमान्य नागरिक शामिल थे।

# कांग्रेस मुख्यालय पर मनाई गयी पं. नेहरू की जयंती

■ विरासत में मिले ऐश्वर्य के साधनों का पंडित नेहय ने त्यागा: दिनेश सिंह

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** देश के पहले प्रधानमंत्री और आधुनिक भारत के शिल्पकार पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनायी गयी। पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ल की अध्यक्षता में प्रदेश मुख्यालय में गोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी के आरम्भ से पहले प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ल, सेवादल के मुख्य संगठक डॉ. प्रमोद कुमार पाण्डेय सहित अन्य कांग्रेसियों ने पंडित नेहरू को श्रद्धासुमन अर्पित कर आजादी की लड़ाई में उनके अतुलनीय योगदान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सिंह ने पंडित नेहरू के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि विरासत में मिले ऐश्वर्य के साधनों का परित्याग कर पंडित नेहरू ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। देश को गुलामी से आजाद कराने के लिए 10 सालों तक जेल में रहे और अनेक आंदोलनों का नेतृत्व करते हुए आजाद भारत के सपने को साकार करने में अपना अद्वितीय योगदान दिया। आजादी के बाद देश के सामने अनेक चुनौतियां थी, जिसे बखूबी समझते हुए उन्होंने आधुनिक और विकासोन्मुख भारत की नींव रखी। पंचवर्षीय योजनाओं की शुरूआत की, उद्योगों की नींव डाली, कृषि क्षेत्र में देश को उन्नति के मार्ग पर अग्रसर किया।

## मनरेगा कार्यों की ड्रोन तकनीक से निरंतर निगरानी

**लखनऊ।** प्रदेश में मनरेगा योजनांतर्गत किये गये कार्यों की ड्रोन तकनीकी से निरंतर निगरानी और निरीक्षण का कार्य किया जा रहा है।उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग की ग्रामोन्मुखी योजनाओं का क्रियान्वयन जहां बेहतर तरीके से किया जा रहा है, वहीं योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में कहीं घालमेल न होने पाये ,इसके लिए सतत् रूप से निगरानी किये जाने की व्यवस्था की गयी है। मनरेगा योजनांतर्गत कार्यों की गुणवत्ता पर प्रभावी व पैनी नजर रखने के भी सख्त निर्देश दिए गए हैं। मनरेगा कार्यों की ड्रोन तकनीक से वीडियोग्राफी/फोटोग्राफी कर निगरानी का कार्य निरंतर जारी है। राज्य मुख्यालय स्तर पर तैनात टीमों द्वारा जनपदों में जाकर कार्यों की निरंतर ड्रोन तकनीक से वीडीयोग्राफी/ फोटोग्राफी का कार्य किया जा रहा है, इसी क्रम में अब टीम जनपद बिजनौर और बदायूं में पहुंची टीम भ्रमण कर योजनांतर्गत किये गये कार्यों को परखेगी।

# पंचकोसी एवं चौदह कोसी परिक्रमा से मन अभिभूत हैः डॉ. अम्मार रिज़वी

■ पी.डब्लू.डी मंत्री रहते परिक्रमा मार्ग स्वीकृति व शिलान्यास मेरे द्वारा कराया गया था

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. अम्मार रिज़वी, पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश ने पत्र लिखकर योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश को अयोध्या में पंचकोसी एवं चौदह कोसी परिक्रमा शुरू कराये जाने पर बहुत-बहुत बधाई दी है। डॉ रिज़वी ने अपने पत्र के माध्यम से कहा है कि अयोध्या से मेरा एक भावनात्मक लगाव रहा है, क्योंकि हमारे पूर्वज वहीं के रहने वाले थे। मुझे यह सौभाग्य प्राप्त है कि दिनॉक 27 अप्रैल 1983 को पंचकोसी परिक्रमा मार्ग, अयोध्या का शिलान्यास मेरे द्वारा किया गया था। पंचकोसी और चौदहकोसी परिक्रमा दोनों ही मेरे द्वारा स्वीकृत की गयी थी। उस समय एक सर्वधर्म सम्मेलन परम् श्रद्धेय महंत नृत्य गोपाल दास जी, अध्यक्ष, राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की अध्यक्षता में मंदिर के प्रांगण में सम्पन्न हुआ था। इसमें अनेकों महंत और विभिन्न धर्मों के नेता शामिल थे। तत्कालीन विधायक निर्मल खत्री भी मौजूद थे। महंत जी ने कृपापूर्वक मुझे रामनामी एवं भगवान राम और सीता जी की मूर्ति देकर मुझे गौरान्वित और सम्मानित किया था, जो आज भी मेरे घर में शोभायमान हैं। उस समय महंत जी ने आदेश दिया था कि लखनऊ से बिहार बार्डर तक सड़क के किनारे पी0डब्ल्यू0डी0 विभाग द्वारा लगाये गये मील के पत्थरों पर मुकामा लिखा है तथा अयोध्या का जिक्र नहीं है। उनके आदेशों का अनुपालन करते हुए मात्र 72 घण्टे के अन्दर सारे पत्थरों पर अयोध्या लिखवा दिया गया था। घाटों की मरम्मत भी मेरे द्वारा ही करायी गयी थी। 1975 में स्व0 हेमवती नन्दन बहुगुणा के मुख्यमंत्रित्वकाल में हनुमान गढ़ी के तत्वावधान में चलने वाले स्कूल को भी मेरे द्वारा ही उच्चीकृत किया गया था।